RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 66
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 24 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



2021 में भी व्यस्त रहेंगी यामी गौतम
विविध-12


# सरकार बातचीत को तैयार, किसान नेता समय व तिथि तय करेंः तोमर

● केंद्र खुले मन से सुनेगा प्रदर्शनकारियों की बात, वार्ता से ही निकलता है समस्या का समाधान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**आंदोलनरत** किसानों के साथ गतिरोध तोड़ने की कोशिश करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने बुधवार को उन्हें फिर बातचीत का न्योता दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी आंदोलन का समाधान सिर्फ बातचीत के जरिये ही हो सकता है। उन्होंने आंदोलनरत संगठनों से अगले दौर की वार्ता के लिए कोई तिथि और समय तय करने के करने का अनुरोध किया। तोमर ने कहा कि किसानों को यह बताना चाहिए कि सरकार द्वारा दिए गए प्रस्ताव में वे क्या जोड़ना या हटाना चाहते हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार कृषि क्षेत्र में सुधार जारी रखेगी, क्योंकि अभी भी कई क्षेत्रों में सुधार किया जाना बाकी है। उन्होंने कहा कि किसी भी आंदोलन का समाधान सिर्फ वार्ता के जरिए ही निकाला जा सकता है और इतिहास इसका साक्षी रहा है। ज्ञात हो कि तीन कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग को लेकर पिछले लगभग चार हफ्ते से किसान संगठन दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे हैं। पांच दौर की वार्ता विफल होने के बाद पिछले दिनों केंद्र सरकार ने फिर से किसानों के संगठनों को पत्र भेजकर वार्ता के लिए आमंत्रित किया था। तोमर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मुझे पूरी उम्मीद है कि हमारे किसान संगठन वार्ता करेंगे...यदि वे एक तिथि और समय सुनिश्चित करते हैं तो सरकार अगले दौर की वार्ता के लिए तैयार है...मुझे उम्मीद है कि हम समाधान के रास्ते पर आगे बढ़ेंगे।'' प्रदर्शन कर रहे किसानों के संगठनों और सरकार के बीच पांच दौर की वार्ता के बाद शाह से भी एक मुलाकात हो चुकी है। इस बीच कुछ अन्य किसान संगठनों से भी सरकार की वार्ता हुई है। इन संगठनों ने कृषि कानूनों का समर्थन किया है। तोमर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि किसान संगठन जल्द ही आपस में चर्चा कर सरकार को अपने फैसले से अवगत कराएंगे ताकि सरकार अगले दौर की वार्ता तत्काल शुरू कर सके। उन्होंने कहा कि सरकार (शेष पेज 9)

गतिरोध तोड़ने की कोशिश



नई दिल्ली में 20 राज्यों के 3,13,363 किसानों द्वारा कृषि कानूनों के समर्थन में भेजे गए हस्ताक्षर युक्त पत्रों के छह बक्से प्राप्त करते कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर

## 'वार्ता को राजी पर केंद्र ठोस प्रस्ताव दे'

**नई दिल्ली।** किसान संघों ने बुधवार को सरकार से कहा कि वह नए कृषि कानूनों में 'निरर्थक' संशोधन करने की बात को नहीं दोहराए, क्योंकि इन्हें पहले ही खारिज किया जा चुका है, बल्कि वार्ता के एक और दौर के लिए लिखित में ठोस प्रस्ताव दे। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए एक किसान नेता ने कहा कि वे बातचीत के लिए राज़ी हैं, लेकिन सरकार को ठोस प्रस्ताव भेजना चाहिए जिस पर अमल होना है। किसान नेता शिवकुमार कक्का ने बताया, 'हम पहले ही गृह मंत्री अमित शाह को बता चुके हैं कि प्रदर्शनकारी किसान संशोधनों को स्वीकार नहीं करेंगे।' स्वराज अभियान के नेता योगेंद्र यादव ने कहा, 'किसान संघ सरकार के साथ बातचीत करने को तैयार हैं और सरकार के मेज़ पर खुले दिमाग से आने का इंतज़ार कर रहे हैं।' ऑल इंडिया किसान सभा के नेता हन्नान मोल्ला ने दावा किया कि सरकार किसानों को थकाना चाहती है ताकि प्रदर्शन खत्म हो जाए।

# किसान हितों से खिलवाड़ करने वाले कर रहे ओछी राजनीतिः योगी

● कहा, किसानों की आय दोगुना करने को सरकार प्रतिबद्ध

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने किसानों को लेकर विपक्ष पर करारा हमला किया है। उन्होंने कहा कि सरकार बार-बार कह रही है कि मंडियां समाप्त नहीं होंगी, एमएसपी खत्म नहीं होगी। फिर भी किसानों को गुमराह किया जा रहा है। मंडियों को ई तकनीक से जोड़ने का कार्य हुआ है। मंडी शुक्ल 1 फीसद किया गया। बावजूद इसके किसान हितों से खिलवाड़ करने वाले ओछी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 118 वीं जयंती के अवसर पर लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि किसान के जीवन में खुशहाली लाने के लिए ही प्रधानमंत्री ने कृषि कानूनों में बदलाव किया है। जिन्हें किसानों की प्रगति अच्छी नहीं लगती, देश का विकास अच्छा नहीं लगता, किसानों के चेहरे पर खुशहाली अच्छी नहीं लगती, वह लोग किसानों को भड़काने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के हित में सबसे अधिक काम किए। किसानों के जीवन में आ रहे व्यापक बदलावों के लिए प्रधानमंत्री निरन्तर प्रयासरत हैं। किसान बिना किसी टैक्स के देश की किसी भी मंडी में अपने उत्पाद बेच सकते हैं। कृषि, पशुपालन, बागवानी, मत्स्य पालन आदि क्षेत्रों में समन्वय स्थापित कर किसानों की आय को दोगुना करने की दिशा में सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता (शेष पेज 9)



## परदेस में काम कर रहे अपने मजदूरों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करेगी योगी सरकार

**अपना** घर परिवार छोड़ कर हजारों किलोमीटर दूर परदेश में काम करने गए यूपी के प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा और सम्मान पर अब आंच नहीं आएगी। योगी सरकार अपने प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा और सम्मान परदेश में भी सुनिश्चित करने जा रही है। प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा के लिए योगी सरकार दिल्ली, मुंबई और कोलकाता जैसे शहरों में अपने अफसरों की तैनाती करने जा रही है। योगी सरकार प्रवासी मजदूरों की अधिसंख्या वाले शहरों में अफसरों की तैनाती कर प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा और सम्मान की निगरानी रखेगी। अपने मजदूरों की सुरक्षा और सुविधा को लेकर दूसरे राज्यों में अफ़सरों की तैनाती करने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य होगा। दिल्ली, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, गुजरात (शेष पेज 9)

# 25 की मध्य रात्रि से ग्राम प्रधानों के डिजिटल सिग्नेचर नहीं होंगे मान्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**25 दिसम्बर** की मध्य रात्रि से ग्राम प्रधानों के डिजिटल सिग्नेचर (डीएससी) पर रोक लगा दी गई है। ग्राम प्रधान चेकर के रूप में किसी भी प्रकार का भुगतान नही कर पाएंगे। साथ ही इनके डीएससी भी अनरजिस्टर्ड कर दिए जाएंगे। इस आशय का आदेश निदेशक पंचायती राज किंजल सिंह ने सभी जिलाधिकारियों को आदेश जारी कर दिया है। निदेशक पंचायती राज किंजल सिंह के स्तर से जारी आदेश के मुताबिक ग्राम प्रधानों को ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर पीएफएमएस सिस्टम के तहत चेकर घोषित किया गया है। चूंकि 25 दिसंबर को मध्य रात्रि इनका कार्यकाल पूरा हो रहा है। इसलिए मध्य रात्रि के बाद चेकर के रूप ग्राम प्रधानों के कोई भी भुगतान स्वीकार नही किये जायेंगे। ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर इनके डीएससी अनरजिस्टर्ड किये जाने की जिम्मेदारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत को दी गई है।आदेश में कहा गया है कि डीएससी कैंसिलेशन के बाद शासन द्वारा नामित चेकर को ई ग्राम स्वराज पर रजिस्टर्ड करने को कहा गया है। यदि 25 दिसम्बर के बाद कोई ग्राम प्रधान ई ग्राम स्वराज पर एफ्टीओ एप्रूव करता है तो इसकी जिम्मेदारी सम्बंधित सेक्रेटरी और एडीओ पंचायत की होगी। पीएम नरेंद्र मोदी ने पंचायती राज दिवस के अवसर पर आज एक बड़ी योजना की शुरुआत की। पीएम ने देशभर के सरपंचों और ग्राम प्रधानों से चर्चा के दौरान ई. ग्राम स्वराज पोर्टल और ऐप भी लॉन्च किया। इसके जरिए देश की 2 लाख से ज्यादा पंचायतों को योजना बनाने से लेकर खर्चे की निगारानी में काफी मदद मिलेगी। ग्राम स्वराज एप्लिकेशन बड़े काम का है। केंद्र सरकार के इस एप्लिकेशन के जरिए ग्राम पंचायतों की योजनाओं से लेकर खर्चे और सरपंच, पंचों और पंचायत सचिव के बारे में हर जानकारी एक जगह उपलब्ध होगी। पंचायती राज मंत्रालय ने इस एप्लिकेशन को बनाया है। इसके जरिए पंचायतों में किए गए कार्य की निगरानी आसानी से की जा सकती है। इससे पंचायत (शेष पेज 9)

# इफको संयंत्र में गैस रिसाव से सहायक प्रबंधक व उप प्रबंधक की दर्दनाक मौत

● 16 अन्य कर्मचारियों की भी तबीयत खराब

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली, प्रयागराज, लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** के प्रयागराज जिले में फूलपुर स्थित इफको के उर्वरक संयंत्र में अमोनिया गैस के रिसाव की घटना में सहायक प्रबंधक और उप प्रबंधक की मौत हो गई तथा 16 अन्य कर्मचारियों की तबीयत खराब हो गई। कंपनी ने बुधवार को बताया कि हालांकि, रिसाव को जल्द रोक दिया गया और कुछ ही समय में स्थिति सामान्य हो गई। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजन को चार-चार लाख रुपए की सहायता का ऐलान किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि गैस रिसाव से 16 अन्य कर्मचारी प्रभावित हुए और इनमें से तीन संविदा कर्मियों समेत 14 लोगों का उपचार विभिन्न अस्पतालों में किया जा रहा है। इन सभी की हालत स्थित है। जबकि दो कर्मचारियों को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है।
इफको ने कहा, हमारे आपात प्रतिक्रिया समूह, अग्निशमन, सुरक्षा टीम और संयंत्र परिचालन करने वाले कर्मचारियों ने बहादुरी से काम किया और रिसाव को एक छोटे इलाके तक ही सीमिति किया और कुछ समय में ही स्थिति सामान्य हो गई। कंपनी ने कहा कि कार्यकारी निदेशक स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में जांच समिति बनाई गई है जो मंगलवार रात को हुई इस घटना के कारण का पता करेगी। इस बीच, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गैस रिसाव से कंपनी के दो अधिकारियों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दुर्घटना के कारणों की जांच करने के निर्देश भी दिए हैं। इफको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक यूएस अवस्थी ने कहा, हम कल रात करीब साढ़े दस बजे प्रयागराज के फूलपुर अमोनिया यूरिया संयंत्र में यांत्रिकी खराबी की वजह से हुई दुर्भाग्यपूर्ण पर घटना पर खेद जताते हैं। हमारे कर्मचारियों ने (शेष पेज 9)



अस्पताल में भर्ती फूलपुर स्थित इफ्को के उर्वरकसंयंत्र में गैस रिसाव से पीड़ित एक कर्मचारी

# यूपी बोर्डः 9वीं से 12वीं के पाठ्यक्रम में 30 प्रतिशत की कटौती की गई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण को देखते हुए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा शैक्षिक सत्र 2020-21 के लिए कक्षा 9, 10, 11 एवं 12 के समस्त विषयों के पाठ्यक्रमों में 30 प्रतिशत की कटौती कर दी है। बुधवार को यह जानकारी सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद दिव्यकान्त शुक्ल ने दी है। सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद ने बताया कि सलेबस सम्बंधी विवरण प्रदेश के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को सम्बंधित जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से उपलब्ध करा दिये गये हैं। शुक्ल ने बताया कि संक्षिप्त किया गया पाठ्यक्रम परिषद की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि परिषद द्वारा वर्ष 2021 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा 70 प्रतिशत पाठ्यक्रम के आधार पर आयोजित की जायेगी।

## विलम्ब शुल्क के साथ 5 जनवरी तक जमा होंगे 10वीं, 12वीं के परीक्षा शुल्क

**लखनऊ।** कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण उत्पन्न विषम परिस्थितियों एवं लॉकडाउन के दृष्टिगत माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा वर्ष 2021 की बोर्ड परीक्षा के संस्थागत एवं व्यक्तिगत छात्र.छात्राओं के कक्षा 10 एवं कक्षा 12 के परीक्षा आवेदन पत्रों को ऑनलाइन अपलोड किए जाने की अंतिम तिथि को संशोधित करते हुए 5 जनवरी 2021 तक बढ़ा दी गई है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 5 जनवरी 2021 कर दी गई है। डॉ. शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा कोषागार में जमा किए गए परीक्षा शुल्क की सूचना तथा छात्र छात्राओं के शैक्षिक विवरण को परिषद की वेबसाइट (शेष पेज 9)

# मोदी कल नौ करोड़ किसानों के लिए पीएम किसान की अगली किस्त जारी करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के तहत मिलने वाले वित्तीय लाभ की अगली किस्त जारी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया कि एक बटन दबाकर मोदी नौ करोड़ से अधिक किसान लाभार्थियों के खातों में 18,000 करोड़ रुपए हस्तांतरित करेंगे। बयान में कहा गया कि इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री छह राज्यों के किसानों के साथ संवाद भी करेंगे। इसके मुताबिक, पीएम-किसान और केंद्र सरकार की अन्य कृषि कल्याण की योजनाओं को लेकर किसान अपने अनुभव प्रधानमंत्री से साझा करेंगे। इस योजना के तहत हर साल तीन किस्तों में किसानों के खातों में 6000 रुपए भेजे जाते हैं। 2,000 रुपए की राशि तीन किस्तों में भेजी जाती है। यह कार्यक्रम ऐसे समय हो रहा है जब दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर किसान तीन कृषि कानूनों को रद्द किए जाने की मांग को लेकर पिछले कुछ हफ्तों से प्रदर्शन कर रहे हैं।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 46,444 | ↑ 437 | |
| निफ्टी | 13,601 | ↑ 134 | |
| सोना | 49,506 | ↓ 252 | /10g |
| चांदी | 66,493 | ↓ 933 | /kg |

## क्विक न्यूज

### एयरपोर्ट पर खालिस्तानी आतंकी निज्जर गिरफ्तार


**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकवादी गुरजीत सिंह निज्जर को एनआईए ने फरार दिल्ली स्थित आईजीआई एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया है। आतंकी साइप्रस से निर्वासन के बाद दिल्ली पहुंचा था। निज्जर को कथित तौर पर अलग खालिस्तान राज्य बनाने के लिए भारत में फिर से सिख आतंकवाद को जन्म देने की आपराधिक साजिश रचने के मामले में पकड़ा गया है। एनआईए ने पिछले साल जनवरी में आरोपी हरपाल सिंह के खिलाफ शस्त्र अधिनियम, महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि निज्जर, मुख्य साजिशकर्ता हरपाल और मोइन खान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सक्रिय थे।

# अयोध्या में मस्जिद को लेकर मुस्लिम संगठन आमने-सामने

● एक ने शरीयत के खिलाफ कहा, तो दूसरे ने बताया जायज

भाषा। अयोध्या

**ऑल इंडिया** मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) के सदस्य जफरयाब जिलानी ने बुधवार को कहा कि पिछले साल उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अयोध्या में प्रस्तावित मस्जिद वक्फ अधिनियम के खिलाफ और शरियत कानूनों के तहत अवैध है। अयोध्या में मस्जिद के निर्माण के लिए बनाए गए न्यास के सचिव अतहर हुसैन ने हालांकि कहा कि हर कोई शरियत की व्याख्या अपने तरीके से करता है और जब जमीन उच्चतम न्यायालय के निर्देश के तहत आवंटित हुई है तो यह अवैध नहीं हो सकती। अयोध्या के धन्नीपुर गांव में पांच एकड़ जमीन पर बनने वाली मस्जिद और एक अस्पताल की अंतिम रूपरेखा शनिवार को लखनऊ में इंडो-इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन (आईआईसीएफ) के कार्यालय में पेश की गई थी। उत्तर प्रदेश राज्य सुन्नी केंद्रीय वक्फ बोर्ड ने उक्त भूखंड पर मस्जिद और अन्य सुविधाएं विकसित करने के लिए आईआईसीएफ का गठन किया है। जिलानी ने कहा, वक्फ अधिनियम के तहत मस्जिद या मस्जिद की जमीन किसी दूसरी चीज के बदले में नहीं ली जा सकती। अयोध्या में प्रस्तावित मस्जिद इस कानून का उल्लंघन करती है। यह शरियत कानून का उल्लंघन करती है क्योंकि वक्फ अधिनियम शरियत पर आधारित है। जिलानी बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी के संयोजक भी हैं। एआईएमपीएलबी के एक अन्य कार्यकारी सदस्य एसक्यूआर इलियास ने कहा, हमनें मस्जिद के लिए किसी और स्थान पर जमीन के प्रस्ताव को खारिज किया था। हम मालिकाना हक का मुकदमा हार गए और इसलिए हमें मस्जिद के लिए जमीन नहीं चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सुन्नी केंद्रीय वक्फ बोर्ड सरकार के दबाव में काम कर रहा है। उन्होंने कहा, मुसलमानों ने हालांकि मुआवजे के तौर पर धन्नीपुर में दी गई इस जमीन को ठुकरा दिया है। सुन्नी केंद्रीय वक्फ बोर्ड द्वारा गठित ट्रस्ट द्वारा बनाई जा रही मस्जिद महज प्रतीकात्मक है। यह मुद्दा एआईएमपीएलबी की कार्यकारी समिति की 13 अक्टूबर को हुई बैठक में सांसद असदुद्दीन ओवैसी द्वारा उठाया गया था। सभी सदस्यों की राय थी कि वक्फ अधिनियम में मस्जिद के लिए जमीन की अदला-बदली की इजाजत नहीं है और इसे शरियत कानून में अवैध माना गया है। हुसैन ने पूछा, शरिया की व्याख्या का अधिकार कुछ लोगों के हाथों तक ही सीमित नहीं है। मस्जिद नमाज अदा करने की जगह है। इसलिए अगर हम मस्जिद बना रहे हैं तो इसमें गलत क्या है?



मस्जिद का प्रस्तावित प्रारूप

# जनादेश अलगाववादियों के मुंह पर तमाचाः भाजपा

जम्मू कश्मीर डीडीसी चुनाव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पहले डीडीसी चुनाव के नतीजों पर प्रसन्नता जताई और कहा कि यह लोकतंत्र में लोगों की आस्था को दर्शाता है तथा अलगाववादियों के चेहरे पर एक तमाचा है। शाह ने कहा कि जम्मू एवं कश्मीर में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र की बहाली के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार हरसंभव काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस केंद्र शासित प्रदेश में पहली बार हुए जिला विकास परिषद (डीडीसी) के चुनाव इसकी गवाही देते हैं। शाह ने सिलसिलेवार ट्वीट कर बड़ी संख्या में मतदान के लिए जम्मू एवं कश्मीर की जनता को बधाई दी और सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए सुरक्षा बलों के प्रयासों की जमकर सराहना की।

बड़ी संख्या में मतदान में भागीदारी के लिए केंद्र शासित की जनता और सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए सुरक्षा बलों और स्थानीय प्रशासन को बधाई देते हुए शाह ने कहा कि इससे लोकतंत्र के प्रति जम्मू एवं कश्मीर की जनता के विश्वास और हौसले को और बुलंद करेगी। पिछले साल अगस्त में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू कश्मीर में यह पहला चुनाव था। नतीजों के मुताबिक भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। उसे 74 सीटें मिली हैं जबकि नेशनल कांफ्रेंस को 67, पीडीपी को 27 और कांग्रेस को 26 सीटें मिली हैं। इससे पहले केंद्रीय कानून मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक (शेष पेज 9)

# विशेष वरासत अभियान में हो शत-प्रतिशत ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समस्त जिलाधिकारियों को विशेष वरासत अभियान में प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि राजस्व ग्राम समिति की बैठक के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अभियान में अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि निर्विवाद उत्तराधिकारों को खतौनियों में दर्ज कराने के लिए प्रदेश के समस्त ग्रामों में विशेष वरासत अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान 15 दिसम्बर से 15 फरवरी 2021 तक चलाया जाएगा। आवेदक की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नम्बर तथा ई-मेल आईडी की व्यवस्था की गई है। आवेदक द्वारा राजस्व परिषद की हेल्पलाइन 0522-2620477, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा ई-मेल आईडी पर सम्पर्क कर विशेष वरासत अभियान के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है अथवा समस्या के निदान के लिए सम्पर्क किया जा सकता है।

## योगी से मिले फिल्म निर्माता पहलाज निहलानी




**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा यूपी में फिल्म सिटी बनाने के निर्णय के बाद बॉलीवुड के बड़े निर्माता और निर्देशक यूपी में फिल्म निर्माण के लिए उत्सुक हैं। इससे पहले यूपी के किसी सीएम ने इस तरह की पहल नहीं की थी। मैं योगी जी की नई सोच और नए तरीके से बेहद प्रभावित हूं। ये कहना था आंखे, अंदाज, शोला और शबनम जैसी फिल्में बनाने वाले सेंसर बोर्ड के पूर्व चेयरमैन और दिग्गज फिल्म निर्माता पहलाज निहलानी का। उन्होंने बुधवार को चर्चित संवाद लेखक संजय मासूम के संग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री से फिल्म सिटी के निर्माण और अयोध्या पर बनने वाली नई फिल्म अयोध्या की कथा के बारे में चर्चा की। निहलानी ने बताया कि यूपी में फिल्म सिटी के निर्माण होने से स्थानीय कलाकारों को मंच, मौका और काम मिलेगा। साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया अपनी विविधता और ऐतिहासिक, सांस्कृतिक रूप से बेहद संपन्न होने के नाते उत्तर प्रदेश शूटिंग के लिहाज से बेहद ही मुफीद जगह है। यहां पर फिल्म निर्माताओं को सब्सिडी मिलती है।

**अयोध्या की कथा फिल्म में दिखाएंगे अयोध्या की झलक:** पहलाज निहलानी ने बताया कि राजा राम हम सभी के दिलों में बसते हैं। प्रभु श्रीराम पर आधारित अयोध्या की कथा फिल्म में अयोध्या की झलक दिखेगी जिसमें अयोध्या की अनकही-अनदेखी कथाओं संग रामराज्य के नजारों को दिखाया जाएगा। युवाओं को बड़े पर्दे पर मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम की पौराणिक कहानियों को देखने का मौका मिलेगा। वो अपनी नई फिल्म अनाड़ी इज बैक की शूटिंग 21 जनवरी से महीनें से लखनऊ और इसके आस-पास करेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि कलाकार की धर्म व जाति नहीं होती उसका काम ही उसका धर्म होता है। कलाकार को सिर्फ अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। सोशल मीडिया पर हर मुद्दे पर जिनमें जानकारी नहीं हो उनपर बोलना नहीं चाहिए। कलाकारों को लाखों लोग अपना आर्दश मानते हैं। ऐसे में सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देने से पहले सोचना चाहिए। कोरोना काल में कई नए कलाकारों को दिक्कत का सामना करना पड़ा है। मेरा मानना है कि परेशानियां कुछ पलों की हैं अगर टैलेंट है तो आपको मंजिल तक पहुँचने से कोई रोक नहीं सकता।

# अटल जयंती पर 9 करोड़ किसान परिवारों को 18 हजार करोड़ का होगा हस्तांतरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीजेपी** ने स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसम्बर पर पीएम मोदी द्वारा किसानों के साथ संवाद के कार्यक्रम से पूरे प्रदेश में ग्राम पंचायत स्तर तक अधिकाधिक लोगों को जोड़ने के लिए तैयारियों की समीक्षा करते हुए अपनी योजना रचना को अंतिम रूप दिया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने कार्यक्रम को लेकर पार्टी पदाधिकारियो के साथ बैठक की। पार्टी ने तय किया है कि 26 व 27 दिसम्बर को प्रदेश में सभी बूथों पर प्रदेश क्षेत्र, जिला, मंडल, सेक्टर के पार्टी पदाधिकारियों सहित सभी जनप्रतिनिधि अपने अपने बूथों पर उपस्थित रहकर सेवा कार्य करते हुए अटल जी को श्रद्धांजलि देंगे। साथ ही केन्द्रीय कृषि मंत्री के पत्र के साथ संपर्क व संवाद भी करेंगे।

स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा लाए गए कृषि सुधार कानून के बारे में किसानों के बीच भ्रम फैलाया जा रहा है। विपक्षी दल किसानों को लगातार बरगला रहे है कि नए कृषि सुधार कानून उनके हितों को नुकसान पहुंचायेंगे जबकि सच्चाई यह है कि नए कृषि सुधार कानूनों के बाद हुए सुधारों से न सिर्फकिसानों के अनेक बंधन समाप्त हुए है बल्कि उन्हें नये अधिकार और अवसर भी मिले है। अटल जी के जन्मदिन पर किसान सम्मान निधि के अंतर्गत 9 करोड़ किसान परिवारों को 18 हजार करोड़ रूपये का हस्तांतरण सीधे उनके बैंक खातों में किया जायेगा। सुनील बंसल ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर स्थान इत्यादि का चयन करते किसानों आमजनों से वृहद संपर्क कर उनसे प्रधानमंत्री के संवाद कार्यक्रम में सम्लित होने का आग्रह करें। किसान संवाद कार्यकम को लेकर पार्टी संगठन व राज्य सरकार द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता हो इस पर संगठन कार्यकर्ता विशेष ध्यान दे। पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने बताया कि किसान संवाद कार्यक्रम में पार्टी के सभी सांसद विधायक व जनप्रतिनिधियों सहित निगम बोर्डो व सहकारी समितियों के पदाधिकारियों के अलावा पार्टी के सभी पदाधिकारी अलग अलग स्थानों पर सम्लित होंगे।

## उत्तर प्रदेश में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए बनेगा इको टूरिज्म बोर्ड

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की योगी सरकार उत्तर प्रदेश में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए इको टूरिज्म बोर्ड का गठन करने जा रही है। इको टूरिज्म बोर्ड के कथन की रूपरेखा तैयार करने के लिए बुधवार को वन विभाग एवं पर्यटन विभाग की संयुक्त बैठक वन विभाग के पारिजात सभागार में आयोजित की गई। इस मौके पर वन मंत्री दारा सिंह चौहान एवं पर्यटन मंत्री नीलकंठ तिवारी समेत विभागों विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में मंत्रीगणों एवं अधिकारियों का स्वागत करते हुए सुनील पाण्डे प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव उत्तर प्रदेश ने वन विभाग की तरफ से प्रस्तुतिकरण प्रस्तुत किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश में स्थित 2 टाइगर रिजर्व यथा दुधवा टाइगर रिजर्व एवं पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं उत्तर प्रदेश में स्थित वन्यजीवों विहारों के बारे में जानकारी दी। बैठक में उपस्थित अधिकारियों द्वारा इको टूरिज्म में सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश के बाहर भारत में चल रहे इको टूरिज्म के अनुभव के बारे में अवगत कराया। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि उत्तर प्रदेश में स्थित इको टूरिज्म सेंटर की ब्राडिंग उत्तर प्रदेश में और उत्तर प्रदेश के बाहर किये जाय। वन विभाग तथा टूरिज्म विभाग की एक संयुक्त कमेटी बनायी जाय जिसमें 4 से 6 अधिकारी नामित किये जाये।

## उर्वरक को अवैध रूप से प्रदेश से बाहर ले जाने वालों पर हो कठोर कार्रवाई: डॉ. देवेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार ने भारत-नेपाल सीमा से 5 किमी क्षेत्र के अन्तर्गत निजी क्षेत्र में उर्वरकों की बिक्री हेतु उर्वरक निबंधन प्रमाण पत्र जारी न किये जाने के निर्देश दिये हैं। इसके अतिरिक्त यदि आवश्यक हो तो, पुलिस एवं स्टेट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो की सहायता से अन्तर्राष्ट्रीय एवं अन्तर्राज्यीय सीमाओं पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही उर्वरकों को अवैध रूप से प्रदेश से बाहर ले जाने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। यह जानकारी अपर मुख्य सचिव, डॉण् देवेश चतुर्वेदी ने देते हुये बताया कि कृषि विभाग द्वारा इस सम्बन्ध में सम्बन्धित जिलाधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

अपर मुख्य सचिव कृषि द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय एवं अन्तर्राज्यीय सीमाओं के निकटवर्ती 40 जनपदों के जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुये कहा गया है कि प्रदेश में रबी सीजन के अन्तर्गत किसानों द्वारा फसलों की बुवाई का कार्य त्वरित गति से किया जा रहा है, जिसके दृष्टिगत जनपद में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध उर्वरकों का किसानों के मध्य वितरण सुनिश्चित करने हेतु विशेष सतर्कता बनाये रखने की आवश्यकता है।

## सरकार किसान हितों को सर्वोपरि रखकर कार्य कर रही है: केशव प्रसाद मौर्य



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को अपने लखनऊ आवास पर सादगी और सरलता की प्रतिमूर्ति, महान जन नेता चैधरी चरण सिंह जी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए आजीवन समर्पित रहने वाले चैधरी चरण सिंह के विचार पूरे समाज को सदैव प्रेरणा देते रहेंगे।चैधरी चरण सिंह किसानों के सच्चे मसीहा थे । कहा कि उनका जीवन दर्शन हम सबके लिये अनुकरणीय है। वह सादगी की प्रतिमूर्ति थे। श्री मौर्य ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार किसानों के हितों को सवोर्परि रखते हुये कार्य कर रही हैं। किसानों के साथ कोई अन्याय नहीं होने दिया जायेगा। किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। श्री मौर्य ने कहा कि देश की खुशहाली का रास्ता किसानों के खेतों और खलिहानो से होकर गुजरता है।किसान अन्नदाता ही नही, अन्न देवता के तुल्य हैं। किसानों के कल्याण व उनके चहुंमुखी विकास के लिए सरकार कृत संकल्प है और इस दिशा में अनेकों महत्वाकांक्षी योजनाओं का संचालन कर किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है।

## बीजेपी महानगर खिचड़ी भोज सहित बूथों पर आयोजित करेगी कार्यक्रम

**लखनऊ।** बीजेपी लखनऊ महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने पूर्व पीएम स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर मण्डल अध्यक्षों एवं मण्डल प्रभारियों सहित महानगर महामंत्रियों की बैठक कर कार्यक्रमों की योजना बनायी। महानगर महामंत्री पुष्कर शुक्ला ने बताया कि बैठक कर निर्णय लिया गया कि 25 दिसम्बर को 11 बजे कुड़िया घाट पर प्रति वर्ष की भांति कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा एवं दोपहर 12 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्‌बोधन को वर्चुअल माध्यम से सुनने की व्यवस्था की जायेगी। इसके पश्वात सामूहिक खिचड़ी भोज का आयोजन किया जाएगा। महानगर क्षेत्र के सभी बूथों पर 26 व 27 दिसम्बर को सेवा एवं स्वच्छता के साथ-साथ पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित कर अटल बिहारी बाजपेयी के जीवन पर आधारित कार्यक्रम किए जाएंगे।

# किसानों के कल्याण के लिए चौधरी चरण सिंह ने आजीवन कार्य किया: स्वतंत्र देव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 118 वीं जयंती पर विधान भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पहुंचकर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने राजनीति में शुचिता को आगे बढ़ाते हुए किसानों के कल्याण के लिए आजीवन कार्य किया। उनके आदर्शो का अनुकरण करते हुए पीएम नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार किसानों के सर्वांगीण विकास व उनकी आय को दोगुनी करने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। किसान हमारे लिए विपक्ष की तरह वोट नीति का हिस्सा न होकर राष्ट्रनीति व विकास नीति का हिस्सा है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री जेपीएस राठौर, क्षेत्रीय अध्यक्ष शेष नारायण मिश्रा सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# भाजपा किसानों का अपमान करना छोड़े: अखिलेश

## ● समाजवादी पार्टी ने किसान दिवस मनाया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**पूर्व** प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी का 118वां जन्मदिवस बुधवार को समाजवादी पार्टी ने किसान दिवस के रूप में मनाया। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं नेताओं ने उनका नमन करते हुए उन्हें पुष्पांजलि दी। सपा प्रवक्ता ने बताया कि प्रत्येक जनपद में इस अवसर पर चौधरी साहब के राजनीतिक योगदान की चर्चा की गई और किसानों के हित में उनके द्वारा किए गए कामों का स्मरण किया गया। समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में चौधरी चरण सिंह के चित्र पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने माल्यार्पण किया। उन्होंने चौधरी साहब के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प दिलाया। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी भी साथ में मौजूद थे। इस अवसर पर नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा राजधानी में चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट अमौसी स्थित चौधरी साहब की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित की गई।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के राज में देश के इतिहास में एक ऐसा किसान दिवस आया है, जब उत्सव के स्थान पर देश का किसान सड़कों पर संघर्ष करने पर मजबूर है। भाजपा किसानों का अपमान करना छोड़े! क्योंकि देश का किसान भारत का मान है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा का गांव.किसान से कभी कोई रिश्ता नहीं रहा। वह तो कारपोरेट की पोषक है। इन दिनों किसानों के आक्रोश को देखते हुए वह चौधरी साहब के प्रति दिखावटी सम्मान प्रदर्शित करते बड़े.बड़े सरकारी विज्ञापनों में स्मरण की निरर्थक एक्सरसाइज कर रही है। चौधरी साहब के प्रति यह पहली बार स्नेह उमड़ा है। चौधरी साहब की बड़ी फेटो लगाने का क्या अर्थ जबकि भाजपा का दिल ही बड़ा नहीं है। वैसे भी सरकार यह न समझे कि चौधरी साहब के नाम पर धूमधड़ाका करके किसानों की आवाज को वह दबा सकेगी या उनमें भ्रम फैला देगीं। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की बात सुनना नहीं चाहती है। वह किसानों को डराने धमकाने में लगी है। भाजपा का किसान विरोधी आचरण चौधरी के प्रति कृतज्ञता नहीं कृतघ्नता ही प्रदर्शित करता है। चौधरी साहब के नाम पर किसान सम्मान जैसा आडम्बर चलने वाला नहीं है। भाजपा की विरोधाभासी नीतियों से कोई अब गुमराह करने की कोई साजिश सफल नहीं होगी। अखिलेश यादव ने कहा कि धान.गन्ना की अपनी ही कमाई के लिए किसान भटक रहे है।

एमएसपी का अतापता नहीं। क्रय केन्द्रों पर भी किसान को परेशान किया जाता है। समय से भुगतान भी नहीं होता है। किसान के साथ जो वादे किए गए थे, वे पूरे नहीं किए गए। उल्टे तीन कृषि कानून लाकर उनकी खेती कारपोरेट को बेचने की तैयारियां की जा रही है। कंपकंपाती ठण्ड में किसान सड़कों पर है और इसको वापस लिए जाने की मांग कर रहे है जिसमें दो दर्जन से ज्यादा किसान शहीद हो गए है। फिर किस मुंह से भाजपा अपने को किसान हितैषी बता रही है।

## प्रदेश के 1210 स्थलों पर किसान गोष्ठी का किया जायेगा आयोजन

**लखनऊ।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों के 1210 स्थलों पर किसान गोष्ठी का आयोजन पूर्वान्ह 11 बजे से सहकारिता विभाग द्वारा किया जायेगा। किसान गोष्ठी को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दोपहर 12 बजे वीडियो क्रांफ्रेंसिंग के माध्यम से सम्बोधित किया जायेगा। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने दी है। उन्होने बताया कि आयोजित किसान गोष्ठी में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्रदान की जायेगी। उन्होने यह भी बताया कि भारत के प्रधानमंत्री जी के सम्बोधन की जानकारी किसानो तक पहुचाने के लिए किसान गोष्ठी स्थल पर एलईडी की व्यवस्था करायी जायेगी जिससे किसानो को प्रधानमंत्री जी द्वारा किसानो के हित की जानकारी से अवगत कराया जा सके।

# अस्पतालों में किया गया फल-बिस्किट का वितरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राष्ट्रीय** लोकदल के प्रदेशीय मुख्यालय में बुधवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौ चरण सिंह की 118वीं जयन्ती हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। प्रदेश कार्यालय प्रांगण स्थित चौ. साहब की प्रतिमा के सम्मुख वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ यज्ञ का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने प्रमुख पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ यज्ञ में आहुति डाली और चौ साहब को नमन किया। हवन पूजन के पश्चात राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मसूद अहमद व राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ विधान भवन स्थित चौ साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके नमन किया। वही पार्टी कार्यालय में वर्तमान परिस्थितियों में चौ चरण सिंह की विचारधारा एवं नीतियों की प्रासंगकिता विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये प्रदेश अध्यक्ष डॉ मसूद अहमद ने कहा कि यदि केन्द्र सरकार चौ साहब में जरा भी आस्था रखती है तो 28 दिन से राष्ट्रीय राजधानी के चारों ओर डेरा डाले लाखों किसानों के दुख दर्द को समझे और उसका निराकरण करे। राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को चौ साहब का नाम लेने का नैतिक अधिकार नहीं है क्योंकि भाजपा सरकारों में किसान बहुत अधिक त्रस्त हो गया है जबकि यह किसान चौ साहब की आत्मा है।

# कृषि कानूनों के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**केंद्र** सरकार के नए कृषि कानूनों के खिलाफ कांग्रेस ने किसान दिवस पर बुधवार को प्रदेशव्यापी ताली.थाली बजाओ और सरकार जगाओ, कार्यक्रम आयोजित किया। लखनऊ में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू थाली बजाने के लिए रक्षा मंत्री एवं सांसद राजनाथ सिंह के सरकारी आवास पर जाना चाहते थे , लेकिन लखनऊ पुलिस ने उन्हें नजरबंद कर दिया। जिसके बाद लल्लू अपने डाली बाग विधायक निवास स्थित आवास पर पहुंचे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठ गए और थाली बजाकर नए कृषि कानून का विरोध जताया। लल्लू ने कहा कि उत्तर प्रदेश में किसानों ने कर्ज के कारण आत्महत्या की है। सिर्फउत्तर प्रदेश में एक वर्ष में छह सौ से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या की है। सरकार किसानों के आन्दोलन को दबाना चाहती है। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं (जिन्हें योगी सरकार द्वारा गिरफ्तार हाउस अरेस्ट नहीं किया गया) ने अपने.अपने क्षेत्रों में स्थानीय भाजपा के जनप्रतिनिधियो, सांसदों, विधायकों के आवासोंव कार्यालयों पर ताली-थाली बजाकर आन्दोलन किया। लल्लू ने कहा कि जिस प्रकार पिछले 28 दिनों से हमारे देश का अन्नदाता किसान भीषण ठण्ड में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के बार्डर की सड़कों पर अपनी मांगों को लेकर आन्दोलनरत है। वहीं सरकार को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ रहा है कि आन्दोलनरत किसान कितनी मुसीबत में अपनों को खोते जा रहे हैं अब तक 28 किसानों की दुखद मौतें हो चुकी हैं तथा आज से देश का पेट भरने वाला अन्नदाता किसान 18 घण्टे भोजन न करने (उपवास) पर है।

## कांग्रेस की किसान स्वाभिमान महापंचायत में पारित हुए चार प्रस्ताव

**लखनऊ।** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर किसान दिवस के दिन बुधवार को किसान कांग्रेस मध्य जोन की ओर से प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर किसान स्वाभिमान महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत में चार प्रस्ताव पारित हुए। किसान महापंचायत को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, पूर्व सांसद प्रमोद तिवारी, प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, कांग्रेस विधान परिषद दल के नेता दीपक सिंह ने संबोधित किया। कार्यक्रम के आयोजक किसान कांग्रेस के अध्यक्ष तरूण पटेल ने कहा कि इस महापंचायत में जो प्रस्ताव पारित हुए हैं चाहे वह अन्ना पशुओं की समस्या, गौशालाओं की दुर्दशा, तीनों काले कृषि कानूनों का विरोध सहित किसानों की समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस निरन्तर गांव गली, खेल खलिहान तक किसानों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं के निदान के लिए संघर्ष करेगी। महापंचायत में पारित प्रस्ताव में कहा है कि किसान कांग्रेस के द्वारा किसान स्वाभिमान महापंचायत किसानों के जनहित के लिए बुलाई गई यह पंचायत है जिसमें वर्तमान में किसान विरोधी नीतियों के खिलाफऔर आने वाले समय के लिए एक ढांचागत और समयबद्ध तरीके से लड़ाई लड़ने के लिए एक संवैधानिक तौर तरीके अपनाए जाने की जरूरत है।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Sanjay Pandey था जो अब बदलकर Sanjay Kumar Pandey हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। Sanjay Kumar Pandey S/o Bare Lal Pandey, Bijlipur Lal Gopalganj, Prayagraj.

सूचना

सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट में मेरा नाम अनूप कुमार कश्यप दर्ज है, जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम अनूप कुमार दर्ज है। दोनों मेरे ही नाम हैं। मैं अनूप कुमार पुत्र छेदी लाल कश्यप (Chhedi Lal) के नाम से ही जाना व पहचाना जाता हूँ। अनूप कुमार पुत्र छेदी लाल निवासी विराट नगर, कासिमपुर पकरी, आलमबाग, लखनऊ।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा दि0 15-12-2020 को आस्था हॉस्पिटल से बस स्टेशन जाते हुए बैग में रखा हुआ जमीन (Property Paper) का कागज व अन्य सामान कहीं गिर गया। काफी खोजबीन करने के बाद भी नहीं मिला। डॉ. कमलेशचन्द्र त्रिपाठी सुत स्व0 हरीशचन्द्र त्रिपाठी निवासी आस्था हॉस्पिटल, गोमती पुल के पार, कस्बा पांचोपीरन, अयोध्या रोड सुलतानपुर (उ0प्र0)।

कार्यालय नगर पालिका परिषद जलालपुर अम्बेडकरनगर

पत्र सं0-465/न0पा0परि0ज0/विज्ञप्ति/2020-21 दिनांक-21.12.2020

विज्ञप्ति/आवश्यक सूचना

नगर पालिका परिषद, जलालपुर अम्बेडकर नगर सीमान्तर्गत समस्त नगरवासियों को सूचित किया जाता है कि "स्वच्छ भारत मिशन शहरी" कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छ शौचालय, सामुदायिक / सार्वजनिक शौचालय का निर्माण करा दिया गया है। इसके उपरान्त भी यदि कोई व्यक्ति खुले में शौच करते हुये पाया जाता है तो उस पर 500.00 (पांच सौ रुपया) कूड़ा, अपशिष्ट जलाने पर 200.00 (दो सौ रुपया) एवं खुले में मूत्र विसर्जन करता हुआ पाया जाता है तो उस पर रु0 100.00 (एक सौ रुपया) तक का जुर्माना किया जाये।

(धर्मेन्द्र बहादुर सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
जलालपुर अम्बेडकरनगर

(फरजाना खातून)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
जलालपुर अम्बेडकरनगर

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# गन्ना विभाग के इंजीनियर के घर डाका

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** में ठीक 60 दिन बाद शहर की पॉश कॉलोनी में डकैतों का फिर धावा, बदमाशों ने इस बार विभूतिखंड के विराज खंड-4 में रहने वाले गन्ना विभाग के इंजीनियर के घर डकैती की वारदात को अंजाम दिया। इस बार भी डकैती 6 अक्टूबर की रात चिनहट के विकल्प खंड-3 में सीनियर फूड इंस्पेक्टर उदय प्रताप सिंह के घर में वारदात जैसी थी। रात 2.30 बजे 8 से 10 की संख्या में नकाबपोश बदमाश ने बाउंड्री फांद कर अंदर दाखिल हुए और विंडो की ग्रिल को निकाल कर अंदर पहुंचे। घर में मौजूद इंजीनियर की पत्नी व उनकी बेटी को बंधक बना लिया। उनके कमरे की अलमारी में रखी चादर से उनके हाथ पैर बांध दिए। बदमाशों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और बेटी के शोर मचाने पर नुकीले हथियार से एक बदमाश ने उसे घायल कर दिया। डकैतों ने करीब दो घंटे तक एक-एक कमरे व अलमारी को खंगाला। परिजनों के अनुसार बदमाश करीब डेढ़ लाख रुपये कैश और लाखों की ज्वैलरी लूट ले गए।





विभूतिखंड के विराजखंड 4 में रहने वाले इंजीनियर योगेंद्र श्रीवास्तव गन्ना विभाग में तैनात है और वर्तमान में उनकी पोस्टिंग मेरठ में हैं। इंजीनियर योगेंद्र श्रीवास्तव 2 दिन की छुट्टी में घर आए हुए थे। परिवार में पत्नी निशा श्रीवास्तव, बेटी जीनिया सहित पांच लोग हैं। बताया जा रहा है कि इंजीनियर योगेंद्र मंगलवार रात करीब 9 बजे वह अपने बेटे के साथ नौचंदी एक्सप्रेस से मेरठ निकल गये सुबह करीब 5 बजे इंजीनियर की पत्नी ने फोन कर बताया कि घर पर बदमाशों ने धावा बोल दिया था। इंजीनियर की पत्नी और बेटी को बाथरूम व कमरों में बंधक बनाया। इंजीनियर के मुताबिक करीब एक से डेढ़ लाख कैश और लाखों की ज्वैलरी लूट ले गए।

**8 से 10 नकाबपोश बदमाशों ने की वारदात:**इंजीनियर की पत्नी निशा के अनुसार रात करीब 2ण्30 बजे के बीच 8 से 10 नकाबपोश बदमाशों ने मेन गेट फांद कर अंदर दाखिल हुए और ड्राइंगरूम की खिड़की की ग्रिल तोड़ कर अंदर दाखिल हो गए। बदमाशों के हाथ में चाकू, डंडे और बांका था। बदमाशों ने जान से मारने की धमकी दी, बेटी जिनिया ने मदद के लिए शोर मचाया तो बदमाशों ने लोहे के हथियार से उसके सिर पर वार कर घायल कर दिया।

**2 घंटे तक की लूटपाट, डीवीआर भी ले गए:**बदमाशों ने इंजीनियर योगेंद्र के घर में करीब 2 घंटे तक तांडव किया। हर कमरे, अलमारी की तलाशी ली और सारा सामान अस्त.व्यस्त कर दिया। बदमाश घर में रखा कैश और ज्वैलरी लूट ले गए। पूरा मकान सीसीटीवी कैमरे से लैस हैं। बदमाशों ने भागते समय डीवीआर भी उखाड़ कर साथ ले गए। डीसीपी पूर्वी संजीव सुमन के अनुसार बदमाश करीब डेढ़ लाख रुपये कैश और ढाई लाख की ज्वैलरी अपने साथ ले गए।

### पत्नी व बेटी को बंधक बनाकर लूटपाट, चादर से बांधे हाथ-पैर परिवार के सभी मोबाइल फोन व सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी ले गए

**रिटायर्ड जज के परिवार से मांगी मदद:**सुबह 4.30 बजे बदमाशों ने वारदात को अंजाम देकर मकान के पीछे रास्ते से निकल कर फरार हो गए। मकान के पिछले के रास्ते से रेलवे पटरी महज पचास मीटर की दूरी पर हैं। जिनिया ने सुबह 5 बजे किसी तरह अपने को बंधक मुक्त किया और घर के सामने रहने वाले रिटायर्ड जज एससी मिश्रा के घर को खटखटा कर मदद मांगी। उनके वकील बेटे ने जिनिया से पूरी बात की जानकारी लेकर डायल 112 को कॉल कर घटना की सूचना दी। पॉश इलाके में डकैती की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस टीम पहुंच गई और छानबीन शुरू की। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। मकान से डीवीआर गायब होने के चलते बदमाशों की फुटेज नहीं मिल सकी। पुलिस की टीम ने आस.पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालना शुरू किया। जिससे बदमाशों की संख्या व उनके आने जाने की लोकेशन का पता चल सके।

**मेन दरवाजा बंद कर घुसे बदमाश:** रेलवे लाइन के किनारे स्थित इंजीनियर के मकान में बदमाशों ने बगल के खाली प्लॉट से सड़क तक रास्ता तय किया। इसके बाद मेन गेट के पास दीवार फांद कर अंदर दाखिल हुए। ड्राइंग रूम की खिड़की खोल कर बाहर किया और अंदर दाखिल हो गए।

# अब कारपोरेट कल्चर से एलडीए बेचेगा खाली फ्लैट

**लखनऊ( पीएनएस )।** एलडीए की अनूठी पहल, कारपोरेट व प्राइवेट कल्चर के साथ लखनऊ विकास प्राधिकरण लोगो के अपने घर का सपना पूरा करेगा। विश्वास, सुरक्षा व स्वच्छता के साथ एलडी, लोगो को अपना घर उपलब्ध कराएगी। सिंगल विंडो सिस्टम द्वारा लोग फ्लैट की बुकिंग कर सकेंगे। हर साइट पर हेल्प व बुकिंग काउंटर बनाए जाएंगे। फ्लैट की बिक्री के लिए वीसी एलडीए ने अधिकारियों के लक्ष्य निर्धारित किये। सभी अपार्टमेंट्स में आवश्यतानुसार हर्बल पार्क बनाए जाएंगे। बुधवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के रिक्त फ्लैट की बिक्री के लिए इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान के मरकरी हाल में एलडीए वीसी अभिषेक प्रकाश द्वारा अधिकारियों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वीसी द्वारा बताया गया कि सेंट्रलाइज व्यवस्था द्वारा लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित व सुंदर वातावरण में घर उपलब्ध कराया जाएगा। जिसमें लोगों की सुविधा के लिए सिंगल विंडों सिस्टम द्वारा फ्लैट्स की बुकिंग कराई जाएगी, अब लोगों को फ्लैट बुक करने के लिए एलडीए कार्यालय नही आना पड़ेगा। व्यक्ति स्वयं साइट आफिस आ कर फ्लैट की बुकिंग करा सकेंगे। कार्यशाला में वीसी एलडीए द्वारा सभी एई, जेई व एक्सईएन के लक्ष्य निर्धारित किये गए। एई को 35 फ्लैट, जेई को 25 फ्लैट व एक्सईएन को 50 फ्लैट की बिक्री करने का लक्ष्य दिया जाता है। साथ ही बताया कि जो भी अधिकारी शत प्रतिशत से अधिक लक्ष्य की पूर्ति करता है उनको विशेष पुरस्कार, सम्मान, विशेष इंट्री व इम्पलाई ऑफदी मन्थ का अवार्ड दिया जाएगा। कार्यशाला में वीसी एलडीए द्वारा बताया गया कि प्राइवेट व कारपोरेट अपार्टमेंट्स की भांति एलडीए के अपार्टमेंट्स में भी साफसफाई की व्यवस्था की जाए। अपार्टमेंट के अंदर के साथ साथ अपार्टमेंट के आस पास की साफसफाई की व्यवस्थाओं पर भी ध्यान दिया जाए। साथ ही यदि अप्रोच रोड पर किसी तरह का अतिक्रमण है तो उसे हटवाया जाए ताकि लोग अधिक से अधिक एलडीए द्वारा निर्मित अपार्टमेंट की तरफआकर्षित हो सके।

### सभी अपार्टमेंट्स में आवश्यतानुसार हर्बल पार्क बनाए जाएंगे

# चौथी किस्त स्पष्ट नहीं विकास पर मचा हंगामा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**चौथी** किस्त पर संशय से पार्षदों के वार्ड का विकास कार्य बाधित होगा। चौथी किस्त स्पष्ट न होने से पार्षदों में रोष और विरोध का सामना करना पड़ा। विकास नगर के मिनी स्टेडियम का प्रबंधन और संचालन खेल विभाग करेगा। वहीं साढ़े आठ हजार निजी कर्मचारियों को 308 रुपए प्रति दिन मिलेंगे। साथ ही बिना किसी संशोधन के 20.50 अरब के पुनरीक्षित बजट को पास कर दिया।

नगर निगम की बजट कार्यसमिति में बुधवार को बिना किसी संशोधन के 20.50 अरब के पुनरीक्षित बजट को महापौर संयुक्त भाटिया के समक्ष पेश कर पास कर दिया। इस बजट में जनता पर कोई टैक्स नहीं लगाया गया है लेकिन कोई खास सुविधा भी नहीं दी गयी है। डीजल.पेट्रोल के खर्च में सात करोड़ रुपये बढ़ा दिये गये हैं। वार्ड विकास प्राथमिकता निधि के अंतर्गत पार्षदों को मिलने वाली चौथी किस्त जारी करने की स्थिति भी साफ नहीं है। ऐसे में विकास कार्यों के लिये शहर को अगले वित्तीय वर्ष के मूल बजट का इंतजार करना होगा।हालांकि मूल बजट में नये निर्माण कार्यों के लिये 50 लाख का बजट प्राविधानित किया गया थाए पुनरीक्षित में इसे 200 लाख कर दिया गया हैए वहीं मरम्मत के मद में कटौती कर दी गयी है। इसे 50 लाख कर दिया गया है। दैवीय आपदा का खर्च बढ़ाकर 500 लाख रुपये को मंजूरी दी गयी है। मूल बजट में यह 5 लाख रुपये ही था। इसी तरह कुछ खर्च में कटौती के साथ ही दूसरे मदों में आंशिक वृद्धि की गई है। मूल बजट 19.30 अरब में लगभग 120 करोड़ रुपए की वृद्धि के बाद 20ण्50 अरब के पुनरीक्षित बजट को सर्वसम्मत से पास कर दिया गया। जनता को कोई छूट नहीं दी गयी है। प्रस्ताव में डीजल पेट्रोल पर खर्च को 31 करोड़ से ।ढ़ाकर 38 करोड़ रुपए कर दिया गया है। कार्यकारिणी बैठक में महापौर संयुक्ता भाटिया संग नगर आयुक्त अजय द्विवेदीए उपाध्यक्ष रजनीश गुप्ताए अपर नगर आयुक्त अमित कुमारए अर्चना द्विवेदीए कार्यकरिणी सदस्य कौशलेंद्र द्विवेदी सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्य एवं अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### साढ़े आठ हजार निजी कर्मचारियों को 308 रुपए प्रति दिन मिलेंगे बिना किसी संशोधन के 20.50 अरब के पुनरीक्षित बजट को पास

## पुलिस टॉपती रही, विकास दूबे का भाई दीपक आत्मसपर्मण कर गया जेल

**विधि संवाददाता।** लखनऊ। 50 हजार के इनामी मुल्जिम दीपक दूबे ने राजधानी पुलिस को ठेंगा दिखाते हुए अदालत में आत्मसर्पण कर दिया। एसीजेएम शरद कुमार चैधरी ने आत्मसमर्पण मंजूर करते हुए उसे चार जनवरी तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। बताते चलें कि बीते शनिवार को ही दीपक आत्मसमर्पण करने अदालत पहुंचा था। लेकिन कोविड.19 की रिपोर्ट नहीं होने के चलते आत्मसमर्पण नहीं कर सका था। इस बात की भनक लगते ही राजधानी पुलिस जोर.शोर से उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में लग गई। उसके होने की सभी संभावित ठिकानों पर दबिश देने लगी। लेकिन पुलिसिया कार्यवाही को धत्ता बताते हुए वो मंगलवार को आत्मसमर्पण करने में कामयाब रहा। दीपक दूबे बिकरु कांड के आरोपित विकास दूबे का भाई है। इस पर 50 हजार का इनाम भी घोषित था।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**सरोजनीनगर**-लखनऊ । सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में रविवार शाम तेज रफ्तार कार ने एक बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुची स्थानीय पुलिस ने उसे इलाज के लिये सरोजनीनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गई। जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्नाव के गदन खेड़ा में रहने वाला हरिकेश शर्मा ;32द्ध एक दवा कंपनी में एमआर का काम करता था। रविवार शाम तकरीबन छह बजे बाइक से वापस घर जा रहा था। इस दौरान कानपुर रोड स्थित सैनिक स्कूल के सामने तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे हरिकेश गंभीर रूप से घायल हो गया।

## विभूति खंड पुलिस ने शातिर लुटेरे को किया गिरफ्तार


**लखनऊ।** विभूति खंड पुलिस ने एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है पुलिस का कहना है पकड़े गए लुटेरे पर तालकटोरा वह स्थानीय थाने पर कई अपराधिक मामले दर्ज हैं पुलिस ने उसके कब्जे से 25 ग्राम सफेद पाउडर भी बरामद किया है।जानकारी के अनुसार इस्पेक्टर विभूति खंड सन शेखर के नेतृत्व में बेर चौकी इंचार्ज अनिल सिंह दरोगा अवधेश पांडे व सिपाही अनिल सिंह इलाके में गश्त पर थे तभी लोहिया के पास एक व्यक्ति खड़ा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा पुलिस को शक हुआ उसने घेराबंदी कर भाग रहे अभी उसको दबोच लिया। पुलिस को उसके पास से 25 ग्राम स्मैक बरामद हुई है पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम सहादतगंज निवासी सुफियान उर्फअब्दुल बताया।

## राजधानी में कोरोना के 252 नए केस, सूबे में 1233 केस मिले

**लखनऊ।** राजधानी में कोरोना वायरस का संक्रमण बरकरार है। बुधवार को राजधानी में कोरोना के 252 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 1233 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 16378 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 2822 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 8245 मरीजों की और राजधानी में 1091 की मौत हो चुकी है।अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,39,637 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 2,28,32,382 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 1,233 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 16,378 कोरोना के एक्टिव मामले में से 7,215 लोग होम आइसोलेशन में हैं।

## क्षत-विक्षत अवस्था में मिला युवक का शव

**सरोजनीनगर.**लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बुधवार को एक युवक का शव संदिग्ध हालात में रेलवे पटरी के किनारे क्षत.विक्षत पड़ा मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर पहचान करा कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इन्सपेक्टर सरोजनीनगर आनन्द शाही के मुताबिक बाराबंकी जिले के रामसनेहीघाट थानांतर्गत गोड़वा गांव निवासी अनिल शर्मा का बेटा शेष नारायण (19) अपने भाई रामनारायण के साथ सरोजनीनगर के नादरगंज स्थित बद्री नगर में किराए पर रह कर कुछ दूरी पर मौजूद एक निजी कंपनी में काम करता था। बुधवार सुबह शेष नारायण का शव लखनऊ. कानपुर रेल खंड स्थित अमौसी रेलवे स्टेशन से करीब एक किलोमीटर दूर मानक नगर की ओर जाने वाली रेलवे पटरी के किनारे क्षत.विक्षत हालत में पड़ा मिला।



# अटल चिकित्सा विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली पर कार्यपरिषद की मुहर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अटल** बिहारी चिकित्सा विश्वविद्यालय की पहली वित्त समिति और पहली कार्यपरिषद की बैठक बुधवार को विवि के कुलपति प्रो एके सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विवि की पहली परिनियमावली पर कार्यपरिषद ने अपनी मुहर लगाई। जिसके बाद इसे शासन को अनुमोदन के लिए भेजने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही पूर्व में लिए गए कई निर्णयों पर कार्य परिषद ने अपनी मुहर लगाई। विवि के कुलपति की अध्यक्षता में जूम एप के माध्यम से आयोजित बैठक में अटल बिहारी वाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय उप्र अधिनियम को अंगीकृत किया गया। सीजी सिटी में विवि के लिए 50 एकड़ भूमि आवंटित करने के लिए राज्य सरकार के प्रति आभार प्रकट किया गया। बैठक में विवि के प्रतीक चिन्ह व ध्येय वाक्य को अंगीकृत किया गया। पहले चरण में शासन स्तर पर स्वीकृत पदों को नियमानुसार भरने का निर्णय लिया गया। बैठक में कार्य परिषद के लिए 3 सदस्यों को नामित करने पर मुहर लगी। इसके अलावा बैठक में सत्र 2020-21 के लिए 9 राजकीय और 2 निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों के एमबीबीएस कोर्स शुरू करने के लिए कंसेंट आफएफिलिएशन जारी करने पर मुहर लगाई गई।

उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड **निविदा सूचना – विशिष्टी सं0 05/ईएमटीडीगो0न0(ल0)/2020–21 किराये पर डीजल चालित जीप की आवश्यकता** वस्तु एवं सेवाकर अधिनियम (GST Act) के अन्तर्गत पंजीकृत डीजल चालित वाहनस्वामियों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों/सेवा प्रदाताओं से उपखण्ड अधिकारी, विद्युत अनुतरंग एवं दूरसंचार उपखंड, सुलतानपुर के प्रयोगार्थ एक अदद डीजल चालित जीप (चालक सहित) 09 माह के लिए किराये पर लिये जाने हेतु मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र अप्रतिदेय मूल्य रू0 224.00 (रू0 दो सौ चौबीस मात्र) क्रय करना तथा धरोहर राशि रू0 3000.00 (रू0 तीन हजार मात्र) अधिशासी अभियन्ता, विद्युत अनुतरंग एवं दूरसंचार खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ के पक्ष में देय हो, जमा करना अनिवार्य है। समस्त भुगतान केवल इलेक्ट्रानिक माध्यम (RTGS/NEFT etc) से Executive Engineer, EMTD Gomti Nagar, LKO. के खाता सं0–3803765988, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, कमता चौराहा, अयोध्या रोड, लखनऊ IFSC Code-CBIN0285125 में ही स्वीकार होंगे। उक्त भुगतान की बैंक द्वारा प्रमाणित पावती निविदादाता द्वारा कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत अनुतरंग एवं दूरसंचार खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ को उपलब्ध कराकर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से निविदा प्रपत्र, निविदा खोलने की अन्तिम तिथि 25.01.2021 तक अथवा अवकाश की दशा में अगले कार्यदिवस को 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र WWW.UPPTCL.ORG पर भी उपलब्ध होंगे। निविदा प्रपत्र क्रय करना अनिवार्य है। भरी हुई मुहरबन्द निविदायें दिनांक 25.01.2021 अथवा अवकाश की दशा में अगले कार्यदिवस को 14:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी तथा उसी दिन 15:00 बजे इच्छुक निविदादाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेंगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बताये किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। **अधिशासी अभियन्ता विद्युत अनुतरंग एवं दूरसंचार खण्ड कक्ष सं0 318–319, पारेषण भवन, विभूति खण्ड–II गोमतीनगर, लखनऊ–226010**
पत्रांक– 247 दिनांक – 23.12.2020
"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, प्रधान कार्यालय– 4 ए, गोखले मार्ग लखनऊ पत्रांक 2013/अधीअभि (साप्र)/मविविनिलि/मेडको/2538/2539/2540/2020 दिनांक 23/12/2020 **शुद्धि पत्र** इस कार्यालय के पत्र सं0–2006/अधी0अभि0(सा0प्र0)/मविविनि.लि/मेडको/2538/2539/2540/2020 दिनांक 22.12.2020 द्वारा प्रेषित निविदा प्रकाशन सूचना में निविदा संख्या मेडको/2538/2020, मेडको/2539/2020 एवं मेडको/2540/2020 को प्राप्त करने की अन्तिम तिथि जो कि समाचार पत्रों के कुछ संस्करणों में 11.01.2020 तथा कुछ संस्करणों में 11.01.2021 एवं निविदा के प्रथम भाग खोलने की तिथि जो कि कुछ संस्करणों में 12.01.2020 तथा कुछ संस्करणों में 12.01.2021 छपी है, के स्थान पर **निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 22.01.2021 एवं निविदा के प्रथम भाग खोलने की तिथि 23.01.2021 पढ़ा जाये।** निविदा विशिष्टियों मेडको/2538/2020, मेडको/2539/2020 एवं मेडको/2540/2020 के निविदा प्रकाशन सूचना में वर्णित अन्य सभी सूचनायें यथावत रहेंगी। **अधीक्षण अभियन्ता (सा0प्र0) म0वि0वि0नि0लि0, 4–ए, गोखले मार्ग, लखनऊ** म0वि0वि0नि0लि0, हेल्पलाईन नं0–18001800440/1912 "राष्ट्र हित में बिजली बचायें" पत्रांक 333 दिनांक : 23.12.2020

# सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता: योगी

## ● योगी की अध्यक्षता में उप्र कामगार और श्रमिक आयोग की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मिशन रोजगार अभियान के तहत प्रत्येक जनपद में जिला सेवायोजन कार्यालय को केन्द्र में रखते हुए व्यापक स्तर पर असंगठित क्षेत्र के कामगारों, श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि एमएसएमई सेक्टर और ओडीओपी की तर्ज पर असंगठित कामगारों, श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए। असंगठित क्षेत्र के कामगारों, श्रमिकों को सामाजिक, आर्थिक सुरक्षा के साथ जोड़ने का व्यापक अभियान चलाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को इस सम्बन्ध में जनप्रतिनिधियों को जोड़ते हुए उनके मार्गदर्शन और सुझावों को प्राप्त करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास पर उप्र कामगार और श्रमिक सेवायोजन एवं रोजगार आयोग की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संगठित क्षेत्र के साथ-साथ असंगठित क्षेत्र के कामगारों, श्रमिकों को सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। कामगारों, श्रमिकों की सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा सम्बन्धी कार्यों पर तेजी से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रवासी कामगारों, श्रमिकों की भांति निवासी कामगारों, श्रमिकों के डाटा संग्रहण तथा स्किल मैपिंग का कार्य प्रत्येक जनपद में प्राथमिकता पर किया जाए। जनपद स्तर पर इन कार्यों के सम्बन्ध में निरन्तर कार्यवाही हो। डिस्ट्रिक्ट बैंकर्स कमेटी की बैठक आयोजित कर बैंकों से बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जाए। विभिन्न योजनाओं के तहत अधिक से अधिक लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने जनपद स्तर पर रोजगार मेलों व लोन मेलों को आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कामगारों, श्रमिकों के सेवायोजन एवं रोजगार सम्बन्धी कार्यों की जनपद तथा मण्डल स्तर पर साप्ताहिक व पाक्षिक समीक्षा किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर भी इस सम्बन्ध में नोडल अधिकारी तैनात किए जाएंए जो इन कार्यों की प्रगति आख्या से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि कामगारों, श्रमिकों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में अधिकाधिक रोजगार के अवसर सृजित करते हुए उन्हें योग्यता व क्षमता के अनुरूप कार्य उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मिशन रोजगार अभियान के तहत किए जाने वाले कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाए। साथ ही कामगारों, श्रमिकों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाए। जनपद स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के कार्यों में जिन जनपदों द्वारा अच्छे कार्य किए गए हैं उनकी सराहना की जाए। उन्होंने इन कार्यों में अपेक्षित प्रगति न दर्शाने वाले जनपदों के अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि निजी क्षेत्र में भी रोजगार की व्यापक सम्भावनाएं हैं। कृषि क्षेत्र में भी रोजगार उपलब्ध कराए जा सकते हैं। गौ-आधारित खेती के साथ-साथ गंगा के तटीय क्षेत्रों में बागवानी व ऑर्गनिक खेती को बढ़ावा देने से भी व्यापक स्तर पर रोजगार सृजित होंगे।

उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड, अल्पकालीन **ई–निविदा सूचना संख्या 38/अनु0इ0/श0भ0वि0/2020–21** अधोहस्ताक्षरी द्वारा अल्पकालीन ई–निविदा विशिष्टि सं0–45/अनु0इ0/श0भ0वि0/2020–21 के द्वारा विभागीय कालोनियों में स्थित आवासों के वार्षिक अनुक्षण के कार्य हेतु ई–निविदायें दिनांक 11.01.2021 को 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त ई–निविदाओं के तकनीकी भाग को उसी दिन 14.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोला जायेगा। निविदा के विक्रय व धरोहर धनराशि सम्बन्धी एवम् अन्य विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in से प्राप्त किये जा सकते हैं। **अधिशासी अभियन्ता** अनुरक्षण इकाई, प्रथम तल, शक्ति भवन विस्तार, 14 – आशोक मार्ग, लखनऊ। पत्रांक – 2104, दिनांक–23.12.2020, **"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"**

# नॉलेज पोर्टल विकसित करना समय की आवश्यकता: डॉ. पुरी

**लखनऊ( पीएनएस )।** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की तरफ से बुधवार को जॉर्जियन एलुमिनाई एसोसिएशन के तत्वावधान में चिकित्सा के क्षेत्र में आने वाली बाधाओं को अपनी दृढ़ता की शक्ति का उपयोग करके दूर करने हेतु एक ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन कलाम सेंटर में किया गया। इस अवसर पर ऑनलाइन भाग लेने वालों में केजीएमयू के मेडिकल और दंत संकाय के अंडर ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट एवं अंतरराष्ट्रीय पूर्व छात्र शामिल थे।

कार्यक्रम में विवि के कुलपति डॉ बिपिन पुरी ने चिकित्सा विश्वविद्यालय के जॉर्जियन एलुमिनाई एसोसिएशन के महत्व के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि आज हम सभी को ज्ञान और आचार विचार से जुड़ने की आवश्यकता है। हम वरिष्ठ के अनुभव एवं वर्तमान की आधुनिक कार्यशैली को सम्मिलित कर भविष्य की सुदृढ़ चिकित्सा शिक्षा की योजना बनाएं। जॉर्जियन एलुमिनाई एसोसिएशन के सचिव के डॉ शर्मा ने कहा कि जॉर्जियन एलुमिनाई एसोसिएशन के बैनर तले जॉर्जियन के बीच दोस्ती और भाईचारा एक ऐसा बंधन है जो प्रत्येक जॉर्जियन को सफलता की सीढ़ियां चढ़ते देख एक साथ आनंद लेते हैं।

# सात दिसंबर के बाद ब्रिटेन से लौटे लोगों की होगी कोरोना जांच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ब्रिटेन** में कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन के सामने आने के बाद उत्तर प्रदेश खास सतर्कता बरती जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बचाव के सभी उपाय पूरी सख्ती से लागू किए जाने के निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट पर है। यूपी में सात दिसंबर के बाद ब्रिटेन से लौटे लोगों की कोरोना जांच अनिवार्य रूप से कराई जाएगी। सभी की आरटीपीसीआर जांच होगी।

स्वास्थ्य विभाग ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय से ऐसे यात्रियों की सूची मांगी है जो सात दिसंबर के बाद ब्रिटेन से वापस लौटे हैं।



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, दोस्तपुर सुलतानपुर

पत्रांक–1810 चतुर्थ वित्त आयोग/टेण्डर नोटिस/2020–21 दिनांक 14.12.2020

### टेण्डर नोटिस

चतुर्थ वित्त आयोग एवं केन्द्रीय वित्त आयोग योजना अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत अंश से कार्य कराए जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसमें इच्छुक फर्म दिनांक से दि0 25–12–2020 तक समय 12 बजे तक अपनी निविदा विकास खण्ड कार्यालय परिसर में पेटी में डाल सकते हैं। निविदा दिनांक 26–12–2020 को अपरान्ह 2:00 बजे समिति के समक्ष खोला जाएगा। शर्त निम्न हैं–

1– फर्म रजिस्टर्ड हो, आयकर एवं व्यापार कर नियमित जमा कर रही हों।
2– निविदा प्रपत्र दि0 14–12–2020 से दि0 25–12–2020 तक कार्यालय में धनराशि जमा करके प्राप्त की जा सकती है।
3– समय व तिथि के बाद कोई निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
4– अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि बिना कोई कारण बताए निविदा निरस्त कर सकता है।

**कार्य का विवरण निम्न है:–**

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | माप/संख्या | धनराशि लाख में | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विकास खण्ड दोस्तपुर से बी0एल0 डब्लू टाइप आवास मरम्मत | 01 | 4.78 | चतुर्थ वित्त |
| 2 | बम्हरौली मेन रोड से राय साहब के घर तक इन्टरलाकिंग | 271 मी | 9.99 | चतुर्थ वित्त |
| 3 | बेरा निषाद बस्ती से इन्टरलाकिंग | 200 मी | 8.76 | चतुर्थ वित्त |
| 4 | ग्रामसभा बरूआ सकरवारी से डा0 अन्नु सिंह के घर तक इन्टरलाकिंग | 206 मी0 | 7.61 | चतुर्थ वित्त |
| 5 | खालिसपुर दुर्गा में पप्पू के दरवाजे तक इन्टरलाकिंग | 60 मी0 | 2.37 | चतुर्थ वित्त |
| 6 | कैथावा भीखीपुर गौरव सिह के मकान से नहर तक नाली निर्माण | 57 मी0 | 1.59 | चतुर्थ वित्त |
| 7 | बनी अविनाश के घर तक इन्टरलाकिंग | 92 मी0 | 3.98 | चतुर्थ वित्त |
| 8 | कोहरा हमजापुर खण्ड़जे से रामलखन के दरवाजे तक इन्टरलाकिंग | 130 मी0 | 4.9 | चतुर्थ वित्त |
| 9 | हड़ई से मनीष के घर तक इन्टरलाकिंग | 44 मी0 | 2.05 | चतुर्थ वित्त |
| 10 | विकास खण्ड कार्यालय मरम्मत एवं रंगाई पुताई कार्य | 1 | 5.34 | चतुर्थ वित्त |
| 11 | करेहथा गोसरपुर में हवलदार सिंह के घर से राजाराम सिंह के घर तक इन्टरलाकिंग | 160 मी0 | 5.96 | केन्द्रीय वित्त |
| 12 | मुस्तफाबाद सरैया में बाजार में बाईं तरफ जल निकास हेतु नाली निर्माण | 400 मी0 | 9.99 | केन्द्रीय वित्त |
| 13 | मुस्तफाबाद सरैया में बाजार में दायीं तरफ जल निकास हेतु नाली निर्माण | 400 मी0 | 9.99 | केन्द्रीय वित्त |
| 14 | करेहथा गोसरपुर में गुड्डू के घर तक इन्टरलाकिंग | 80 मी0 | 4.50 | केन्द्रीय वित्त |
| 15 | करेहथा गोसरपुर में रामदयाल के घर से लालजी के घर तक इन्टरलाकिंग | 110 मी0 | 3.99 | केन्द्रीय वित्त |
| 16 | टलहदादपुर में चंचल सिंह के घर तक इन्टरलाकिंग | 72 मी0 | 2.90 | केन्द्रीय वित्त |
| 17 | अरुण तिवारी के घर से तालाब तक जल निकासी हेतु नाली निर्माण | 55 मी0 | 1.33 | केन्द्रीय वित्त |
| 18 | वोहरा सराजासर में राकेश के दरवाजे से पूरब तक इन्टरलाकिंग | 100 मी0 | 3.88 | केन्द्रीय वित्त |

**खण्ड विकास अधिकारी दोस्तपुर सुलतानपुर**

# उचित व्यवस्था सुलभ कराकर किसानों की आय में वृद्धि संभव



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**किसानों** को उन्नत कृषि तकनीकी की जानकारी एवं विपणन की उचित व्यवस्था सुलभ कराकर उनकी आय में वृद्धि की जा सकती है। यद्यपि चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर का इतिहास 143 वर्ष पुराना है। इस दौरान अनेक वैज्ञानिक प्रोफेसर्स, छात्र.छात्राएं आये विभिन्न शोध कार्य किये गये होंगे फिर भी 43वीं रैंक विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त किया जाना संतोष का विषय नहीं कहा जा सकता। आप सभी को अपनी कार्यप्रणाली के बारे में विशेष ध्यान देने की जरूरत है। ये विचार बुधवार को प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने राजभवन से अपने उद्बोधन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आप सब मिलकर ये तय करें कि विश्वविद्यालय को आगे ले जाने के लिये क्या करना है। उन्होंने सुझाव दिया कि एक से दस तक रैंक प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालय की कार्य गतिविधियों का गहनता से अध्ययन करते हुये स्व मूल्यांकन करें तथा कार्य करने हेतु अपने लक्ष्य को निर्धारित करें। राज्यपाल ने कहा कि किसान उत्पादक संगठन कृषि कार्य के सभी क्षेत्रों में गठित किये जाने चाहिये। इसके लिये हमें तय करना होगा कि एक साल में कितने संगठन बनाने हैं। संगठन में तकनीकी विशेषज्ञ, कृषक विपणन एजेंसियां, युवा तथा कृषक महिलायें सभी वर्गों को शामिल किया जाना चाहिये। उन्होंने बताया कि शहद, दुग्ध, मत्स्य, अन्न उत्पादन, तिलहन, दलहन उत्पादक कृषक आदि विभिन्न प्रकार के संगठन बनाये जा सकते हैं। महिला सशक्तीकरण के लिये महिला किसानों के ग्रुप भी अलग से बनाएं। ऐसा करने से महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी। उन्होंने बताया कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलायें कार्य कर रही हैं और बैंको के सहयोग से उन्होंने अपने उद्यम भी स्थापित किये हैं।

# सभी जेलों में 28 हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरे व जैमर लगाए गए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश के** कारागार विभाग ने जेल की आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए कई बेहतर कार्य किए हैं। अपर मुख्य सचिव, गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बुधवार को बताया कि कारागारों में अपराधियों द्वारा मोबाइल फोन के उपयोग की सम्भावना पर अंकुश के लिए 24 कारागारों में थ्री जी क्षमता के 271 जैमर स्थापित किये गये हैं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए सभी कारागारों में 2,800 से अधिक सीसीटीवी कैमरे भी स्थापित किये गये हैं। उच्च स्तरीय निगरानी के लिए मुख्यालय में कमाण्ड सेण्टर.वीडियो वॉल स्थापित की गयी है। तलाशी व्यवस्था के लिए सभी कारागारों में पोल मेटल डिटेक्शन सिस्टम, डोरफ्रेम, हैण्ड हेल्ड एवं डीप सर्च मेटल डिटेक्टर की व्यवस्था करायी गयी है।

महानिदेशक, कारागार आनन्द कुमार ने बताया कि कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग का मुख्य उद्देश्य कारागारों में बंदियों का सुरक्षित रखरखाव एवं उनके आचरण एवं व्यवहार में परिवर्तन कर उनमें सुधार लाना है ताकि वे रिहा होकर पुनः सम्मानजनक जीवन यापन कर सकें। इसके लिये कारागारों में सम्पूर्ण साक्षरता, शैक्षिक उन्नयन, व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित कराये जाते हैं।

उन्होंने बताया कि बंदियों के शैक्षिक उन्नयन के लिए कक्षा.5 से 8 तक, हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट तथा इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ;इग्नूद्ध की परीक्षाओं के लिए कारागारें परीक्षा केन्द्र के रूप में काम करती है। विगत वर्ष कक्षा.5 से 8 तक 1,204, हाई स्कूल की परीक्षा में 71, इण्टरमीडिएट की परीक्षा में 52 बंदियों तथा इग्नू की 1,200 से अधिक बंदी उत्तीर्ण हुए।

# मुख्तार तीन आपराधिक मामलो में बरी

**लखनऊ( विसं )।** तत्कालीन जेलर से गाली गलौज करने व कारागार विभाग के तत्कालीन अपर महानिरीक्षक को धमकी देने के एक दूसरे मामले में एमपीएमएलए की विशेष अदालत ने मुल्जिम मुख्तार अंसारी को बरी कर दिया है। विशेष अदालत ने थाना हजरतगंज से संबधित गैंगेस्टर के एक मामले में भी साक्ष्य के अभाव में मुख्तार को बरी करने का फैसला सुनाया है। 28 अप्रैल, 2003 को लखनऊ के जेलर एसके अवस्थी ने थाना आलमबाग में मुख्तार के खिलाफ एक एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक जेल में मुख्तार अंसारी से मिलने आए लोगों की तलाशी लेने का आदेश देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई थी। साथ ही उनके साथ गाली गलौज करते हुए मुख्तार ने उन पर पिस्तौल भी तान दी थी। जबकि एक मार्च, 1999 को तत्कालीन अपर महानिरीक्षक कारागार एसपी सिंह पुंढीर ने थाना कृष्णानगर में दर्ज कराई थी। विशेष अदालत में मुख्तार अंसारी के इन दोनों मामलों के अलावा थाना हजरगंज से संबधित गैंगेस्टर एक्ट के मुकदमे की भी सुनवाई हो रही थी।

## आम्रपाली ग्रुप्स ऑफ कम्पनीज के चीफ फाइनेंस आफीसर की रिमांड अवधि और तीन दिन लिए बढ़ी

लखनऊ(विसं)। मनी लाड्रिंग के एक मामले में निरुद्ध आम्रपाली ग्रुप्स ऑफकम्पनीज के चीफफाइनेंस आफीसर चंद्र प्रकाश वाधवा की कस्टडी रिमांड और तीन दिन के लिए ईडी की विशेष अदालत ने बढ़ा दिया है। ईडी के विशेष जज व जिला जज दिनेश कुमार शर्मा, तृतीय ने यह आदेश ईडी की एक अर्जी पर दिया है। इससे पहले बीते 19 दिसंबर को ईडी ने इसका चार दिन के लिए कस्टडी रिमांड हासिल किया था। ईडी के विशेष वकील कुलदीप श्रीवास्तव के मुताबिक आम्रपाली ग्रुप्स के अफसरों पर नोएडा व ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के अधिकारियों से सांठगांठ कर फ्लैट खरीदारों का करीब छःह हजार करोड़ रुपया हड़पने व उससे अपनी सम्पति बनाने का आरोप है। ईडी इस मामले मे इससे पूछताछ कर रही है। बीते शुक्रवार को ईडी ने इसे दिल्ली से गिरफ्तार किया था। 23 जुलाई, 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को इस मामले को दर्ज कर जांच करने का आदेश दिया था।


## गैंगेस्टर के आरोप में मुल्जिमों को सजा

**लखनऊ (विसं)।** गैंगेस्टर के एक आपराधिक मामले में विशेष अदालत ने मुल्जिम पप्पू उर्फ तुलसी व मुन्ना को दोषी करार दिया है। गैंगेस्टर कोर्ट के विशेष जज आदित्य चर्तुवेदी ने पप्पू को 10 साल जबकि मुन्ना को पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने इन दोनों पर क्रमशः 10 व पांच हजार का जुर्माना भी ठोका है। यह दोनों सगे भाई हैं। वरिष्ठ लोक अभियोजक अवधेश सिंह के मुताबिक मुल्जिमों पर आर्थिक, भौतिक व दुनियावी लाभ अर्जित करने के लिए एक संगठित गिरोह बनाकर गंभीर अपराध करने का इल्जाम है। गैगेस्टर का यह मामला थाना सआदतगंज से संबधित है। यह मामले वर्ष 1989, 1992 से 1996 व 2003 के हैं।

## दोहरे हत्या में मुल्जिम को आजीवन कारावास

**लखनऊ (विसं)।** दोहरे हत्या के एक आपराधिक मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम घनश्याम को सत्र अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विशेष जज अल्पना शुक्ला ने इस पर एक लाख का जुर्माना भी ठोंका है। 10 जुलाई, 2010 को इस मामले की एफआईआर रामसरोज निषाद ने थाना नाका में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील दुष्यंत मिश्र के मुताबिक रामसरोज के पिता आशाराम व उसके चाचा झगरु तथा मुल्जिमान ऐशबाग स्थित जगदीश ट्रांसपोर्ट में काम करते थे। वहीं झोपड़ी में रहते भी थे। मुल्जिमों ने गोंडा के गांव कोडरी में आशाराम की जमीन पर कब्जा कर रखा था। आशाराम व उनके भाई झगरु जब भी इनसे जमीन खाली करने की बात कहते, तो काट डालने की धमकी देते। 10 जुलाई की सुबह सोते समय आशाराम व झगरु की गड़ासे से काटकर हत्या भी कर दी गई। इस मामले के दो अन्य मुल्जिम रक्षाराम व लाला की दौरान मुकदमे के विचारण मौत हो चुकी है।

## संजय श्रीवास्तव बनाए गए जिलाध्यक्ष



**लखनऊ।** संजय श्रीवास्तव को सहायता प्राप्त जूनियर हाई स्कूल प्रबन्धक महासभा जनपदीय शाखा लखनऊ का अध्यक्ष मनोनीत किया गयाा है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा चरण सिन्हा ने दी। कैसरबाग निवासी संजय श्रीवास्तव मौजूदा समय में महात्मा गाँधी गर्लस जू.हा. स्कूल जगदीश चनद मार्ग लालबाग लखनऊ की प्रबंध कमेटी में सदस्य है। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा चरण सिन्हा ने बताया कि संजय श्रीवास्तव की कार्य क्षमता को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। श्री सिन्हा ने कहा कि संघ अपेक्षा करता है कि संजय श्रीवास्तव कुछ जो दायित्व मिला है उसका वे बखूबी निर्वहन करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने इसके साथ ही नवनियुक्त लखनऊ अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव को निर्देश दिए हैं कि वे शीघ्र से शीघ्र जिला स्तर पर पदाधिकारियों की कार्यकारिणी बना संघ के समक्ष प्रस्तुत करें।

## यूपी रिटेलरर्स एसोसिएशन द्वारा महिलाओं का सम्मान

**लखनऊ।** यूपी रिटेलर एसोसिएशन व इंडिया फैंस क्लब के संयुक्त तत्वाधान में समाज के सिपाही व नारी सम्मान 2020 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह के अंतर्गत उद्यमी महिलाओं को बिजनेस लीजेंड अवार्ड से स मानित किया गया। समारोह का मुख्य उद्देश समाज के उधमी महिलाओं द्वारा करोना काल व उसके बाद किए गए उधमिता योगदान के लिए प्रोत्साहित करना रहा। उत्तर प्रदेश रिटेलर एसोसिएशन के अध्यक्ष रत्नेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि राजधानी की महिलाओं ने लॉकडाउन के दौरान तथा उसके बाद भी पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपने उधमिता के जरिए अभूतपूर्व योगदान दिया है। इसी को ध्यान में रखकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रो की पचास महिलाओं को स मानित किया गया। इसके साथ ही निशातगंज व्यापार मंडल का गठन भी किया गया।

## सीएमएस छात्रा कार्नेल यूनिवर्सिटी में चयनित

**लखनऊ।** सिटी मान्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस की मेधावी छात्रा प्रकृति टंडन ने उच्च शिक्षा हेतु विश्व प्रतिष्ठित कार्नेल यूनिवर्सिटी, अमेरिका में 100 प्रतिशत टाटा ट्रस्ट स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम गौरवान्वित किया है। यह छात्रा कार्नेल यूनिवर्सिटी के अन्तर्गत कालेज ऑफ आर्ट्स एण्ड साइन्सेज में एडमीशन लेगी। उक्त जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है।

## महाविद्यालयों को एनओसी व सम्बद्धता मिलेगी ऑनलाइन

**लखनऊ।** उच्च शिक्षा विभाग ने नये महाविद्यालयों हेतु एवं पूर्व से संचालित महाविद्यालयों में नये पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने हेतु विश्वविद्यालय से एनओसी एवं सम्बद्धता प्राप्त करने की प्रक्रिया को पूर्णतः आनलाइन कर दिया है। विभाग में प्रक्रिया को सरल एवं पूर्ण पारदर्शी रूप से लागू किये जाने के उद्देश्य से शैक्षिक सत्र 2021.22 से सम्बद्वता आनलाइन ही प्रदान की जायेगी। जबकि भूमि के संबंध में अभिलेखों की सत्यापन की आख्या एवं निरीक्षण आख्या पोर्टल पर आनलॉइन ही प्रेषित की जायेगी। अधिकारियों के मुताबिक अल्पसंख्यक शिक्षण संस्था की स्थापना हेतु एनओसी प्राप्त करने के लिए प्रक्रिया को भी सरल एवं पारदर्शी बनाते हुए संबंधित विश्वविद्यालय के आनलाइन आवेदन पोर्टल पर वांछित सभी पत्रों सहित आवेदन करने का प्रावधान किया गया है, जिसके उपरांत संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा एनओसी हेतु कार्यवाही की जाएगी।

## रोडवेज यात्री सुविधाओं पर नहीं लगेगा ब्रेक

**लखनऊ।** रोडवेज में यात्री सुविधाओं पर ब्रेक नहीं लगेगा। क्योंकि ऑनलाइन टिकट समेत कई यात्री सुविधाएं मुहैया कराने वाली कंपनी से बुधवार को समझौता हो गया। जिसमें कंपनी ने फरवरी तक काम करने का लिखित आश्वासन दिया है। ऐसे में 23 दिसंबर की रात से कंपनी से काम छीनने की प्रक्रिया पर ब्रेक लग गया। इस संबंध में कंपनी और निगम प्रशासन के साथ 29 दिसंबर को बैठक होगी। जिसमें छह फरवरी तक कंपनी पूर्व की तरह यात्री सुविधाएं मिलती रहेगी। इस दौरान निगम प्रशासन टेंडर के जरिए दूसरी कंपनी को आमंत्रित करेगी। ताकि यात्री संबंधी सुविधाएं चलती रहे। बता दें कि परिवहन निगम में बीते दस वर्षो से टाईमैक्स कंपनी शर्तो के मुताबिक यात्रियों को तमाम सुविधाएं मुहैया करा रही है। कंपनी का अनुबंध सात नवंबर 2020 को खत्म हो गया। ऐसे में तीन महीने कंपनी और काम करेगी। इसके बाद दूसरी कंपनी से परिवहन निगम में यात्री सुविधाएं अनुबंध की शर्तो पर संचालित होंगी।

## टैक्सी चालक ने लगाई फांसी मौत

**लखनऊ।** राजधानी के हजरतगंज थाना क्षेत्र में युवक ने फांसी लगा ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक हजरतगंज ने बताया कि तकरोही थाना इंदिरा नगर निवासी शशांक सिंह पुत्र बृजभान सिंह ने उन्हें सूचना दी कि बड़े भाई राजीव कुमार सिंह जोकि न्यू ड्राइवर कॉलोनी 5/16 डाली बाग थाना हजरतगंज मैं रह कर टैक्सी चलाते थे। बुधवार को समय करीब 7:00 बजे सुबह उसके भाई राजीव कुमार सिंह (32) ने अपने कमरे में लगे छत वाले पंखे से रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। सूचना पाकर आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंची। एसआई ज्ञानेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि मृतक ओला टैक्सी चलाता था। मृतक के एक आठ वर्ष का बेटा है। आत्महत्या के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है।

## 28 से चलेगी ट्रेन

लखनऊ। यात्रियों की मांग पर रेलवे ने छपरा मथुरा वाया ऐशबाग और बादशाहनगर ट्रेन को 28 दिसंबर का चलाने का निर्णय लिया। पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि छपरा मथुरा ट्रेन का संचालन 28 दिसंबर से अगले आदेशों तक हर सोमवारए बुधवार एवं शुक्रवार को किया जाएगा। यह ट्रेन नंबर 05117 छपरा से तड़के 5:20 बजे रवाना होकर बादशाहनगर दोपहर 12रू57 बजेए ऐशबाग दोपहर 01:28 बजे व रात 09:30 बजे मथुरा पहुंचेगी। वापसी में 05118 मथुरा जंक्शन से रात 11रू50 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 8रू08 बजे ऐशबागए 8रू37 बजे बादशाहनगर तथा 17:05 बजे छपरा पहुंचेगी। ट्रेन में सीटों की बुकिंग तत्काल प्रभाव से शुरू हो गई है।

## एक जनवरी से चार पहिया वाहनों में फास्टैग जरूरी

लखनऊ। एक जनवरी से टोल प्लाजा से गुजरने वाले चार पहिया वाहनों पर फास्टैग जरूरी है। ऐसे में बिना फास्टैग वाहनों के रजिस्ट्रेशन पर 25 दिसंबर से रोक लगा दी गई। इस संबंध में आरटीओ ने डीलरों को दिशा निर्देश बुधवार को जारी कर दिया। जिसमें फास्टैग लगाकर ही नए वाहनों की डिलेवरी करने के आदेश दिए गए है। आरटीओ प्रशासन रामफेर द्विवेदी बताते है कि हर चार पहिया वाहनों में चाहे यात्री वाहन होए निजी वाहन हो या माल वाहन। सभी नए वाहनों में फास्टैग अनिवार्य होगा।

# जनवरी 2021 से प्रारंभ हो जाएगा मंदिर निर्माण का कार्यः चंपत राय

संवाददाता। अयोध्या

**अयोध्या के** कारसेवक पुरम में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अयोध्या के संतों का सम्मेलन करके मंदिर निर्माण के संबंध में चल रही भ्रांतियों को दूर किया। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया आज से 8 दिन के अंदर 29 दिसंबर को होने वाली मंदिर निर्माण समिति की बैठक में पूरा निर्णय ले लिया जाएगा। संतो को बताया कि श्री राम जन्मभूमि गर्भ ग्रह के आसपास 50 फीट की गहरी खाई है जो हमारे लिए सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है और मंदिर के गर्भ गृह के पश्चिमी तरफ मां सरजू का जल प्रवाह है जिसको शताब्दियों तक रोकने के लिए एक रिटेनिंग वॉल बनाई जाएगी वह कितनी गहरी होगी और कैसे बनेगी यह इंजीनियर तय करेंगे। मंदिर को शताब्दियों तक सुरक्षित रखने का हमारा लक्ष्य है जिसके लिए हम आईआईटी चेन्नई मुंबई दिल्ली गुवाहाटी सीबीआरआई रुड़की के वर्तमान इंजीनियर और रिटायर इंजीनियर इन सभी कार्यों में लगे है।जल्द ही निर्णय ले लिया जाएगा और संभवत जनवरी से मंदिर निर्माण प्रारंभ हो जाएगा।

- 14 जनवरी को प्रधानमंत्री राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के घर पहुंच कर मंदिर निर्माण के लिए सुरक्षा निधि इकट्ठा करेंगे कार्यकर्ता
- भगवान श्री राम के भव्य मंदिर की सुरक्षा के लिए पश्चिमी तरफ जल प्रवाह को रोकने के लिए बनाई जाएगी रिटेनिंग दीवार



श्री राय ने बताया की पत्थर की आयु तो 1000 वर्ष तक होती है लेकिन कंक्रीट की आयु बहुत कम होती है। कंक्रीट की आयु बढ़ाने के लिए भी हम पूरा प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण में 4 लाख घनफुट पत्थर लगेंगे 75 हजार घनफुट पत्थर तराश कर तैयार कर लिए गए हैं अभी भी हमे 3 लाख 25हजार घनफुट पत्थर की आवश्यकता है जो कहां से आएंगे उस पर भी विचार किए जा रहे है। संतो को मंदिर निर्माण में चल रही पूरी गतिविधियों से अवगत कराते हुए उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण के लिए हम दान नहीं लेंगे बल्कि हमारे और विहिप के कार्यकर्ता घर-घर जाकर के कूपन के माध्यम से जागरूक करके लोगों से मंदिर निर्माण के स्वेच्छा से निधि कलेक्ट करेंगे। संतो को बताते हुए चंपत राय ने कहा कि भगवान श्री राम किसी से भी भेदभाव नहीं किए थे वैसे ही जो लोग मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम को मानते हैं उनके अस्तित्व को मानते हैं उन सभी लोगों से हम चंदा लेंगे किसी से कोई भेदभाव नहीं होगा और कोई जाति धर्म का बंधन नहीं होगा।चंपत राय ने संतों से आग्रह किया कि 14 जनवरी को आप लोग भी अपने लोगों के बीच में हमारे कार्यकर्ता के साथ मंदिर निर्माण के लिए लोगों तक जाएं जो भी समय हो घंटा दो घंटा। उन्होंने बताया यह अभियान 14 जनवरी से माघी पूर्णिमा तक चलेगा और हमारे क्षेत्रीय कार्यकर्ता गांव-गांव तक पहुंच कर हर परिवार से मंदिर निर्माण में सहयोग राशि लेंगे। चंपत राय ने बताया 14 जनवरी को लखनऊ के कार्यकर्ता राज्यपाल से और दिल्ली के कार्यकर्ता राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के घर जाकर मंदिर के लिए स्वेच्छा निधि इकट्ठा करेंगे। उन्होंने कहा पूरा कार्य पूरी अनुशासन के तहत किया जाएगा जिसमें एक टीम तैयार की गई है और एक साथ तीन कार्यकर्ता कूपन देकर के स्वेच्छा निधि इकट्ठा करेंगे। रामकोट क्षेत्र में पड़ने वाले सभी मंदिरों के महंतों को आश्वस्त किया और बताया कि अधिग्रहण का कार्य सरकार का है ट्रस्ट अधिग्रहण नहीं करती है उन्होंने कहा पूर्वी परकोटे को सही करने के लिए फकीरे राम मंदिर को सहमति से लिया गया है और मंदिर का परकोटा आयताकार हो इसके लिए पश्चिमी साइड में कुछ नजूल की जमीनों आवश्यकता पड़ सकती है। बैठक में संत समिति के अध्यक्ष महंत कन्हैया दास गोलाघाट के महंत सिया किशोरी शरण रंगमहल के महंत रामशरण दास जी महाराज अंजनेयसेवा संस्थान शशिकांत दास जी महाराज नाका हनुमानगढ़ी के महंत रामदास जी महाराज हनुमानगढ़ी के महंत राम कुमार दास रामकथा के मर्मज्ञ चंद्रांशु जी महाराज सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# पूरे देश में प्रदर्शन कर रहे किसानों की मांगों को लगातार अनसुना कर रही केन्द्र सरकारः कांग्रेस

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार द्वारा 3 किसान विरोधी बिल पास किए जाने के विरोध में पूरे देश में प्रदर्शन कर रहे किसानों की मांगों को लगातार अनसुना करने के विरोध व कुम्भकर्णी नींद सो रही केंद्र सरकार को जगाने हेतु आज किसान नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की जयंती पर संपूर्ण प्रदेश में सांसद आवास पर ताली ताली बजा कर प्रदर्शन करने का कार्यक्रम था इसी के मद्देनजर अयोध्या सांसद आवास को छावनी में तब्दील कर दिया गया रात से ही जिलाध्यक्ष सहित तमाम नेताओं को हाउस अरेस्ट कर अपने हिटलर शाही को दर्शाया। जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता पुलिस को चकमा देकर खेतों खलियानों के रास्ते पुलिस व प्रशासन की घेराबंदी को धता बताते हुए सांसद लल्लू सिंह के आवास के करीब पहुंचे इसके पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा भारतीय जनता पार्टी केंद्र की सरकार सत्ता मद में चूर होकर पूंजीपतियों के दबाव में किसानों के साथ अत्याचार पर उतारू है किसानों के समर्थन में उनकी मांगों के पूरा कराने की मांग को लेकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं की घेराबंदी व गिरफ्तारी करके लोकतंत्र का गला घोट रही है कांग्रेस कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा पुलिस के बल पर किए जा रहे दमन के आगे न रुकी है ना रुकेगी श्री यादव ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों की हित में तत्काल अपने अहंकार हठधर्मिता को छोड़कर काले कानून को वापस लेना होगा नहीं तो कांग्रेस कार्यकर्ता किसानों के हित में किसान विरोधी सरकार के विरुद्ध संघर्ष करते रहेंगे। प्रवक्ता मोहम्मद शरीफ ने बताया 22 दिसंबर की रात से ही पुलिस प्रशासन द्वारा कांग्रेसी नेताओं के आवासों की घेराबंदी कर उन्हें घर से नहीं निकलने दिया गया किंतु जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने पुलिस की घेराबंदी तोड़कर सांसद के आवास के करीब पहुंचकर किसान विरोधी भाजपा सरकार के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद की जिस पर पुलिस से उनकी एवं उपस्थित कांग्रेसजनों की नोकझोंक व धक्का-मुक्की हुई पुलिस ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया जो अत्यंत निंदनीय है तत्पश्चात उपस्थित कांग्रेसजनों को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन ले जाया गया जहां पर मेडिकल कर सभी कांग्रेसजनों को जेल भेजा जा रहा है। प्रवक्ता ने बताया कांग्रेस पार्टी के बब्बर शेर कार्यकर्ता जेल जाने से नहीं डरते आजादी की लड़ाई से लेकर अब तक का इतिहास इस बात का गवाह है।

## क्विक न्यूज

### विद्यालय में छात्र-छात्राओं की हुई कोरोना जांच



**अम्बेडकरनगर।** राजकीय इण्टर कालेज अकबरपुर में 23 दिसम्बर को सौ छात्र/छात्राओं का कोरोना परीक्षण हुआ। प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव के अनुसार जिला स्वास्थ्य टीम द्वारा कक्षा 9 व दस के एक सौ छात्र, छात्राओं का कोरोना परीक्षण जिला स्वास्थ्य टीम द्वारा किया गया। अगले चक्र में 26 दिसम्बर दिन शनिवार को कक्षा 11 व 12 के बच्चों का परीक्षण किया जायेगा। जांच टीम में एम0ओ0डॉ0 सुधा वर्मा, सी0एच0ओ0 प्रतिभा वर्मा, सी0एच0ओ किरन, फार्मासिस्ट इजहार अन्सारी, एल0टी0रोहित कन्नौजिया, एल0ए0 अशोक कुमार वर्मा, एल0ए0 शिव शंकर चौधरी के अलावा, विद्यालय के शिक्षक अनिल कुमार, अनिल कुमार सिंह, गंगाराम, शिव नारायन यादव, उजमा नाजली, शीला वर्मा, अखिलेश कुमार आदि उपस्थित थे।

### इनामिया गैंगस्टर अभियुक्त गिरफ्तार

**गोरखपुर।** बांसगांव थाने की पुलिस टीम ने इनामिया गैंगस्टर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम क्षेत्र में मामूर थी कि मुखबिर की सूचना पर डिघवा पेट्रोल पंप तिराहा पर किसी घटना को अंजाम देने के लिए मौजूद वाँछित अभियुक्त सौरभ जायसवाल पुत्र रामेश्वर प्रसाद जायसवाल निवासी मकान नं. 24 विजय बैंक्वेट हाल के पीछे नियामत चक थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि थाना बेलीपार में मु.अ.सं. 673/2020 धारा 3(1) युपी गैंगेस्टर एक्ट मे वाछिंत अभियुक्त हूँ। गिरफ्तार करने वाली पुलिस में टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना बांसगांव जगत नारायण सिंह, हे.का. रामअवध यादव, का. मोहम्मद मुस्तफा शामिल रहें।

### किसान दिवस के रूप में सपाइयों ने मनाई जयंती

**गोरखपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती किसान दिवस के रूप में मनाई गई। अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष नगीना प्रसाद साहनी, संचालन जिला महासचिव अखिलेश यादव ने किया। नेताओं कार्यकर्ताओं ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि चौधरी चरण सिंह गांधीवादी विचारक नेता थे। 1978 की ऐतिहासिक किसान रैली के महानायक किसानों और नौजवानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह ने अत्यंत साधारण जीवन व्यतीत किया और अपने खाली समय में वह पढ़ने और लिखने का काम करते थे। उनकी प्राथमिकता में गांव-गरीब थे। भारत सरकार के वित्तमंत्री के रूप में उन्होंने बजट का 70 प्रतिशत हिस्सा गांव-खेती पर खर्च करने के लिए रखा था। इस दौरान जियाउल इस्लाम, अखिलेश यादव, डॉ. मोहसिन खान, अवधेश यादव, प्रहलाद यादव, अमरेन्द्र निषाद, मिर्जा कदीर बेग, मुन्नी लाल यादव, जयप्रकाश यादव, सिंहासन यादव, राघवेंद्र तिवारी राजू, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, सुनील सिंह, राजेश सिंह सैथवार आदि मौजूद रहें।

### पीआरवी ने घायलों को पहुंचाया मेडिकल कॉलेज, बची जान

**गोरखपुर।** मंगलवार को देर रात 11:34 बजे रात्रि को पीआरवी 0321 के कर्मचारीगण उनि. कृपाशंकर मिश्र, कां. यशपाल यादव, चालक प्रेमनारायन यादव अपने लोकेशन प्वाइंट राप्तीनगर चौराहे पर खड़े थे। तभी अचानक मेडिकल कालेज की तरफसे आ रहे एक पल्सर बाइक से सवार दो व्यक्ति निर्माणाधीन फोरलेन पुलिया के डिवाइडर में सीधी टक्कर मारकर बेहोश हो गए। जिसमें एक का सिर ज्यादा फट गया था। पीआरवी 0321 के कर्मचारियों द्वारा हादसा देख तत्काल कंट्रोल रूम को अवगत कराते हुए दुर्विजय यादव पुत्र रामलक्षन यादव निवासी डेरी कॉलोनी असुरन थाना शाहपुर, मदन यादव पुत्र स्व. दयानंद यादव निवासी असुरन चौक थाना शाहपुर, को मेडिकल कालेज में भर्ती करा कर गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की जान बचाया। उनके परिजनों को सूचित कर मेडिकल कालेज बुलाया गया।

### राजकीय इंटर कालेजों कें सुदृढ़ीकरण को लेकर डीएम ने की बैठक

**अम्बेडकरनगर।** प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में स्थित राजकीय इंटर कॉलेजों(बालक/बालिका) के लिए सुदृढ़ीकरण/अवस्थपना सुविधा हेतु नवीन प्रस्तावो को शासन में भेजे जाने हेतु जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक किया गया।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्र नगर पालिका जलालपुर में स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जलालपुर के जर्जर भवन के सुदृढ़ीकरण हेतु प्रस्ताव,अकबरपुर नगर पालिका क्षेत्र में स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के जर्जर भवन हेतु प्रस्ताव, नगर पालिका क्षेत्र टांडा में नवनिर्मित राजकीय इंटर कॉलेज में फर्नीचर, खेल सामग्री ,प्रयोगशाला, पुस्तकालय आदि हेतु प्रस्ताव शासन तक भेजे जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान अकबरपुर नगर पालिका अध्यक्ष सरिता गुप्ता, जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद सिंह ,बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार सिंह ,जिला कार्यक्रम अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

### पांचवे शिविर में तीस बेरोजगारों को किया गया प्रशिक्षित

**अम्बेडकरनगर।** महात्मा गांधी खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के 2020-21 के तहत राजकीय फल संरक्षण केंद्र अम्बेडकरनगर की ओर से आयोजित पांचवे शिविर में तीस बेरोजगारों को प्रशिक्षित कर जागरूक किया गया। यह शिविर अकबरपुर ब्लॉक के बरियावन न्याय पंचायत के वल्ली पुर ग्राम सभा में सम्पन्न हुआ। शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान श्रीमती प्रमिला ने फीता काट किया। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को तमाम आवश्यक जानकारियां देते हुए प्रमाण पत्र भी वितरित किया। इस मौके पर विशेषज्ञ रजत मशाला के सेल्स मैनेजर तथा गिरीश चन्द्र पांडेय ने साफसफाई के साथ पोषक तत्वों के ग्रहण करने के तरीके बताएं। एवं मशाला उद्योग के तौर तरीके बताये गये कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए फल संरक्षण केंद्र के प्रभारी आर वाई धुसिया ने प्रशिक्षुओं को तमाम आवश्यक जानकारी दिया और कहा कि उनका विभाग बेरोजगारों को आगे ले जाने के लिए हमेशा तत्पर है। जिस के क्रम में बेरोजगार हाथों को कुशल और दक्ष बनाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। प्रशिक्षण में अम्बरी, उपासना, संध्या यादव, प्रियंका संगम,बिनीता, शारदा देवी,संयोगिता,बीरेन्द्र कुमार रीना नीशा सहित 30 प्रशिक्षु मौजूद रहे।

### अटल काव्यांजलि समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में

**अम्बेडकरनगर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती की पूर्व संध्या पर जलालपुर नगर में स्थित रामलीला मैदान पर अखिल भारतीय स्तर के जाने माने कवियों का जमावड़ा होगा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डा0 रजनीश सिंह के संयोजन में आयोजित होने जा रहे अटल काव्यांजलि समारोह की तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही हैं। नगर के लोगों में इस आयोजन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाले कवि सोशल मीडिया पर लोगों से भारी संख्या में पंहुचने की अपील भी कर रहे हैं। गुरूवार को आयोजित होने जा रहे इस कार्यक्रम को लेकर अन्दर ही अन्दर विरोध के स्वर भी मुखर होते देखे जा रहे हैं। हालांकि यह विरोध कार्यक्रम की सफलता पर कोई प्रभाव डाल सकेगा, इसकी संभावना कम ही है। सत्ता पक्ष से जुड़े कतिपय नेताओं को यह कार्यक्रम शूल की तरह चुभ रहा है। इस काव्यांजलि समारोह में इस्माइल मैन सर्वेश अस्थाना, विनीत चौहान, कलीम कैसर, सुरेश अवस्थी, सरिता शर्मा, अनिल चौबे, शशिकांत यादव, गजेन्द्र प्रियांशु, अमन अक्षर तथा वीर रस के जाने माने कवि तथा कार्यक्रम के संयोजक अभय निर्भीक भी भाग ले रहे हैं।

## हैदरगंज व्यापार मण्डल अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**हैदरगंज, अयोध्या।** मंगलवार को हैदरगंज व्यापार मंडल अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू की गई। इस दौरान कुल 3 प्रत्याशियों ने अपने अपने नामांकन फॉर्म भरे। पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष स्वर्गीय लल्लन प्रसाद की मृत्यु के बाद से उपाध्यक्ष उपेंद्र दूबे कार्यवाहक अध्यक्ष के पद पर रहते हुए व्यापार मंडल का नेतृत्व कर रहे थे। स्थाई तौर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष पद के लिए कई उम्मीदवार होने के चलते व्यापार मंडल ने चुनाव प्रक्रिया किया। निर्वाचन मंडल में अंकित श्रीवास्तव, अभिषेक अग्रहरि और राकेश अग्रहरि, पंकज चौबे शामिल रहे। प्रत्याशियों में कार्यवाहक अध्यक्ष रहे उपेंद्र दूबे उर्फ झिंगूरी दूबे, प्रिंस कशौधन और घनश्याम अग्रहरि अपने अपने समर्थकों के साथ हनुमानगढ़ी दर्शन कर व्यापारियों से जनसंपर्क करते हुए अंत में सुमित्रा बालिका इंटर कॉलेज में बने निर्वाचन मंडल के टेबल पर पर्चा दाखिल किया। वही बताया गया है कि 24 तारीख को पर्चा वापसी और सिंबल वितरण का कार्य किया जाएगा और मतदान 27 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से सायं 3 बजे तक होगा तदोपरांत मतगणना कर परिणाम की घोषणा की जाएगी । प्रत्याशियों ने अपने चुनावी एजेंडे में छोटे से लेकर बड़े व्यापारियों के हित की बात शामिल की है। इस दौरान वशिष्ठ दूबे, उदित सर्राफ, डिंपल अग्रहरि, शेर मोहम्मद, शिवम, वेद गुप्ता, गिरीश तिवारी, आशीष, आरपी दूबे, कौशल सिंह, विनय कसौधन, अनुराग अग्रहरि, डिंपल, दिनेश यादव सहित अनेकों व्यापारी मौजूद रहे।

## जीएम ने किया चिकित्सालय का निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



**पूर्वोत्तर** रेलवे के महाप्रबन्धक विनय कुमार त्रिपाठी ने बुधवार को ललित नारायण मिश्र केन्द्रीय रेलवे चिकित्सालय, गोरखपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रेलवे अस्पताल के रेडियोलाजी विभाग में नवस्थापित मार्स-30 हाई फ्रिक्वेन्सी 400 मिली. एम्पीयर एक्स-रे मशीन का उद्घाटन फ्लक अनावरण कर किया। इस अवसर पर चिकित्सा निदेशक, रेलवे चिकित्सालय डा. कुमार उमेश, प्रमुख मुख्य इंजीनियर सतीश कुमार पाण्डेय सहित रेलवे अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक, वरिष्ठ रेल अधिकारी एवं पैरा मेडिकल कर्मचारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रोगियों को दिये जा रहे उपचार एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर उनमें आवश्यक सुधार के निर्देश दिये। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अस्पताल के उपलब्ध चिकित्सा उपकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की और उन्नत किस्म के चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता पर जोर दिया। महाप्रबन्धक ने रोगियों के उपचार हेतु आवश्यक चिकित्सा उपकरण, दवाईयां एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। महाप्रबन्धक श्री त्रिपाठी ने रेलवे अस्पताल की साफ-सफाई, रख-रखाव एवं उपलब्ध संसाधनों द्वारा रोगियों को दिये जा रहे अच्छे उपचार पर संतोष व्यक्त किया।

## विकास भवन में आयोजित हुआ किसान दिवस

संवाददाता। अम्बेडकरनगर




**बुधवार को** भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर किसान सम्मान दिवस विकास भवन सभागार में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला उद्यान अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य, अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई खण्ड टाण्डा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, कार्यक्रम समन्वयक डॉ0 रामजीत, डॉ0 विद्यासागर वैज्ञानिक केवीके पांती, जिला कृषि अधिकारी, जनपद सलाहकार अनुज कुमार सिंह, सुशील कुमार मौर्या विषय वस्तु विशेषज्ञ, आनन्द कुमार पाण्डेयव, व0सहा0 आदि अधिकारियों/कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण द्वारा दीप प्रज्वलन व स्व0 चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किसान सम्मान दिवस का शुभारम्भ किया गया। डॉ0 राजमंगल चौधरी, भूमि संरक्षण अधिकारी, द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए चौधरी जी के जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला गया। उपकृषि निदेशक, द्वारा कृषि विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। श्रीमती कान्ति देवी निवासी ग्राम खानपुर रोशनगढ़ विकास खण्ड अकबरपुर स्वंय सहायता समूह द्वारा जैविक विधि से खेती करने की तरीके के बारे में किसान भाईयों को जानकारी दी गयी तथा बताया गया कि किसान कीटनाशक दवाओं उर्वरकों का प्रयोग न कर जैविक खाद का प्रयोग कर उत्पादकता में वृद्धि कर सकते हैं तथा भूमि की उर्वरकता को बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी द्वारा सभी किसान भाईयों का आभार व्यक्त करते हुए बताया गया कि देश तब बढ़ेगा जब किसान आगे बढ़ेगा, जब किसान का विकास होगा तब देश का स्वतः विकास होगा। सरकार की सभी योजनायें किसानों की आय को दोगुना करने व किसान भाईयों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए ही बनायी गयी है। सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ किसानों को दिया जा रहा है। पी0एम0 किसान के खाते अपडेट किये जा रहे है। जनपद में कहीं भी खाद की कमी नही है नहरों की सफाई करायी जा रही है। धान क्रय केन्द्रों पर धान की खरीद चल रही है, जो कि अब आधी से ज्यादा हो गयी है, जिन किसान भाईयों ने धान की बिक्री अभी तक नही की है, वे अभी धान विक्रय केन्द्रों पर जा कर धान विक्रय कर सकते हैं।

## पोकलेड, जेसीबी, डम्पर एवं ट्रेक्टर ट्राली सीज

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**जिला मुख्यालय** से सिर्फ 8 किलोमीटर की दूरी पर अवैध खनन जोरों पर है। पिछले दिनों खनन में लिप्त डम्पर के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत भी हो गई थी, उसके बाद भी अवैध खनन जोरों पर चल रहा था। जिला खनन कार्यालय भी इसकी रोकथाम को लेकर गंभीर नहीं था, लेकिन बुधवार को औचक छापेमार कर संयुक्त मजिस्ट्रेट सदर गौरव सिंह सोगरवाल ने पोकलेड, जेसीबी, डम्पर एवं ट्रेक्टर ट्राली सीज कर खोराबार पुलिस को सौंप दिया। इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई है।

संयुक्त मजिस्ट्रेट को कई दिनों से लालपुर टीकर में अवैध खनन की सूचना मिल रही थी। जिसका संज्ञान लेकर उन्होंने अधिनस्थ कर्मचारियों को कार्रवाई का निर्देश भी दिया था। लेकिन उसके बाद भी लोगों की शिकायतों में कोई कमी नहीं आ रही थी। इसका संज्ञान लेकर बुधवार को उन्होंने गांव में स्वयं औचक छापेमारी की। छापेमारी इतनी गुप्त थी, कि खोराबार थाने को भनक नहीं लगी। लेकिन जब तक वे गांव पहुंचते भगदड़ मच चुकी थी। बांध पर ही मिट्टी एवं बालू गिरा कर अवैध खनन करने वाले भागने लगे। कुछ ने किसानों के गेहूं बोए खेत में ही जेसीबी डाल दी तो कुछ ने ट्रेक्टर ट्राली बोए हुए खेत में छोड़ दिया। अवैध खनन में रेत माफिया भी मौके से भाग निकले। उनके वाहन चालक भी गाड़िया छोड़ भाग निकले। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने अपने साथ आए सुरक्षाकर्मी एवं अपने संतरी के मदद से 01 पोकलेन, 3 जेसीबी, 01 डम्पर और 6 ट्रेक्टर ट्राली सीज कर दिया। उन्होंने खोराबार थाने की पुलिस को सख्त हिदायत दिया कि उन्हें सूचना दिए बगैर कोई गाड़ी छोड़ी नहीं जाएगी। लालपुर टीकर, बिशुनपुरवा, डूहिया समेत क्षेत्र के लोगों ने जिला प्रशासन की कार्रवाई की सराहना की। नियम विरुद्ध मिट्टी और बालू की ढुलाई और अवैध खनन से लोगों को जीना मुहाल है। हर समय मलौनी बांध पर बेलगाम दौड़ती इन गाड़ियों से दुर्घटना का खतरा बना रहता है। खनन में लिप्त गाड़ियों पर नम्बर भी ठीक से पढ़ा नहीं जाता। उनकी बैक लाइट भी नहीं जलती।

## छठी मंजिल से गिरकर इंजीनियर की मौत

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**जनपद के** झुंगिया बाजार स्थित अपार्टमेन्ट में रह रहे मूल रूप से झारखंड के जिला गिरीडिह, धनवार थाना क्षेत्र स्थित राजधरवार गांव निवासी सिविल इंजीनियर सूरज कुमार की बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में अपार्टमेन्ट की छठी मंजिल से गिर कर मौत हो गई। सूरज कुमार नव निर्मित खाद कारखाना एचयूआरयल में सिविल इंजिनियर के पद पर कार्यरत थे। अपार्टमेंट के सिक्योरिटी गार्ड द्वारा जानकारी देने पर लोगों ने उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया। बताया जाता है कि जब सूरज नीचे गिरे तब वह किसी से फोन से बात कर रहे थे। फिलहाल यह घटना हादसा है, खुदकुशी या फिर कुछ और पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## प्रदर्शन से पहले रोके गए कांग्रेसी थाली बजाकर जताया विरोध

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**बुधवार** को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर कांग्रेस ने नए कृषि कानून के विरोध में प्रदेशव्यापी प्रदर्शन का आयोजन किया। कांग्रेस पार्टी ने सभी जिले में क्षेत्रीय सांसदों और विधायकों के घर पहुंचकर उन्हें कुंभकर्णी नींद से जगाने के लिए ताली और थाली बजा कर प्रदर्शन किया। गोरखपुर मे भी ताली और थाली बजा कर प्रदर्शन किया गया। सरकार के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। कार्यक्रम के अनुसार सुबह कांग्रेसी पार्टी कार्यालय से निकल रहे थे। पहले से मौजूद ट्रांसपोर्ट नगर पुलिस चौकी प्रभारी कांग्रेसियों को रोकने में असफल रहे। कार्यकर्ता वहां से निकलकर नगर विधायक राधा मोहन दास अग्रवाल के आवास पर पहुंचे। नगर विधायक के आवास पर पहले से मौजूद ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व पुलिस फोर्स मौजूद थी। आवास की तरफबढ़ रहे हैं कांग्रेस जिला अध्यक्ष निर्मला पासवान, महानगर अध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी से पुलिस की नोकझोंक हुई। जिला अध्यक्ष निर्मला पासवान ने ज्ञापन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को देते हुए कहा कि तीनों कृषि कानूनों को वापस कराए बिना हम नहीं रुकेंगे। कांग्रेसी कार्यकर्ता कार्यक्रम का मोबाइल से वीडियो बना रहे थे। जिला अध्यक्ष निर्मला पासवान के पुत्र विकास पासवान के हाथ से पुलिस ने मोबाइल छीन ली और रोड पर फेंक दिया। विकास पासवान को पुलिस हिरासत में लेते हुए पुलिस की गाड़ी में बैठा दिया। नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हल्ला बोल मचाना शुरू कर दिया। बाद में पुलिस ने जिला अध्यक्ष निर्मला पासवान, महानगर अध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी, तौकीर आलम, प्रेमलता चतुर्वेदी, स्नेह लता, जितेंद्र कुमार पांडेय, साहिल विक्रम तिवारी, अनिल सोनकर, उषा श्रीवास्तव, प्रणव उपाध्याय आदि को पुलिस लाइन ले गई।


## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सोनभद्र

पत्रांक–मु.चि.अ. / डी.एच.एस. / प्रेस विज्ञप्ति / 2020–21 / 824 दिनांक 22 दिस. 2020

**Office of Chief Medical Officer District-Sonebhadra**

The National Health Mission (NHM) was designed with the aim of providing accessible, affordable, effective and reliable healthcare facilities in the rural and urban areas of the country, especially to the poor and vulnerable sections of the population. In the State of Uttar Pradesh, National Health Mission has made special efforts for reaching out to the community at grassroots level.

Hence, under NHM and PMMVY the District Health Society Sonbhadra invites application from experienced personnel having outstanding professional competence to effectively implement the NHM and PMMVY scheme through the following positions at District level and Block level on contractual basis.

1. **District Programme Coordinator (PMMVY) - 01 (UR) :** (Consolidated Honorarium Rs. 35000/- pm, age below 45 years) Post Graduate degree in Social Sciences / Life Sciences / Nutrition / Medicine / Health Management/Social Work/Rural Management from a reputed educational institution having at least 01 year of experience in planning, implementation and monitoring of child and women nutrition programmes. High Level of Proficiency in Hindi & English (both verbal and writing skill), having good computer skill (MS Word, Excel and Power Point) is essential candidates having experience of working with govt. / non-govt. organizations, knowledge of project management techniques and key nutrition issues and nutrition programme would be given preference.
2. **District Programme Assistant (PMMVY) - 01 (UR) :** (Consolidated Honorarium Rs. 20000/-pm, age below 40 years) Graduate degree in Social Sciences / Social Work / Rural Management / Statistics from a reputed educational institution having at least 01 year of experience in planning, implementation and monitoring of child and women nutrition programmes. High Level of Proficiency in Hindi & English (both verbal and writing skill), having good computer skill (MS Word, Excel and Power Point) and proficiency in data entry and analysis is essential. Candidates having experience of working with govt. / non-govt. Organization knowledge of project management techniques and Hindi and English Typing would be given preference.
3. **Medical officer-Ayush (Female) RBSK-06 (UR-3,OBC-1,SC-1,ST-1) :** (Consolidated Honorarium Rs.32000/-pm, age below 50 years) Bachelor degree in Ayush (Ayurved, Unani and Homeopathy) from approved recognized Institution, Registration from State medical Council is essential.
4. **Allopathic Pharmacist RBSK-02 (UR) :** (Consolidated Honorarium Rs. 13500/-pm, age below 40 years) D Pharma and registered in UP Pharmacy council and Proficiency in Computer for data management, having good computer skills (MS Word, Excel and Power Point) and proficiency in data entry and analysis is essential.
5. **ANM RBSK-09 (UR-7, SC-1, ST-1) :** (Consolidated Honorarium Rs. 12500/-pm, age below 40 years) 2 years certified Diploma in Auxiliary Nursing and Midwife by any recognized institute approved by Nursing Council of State / GOI. Registration from State Nursing Council is essential.
6. **Lady Medical Officer (LMO) in MH Program - 02 (1 UR, 1 OBC) :** (Consolidated Honorarium Rs. 55000/-pm + PBI as per guideline, age below 50 years) Bachelor degree in MBBS from approved recognized Institution, Registration from State medical Council is essential.
7. **Medical Officer (Blood Bank), (1 UR)** (Consolidated Honorarium Rs. 45000/-pm + PBI as Per guideline, age below 50 years) Bachelor degree in MBBS from approved recognized Institution, Registration from State medical Council is essential.
8. **Specialist Gynecologist (02) and Anesthetist (02) in MH Program :** (Consolidated Honorarium Rs. 65000/- pm to 120000/- pm as per guideline age below 50 years) Bachelor degree in MBBS and Specialization from approved recognized Institution, Registration from State medical Council is essential.

For details of prescribed format, educational qualifications, experience, job description, preferred age etc. relating to above post, please visit NIC Website www.sonbhadra.nic.in All Application should be sent through e-mail only on the e-mail id hrnhmson2020@gmail.com on or before 13th Jan 2021. The subiect line of the mail should clearly mention **'Application for the post of ..................'** Application not received in prescribed format or after the last date shall not be considered.

Minimum cut off marks (point) would be 30 out 50 (60%) for short listing of candidates, maximum in the ratio of 1:10 as per the merit rank would be called for interview and computer test. Merit list will be prepared out of the candidates scoring minimum 50% cut of marks (point) for both computer Test and interview.

Candidates wno nave passed Graduation or Post Graduation through regular course from reputed institutions will only be considered. However any specialization/ certificate course done through correspondence/on-line would be considered as add-on qualification.

**Note :-**

1. District Health Society Sonbhadra has the full right to cancel any post without giving any reason. (समस्त अधिकार जिला स्वास्थ्य समिति सोनभद्र के पास निहित है।)
2. All Application should be computerized and sent through e-mail only on the e-mail id hrnhmson2020@gmail.com (सभी आवेदन पत्र कम्प्यूटराइजड एवं ई–मेल के माध्यम से केवल ई–मेल आई.डी. hrnhmson2020@gmail-com पर भेजें।)
3. पदो को आवश्यकतानुसार बढ़ाया / घटाया जा सकता है।
4. Last date 13th Jan 2021.
5. क्रम संख्या 3 से 5 तक के पद रिक्त पदों के सापेक्ष नियुक्ती है।
6. क्रम संख्या 1 एवं 2 के पद प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अन्तर्गत विज्ञापित है।
7. समस्त पदो के लिए कम्प्यूटर ज्ञान अनिवार्य है एवं पद संख्या 1, 2 एवं 4 हेतु कम्प्यूटर टेस्ट (हिन्दी टाइपिंग एवं एम0एस0 आफिस) लिया जाएगा।
8. आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप एवं विस्तृत निर्देश एन.आई.सी. सोनभद्र की वेबसाइट **www.sonbhadra.nic.in** पर उपलब्ध है।

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
**सोनभद्र**

# एक देश, एक चुनाव

## निर्वाचन आयुक्त का बयान

**'एक देश एक चुनाव'** पर बहस जारी है और शायद नरेन्द्र मोदी की सरकार कुछ लोगों की चिन्ताओं के बावजूद इसे आगे बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री द्वारा एकसाथ चुनाव की अपनी प्रतिबद्धता पर काम करने की इच्छा व्यक्त करने के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त-सीईसी सुनील अरोड़ा ने कहा था कि विधिक व्यवस्थाओं और संशोधनों के बाद निवाचन आयोग-ईसी प्रक्रिया को गतिशील बना सकता है और वह इसके लिए 'तैयार' है। सतही तौर से देखने पर इसके लाभदायक आयाम आकर्षक लगते हैं। उनमें से प्रमुख खर्च घटाना, चुनाव प्रक्रिया मशीनरी ठीक करना तथा राज्यों में नीतिगत विकलांगता दूर करना शामिल हैं क्योंकि दूसरों की तुलना में कुछ राज्य हर दूसरे साल जनादेश देते हैं। तर्क यह है कि भारत की संघीय संरचना में राज्य अलग-अलग समय पर चुनाव कराते हैं, जबकि केन्द्र सरकार अपने जनादेश कार्यकाल के भीतर काम करती रहती है। ऐसे में चुनावी राजनीति के चलते चुनावी प्रक्रिया के बारे में देश में कुछ कदम उठाना या उनको लागू करना सरल नहीं है। हालांकि, इससे देश को निरंतर चुनावी मोड में रहने से मुक्ति मिलेगी तथा उसकी क्षमता बढ़ेगी। लेकिन हमने जो वेस्टमिनिस्टर व्यवस्था स्वीकारी है, उससे सवाल उठता है कि क्या सर्वसत्तावादी व्यवस्था हमारी संघीय संरचना के लिए ठीक होगी। वर्तमान राजनीतिक संदर्भ में यह विचार क्षेत्रवाद के विचार को ही संकट में डालता है क्योंकि एक चुनाव में राष्ट्रीय मुद्दे मुख्य मंच पर होंगे और कम से कम स्थानीय हितों के मुद्दों को गौण कर देंगे, जबकि क्षेत्रीय पार्टियों की ऐसे मुद्दों पर ज्यादा पकड़ होती है और वे आधार से बेहतर



जुड़ाव के चलते अपनी राजनीतिक प्रासांगिकता तथा लेनदेन की क्षमता प्रदर्शित करती हैं।

हालांकि, बहुत से लोगों का तर्क है कि मतदाता व्यापक राष्ट्रीय हितों तथा हाशिए के मुद्दों में अंतर करना अच्छी तरह जानते हैं, पर हमेशा राष्ट्रीय मुद्दों के हावी होने तथा मतदाता की नजर में राज्य स्तरीय पार्टियों की तुलना में राष्ट्रीय पार्टियों का प्रभामंडल मतदान के समय सामने आ सकता है। इस परिघटना के परिणामस्वरूप पिछले लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा उन राज्यों में भी अपनी पहचान बनाने में सफल हुई जहां उसे पिछले विधानसभा चुनावों में भारी धक्का लगा था। इसके साथ ही अनेक क्षेत्रीय क्षत्रप वर्तमान समय में इसलिए परेशान हैं क्योंकि यह पार्टी 2021 में होने वाले विधानसभा चुनावों में राज्यों में नई प्रवृत्ति पैदा कर सकती है। लेकिन भाजपा सोचती है कि इस विचार का अब समय आ गया है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री इस प्रस्ताव को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। निश्चित रूप से इसमें जटिलतायें हैं। इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाने के लिए जन प्रतिनिधित्व कानून, 1951, दलबदल विरोधी कानून तथा अन्य प्रक्रियागत नियमों में संशोधन के लिए दोनों सदनों में दो तिहाई बहुमत की जरूरत होगी। इसके अलावा ऐसे कदम में मध्यावधि व्यवस्थाओं की व्यवस्था उन स्थितियों के लिए करनी होगी जब कोई राज्य सरकार स्वयं को भंग कर दे या बहुमत समाप्त होने के कारण गिर जाए। ऐसे में राज्यपाल नए चुनाव की घोषणा नहीं कर सकता है तथा उसे गतिरोध वाली विधानसभा को अगले आम चुनावों की घोषणा तक बनाए रखना होगा। यदि केन्द्र सरकार विधानसभाओं का कार्यकाल समाप्त होने के पहले गिर जाए तो क्या होगा। ऐसा कदम लोकतंत्र की भावना के विपरीत तथा संघीय राजनीति में संपूर्ण नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में हो सकता है। वामपंथी दलों व आम आदमी पार्टी-आप तथा अन्य विपक्षी दलों ने इस विचार के खिलाफ चेतावनी दी है। पूर्व निर्वाचन आयुक्त टी.एस. कृष्णमाचारी ने भी चेतावनी दी है कि प्रशासनिक व्यवस्थाओं में परिवर्तन तथा क्रियान्वयन की व्यावहारिकताओं पर ध्यान दिए बिना इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाने का कोई अर्थ नहीं है। विधि आयोग ने इसके लिए दो शर्तें पूरी होना जरूरी बताया है। भाजपा भी प्रस्ताव लागू होने में आने वाली कठिनाइयों से परिचित है, पर वह इसे आगे बढ़ा रही है।

# बच्चों की अनुचित अनदेखी

**समय आ गया है कि सरकारें अपनी नीतियों, राजनीति, विधायनों व बजटीय आबंटनों को समाज के सर्वाधिक संकटग्रस्त तबके हेतु सुरक्षा संजाल बनाने के लिए बदलें।**



**कैलाश सत्यार्थी**
(लेखक नोबल पुरस्कार विजेता हैं)



दुनिया के एक कोने में टीकाकरण शुरू होने के साथ ही कोविड महामारी से मुक्ति की शुरुआत हो चुकी है। लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि बहुसंख्य लोग बढ़ती भूख, गरीबी व उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं। दुनिया में व्याप्त भयानक व क्रूर असमानता विश्व में महामारी के प्रति प्रतिक्रिया से भी स्पष्ट है। शुरुआत में वैश्विक कोविड सहायता के लिए 8 ट्रिलियन डालर जारी किए गए हैं, पर इनमें से गरीब समुदायों के लिए आबंटन केवल 0.13 प्रतिशत है। बाकी पैसे का प्रयोग बड़े बिजनेसों को उबारने तथा वैश्विक मंदी में उनका मुनाफा बढ़ाने पर केन्द्रित है। इस अन्याय का सबसे ज्यादा शिकार हमारे बच्चे होते हैं।

हमने देखा है कि नागरिकों के साथ साझीदारी करते हुए सरकारों ने अभूतपूर्व पैमाने पर सर्वाधिक प्रभावित समुदायों की सहायता के लिए सूखे राशन, चिकित्सा सहायता व आवश्यक वस्तुएं प्रदान करने का काम किया है ताकि परेशानी से तात्कालिक रूप से निपटा जा सके। मुझे बाल श्रम व अवैध बाल व्यापार से मुक्त कर राजस्थान के बाल आश्रम में रह रहे अपने बच्चों पर गर्व है जिन्होंने कानून लागू करने वाली एजेंसियों, फ्रंटलाइन वर्करों तथा समुदायों के लिए मास्क बनाने का काम अपने हाथ में लिया। अनेक व्यक्तियों और संगठनों ने संकट के समय सहायता के लिए कदम बढ़ाए हैं। जीवन कौशल प्रदान करने और देखभाल करने के लिए सहायता में उन्होंने अपनी सुरक्षा को भी खतरे में डालने से परहेज नहीं किया। लेकिन डिजिटल शिक्षा तक सीमित पहुंच, परिवार की आमदनी रातोंरात समाप्त होने तथा लाखों बच्चों के लिए भोजन के अभाव के कारण हम व्यापक समस्या के बहुत छोटे हिस्से को ही संबोधित कर सके हैं। हालांकि, ये असमानतायें महामारी के कारण नहीं हैं, पर इसके प्रति हमारी प्रतिक्रिया इस सीमा तक अतिरंजित है कि हमने बाल श्रमिकों, अवैध बाल व्यापार व बाल विवाह के शिकार तथा अन्य प्रकार से उत्पीड़न का शिकार बने बच्चों को अनदेखा किया है। इससे हमारी नैतिक, सामाजिक-आर्थिक व लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में भयानक क्षरण हो सकता है।

इस समस्या से बाहर निकलते समय यह समझना जरूरी है कि समाधान के केन्द्र में बच्चों को रखना होगा। इनमें वे बच्चे हैं जिनको काम करने के लिए मजबूर होना पड़ा है, कुछ बच्चों को शिक्षा से वंचित होना पड़ा है तथा कुछ बच्चे कुपोषित व भुखमरी के शिकार हैं। हम संकट के समय अपने बच्चों को उनके हाल पर नहीं छोड़ सकते हैं। समय की आवश्यकता है कि बच्चों को उनका समुचित हिस्सा मिले। उन्हें नीतियों, बजटों व संरक्षण में समुचित हिस्सा चाहिए। बच्चों के लिए समुचित हिस्सा उनके प्रति न्याय के मौलिक सिद्धान्तों का आधार है। 2015 में दुनिया ने एकसाथ आ कर टिकाऊ विकास लक्ष्य निर्धारित किए थे तथा विभिन्न देशों ने वादा किया था कि 'कोई बच्चा पीछे नहीं छूटेगा।' लेकिन हम यह लक्ष्य प्राप्त करने में विफल हो रहे हैं।

कुछ समुदायों ने दशकों से अल्पसंख्यकों, प्रवासियों व किसानों के साथ भेदभाव किया है तथा कुछ समुदायों में बच्चों को शिक्षा, पोषण व सुरक्षा से वंचित रखा गया है। उनको ऐतिहासिक व ढांचागत रूप से वैश्विक संपदा व विकास से अलग रखा गया है। हम इस अभूतपूर्व काल को पीछे मुड़ कर इस तरह भी देखेंगे जब कुछ लोगों को हाशिये पर धकेला गया तथा उनको लगातार अधिकारों से वंचित किया गया। अनेक पीढ़ियों के शोषण की यह श्रृंखला समाप्त करने के लिए सरकारों को सर्वाधिक हाशियाकृत बच्चों व उनके परिवारों के प्रति अपनी नीतियों में आमूल परिवर्तन करना होगा। इसी रास्ते पर चल कर हम बाल श्रम व उत्पीड़न को समाप्त कर ऐसी दुनिया बना सकेंगे जहां बच्चे सीखेंगे और बढ़ेंगे। महामारी के प्रति दुनिया की सर्वाधिक सच्ची परीक्षा अवैध बाल व्यापार की शिकार उस बच्ची के रूप में हुई है जो सड़क मार्ग से अपने घर की 100 किलोमीटर यात्रा करते समय गिर कर मर गई थी। यह परीक्षा उन बच्चों के रूप में होगी जिनको स्कूल छोड़ कर विवाह के लिए मजबूर किया गया है क्योंकि उनकी डिजिटल शिक्षा तक पहुंच नहीं थी। इनमें उन फैक्ट्रियों में फंसे बाल श्रमिक भी शामिल हैं जिनको लाकडाउन के समय में उनके सेवायोजकों ने असहाय छोड़ दिया था। हमारे बच्चे भावी दुनिया को आईना दिखाते हैं।

वर्ष 2021 ने हमें यह अवसर दिया है कि हम एकसाथ आ कर वैश्विक संपदा में बच्चों के न्यायोचित हिस्से के लिए प्रतिबद्धता प्रकट करें ताकि उनका समुचित विकास व बेहतरी सुनिश्चित हो सके। नव वर्ष को संयुक्त राष्ट्रसंघ ने बाल श्रम समाप्ति वर्ष के रूप में घोषित किया है। इसका लक्ष्य है कि टिकाऊ विकास लक्ष्य 8.7 के अंतर्गत वर्ष 2025 तक बाल श्रम समाप्त किया जाए। यह शुरुआत से बहुत महत्वाकांक्षी लक्ष्य था, पर महामारी के दुनिया पर पड़ने वाले विनाशकारी प्रभाव ने उसे घुटने टेकने पर मजबूर किया है और अब दशकों में बाल श्रम समाप्त करने की पहली बार की गई घोषणा खतरे में पड़ गई है। हम दशकों से बाल श्रम समाप्त करने की दिशा में बढ़े कदमों को खोने तथा सभी बच्चों की शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने में विफल रहने का खतरा उठा रहे हैं। इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती है। हम में से प्रत्येक को अपनी भूमिका निभानी होगी जिनमें सरकारें, अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां, बिजनेस, धार्मिक नेता, मीडिया, स्कूल व कालेज तथा सिविल सोसाइटी शामिल हैं। सरकारों को अपनी नीतियों, राजनीति, विधायनों व बजटीय आबंटनों तथा जवाबदेही उपायों में इस प्रकार परिवर्तन करना होगा कि वे समुचित पहुंच तथा उपयुक्त सामाजिक सुरक्षा के माध्यम से सर्वाधिक संकटग्रस्त समुदायों के लिए एक सुरक्षा संजाल बना सकें।

अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों को देशों के बीच संपदा की खाई पाटने के लिए बहुआयामी प्रयास करने होंगे तथा उन पर जोर देते हुए बाल सुरक्षा योजनाओं के वैश्विक बेंचमार्क बनाने होंगे। बिजनेसों को पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए समुचित सतर्कता बरतते हुए बाल श्रम मुक्त सप्लाई श्रृंखलायें बनाने पर जोर देना होगा। धार्मिक नेताओं को एकजुट होकर यह सुनिश्चित करना होगा कि समुदायों में बच्चों को प्राथमिकता मिले तथा इसे नैतिक जिम्मेदारी माना जाए। मीडिया को हमारे बच्चों की स्थिति उजागर करते हुए यह सवाल सामने लाना चाहिए कि सभी पक्ष हमारे बच्चों के अधिकार सुरक्षित करने के लिए जिम्मेदार हैं। स्कूलों, कालेजों व सिविल सोसाइटी को तथा खासकर कोरोना से निजात पा चुके लोगों व नौजवानों को परिवर्तन व जवाबदेही की मांग सुनिश्चित करने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। उनको दुनिया के भुला दिए गए बच्चों को अपने स्वर देने चाहिए क्योंकि उनकी अपनी कोई आवाज नहीं है।

इस वर्ष ने हमें अनेक सबक सिखाए हैं जिनको हमने अनिच्छा से सीखा है। इसने हमारी आंखों के सामने दुनिया की सच्ची स्थिति खोल कर दिखा दी है। इसने हमें यह बताया है कि लंबे समय से किस चीज की अनदेखी की जा रही थी और उसे भुलाया गया है। हमने परस्पर संपर्क रखने की अपनी अंतर्निहित आवश्यकता तथा एक दूसरे पर परस्पर अंतर-निर्भरता को स्वीकार किया है। लेकिन सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से 2020 ने सिद्ध किया है कि जब तक हम में से सभी सुरक्षित नहीं होंगे, कोई सुरक्षित नहीं हो सकता है। यदि दुनिया के लोग विकास की एकदम विपरीत दिशाओं में चलेंगे तो यह दुनिया लंबे समय तक यह तनाव नहीं झेल सकेगी। हम सचमुच एकसाथ आ कर ही आगे बढ़ सकते हैं। जब भी दुनिया संकट में होगी, मानवता तथा व्यक्तियों में व्याप्त अच्छाई सामने आएगी और हम मजबूत बन कर उभरेंगे। हमें अपनी मानवता और वैश्वीकृत सद्भावना को मजबूत करने के साथ अपने बच्चों से इसकी शुरुआत करनी चाहिए क्योंकि वे हमारे बच्चे हैं।

# देशहित में बीच का रास्ता निकालें

**"किसानों और केंद्र के बीच टकराव को गरिमापूर्ण ढंग से वार्ता प्रक्रिया के द्वारा सुलझाया जाना हमारे देश के हित में है।"**

**शशांक सौरव**
(लेखक लोक नीति विश्लेषक हैं)



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दिल्ली में एक गुरुद्वारे में जाने का अर्थ राजनीतिक पंडितों से यह लगाया है कि इस दौरे का उद्देश्य सिख समुदाय को एक संदेश देना है जिसने हालिया कृषि विधायनों के विरुद्ध एक प्रकार का एकताबद्ध मोर्चा प्रस्तुत किया है। यद्यपि राजनीतिक बाध्यताएं यथार्थ हैं और कुछ संकेत राजनीतिक संदेश से संबंधित हो सकते हैं लेकिन यह एक तथ्य है कि हिन्दू और सिख एक ही हैं। उनके बीच मतभेद हो सकते हैं लेकिन उन्हें कभी पृथक नहीं किया जा सकता। यह भी एक तथ्य है कि हमारा संविधान हर किसी को शांतिपूर्ण ढंग से विरोध करने का अधिकार देता है और इसलिए, किसानों को शांतिपूर्ण ढंग से अपनी चिंताओं को व्यक्त करने का पूरा अधिकार है। उनके द्वारा उठाए गए कुछ मुद्दे वैध हैं और केंद्र सरकार उन्हें सुनने को सहमत हो गई है। यहां तक कि देश के सर्वोच्च कार्यकारी कार्यालय ने किसानों को चर्चा के लिए आमंत्रित भी किया है और उनकी शिकायतों का निवारण करने का वादा किया है। इन विधायनों को हर कीमत पर वापस लिए जाने के लिए कहना किसी भी चीज से अभिप्रेरित हो मगर किसानों के भले से है।

न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए विधि तौर पर गारंटी दी जाना इस विरोध प्रदर्शन का मुख्य मुद्दा है और कहीं पर मैं भी सहमत हूं कि यह सुनिश्चित करने के लिए कानून में एक प्रावधान होना चाहिए कि निजी संस्थाएं और बड़ी कम्पनियों को सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम कीमत पर कृषि उत्पाद खरीदने की अनुमति न दी जाए। जहां तक न्यूनतम समर्थन मूल्य का सवाल है, यह पहले से ही राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून, 2013 के तहत सांविधि में विद्यमान है। न्यूनतम समर्थन मूल्य को धारा 2(10) के अंतर्गत परिभाषित किया गया है और खाद्यान्नों की खरीद एवं वितरण के लिए केंद्र/राज्य सरकारों की आबद्धताओं पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया है।

न्यूनतम समर्थन मूल्य को चरणबद्ध तरीके से हटाए जाने संबंधी भय निराधार है क्योंकि सरकार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से खाद्यान्न वितरण एवं खाद्य सुरक्षा, मुद्रास्फीति नियंत्रण आदि उद्देश्यों के लिए खाद्यान्नों को खरीदते रहना होगा। यदि हम एक पल के लिए अर्थशास्त्र तथा विधिकता को दरकिनार कर दें, तो मामले का सच यह है कि हमारे देश में वोट बैंक की राजनीति कभी भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली खतम नहीं करने देगी और जब तक यह प्रणाली चलेगी तब तक सरकार को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अनाज खरीदना होगा। न्यूनतम समर्थन मूल्य की तरह, शिकायत निवारण व्यवस्था को शामिल करने के लिए कानूनों को संशोधित किया जाना चाहिए और किसानों को नौकरशाहों की मर्जी पर नहीं छोड़ देना चाहिए। सरकार उपभोक्ता फोरम व्यवस्था को ला सकती है जिसमें विवाद की प्रकृति के आधार पर भिन्न प्रकार के फोरम उपलब्ध हों। फसल उगाने वालों के विवादों के समाधान के लिए एक पृथक निकाय त्वरित समाधान सुनिश्चित करेगा साथ ही साथ अदालतों का समय भी बचेगा जो पहले से ही बोझ से लदी हैं।

इसमें कोई संदेह नहीं कि भारतीय कृषि कानूनों में सुधार की आवश्यकता है। यह इस तथ्य से प्रमाणित होता है कि कांग्रेस ने बिंदु 11 और अनिवार्य वस्तु समिति अधिनियम, 1955 में अपने 2019 के चुनावी वादों के बिंदु 21 में कृषिक उत्पाद बाजार समिति अधिनियम के उन्मूलन का वादा किया था, जिसे चुनाव घोषणा पत्र के अध्याय-7 के अधीन रखा गया था। इसी प्रकार, आम आदमी पार्टी शासित दिल्ली कृषि कानूनों को अधिसूचित करने वाले पहले राज्यों में शामिल है। यदि विपक्ष वाकई किसानों की मदद करना चाहता है तो उसे संशोधनों के सुझाव लेकर आना चाहिए और प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा होनी चाहिए। हालांकि, किसी भी विपक्षी नेता ने यह व्याख्या करने का साहस नहीं दर्शाया कि किस तरह ये कानून किसानों के वर्तमान अधिकारों को छीन लेंगे और वे इस विषय पर सार्वजनिक बहस करने से कतरा रहे हैं।

यदि हम कृषि से संबंधित बड़े मुद्दों को देखते हैं तो न्यूनतम समर्थन मूल्य कोई सधाधान नहीं है क्योंकि यह केवल उन किसानों के लिए मददगार है जिनके पास बेचने को अतिरिक्त उत्पाद होते हैं। 90 प्रतिशत से अधिक किसान भरण-पोषण के लिए खेती करते हैं और वे केवल अपनी आवश्यकता पूरी करने भर का उत्पादन करते हैं। किसानों का केवल एक छोटा सा तबका न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना से लाभान्वित होता है और यदि कोई विश्वास करे तो एक उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य व्यवस्था फसल उगाने वाले सभी के कष्टों की रामबाण दवा है, तो निश्चित रूप से वह मुद्दे को नहीं समझता है।

न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना दशकों से कायम रही है और कृषि ऋण माफी, कर मुक्त आमदनी, बिजी, उर्वरक आदि विविध प्रकार की सब्सिडियों के साथ विविध सस्ते खेत क्रेडिट पहले से ही किसानों को दिए जा रहे हैं। बढ़ती जनसंख्या ने जोतों का आकर कम कर दिया है और किसानों को बेहतर जीवन जीने के लिए फसल पर अपनी निर्भरता को कम करना होगा। पशुपालन, बागानी, मत्स्य, कुक्कट पालन के क्षेत्र में सरकार की पहलकदमियों को सकारात्मक रूप से लिया जाना चाहिए और ऐसी गतिविधियां ग्रामीण परिवारों की आमदनी बढ़ा सकती हैं।

भारत एक विशाल देश है और किसानों की समस्या का कोई ऐसा समाधान नहीं है जो सब पर लागू हो जाए। पंजाब के किसानों की समस्याएं बिहार, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों के किसानों से भिन्न हैं। अन्न और अन्नदाता का हमारी संस्कृति में विशेष स्थान है और किसी को भी अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए उन्हें बदनाम करने नहीं देना चाहिए। किसानों और केंद्र के बीच टकराव को गरिमापूर्ण ढंग से वार्ता प्रक्रिया के द्वारा सुलझाया जाना हमारे देश के हित में है। यह काम जल्द हो जाना चाहिए क्योंकि बहुत से जीवन इस लंबे खिंचते संघर्ष के शिकार हो रहे हैं। अब समाधान सुनिश्चित करने का समय है।

## आप की बात

### साबर सुरक्षा जरूरी

**भारत** एंड्रॉयड मोबाइल और इंटरनेट के खपत के मामले में दूसरे नंबर पर है। ये आश्चर्य वाली बात है कि जिस महामारी ने लगभग सभी चीजों का इतना तेज़ी से तकनीकीकरण किया, जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती। शिक्षा के क्षेत्र से लेकर, डॉ के अपॉइंटमेंट तक और राजनीति के वर्चुअल रैली से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर की बैठक तक। सबकुछ ऑनलाइन होने के कारण सुरक्षा का भी सवाल उतना ही गंभीर है, जितना कि आपका कैरियर! भारत में रोज लगभग 375 साइबर से जुड़े फ्रॉड, धोखा धड़ी और कई मामले सामने आते हैं।ये अपने आप में भारत में ऑनलाइन के उपयोग को लेकर चिंता में डालने वाले सवाल है? क्या हमारे डाटा, बैंक अकाउंट, सुरक्षित है? भारत पूरे विश्व में सबसे सस्ता नेट उपलब्ध कराता है, जिसका हम बड़े मज़े से इस्तेमाल करते हैं। फ्री की चीज और भारत के लोग छोड़ दें, हो ही नहीं सकता। यही से चीज बिगड़ना शुरू हो जाती हैं। कहीं फ्री वाईफाई मिलना, किसी लिंक को टच करके लाख रुपए जितना, और न जाने क्या क्या। भारत और आम जन को बहुत ही सतर्क होने की जरूरत है, अन्यथा कब आपका डाटा, अकाउंट बैलेंस के साथ क्या हो जाए, कोई नहीं जानता, क्योंकि सब हवा में है!

– **अमन जायसवाल,** नई दिल्ली

### हठ या अनिवार्यता

**किसान** नेताओं की हर मांग पर सरकार विचार करने और बातचीत के माध्यम से रास्ता निकालने को तैयार है लेकिन किसान अड़े हुए हैं और पांचवे दौर की वार्ता विफल होने के बाद अगले दौर के लिए तारीख नहीं दे रहे हैं। भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में कानून बनाने की प्रक्रिया भी उतनी ही लोकतांत्रिक है। पहले मसले पर कमेटियां फिर उनकी सिफारिश उन सिफारिशों के आधार पर सत्ता पक्ष का संबंधित मंत्रालय एक मसौदा तैयार करता है। जिस पर कैबिनेट चर्चा करती है और उस चर्चा में उभरे बिंदुओं को समाहित करते हुए एक बिल तैयार किया जाता है, जिस पर जनता और उससे जुड़े सभी लोगों की राय ली जाती है जिसके बाद लंबी चर्चा के साथ संसद के दोनों सदन इसे पारित करते हैं और आज विपक्ष खासकर कांग्रेस पार्टी तीनों कानूनों के खिलाफ विरोध कर रहे है लेकिन अध्यादेश को कानून में बदले जाने पर वह कहां थी? तब तो पार्टी ने अपने विरोध के सुर बुलंद नहीं किए थे। हालांकि कांग्रेस सरकार ने तो कई राज्य में कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग को बढ़ावा देकर कई बड़े कॉरपोरेट घरानों को अपने राज्य में आमंत्रित किया हैं तो जब अब मोदी सरकार भी एक पहल करना चाहती है तो विपक्षी दल क्यों उसमें रोड़ा बन रहे हैं?

– **निधि जैन**, लोनी, गाजियाबाद


### धूम्रपान के खतरे

**धूम्रपान** स्वास्थ्य के लिए जानलेवा साबित होने के बावजूद लोग इसकी फिक्र को धुएं में उड़ाने पर आमादा हैं। यह चिंता का विषय है। कोरोना महामारी के प्रकोप के बाद लोगों द्वारा इस दिशा में स्वत: नियंत्रण की उम्मीद जगी थी, मगर इस खबर के बाद कि सिगरेट पर सख्ती में भारत काफी पीछे है चिंताएं और भी बढ़ी है। विश्व के अन्य देशों के मुकाबले भारत 95 वें स्थान पर है। धूम्रपान से लगातार अनेकों बीमारियां पनप रही है। युवा इसमें सबसे ज्यादा मशगूल नजर आते हैं। सिगरेट के उपयोगकर्ता पैकेट पर स्वास्थ्य संबंधी चेतावनियों को नजर अंदाज कर केवल मजे लेने में व्यस्त रहते हैं जो उनकी सेहत के लिए कदापि उचित नहीं है। निर्माता कंपनियों द्वारा महज पैकेट पर स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी लिखकर लोगों को सचेत किया है मगर इसका प्रचार प्रसार छोटे-छोटे गांव तक होने से बड़ी संख्या में लोग इसका उपयोग कर रहे हैं। आज के दौर में केवल चेतावनियां छाप देने से ही काम नहीं चलेगा सख्ती को अमल में लाना ही होगा तभी धुएं के उड़ते गुबार रोके जा सकेंगे।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




"**शाहीन** बाग और किसानों के विरोध प्रदर्शन के बीच कुछ साझा है। चिल्ला बंद करने की आवश्यकता नहीं दिखाती। यह बनावटी अभाव पैदा करने के लिए है।

– **अभिषेक मनु सिंघवी**
कांग्रेस प्रवक्ता



**हाल** ही में उनकी पार्टी छोड़कर जाने वालों के लिए ममता भाजपा पर कैसे निशाना लगा सकती हैं? उन्होंने भी कांग्रेस को छोड़ी थी।

– **अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री



**पर्यटक** गैंग के लोगों द्वारा बंगाल में दिए गए भाषण का तथ्य परीक्षण करें। एक भाषण में सात फर्जी बयान मिले।

– **डेरेक ओ ब्रायन**
तृणमूल सांसद"

# अचानक हुए अमोनिया गैस के रिसाव से नहीं मिला संभलने का मौका

## ● रात में अचानक हुई घटना से हड़कंप, हताहत लोगों में दो की हालत बेहद गम्भीर

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**संगम नगरी** प्रयागराज में मंगलवार की देर रात बड़ा हादसा हो गया। प्रयागराज शहर से करीब तीस किलोमीटर दूर गोरखपुर जौनपुर मार्ग पर फुलपुर स्थित इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड इफ्को के यूरिया इकाई में अमोनिया गैस का रिसाव हो गया। जिसकी चपेट में आने से दो अफसरों की मौत हो गई। जबकि 12 लोगों को उपचार के लिए शहर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जहां दो लोगों की हालत बेहद चिंताजनक बताई जा रही है। मृतकों में एक सहायक प्रबंधक यूरिया वी पी सिंह और दूसरे उप प्रबंधक ऑफसाइट अभय नंदन कुमार शामिल हैं। फूलपुर में स्थापित इफ्को प्लांट में अमोनिया और यूरिया निर्माण की दो दो इकाइयां हैं। हर रोज की तरह वहाँ मंगलवार को भी काम चल रहा था। रात दस बजे से रात्रिकालीन शिफ्ट में तैनात कर्मचारी अलग अलग इकाइयों में काम कर रहे थे। रात्रि में करीब 11.30 बजे के करीब यूरिया इकाई में अचानक अमोनिया गैस का रिसाव होने लगा। जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी निकलकर बाहर की ओर भागे। इस दौरान अन्य लोग तो किसी तरह बाहर निकल गए लेकिन 14 लोग गैस रिसाव की चपेट में आ गए। जिससे उनकी हालत बिगड़ने लगी। इनमें से कई इकाई के भीतर ही बेहोश हो गए। सूचना पर कंपनी के अधिकारी और पुलिस अधिकारी पहुंच गए। किसी तरह हताहत लोगों को फैक्ट्री से बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया। इनमें सहायक प्रबंधक यूरिया वीपी सिंह और उप प्रबंधक ऑफसाइट अभय नंदन कुमार की हालत बेहद गंभीर थी। अस्पताल में इलाज के दौरान करीब 1.30 बजे रात्रि दोनों की मौत हो गई।

### इफ्को हादसे में ये हैं हताहत

धर्मवीर सिंह लाल जी हरिश्चंद्र अजीत कुशवाहा अजीत राकेश कुमार शिवकाशी बलवान अजय यादव सीएस यादव आरआर विश्वकर्मा राकेश समेत 15 से 20 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### सीएम ने जताया शोक, मृतकों के परिजनों को दिए चार लाख

इफ्को फूलपुर में अमोनिया गैस से हुए हादसे पर प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है। सीएम ने हादसे में मरने वाले दोनों मृतकों के परिजनों को चार चार लाख की आर्थिक मदद की घोषणा की है। साथ ही उन्होंने घायलों के समुचित इलाज कराए जाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने मामले की जांच कराए जाने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया है।



### गैस रिसाव की असल वजह पता नहीं, पम्प लीकेज की वजह से हुए हादसे की चर्चा

**प्रयागराज।** इफ्को में अमोनिया गैस का रिसाव कैसे हुआ। इसकी जांच की जानी फिलहाल बांकी है। चर्चा है कि यूरिया उत्पादन इकाई में किसी पंप में लीकेज की वजह से गैस रिसाव हुआ था। फिलहाल कंपनी के अफसरों का कहना है कि गैस रिसाव की असली वजह का पता जांच के बाद ही चलेगा। इफ्को के जनसंपर्क अधिकारी विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि हादसे में दो अफसरों की मौत हुई है। हताहत हुए 12 कर्मचारियों का इलाज अलग अलग अस्पतालों में चल रहा है। एसपी गंगापार धवल जायसवाल ने बताया कि 12 लोगों में से दो की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। मौके पर एसपी गंगापार धवल जायसवाल सीओ फूलपुर रामसागर एसडीएम युवराज सिंह और इफ्को के यूनिट हेड मोहम्मद मसूद आदि रात से ही कम्पनी की स्थिति को काबू करने में जुटे रहे।

# सड़क दुर्घटना में मृत लोंगों की बाडी पहुंचते ही गांव में मचा कोहराम

## ● मध्यप्रदेश के सिवनी में एक ही परिवार के पांच लोंगों की कार हादसे में हुई मौत

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**मध्यप्रदेश** के सिवनी में हुए कार हादसे में मरे सभी पांच लोगों का शव उनके गांव पहुंचते ही पूरा माहौल मातम में बदल गया। गांव में शव आने की जानकारी मिलते ही आसपास के हजारों लोग मृतकों के घर पहुंचने लगे। गांव के सभी रास्तों पर लोगों की भीड़ रायपुर गांव की ओर जाने लगी। देखते ही देखते मृतक विजय बहादुर सिंह के दरवाजे पर हजारों लोग की भीड जमा हो गयी।

मृतक विजय के भाई लालबहादुर मध्यप्रदेश से सभी चार शवों को डीसीएम पर लेकर बुधवार सुबह सात बजे गांव पहुंचे तो वहीं पांचवा शव राधा का उसके ससुराल पडाव लेकर परिजन सीधे चले गये। रायपुर गांव में आये सभी चार शव को परिजन तख्ती पर लेटा कर सभी क्रियाकर्म करने के बाद तीन शवयात्रा विजय के घर से और एक शवयात्रा सुखराज के घर से निकलकर सडक पर लायी गई। शवयात्रा के दौरान शव के पीछे पीछे रोते बिलखते परिजन व उसके पीछे एक विशाल जनसमुदाय चल रहा था। रायपुर से एक साथ चार शव सुबह नौ बजे चार मैजिक से लेकर परिजन मणिकर्णिका घाट के लिए रवाना हुए।

# संकुल शिक्षक की बैठकों में दीक्षा एप पर चर्चा

**बांगरमऊ, उन्नाव।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत सकरौली के मजरा धन्ना पुरवा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में संकुल शिक्षक देवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में तथा माढापुर के मजरा मुडेरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में संकुल शिक्षक जय मंगल की अध्यक्षता में मिशन प्रेरणा अंतर्गत शिक्षक संकुल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य जल्द प्राप्त करने के निर्देश दिये गये। बैठक में संकुल शिक्षक जय मंगल ने कहा कि शासन की नीति के अनुसार कक्षा 1 से लेकर कक्षा 5 और कक्षा 6 से लेकर कक्षा 8 तक बच्चों के शिक्षण हेतु बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा दिशा निर्देश पहले ही दिए जा चुके हैं। जैसे कक्षा दो तक के बच्चों को अंको का जोड़ और घटाना पूरी तरह ज्ञात कराना और कक्षा 3 के छात्र छात्राओं को 4 अंकों तक की संख्या लिखना और पढ़ना हर हाल में सिखाना है।

# बनारस में अधिवक्ताओं ने कोषागार में घुसकर की नारेबाजी, डीएम पोर्टिको में दिया धरना

## ● डीएम कार्यालय में पसरा सन्नाटा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**राजा तालाब** तहसील में अधिवक्ताओं के साथ हुए घटनाक्रम के विरोध में बुधवार को अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट में जमकर प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार कार्यालय में घुसकर नारेबाजी भी की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए कोषागार कार्यालय को बंद करने की धमकी दी।अधिवक्ता जिलाधिकारी कार्यालय के पोर्टिको में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। कोषागार में हंगामा के दौरान मुख्य कोषाधिकारी शिव राम तथा कोषाधिकारी तेज बहादुर सिंह ने अधिवक्ताओं को समझाने बुझाने का प्रयास किया। हालांकि अधिवक्ताओं ने किसी की नहीं सुनी। अधिवक्ता डीएम को बुलाने अड़े हुए हैं।इससे पूर्व भी अधिवक्ताओं ने पोर्टिको में धरना प्रदर्शन किया था। एक साथी की जमीन पर कब्जा की शिकायत को लेकर प्रदर्शन के दौरान जिला प्रशासन ने समस्या हल करने का आश्वासन दिया था लेकिन कुछ भी नहीं हुआ। अधिवक्ताओं का आरोप है कि प्रशासन कब्जा जमाने वालों का साथ दे रहा है। वकीलों के आंदोलन को बार एसोसिएशन का भी समर्थन मिला हुआ है।

# लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित रहा है अटल का जीवन: डॉ. सतीश द्विवेदी

## ● मुक्त विश्वविद्यालय में साप्ताहिक अटल जन्मोत्सव समारोह का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**उत्तर प्रदेश** राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज में अटल बिहारी बाजपेई सुशासन पीठ के तत्वावधान में बुधवार को अटल जन्मोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर लोकतांत्रिक मूल्य एवं भारतीय राजनीति विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी सह व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डा सतीश चंद्र द्विवेदी बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार उत्तर प्रदेश सरकार ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। डा द्विवेदी ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र ने लोकतांत्रिक मूल्य स्वतंत्रता समानता एवं वैधानिक न्याय को अपने अंदर समाहित किया है। इनकी जड़ें अन्य देशों की अपेक्षा भारत में बहुत ही गहरी हैं। इसका सबसे अच्छा उदाहरण भारतीय परिवार हैं जो कि सहमति एवं असहमति का सम्मान करते हुए आपस में एक दूसरे को जोड़े रखता है। डा द्विवेदी ने कहा कि परिवार से समाज एवं समाज से राष्ट्र का निर्माण होता है। राष्ट्र के संदर्भ में यह मूल्य अटल जी के राजनीतिक जीवन में दिखाई पड़ते हैं। इसका एक जीता जागता उदाहरण 24 दलों को लेकर सरकार बनाना है। वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति में भारतीय लोकतांत्रिक मूल्य का दर्शन किसान आंदोलन में दिखाई पड़ता है। उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों का विरोध देश में नए संकट को जन्म देगा। क्योंकि उद्योगपति और किसान एक दूसरे पर निर्भर हैं। डॉ द्विवेदी ने अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन लोकतांत्रिक मूल्यों पर ही आधारित रहा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था व मूल्यों पर पाश्चात्य विचारक जॉन लॉक का सहमति सिद्धांत माण्टेस्क्यू के शक्ति पृथक्करण सिद्धांत एवं रूसो के सामाजिक समझौता सिद्धांत का उल्लेख करते हुए इनके विचारों की तुलना भारतीय संस्कृति एवं दर्शन परंपरा से तुलना की। अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में सिद्धांतों पर स्वार्थ भारी आदर्शवादिता पर अवसरवादिता भारी राष्ट्र नीति पर राजनीति भारी मूल्यों पर मनी भारी तो ऐसी स्थिति में हमें भारतीय मूल्य एवं परंपरा को अपने जीवन में आत्मसात करना होगा। भारतीय मूल्यों परंपरा की खोज पाश्चात्य विचारकों में न करके हमें भारतीय दर्शन परंपरा में करना होगा। इस अवसर पर अतिथियों ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सरुचि बाजपेई डॉक्टर नीता मिश्रा एवं डॉक्टर मीरा पाल ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। अटल जन्मोत्सव के साप्ताहिक समारोह की रूपरेखा अटल बिहारी वाजपेई सुशासन पीठ के अध्यक्ष प्रोफेसर पी के पांडेय ने प्रस्तुत की। समारोह का संचालन डा सुरेंद्र कुमार ने किया। अतिथियों का स्वागत डा जी के द्विवेदी एवं धन्यवाद ज्ञापन डा दिनेश सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर पी पी दुबे प्रोफेसर जी एस शुक्ल प्रोफेसर सुधांशु त्रिपाठी प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी प्रोफेसर एस कुमार प्रोफेसर रुचि बाजपेई प्रोफेसर विनोद कुमार गुप्ता कुलसचिव डॉ एके गुप्ता परीक्षा नियंत्रक डी पी सिंह एवं अन्य शिक्षक परामर्शदाता उपस्थित रहे। इस मौके पर सौ से अधिक प्रतिभागी ऑनलाइन जूम द्वारा जुड़े रहे।



# तेज रफ्तार डीसीएम ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, बाइक चालक की मौत

**बांगरमऊ उन्नाव।** पड़ोसी थाना फतेहपुर 84 क्षेत्र के उन्नाव मार्ग पर स्थित ग्राम नारे खेड़ा के निकट विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे डीसीएम ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और बाइक पर पीछे बैठी बहन व भाई दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल भाई-बहन को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जबकि पुलिस ने बाइक चालक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

पड़ोसी कस्बा फतेहपुर 84 के मोहल्ला मोती नगर निवासी दिलशाद अली के पिता फरियाद अली का करीब एक माह पूर्व देहांत हो गया था। जिनका चालीसवा आज बुधवार को होना था। इसीलिए दिलशाद 35 तथा उसका छोटा भाई इरशाद अली 30 अपनी बहन रोजी 28 पत्नी अलीम निवासी नसीम गंज को विदा कराने बीते मंगलवार की शाम नगर आया था। आज प्रात: दिलशाद अली अपने भाई इरशाद अली के साथ अपनी बहन को विदा कराकर बाइक से वापस घर जा रहा था। रास्ते में नगर से करीब आठ किलोमीटर दूर थाना फतेहपुर 84 क्षेत्र में उन्नाव हरदोई मार्ग पर स्थित ग्राम नारे खेड़ा के निकट ओवरटेक करने के चक्कर में विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे डीसीएम ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक के परखच्चे उड़ गए। जबकि बाइक पर सवार दोनों भाई और बहन सड़क पर दूर जा गिरे। जिन्हें बचाने के प्रयास में पीछे से आ रहा एक मोरंग लदा ट्रक पलट गया। हादसे में बाइक चला रहे दिलशाद अली की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और पीछे बैठा भाई इरशाद अली और बहन रोजी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले सीएचसी ले जाया गया जहां से उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया गया। हालांकि ग्रामीणों ने पलटे ट्रक के केविन से चालक को बाहर निकाल लिया और हादसे में ट्रक चालक बाल-बाल बच गया।

## क्विक न्यूज

### नकली उत्पादों को जब्त करने के लिए पुलिस ने मारा छापा

**वाराणसी।** एसकेएफइंडिया ने अपने ग्राहकों के लिये असली और भरोसेमंद उत्पाद सुनिश्चित करने की अपनी मौजूदा पहल के हिस्से के तौर परए हाल ही में वाराणसी के काशीपुरा और चेतगंज के मेन बीयरिंग मार्केट के 7 नकली विक्रेताओं से 'एसकेएफ' मार्क वाले कई उत्पादों को जब्त करने की घोषणा की है। यह व्यापारी एसकेएफके गैर अधिकृत ट्रेडर्स थे। अथॉरिटीज के साथ साझा की गई प्रारंभिक सूचना के आधार पर एक विस्तृत जाँच की गई थी और फिर अमल की कार्यवाही की योजना बनाई गई। स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने एसकेएफइंडिया के सहयोग से छापा मारा था। एसकेएफके पैक वाली और विभिन्न प्रकारों तथा आकारों वाली करीब 20ए000 नकली बीयरिंग्सए जिनका इस्तेमाल औद्योगिक और ऑटोमोटिव क्षेत्र में किया जाता हैए जब्त की गईं।

### उपभोक्ता दिवस पर सेमिनार आज

**वाराणसी।** पूर्वांचल उपभोक्ता कल्याण समिति के द्वारा ' जागो ग्राहक जागो, जागरूक उपभोक्ता' कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर जन समस्याओं के निराकरण विषयक राष्ट्रीय सेमिनॉर का आयोजन पराड़कर स्मृति भवन के गर्दे सभागार में 24 दिसम्बर को 2020 को अपराह्न 3 बजे से सायं काल सायं 6 बजे तक आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाराणसी के डीएम कौशलराज शर्मा एवं कार्यक्रम उद्घाटन एवं दीप-प्रज्जवलन उद्यमी आर के चौधरी,डॉ0 दयाशंकर मिश्र दयालू(राज्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार, उपाध्यक्ष, विकास बोर्ड ), आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ0 अजीत सैगल सहित अनेक विद्तजन उपस्थित रहेगें। यह जानकारी बुधवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के सलाहकार सदस्य उदय कुमार श्रीवास्तव ने अपने आवास नवापुरा में पत्रकार वार्ता के दौरान दी। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि गुरूवार को पूर्वाह्न 11 बजे मिलावट, घटतौली, कोविड-19 वैक्सीन, जल संरक्षण, पॉलिथिन, गंगा निर्मलीकरण, स्वच्छ काशी-सुन्दर काशी, पर्यावरण आदि मुद्दे पर चर्चा होगी।

### मालवीय जयंती पर काव्य पाठ प्रतियोगिता हुई

**वाराणसी।** महामना मदन मोहन मालवीय के 159 वीं जयंती महोत्सव के तृतीय दिवस में काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन महिला महाविद्यालय के सांस्कृतिक संगठन के तत्वावधान में आयोजित हुआ । जिसमे महाविद्यालय की अनेक छात्राओं ने प्रतिभागिता की । विशेषज्ञ के रूप में डा. उत्तम गिरि तथा वाराणसी के वरिष्ठ साहित्यकार हरेराम द्विवेदी (हरी भईया) सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत हिंदी अनुभाग, महिला महाविद्यालय की आचार्य डॉ. उर्वशी गहलौत तथा धन्यवाद ज्ञापन डा. मनीष कुमार ने की। महाविद्यालय के जयंती कार्यक्रम की सूत्रधार प्रो. नीलम श्रीवास्तव हैं।

### किसानों के मसीहा थे चौधरी चरण सिंह: अर्जुनलाल

**बांगरमऊ उन्नाव।** सपा कार्यकर्ताओं ने नगर के अलग-अलग दो जगहों पर पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसान नेता चौधरी चरण सिंह की 118 वीं जयंती किसान दिवस के रूप में मनाई गई। जयंती पर कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तृत चर्चा की। नगर के नानामऊ तिराहे के निकट ब्लाक प्रमुख सुनीता दिवाकर के आवास पर सपा नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य अर्जुन लाल दिवाकर ने पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद कहा कि चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा थे। वह हमेशा किसानों के हित के लिए सोचते थे। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने किसानों के हित में कई कदम उठाए सपा नेता श्री दिवाकर ने कहा कि आज केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के कारण देश का अन्नदाता परेशान हैं। अपनी जायज मांगो को लेकर हजारों की संख्या में किसान सड़को पर हैं। कार्यक्रम में पूर्व ब्लाक प्रमुख मानसिंह यादव, पप्पू त्रिवेदी, चन्द्रशेखर प्रधान, सन्त कुमार दिवाकर, आदि नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौ0 चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इसी क्रम में नगर के लखनऊ मार्ग चौराहे पर स्थित कांप्लेक्स में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य एवं सपा नेता डॉक्टर मुन्ना अल्वी के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती किसान दिवस के रूप में मनाई गई ।

### क्रिसमस और नए साल की हो रही तैयारी

**प्रयागराज।** सभी जानते हैं कि यह साल पूरी दुनिया को हिला देने वाला रहा है। किसी ने इस साल बहुत कुछ खोया तो किसी ने बहुत कुछ पाया। अच्छे बुरे तजुर्बों के साथ गुजरता हुआ यह साल लगभग खत्म होने आ गया है। क्रिसमस और नया साल भी अब आने को है। तो क्यों न साल के बचे दिनों के साथ.साथ इस बचे हुए समय को मिठास के साथ जिया जाए और एक नई मिठास के साथ नए साल का स्वागत किया जाए। ज्ञान डेरी क्रिसमस और नए साल में मिठास भरने के लिए एक डिलिशियस डिश ड्राईफ्रूट डिलाइट लेकर आया है। इसके साथ त्यौहार कुछ मीठा परोसते हैं। अपनों जिंदगियों में मिठास भरते हैं। इसे बनाने के लिए पंद्रह मखाने शैलो फ्राई किए हुए दो बड़े चम्मच ज्ञान देसी घी गोंद फ्राई किया हुआ दो बड़े चम्मच भुने हुए मगज पचास ग्राम काजू बादाम भुने हुए गुड़ स्वादानुसार और एक गिलास पानी चाहिए। इसके लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता होगी। सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

### प्रोत्साहन के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकियों की आवश्यकता

**प्रयागराज।** इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन फाउंड्रीमैन आईआईएफ ने कच्चे माल की कमी तथा नियामकीय बाधाओं से जूझ रहे घरेलू उद्योग को राहत देने के इरादे से सरकार से लौह अयस्क पर तत्काल आयात शुल्क घटाने की सिफारिश की है। आईआईएफके मुताबिक वर्तमान में जिस प्रकार की स्थिति है ऐसे में मुख्य कच्चे माल जैसे कि लौह अयस्क पिग आयरन स्क्रैप और स्टील की कीमतों में पिछले पांच से छह महीनों में तीस से पचास प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दूसरे देशों की तुलना में भारत में बिजली की लागत पहले से ही बहुत अधिक है और फाउंड्री उद्योग अत्यधिक बिजली गहन उद्योग है। कीमतों में स्थिरता आने तक लौह अयस्क का निर्यात अस्थायी रूप से निलंबित हो सकता है। वैकल्पिक रूप से इस महत्वपूर्ण खनिज के निर्यात को हतोत्साहित करने के लिए लौह अयस्क पर निर्यात शुल्क में सत्तर फीसदी की वृद्धि करने का प्रस्ताव है। निवेशों को प्रोत्साहित करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकियों में प्रोत्साहन की आवश्यकता है।

### पंजीकृत प्रतिभागी ही प्रतियोगिता में ले सकेंगे हिस्सा

**प्रयागराज।** प्रतियोगिता में वही प्रतिभागी भाग ले सकते हैं जो पंजीकरण करेंगे। यदि किसी को लगता है कि देश का दिल जीतने की काबिलियत और टैलेंट है तो फिर अपना स्पॉट ब्लॉक करने का वक्त आ गया है। छोटा सा फॉर्म भरने के बाद जगह पर ही अपनी परफॉर्मेंस का वीडियो अपलोड करें। यह वीडियो तीन मिनट से ज्यादा और दो मिनट से कम का नहीं होना चाहिए। परफॉर्मेंस स्पष्ट सुनाई देनी चाहिए। ऑडिशन वीडियोज़ भेजने वाले असंख्य गायकों में से केवल छह सर्वश्रेष्ठ आवाजों को चुना जाएगा। मनोरंजन जगत के कुछ सबसे बड़े नाम अपनी अपनी टीमों के साथ इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग के मुकाबले में उतरेंगे। यही वो मंच है जहां सपने पूरे होंगे क्योंकि महत्वाकांक्षा और प्रेरणा एक साथ होगी। रियलिटी टीवी में लीक से हटकर एक बिल्कुल नया फॉर्मेट पेश करते हुए ज़ी टीवी फैदम पिक्चर्स के साथ मिलकर दर्शकों को दुनिया का सबसे पहला म्यूज़िक लीग इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग आईएमपीएल दिखाने जा रहा है।

# सर्राफा मंडल ने कप्तान को चांदी का मुकुट पहनाकर किया सम्मान

## ● कप्तान अमित पाठक ने सर्राफा व्यापारियों की सुरक्षा का पूरा भरोसा दिलाया

## ● दर्जनों पुलिसकर्मी हुए सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी




**श्री काशी** सर्राफ मंडल व उप्र स्वर्णकार संघ के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को आसभैरो स्थित अग्रवाल भवन में वाराणसी जनपद के जाबांज पुलिसकर्मी एवं एसएसपी अमित पाठक का सम्मान चांदी का मुकुट पहनाकर एवं माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गुरू प्रसाद सेठ ने किया। सम्मान समारोह में जिले के कप्तान अमित पाठक ने सर्राफ व्यापारियों को आश्वस्त किया कि आप लोग निडर होकर व्यापार करें, पुलिस प्रशासन हमेशा व्यापारियों की रक्षा करती है और करती रहेगी। अतिथि का स्वागत स्वर्णकार संघ के प्रदेश प्रभारी मारकण्डे वर्मा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापित सुनील सोनी ने किया। कार्यक्रम में विधि प्रशासन मंत्री ईश्वर चन्द्र वर्मा ने दर्जनों पुलिसकर्मियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में महामंत्री मुरलीधर सेठ, अशोक जी अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, सुरेश सेठ, सुनील सोनी, डॉ0 सुनील विश्वकर्मा, अरूण उपाध्याय, सौरभ वर्मा, विनोद पाण्डेय, वंशीधर सेठ, प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सेठ भी उपस्थित रहे।

# चौपाल लगा नोडल अधिकारी ने सुनी समस्याएं

**चकलवंशी उन्नाव।** जिले के नोडल अधिकारी अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग, उप्र शासन मुकुल सिंहल ने अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान दूसरे दिन ग्राम पंचायत रऊकरना के पंचायत भवन का उद्घाटन एवं वृक्षा रोपण कार्यक्रम के साथ-साथ ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

नोडल अधिकारी के द्वारा ग्राम पंचायत रऊकरना में जेकेआरए के अन्तर्गत निर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन किया गया। साथ ही पंचायत परिसर में वृक्षारोपण जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार के साथ किया। बाल विकास विभाग द्वारा संचालित कुपोषण योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार एवं गोदभराई के तहत अन्य सामग्री उपस्थित महिलाओं को प्रदान की। ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत 11 महिला लाभार्थियों को आवास प्रमाण पत्र एवं प्रथम किस्त की धनराशि भेजे जाने हेतु स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। सामुदायिक शौचालय के रख रखाव हेतु मां काली महिला स्वंय सहायता समूह की सदस्य को चाभी एवं धनराशि की चेक प्रदान की गयी। अच्छा कार्य करने वाली 10 महिला सफाई कर्मियों को शक्ति सेवा सम्मान पत्र प्रदान किया गया। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत प्रोबेशन विभाग द्वारा तैयार कराये गये 09 बेबी केयर किट का वितरण किया गया। सरस्वती महिला सहायता समूह सलेमपुर की गीता सिंह को सस्ते गल्ले की दुकान का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। ग्रामीण चौपाल में नोडल अधिकारी ने बताया गया कि ग्रामपंचायत रऊकरना में शौचालय स्वच्छ पेयजल व्यवस्था ठीक है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मानक के अनुसार आवास उपलब्ध कराये जा रहे हैं। निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धा, विकलांग आदि पेंशन लाभार्थियों को उपलब्ध कराई गई है। मनरेगा योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, गरीब कल्याण रोजगार अभियान, बाल विकास कार्यक्रम के तहत पोषाहार वजन और कुपोषण की प्रगति पर विस्तार से जिला विकास अधिकारी मनीष कुमार ने अवगत कराया। नोडल अधिकारी ने प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में वितरण किये गये स्वेटर के बारे में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार पाण्डेय से लक्ष्य के अनुरूप वितरण की जानकारी ली, निर्देश दिये गये कि गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाये। चौपाल में उपस्थित बच्चों एवं अभिभावकों से स्वेटर की गुणवत्ता की जानकारी ली, जिसपर सभी अभिभावकों ने संतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रदेश सरकार वरासत विशेष अभियान चलाकर मृतक के वारिसानों का नाम प्राथमिकता के आधार पर जोड़ा जा रहा है। सम्बन्धित लेखपाल 24 तथा 28 दिसम्बर को गांव आकर खतौनी पढ़ेगा। अपनी समस्याओं को निर्धारित तिथि में हल कराने को कहा। करोना संक्रमण की रोकथाम और जनकल्याण के लिये जिला प्रशासन द्वारा किये गये सराहनीय कार्यों के लिये देश में जिले का नाम गौरान्वित होने के उद्देश्य से कोविड रिस्पॉन्स और गुडगवर्नेन्स कार्यों को लेकर स्कॉच फाउन्डेशन के देश के प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड सिल्वर प्रमाण पत्र जिलाधिकारी को प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी द्वारा कम्युनिटी किचेन, महिला हेल्पलाइन, सर्विलांस टीमों का गठन प्रवासियों को रोजगार से जोड़ने, राशन किट वितरण सहित कोरोना संक्रमण रोकने के प्रयासों के तहत यह अवार्ड देश स्तर पर प्रदान किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर उन्नाव जनपद को मिले पुरष्कार से उत्साहित होकर अपर प्रमुख सचिव, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, एवं जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मोमेन्टों प्रदान किया गया। चौपाल में प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान रऊकरना, के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास, सामुदायिक शौचालय, महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाव के लाभार्थियों को प्रसस्ति पत्र वितरित करने से पहले पंचायत भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर एडीएम, एसडीएम, बीडीओ सहित अन्य अधिकारी व ग्राम प्रधान सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।




### नोडल अधिकारी ने परखी धरातलीय हकीकत

**चकलवंशी।** ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत रऊकरना के दस मजरो की 8705 आबादी में नौ लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास का प्रसस्ति पत्र दिया। चौपाल के दौरान निराश्रित पेंशन योजना पर गांव के भगवानदेई को बुलाकर पेंशन की जानकारी ली। गांव के विकास कार्य में मुकेश के घर से मेवालाल के घर तक नाली इंटरलाकिंग की लोगों से जानकारी ली। वहीं स्वयं सहायता समूह द्वारा किराना की दुकान का निरीक्षण करने के लिए एसडीएम सदर को भेजा। गांव में प्राथमिक व जूनियर के नौ विद्यालय में स्वेटर वितरण के लाभार्थियों से बात कर हकीकत की जानकारी ली। स्वच्छता ग्राही की महिलाओं ने सचिव को गुलाब का पुष्प देकर स्वागत किया वहीं गांव की महिलाओं ने तिलक लगाकर आरती उतारी। परिसर में कदम व मौलश्री के पांच पौधों का रोपड़ किया। बालविकास परियोजना के शून्य से छह माह के पांच बच्चों को अन्न प्रासन कराकर आशीर्वाद दिया। चार गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर अस्पताल में प्रसव कराने का आग्रह किया।

# कर्नाटक सरकार ने 23 से दो जनवरी तक रात्रि कर्फ्यू लागू किया

**भाषा।** बेंगलुरु



**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने बुधवार को बताया कि राज्य सरकार ने कोविड-19 के नए स्वरूप (स्ट्रेन) के संक्रमण को काबू करने के लिए बुधवार रात से दो जनवरी तक रात्रि कर्फ्यू लागू करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य मंत्री के सुधाकर, कोविड-19 के लिए राज्य की तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) के सदस्यों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुलाकात के बाद यह घोषणा की। कोविड-19 वायरस के नए स्वरूप के कारण और भारत सरकार एवं तकनीकी सलाहकार समिति की सलाह के अनुसार, आज (बुधवार) से दो जनवरी, 2021 तक रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक रात्रि कर्फ्यू लागू करने का फैसला किया गया है।

एदियुरप्पा ने कहा, यह पूरे राज्य में लागू रहेगा।.. मैं सभी लोगों के अपील करता हूं कि वे कोविड-19 के नए स्वरूप के संक्रमण को रोकने में सहयोग करें। इससे पहले सुधाकर ने टीएसी सदस्यों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया। पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में भी रात्रि कर्फ्यू लागू करने की सोमवार को घोषणा की गई थी।

विदेशों से राज्य में आने वाले लोगों को कोविड-19 संबंधी जांच रिपोर्ट लानी होगी, जिसमें उनके संक्रमित नहीं होने की पुष्टि हो और यह जांच राज्य आने से 72 घंटे पहले ही कराई गई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हवाईअड्डे पर जांच के लिए सभी प्रबंध करा दिए गए हैं और स्वास्थ्यकर्मियों को तैनात किया गया है। मुख्यमंत्री ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि सुबह छह से रात 10 बजे तक सभी गतिविधियां सामान्य रूप से चलेंगी और रात 10 बजे के बाद किसी को बाहर नहीं निकलना चाहिए। इस संबंध में जल्द ही दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। स्कूल और कॉलेज खोले जाने के बारे में पहले ही चर्चा की जा चुकी है और बताया जा चुका है कि कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए स्कूल एक जनवरी से खुलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, हम दो दिन में बताएंगे कि स्थिति में कोई बदलाव आता है या नहीं। फिलहाल, कक्षाएं एक जनवरी से चालू होंगी।

## तमिलनाडु सरकार ने जल्लीकट्टू के आयोजन को अनुमति दी

**चेन्नई (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु सरकार ने राज्य के लोकप्रिय खेल जल्लीकट्टू के अगले महीने आयोजन को अनुमति दे दी है। सरकार ने बुधवार को कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के मद्देनजर लागू दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए इसका आयोजन किया जा सकता है। जल्लीकट्टू के लिए अधिकतम 300 प्रतिभागियों और एक अन्य खेल एरुधु विदुम निगाची के लिए अधिकतम 150 प्रतिभागियों को अनुमति दी जाएगी। सरकार ने बताया कि समारोह के लिए चिह्नित खुले स्थलों में प्रवेश से पहले दर्शकों की थर्मल जांच होगी और उन्हें सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करना होगा और मास्क पहनना होगा। प्रतिभागियों के पास उनके कोविड-19 से संक्रमित नहीं होने की पुष्टि करने वाली सरकार द्वारा अधिकृत प्रयोगशालाओं की जांच रिपोर्ट होनी चाहिए। तमिलनाडु में 235 प्रयोगशालाएं हैं।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुनील अरोड़ा मुलाकात करते हुए।

# मंदिर के लिए भाजपा की तेलंगाना में 3 करोड़ से ज्यादा लोगों से धन जुटाने की योजना

**भाषा।** हैदराबाद

**विश्व हिंदू परिषद** के केंद्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने बुधवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए देश में धन जुटाने के अपने अभियान के तहत संस्था की तेलंगाना में 9000 गांवों में जाकर तीन करोड़ से ज्यादा लोगों से दान प्राप्त करने की योजना है। विहिप ने मंदिर निर्माण में हिंदुओं से दान प्राप्त करने में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास को हर तरह का सहयोग देने का संकल्प व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि संगठन के कार्यकर्ता देश भर के करीब चार लाख गांवों में 11 करोड़ परिवारों के करीब 50 से 55 करोड़ सदस्यों से उनके योगदान के लिए संपर्क करेंगे।

मंदिर निर्माण के लिए रकम जुटाने का अभियान 15 जनवरी 2021 से शुरू होगा और 27 फरवरी 2022 तक चलेगा। कुमार ने यहां संवाददाताओं को बताया कि तेलंगाना में विहिप की योजना राम मंदिर निर्माण के लिए चंदा जुटाने के उद्देश्य से 9000 से ज्यादा गांवों में करीब 40 लाख परिवारों के तीन करोड़ से ज्यादा लोगों तक पहुंचने की है। उन्होंने कहा कि रकम जुटाने के इस काम में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाएगी और धन संग्रहण दल में पांच स्वयंसेवक होंगे और वे संग्राहक को रिपोर्ट करेंगे। उन्होंने कहा कि जुटाई गई रकम को 48 घंटों के अंदर तीर्थ क्षेत्र के बैंक खाते में जमा करा दिया जाएगा।

यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी विदेशों से भी चंदा लेने की योजना है, कुमार ने कहा कि फिलहाल वे देश के अंदर से ही चंदा जुटाएंगे क्योंकि उनके पास अभी विदेश से रकम लेने के लिए जरूरी मंजूरी नहीं है, यद्यपि उन्होंने इस संबंध में आवेदन दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्य मंदिर का कुल क्षेत्र 2.7 एकड़ का होगा और उम्मीद है कि 2024 तक मंदिर के गर्भगृह में श्री राम लला की प्रतिस्थापना पूरी हो जाएगी। कुमार ने कहा कि विहिप का मिशन सिर्फ भगवान राम की जन्मस्थली में मंदिर बनवाना नहीं बल्कि राम राज्य स्थापित करना भी है।

# सोनिया, राहुल ने स्वामी पर सुनवाई में देरी कराने का आरोप लगाया

**भाषा।** नई दिल्ली

### हेराल्ड मामला

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने बुधवार को भाजपा सांसद सुब्रह्मण्यम स्वामी पर आरोप लगाया लगाया कि वह पूरी तरह से अस्पष्ट अर्जी देकर नेशनल हेराल्ड मामले में सुनवाई में देरी करा रहे हैं। स्वामी ने यह मामला सोनिया और राहुल तथा अन्य के खिलाफ दायर किया है। कांग्रेस नेताओं ने स्वामी की अर्जी का विरोध करते हुए अदालत के समक्ष यह दलील दी। दरअसल, स्वामी ने अपनी अर्जी के जरिए मामले में विभिन्न दस्तावेज मंगाए जाने और गवाहों को तलब किए जाने का अनुरोध किया है। मामले के आरोपियों ने अदालत से अर्जी खारिज करने का अनुरोध करते हुए कहा कि यह संबंधित प्रावधानों के तहत दायर नहीं की गई है। आरोपियों की ओर से पेश हुए वकील ने कहा, मौजूदा अर्जी पूरी तरह से अस्पष्ट, अत्यधिक देर कराने वाली और कार्यवाही धीमी कराने वाली प्रकृति की होने के नाते खारिज किए जाने की हकदार है। वकील ने कहा कि यह स्वामी की जिम्मेदारी है कि वह उपयुक्त प्रावधानों के तहत एक अर्जी दायर कर जिरह किए जाने वाले गवाहों की सूची के साथ अन्य विशेष ब्योरा उपलब्ध कराएं। वकील ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट सचिन गुप्ता से कहा, मौजूदा अर्जी खारिज किए जाने की भी हकदार है, क्योंकि यह संबद्ध प्रावधान के अनुरूप नहीं है। अर्जी के जवाब में आरोपियों ने कहा कि स्वामी द्वारा तलब किए जाने वाले गवाहों की सूची सौंपना उनका (स्वामी का) कानूनी अधिकार है, क्योंकि अदालत कोई असंबद्ध जांच नहीं कर रही है।

जवाब में कहा गया, शिकायतकर्ता ने गवाहों की कोई सूची नहीं सौंपी है, जबकि आरोप-पूर्व साक्ष्य दर्ज किया जाना 21 जुलाई 2018 को शुरू हुआ था, जब शिकायतकर्ता खुद कठघरे में आए थे। जवाब में कहा गया, यह कहने की जरूरत नहीं है कि अर्जी कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप होनी चाहिए। जवाब में आगे कहा गया, यह स्पष्ट नहीं है कि शिकायतकर्ता ने कानून के अनुरूप साबित करने के लिए दस्तावेज मंगाए हैं या अपने मामले को साबित करने के लिए गवाहों को तलब कर रहे हैं। यह अदालत कोई असंबद्ध जांच नहीं कर रही है और समन आदेश में आरोप की पुष्टि के लिए ही साक्ष्य तलब किए जा सकते हैं। अदालत विषय पर आगे की सुनवाई 12 जनवरी को करेगी। स्वामी द्वारा दायर की गई अर्जी में उच्चतम न्यायालय के सेक्रेटरी जनरल संजीव एस कलगांवकर, रजनीश कुमार झा (उप भूमि एवं विकास अधिकारी), साकेत सिंह, आयकर क्षेत्र-। उपायुक्त तथा कांग्रेस के एक पदाधिकारी को तलब करने का अनुरोध किया गया है। आरोप-पूर्व साक्ष्य के तहत शिकायतकर्ता, स्वामी की जिरह के लिए मामले की सुनवाई निर्धारित की गई है। इससे पहले, अदालत ने देनों पक्षों को कोविड-19 महामारी की स्थिति के मद्देनजर विषय पर आगे कार्यवाही के लिए समाधान तलाशने को कहा था। स्वामी ने एक निजी आपराधिक शिकायत में सोनिया और राहुल तथा अन्य पर आरोप लगाया था कि उन्होंने यंग इंडियन प्रा. लि. के माध्यम से सिर्फ 50 लाख रुपए का भुगतान कर कांग्रेस के स्वामित्व वाले नेशनल हेराल्ड समाचारपत्र के प्रकाशक (एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड) से 90.25 करोड़ रुपए लेने की साजिश रची थी। मामले में सभी सात आरोपियों में-- कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ऑस्कर फर्नांडिस, सुमन दूबे, सैम पित्रोदा और मोतीलाल वोरा (जिनका हाल ही में निधन हो गया), तथा यंग इंडियन प्रा. लि. शामिल हैं।

## क्विक न्यूज

### छत्तीसगढ़ में तीन वर्षों में मारे गए 216 नक्सली, 966 ने किया आत्मसमर्पण: सरकार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मे बीते तीन वर्षों के दौरान सुरक्षा बलो ने मुठभेड़ मे 216 नक्सलियो को मार गिराया है। 966 नक्सलियो ने आत्मसमर्पण किया है। विधानसभा मे बुधवार को कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक धनेंद्र साहू के सवाल के लिखित जवाब में गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने बताया कि वर्ष 2018-19, 2019-20 और वर्ष 2020-21 के दौरान सुरक्षा बलो ने राज्य के विभिन्न जिलो मे हुई मुठभेड़ में 216 नक्सलियों को मार गिराया है। इस दौरान 966 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण भी किया है। गृह मंत्री ने बताया है कि इस अवधि में मुठभेड़ के दौरान सुकमा जिले में 82 नक्सली, बीजापुर में 46, दंतेवाड़ा मे 30, राजनांदगांव मे 17, नारायणपुर मे 16, बस्तर मे सात, धमतरी में सात, कांकेर में छह, कबीरधाम मे तीन और गरियाबंद तथा कोंडागांव जिले मे एक-एक नक्सली को मार गिराया गया। राज्य के सुकमा जिले में 333 नक्सलियों ने, दंतेवाड़ा जिले में 300 ने, नारायणपुर जिले मे 164 ने, बीजापुर जिले में 77 ने, कोंडागांव जिले में 46 ने, बस्तर में 36 ने, राजनांदगांव में सात ने तथा कांकेर जिले मे तीन नक्सलियो ने सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण किया है।

### गुजरात: राकांपा विधायक कांधल जडेजा को एक आपराधिक मामले में अदालत ने आरोप मुक्त किया

**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने राकांपा विधायक कांधल जडेजा को एक आपराधिक मामले मे आरोप मुक्त कर दिया है। जडेजा पर शस्त्र अधिनियम के तहत 1998 में मामला दर्ज हुआ था। सोमवार को जारी किए गए एक आदेश में न्यायमूर्ति विपुल पंचोली ने जडेजा की आरोप मुक्त करने की याचिका को मंजूरी दे दी। इससे पहले जडेजा के वकील ने अदालत के सामने दलील दी कि उनके विरुद्ध कोई साक्ष्य मौजूद नही है और सह आरोपी द्वारा दिया गया बयान अदालत मे स्वीकार्य नही है। जडेजा पोरबंदर जिले के कुटियाना से विधायक है। कथित रूप से उन्हें 1998 में हथियारों के साथ पकड़ा गया था, जिसके बाद पोरबंदर में उनके विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। जडेजा के चुनावी हलफनामे के अनुसार उनके विरुद्ध इसके अलावा कई अन्य आपराधिक मामले दर्ज है।

### किसानों के अपने हक के लिए लड़ाई लड़नी पड़ रही है: पवार

**मुंबई।** राकांपा प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को कहा कि किसानो का सम्मान करना सत्ता में बैठे लोगों की जिम्मेदारी है , लेकिन अफसोस की बात है कि किसानो को अपने हक के लिए भी लड़ाई लड़नी पड़ रही है। पवार ने राष्ट्रीय किसान दिवस पर ट्विटर पर पोस्ट करके किसानो को न्याय मिलने की कामना की। केन्द्र सरकार द्वारा लाए गए तीन नए कृषि कानूनो के खिलाफ हजारों किसान 26 नवंबर से दिल्ली की सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे हैं। पवार ने ट्वीट किया, हमारी अर्थव्यवस्था मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले किसानों का सम्मान करना सत्ता में बैठे लोगो की जिम्मेदारी है। लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश के किसानो को अपने हक और मांगो के लिए प्रदर्शन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय किसान दिवस पर किसानो को न्याय मिलने की कामना कर रहा हूं।

### कांग्रेस ने हिप्र के लिए तीन समितियों का गठन किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अपनी हिमाचल प्रदेश इकाई के लिए बुधवार को राजनीतिक मामलों की समिति समेत तीन प्रमुख समितियो का गठन किया। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी बयान के मुताबिक, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तीन समितियों- राजनीतिक मामलो की समिति (चुनाव रणनीति समिति), समन्वय समिति और अनुशासनात्मक समिति के गठन को स्वीकृति प्रदान की है। कांग्रेस के हिमाचल प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला राजनीतिक मामलो की समिति और समन्वय समिति की अध्यक्षता करेंगे। विप्लव ठाकुर को अनुशासनात्मक समिति का प्रमुख बनाया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह समेत कई अन्य वरिष्ठ नेताओं को राजनीतिक मामलो की समिति और समन्वय समिति में स्थान दिया गया है।

### किसानों के समर्थन में जेल में बंद कार्यकर्ता कर रहे हड़ताल

**मुंबई।** केंद्र सरकार के नए कृषि कानूनो का विरोध कर रहे किसानो के समर्थन मे एलगार परिषद-माओवादी संबंध मामले मे गिरफ्तार कई कार्यकर्ता बुधवार को महाराष्ट्र के तलोजा जेल में एक दिवसीय भूख हड़ताल कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने बुधवार को राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर एक संयुक्त बयान में कहा कि वे नवी मुंबई की जेल में बंद है और किसान आंदोलन मे शारीरिक रूप से भाग नही ले सकते। इसलिए, वे जेल मे एक दिन की सांकेतिक भूख हड़ताल कर रहे हैं। वकील निहालसिंह राठौड़ ने कहा, किसानो ने जो मांगे उठाई है, वे बिल्कुल सही और न्यायसंगत है। राठौड़ ने कहा कि वर्तमान मे एलगार परिषद-माओवादी संबंध के मामलो मे जेल मे बंद कार्यकर्ताओ मे सुधीर धवले, सुरेंद्र गाडलिंग, आनंद तेलतुंबडे, हनी बाबू, सागर गोरखे, रमेश गाइचर, महेश राउत, अरुण परेरा, वर्नन गोंसाल्विस, फादर स्टेन स्वामी, गौतम नवलखा और रोना विल्सन शामिल है।



पटना में आरजेडी नेता तेजस्विनी यादव पार्टी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए।

# जगन्नाथ मंदिर खुला, आम जनता तीन जनवरी से कर पाएगी दर्शन

**भाषा।** पुरी

**कोविड-19** वैश्विक महामारी के मद्देनजर करीब नौ महीने बंद रहने के बाद आखिरकार श्री जगन्नाथ मंदिर बुधवार को दोबारा खुल गया, लेकिन लोग तीन जनवरी से ही यहां भगवान के दर्शन कर पाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि सेवकों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए सुबह सात बजे मंदिर के द्वार खोले गए। इस दौरान कोविड-19 से जुड़े नियमों का सख्ती से पालन किया गया।

उन्होंने बताया कि वैश्विक महामारी के कारण मंदिर मध्य मार्च से बंद था। 12वीं शताब्दी के भगवान विष्णु के मंदिर के द्वार इतिहास में पहली बार भक्तों के लिए बंद किए गए थे। पुरी के कलेक्टर बलवंत सिंह ने पत्रकारों को बताया कि पहले तीन दिन 23,24 और 25 दिसम्बर को केवल सेवकों और उनके परिवार के सदस्यों को दर्शन करने की अनुमति होगी।

अधिकारियों ने बताया कि 26 से 31 दिसम्बर के बीच केवल पुरी के निवासी भगवान के दर्शन कर पाएंगे। इसके बाद नव वर्ष पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होने के मद्देनजर एक और दो जनवरी को मंदिर को फिर बंद कर दिया जाएगा। तीन जनवरी से मंदिर के द्वार सभी श्रद्धालुओं के लिए खुल जाएंगे। उन्होंने बताया कि तीन जनवरी से आने वाले श्रद्धालुओं को कोरोना वायरस से संक्रमित ना होने की पुष्टि करने वाली रिपोर्ट दिखानी होगी।

पुरी के निवासियों से कोविड-19 की जांच रिपोर्ट ना मांगे जाने के सवाल पर अधिकारी ने कहा, प्रशासन स्थानीय लोगों में कोरोना वायरस की स्थिति से अवगत है। इसलिए उन्हें संक्रमित ना होने की पुष्टि के लिए कोविड-19 की जांच रिपोर्ट दिखाने की जरूरत नहीं है।

# कंगना के बंगले में तोड़फोड़ करने के मामले में मानवाधिकार आयोग ने बीएमसी आयुक्त को तलब किया

**मुंबई।** बृहन्मुंबई महानगर पालिका द्वारा कंगना रनौत के बंगले के एक हिस्से को तोड़े जाने के विरुद्ध दायर एक याचिका पर बुधवार को, महाराष्ट्र राज्य मानवाधिकार आयोग ने महानगर पालिका आयुक्त को 20 जनवरी को सुनवाई के दौरान आयोग के सामने पेश होने का आदेश दिया। आयोग में दो दिन पहले याचिका दायर की गई थी जिसमें कहा गया था कि बांद्रा में रनौत के बंगले में की गई तोड़फोड़ उनके मानवाधिकारों का हनन था। बीएमसी ने दावा किया था कि अभिनेत्री ने बंगले में गैरकानूनी निर्माण कराया था इसलिए निकाय के अधिकारियों ने कानून सम्मत कार्वाई की थी। याचिकाकर्ता आदित्य मिश्रा ने बंबई उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि बीएमसी द्वारा कानून की आड़ में द्वेषपूर्ण कार्वाई की गई थी। उन्होंने उच्चतम न्यायालय के एक आदेश का भी हवाला दिया जिसके अनुसार निजी संपत्ति के अधिकार को मानवाधिकार घोषित किया गया था। याचिकाकर्ता ने कहा कि यदि किसी की निजी संपत्ति पर राज्य या उसकी एजेंसी द्वारा की गई कार्वाई अवैध पाई जाती है तो यह मानवाधिकारों का उल्लंघन होगा। उन्होंने कहा, जब बीएमसी द्वारा की गई कार्वाई को बंबई उच्च न्यायालय ने अवैध पाया तो यह साफ हो जाता है कि यह मानवाधिकार उल्लंघन का मामला है जिसमें आयोग का दखल अपेक्षित है। आयोग ने बुधवार को याचिका स्वीकार की और महानगर पालिका आयुक्त को 20 जनवरी को सुनवाई के दौरान उपस्थित होने का आदेश दिया।

# शिवसेना विधायक प्रताप सरनाइक का बेटा ईडी के समक्ष पेश हुआ

**भाषा।** मुंबई

**शिवसेना** विधायक प्रताप सरनाइक का बेटा विहंग सरनाइक धनशोधन के मामले में पूछताछ के लिए बुधवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुआ। यह दूसरी बार है जब विधायक का बेटा पूछताछ के लिए एजेंसी के समक्ष पेश हुआ है।

विहंग सरनाइक दोपहर 12 बजे दक्षिण मुंबई के बलार्ड एस्टेट स्थित ईडी के कार्यालय पहुंचे। इससे पहले 10 दिसंबर को उनके पिता से भी एजेंसी ने पूछताछ की थी। उल्लेखनीय है कि 24 नवंबर को ईडी ने प्रताप सरनाइक की 10 संपत्तियों, टॉप्स ग्रुप और उसके प्रवर्तक राहुल नंदा व कुछ अन्य के मुंबई और ठाणे स्थिति संपत्तियों की तलाशी ली थी। इसके बाद ईडी के अधिकारी ने विहंग सरनाइक को उनके घर से अपने साथ पूछताछ के लिए ले गए थे। ईडी ने पिछले महीने प्रताप सरनाइक के कथित करीबी अमित चंदोले, टॉप्स ग्रुप के प्रबंध निदेशक एम शशिधरण को धन शोधन निषेध कनून के तहत गिरफ्तार किया था। टॉप्स ग्रुप के पूर्व कर्मचारी रमेश अय्यर की शिकायत पर यह कार्वाई की गई है।

अय्यन ने आरोप लगाया कि वर्ष 2014 में मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्रधिकरण (एमएमआरडीए) को 350 से 500 सुरक्षा कर्मियों की आपूर्ति करने का करार हुआ था लेकिन सुरक्षा एजेंसी ने तय संख्या के 70 प्रतिशत सुरक्षकर्मी मुहैया कराए। उन्होंने आरोप लगाया कि एमएमआरडीए द्वारा भुगतान की गई राशि का एक हिस्सा आरोपी के निजी खाते में गया। वहीं, शिवसेना ने छापेमारी को राजनीतिक बदले की कार्वाई बताया है।

# भारत ने ओडिशा तट से मध्यम रेंज की मिसाइल का किया सफल परीक्षण

**बालासोर (ओडिशा)।** भारत ने जमीन से हवा में मार करने में सक्षम मध्यम रेंज की मिसाइल (एमआरएसएएम) का बुधवार को ओडिशा तट से सफल परीक्षण किया। रक्षा सूत्रों ने इस बारे में बताया। एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) के परीक्षण स्थल-एक में ग्राउंड मोबाइल लांचर से तीन बजकर 55 मिनट पर यह मिसाइल दागी गई और इसने पूरी सटीकता से लक्ष्य को भेद दिया। इससे पहले एक मानव रहित यान (यूएवी) बंशी को हवा में उड़ान के लिए भेजा गया और एमआरएसएएम ने इसे सटीकता से निशाना बनाया। भारत डायनामिक्स लिमिटेड ने एमआरएसएएम का निर्माण किया है। भारतीय सेना में इसको शामिल करने से रक्षा बलों की लड़ाकू क्षमता में और बढ़ोतरी होगी। परीक्षण के लिए मिसाइल दागे जाने के बाद से समुद्र में इसके गिरने तक विभिन्न रडार और अन्य उपकरणों के जरिए इसकी निगरानी की गई। राजस्व विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि मिसाइल छोड़े जाने के पहले बालासोर जिला प्रशासन ने परीक्षण स्थल के ढाई किलोमीटर के दायरे में रहने वाले 8100 से ज्यादा लोगों को बुधवार सुबह पास के आश्रय केंद्र में पहुंचा दिया था।



कोलकाता में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनकड़ और उनकी पत्नी सुदेश धनकड़ ने ऐतिहासिक कालीघाट काली मन्दिर में माता के दर्शन कर की पूजा-अर्चना

सेनाध्यक्ष पूर्वी लद्दाख की अग्रिम चौकियों पर पहुंचे

# जनरल एमएम नरवणे ने हालात का जायजा लिया

**भाषा।** नई दिल्ली



**सेनाध्यक्ष जनरल** एमएम नरवणे ने बुधवार को पूर्वी लद्दाख में ऊंचाई पर स्थित विभिन्न अग्रिम चौकियों का दौरा किया और गत सात महीने से इलाके में चीन के साथ जारी गतिरोध के मद्देनजर भारत की सैन्य तैयारियों की समीक्षा की। सेना के आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि जनरल नरवणे ने रेचिन ला सहित अग्रिम चौकियों का दौरा किया और लद्दाख से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के हालात का स्वयं आंकलन किया।

अधिकारियों ने बताया कि पूर्वी लद्दाख के विभिन्न पर्वतीय ठिकानों जहां पर तापमान शून्य डिग्री से भी नीचे है, करीब 50 हजार जवानों की लड़ाई की स्थिति के लिए तैयार अवस्था में तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि चीन ने भी इतनी ही संख्या में अपने सैनिकों की तैनाती इन इलाकों में की है। लेह स्थित 14वीं कोर कमान जिसे आमतौर पर फायर ऍंड फ्यूरी कोर भी कहा जाता है के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल पीजीके मेनन ने सेनाध्यक्ष को पूर्वी लद्दाख के हालात और विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि कड़ाके की सर्दी वाले इलाके के जमीनी हालात की समीक्षा करने के उद्देश्य से जनरल नरवणे एक दिन के दौरे पर सुबह करीब आठ बजकर 30 मिनट पर लद्दाख पहुंचे। सेना ने ट्वीट कर बताया, थलसेना अध्यक्ष जनरल नरवणे ने रेचिन ला सहित फायर ऍंड फ्यूरी कोर के अधिकार क्षेत्र वाले अग्रिम इलाके का दौरा किया और स्वयं एलएसी के हालात का आकलन किया। उन्हें फायर ऍंड फ्यूरी कोर के कमांडर और अन्य स्थानीय कमांडरों ने हमारी सैन्य तैयारी से अवगत कराया। सेना के मुताबिक जनरल नरवणे ने अग्रिम इलाकों में तैनात जवानों से संवाद किया और इसी जोश और जज्बे के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। सेना प्रमुख ने क्रिसमस करीब होने के मद्देनजर मिठाई और केक बांटे। उल्लेखनीय है कि करीब साढ़े तीन महीने पहले भारतीय सैनिक पूर्वी लद्दाख में पेंगोंग झील के दक्षिण किनारे पर रणनीतिक रूप से अहम मुखपरी, रेचिन ला और मगर हिल इलाके के कई ऊंचाई वाले स्थानों पर काबिज हो गए थे। भारतीय सेना ने यह कार्वाई 29-30 अगस्त की दरमियानी रात को पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) द्वारा उन्हें धमकाने की कोशिश करने के बाद की। सेना ने एक अन्य ट्वीट में कहा, जनरल एमएम नरवणे ने रेचिन ला स्थित अग्रिम चौकियों पर सैनिकों के रहने के लिए अधुनिक निवास का दौरा किया। उन्होंने एलएसी पर जवानों को रहने के लिए आरामदायक सुविधा स्थापित करने के कदम की प्रशंसा की। सेना ने बताया कि सेनाध्यक्ष ने अग्रिम ठिकाने तारा का भी दौरा किया और स्थानीय कमांडर एवं जवानों से बातचीत की। सेना के मुताबिक उन्होंने उनके उच्च मनोबल और सैन्य तैयारी की प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि पांच मई को पेंगोंग झील इलाके में भारतीय सेना और पीएलए के सैनिकों के बीच हिंसक झड़प होने के बाद सैन्य गतिरोध पैदा हो गया। इसी तरह की झड़प उत्तरी सिक्किम में भी नौ मई को हुई। पिछले हफ्ते चीन और भारत के बीच एक और दौर की राजनयिक स्तर पर वार्ता हुई और इस दौरान पूर्वी लद्दाख में एलएसी के करीब तनाव वाले सभी क्षेत्रों से सैनिकों को पीछे ले जाने की प्रक्रिया यथाशीघ्र पूरी करने पर सहमति बनी। इस बैठक में सहमति बनी कि अगले दौर की सैन्य वार्ता यथाशीघ्र तय तारीख पर होनी चाहिए ताकि दोनों पक्ष मौजूदा द्विपक्षीय समझौतों एवं प्रोटोकॉल के सैनिकों को पीछे करने की प्रक्रिया जल्द पूरी करने के लिए काम कर सकें। भारत और चीन ने इस गतिरोध को दूर करने के लिए गत महीनों में राजनयिक और सैन्य स्तर पर कई दौर की वार्ता की है, लेकिन इसका समाधान नहीं निकल सका है।

# सिस्टर अभया मामले में पादरी और नन को आजीवन कारावास

**पायनियर समाचार सेवा।** तिरुवनंतपुरम

**सीबीआई** की यहां एक विशेष अदालत ने केरल के कोट्टायम में 28 साल पहले हुई सिस्टर अभया की हत्या के दोषी पाए गए कैथोलिक पादरी और नन को बुधवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश के सनल कुमार ने कैथोलिक चर्च के फादर थॉमस कोट्टूर को आजीवन कारावास की दोहरी सजा सुनाई और उस पर 6.5 लाख रुपए जुर्माना लगाया, जबकि मामले की दूसरी दोषी सिस्टर सेफी को आजीवन कारावास और 5.5 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई। अदालत ने पादरी एवं नन को सिस्टर अभया की हत्या का मंगलवार को दोषी पाया था। यह मामला 21 वर्षीय अभया की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत से संबंधित है। उनका शव 27 मार्च 1992 को सेंट पायस कॉन्वेंट के एक कुएं में मिला था। पादरी और नन को सबूतों से छेड़छाड़ करने के मामले में भी सात-सात साल की सजा सुनाई गई है। अदालत ने हालांकि कहा कि दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अभियोजन के मुताबिक, कोट्टूर और पृथीक्कईल का कथित रूप से सेफी से अवैध संबंध था। सीबीआई के आरोप पत्र के मुताबिक, 27 मार्च 1992 की रात को अभया ने कोट्टूर और सेफी को कथित रूप से आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया जिसके बाद आरोपियों ने अभया पर कुल्हाड़ी से हमला किया और उसे कुएं में फेंक दिया। फादर कुट्टूर को आईपीसी की धाराओं 302 और 449 के तहत हत्या और अपराध के लिए अवैध रूप से घर में घुसने के मामले में आजीवन कारावास की दोहरी सजा सुनाई गई। अदालत ने धारा 302 के तहत पांच लाख और अपराध के लिए अवैध रूप से घर में घुसने के मामले में पादरी पर एक लाख रुपए जुर्माना लगाया। उसे सबूतों से छेड़छाड़ करने के कारण आईपीसी की धारा 201 के तहत सात साल की कैद और 50,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई।

# कोविड-19 से खतरनाक विषाणु है टीएमसी भाजपा उससे छुटकारे का टीका : दिलीप घोष

**भाषा।** कुल्पी (पश्चिम बंगाल)

**पश्चिम बंगाल** भाजपा प्रमुख दिलीप घोष ने बुधवार को सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को कोविड-19 से भी खतरनाक वायरस करार देते हुए कहा कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में इसे खत्म करने के लिए भाजपा टीके का काम करेगी।

दक्षिण 24 परगना जिले के कुल्पी में एक रैली को संबोधित करते हुए घोष ने कहा कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आई तो वह भाजपा और अन्य विपक्षी कार्यकर्ताओं पर थोपे गए गलत मामलों को वापस ले लेगी लेकिन तृणमूल के कार्यकर्ताओं को राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ ज्यादती करने को लेकर कड़ी कार्वाई की चेतावनी दी। उन्होंने कहा, टीएमसी कोविड-19 से भी ज्यादा खतरनाक वायरस है। अगले साल विधानसभा चुनावों में भाजपा टीका टीएमसी वायरस को खत्म कर देगा। राज्य की 294 सदस्यों वाली विधानसभा के लिए अगले साल अप्रैल-मई में चुनाव होने की उम्मीद है।

तृणमूल को राज्य में अब तक का सबसे अलोकतांत्रिक दल करार देते हुए घोष ने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार के गिनती के दिन बचे होने के बावजूद सत्ताधारी दल के कार्यकर्ता भाजपा के कार्यकर्ताओं को धमका रहे हैं। घोष ने कहा, जब हम सत्ता में आएंगे तब हम भाजपा कार्यकर्ताओं और अन्य विपक्षी कार्यकर्ताओं पर लगाए गए सभी झूठे मामलों को वापस लेंगे। लेकिन हमें प्रताड़ित करने वाले टीएमसी सदस्यों को अंजाम भुगतना होगा। हम उनके खिलाफ कड़ी कार्वाई करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम के कुछ दिनों बाद 29 दिसंबर को बीरभूम में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के तय रोड शो का मजाक उड़ाते हुए घोष ने कहा कि तृणमूल को भाजपा के सुशासन के उदाहरण का भी पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा, बीरभूम में वैसे ही रोड शो की योजना बनाकर टीएमसी भाजपा का अनुकरण कर रही है। उन्हें केंद्र के सुशासन के उदाहरण को भी अपनाना चाहिए। टीएमसी सरकार पश्चिम बंगाल में केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं को लागू करने की मंजूरी नहीं देती। घोष के वायरस वाले बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल के महासचिव पार्थ चटर्जी ने कहा कि ऐसी टिप्पणी भाजपा की मनोदशा दर्शाती हैं। उन्होंने कहा, हम ऐसे बयानों पर टिप्पणी नहीं करना चाहते। यह भाजपा की मनोदशा दर्शाती है। प्रदेश के लोग उन्हें माकूल जवाब देंगे।

# मंत्रिमंडल ने पांच फिल्म मीडिया इकाइयों के विलय को मंजूरी दी

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय मंत्रिमंडल** ने फिल्म डिवीजन, फिल्म समारोह निदेशालय, भारतीय राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार और बाल फिल्म सोसायटी तथा राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) के विलय को मंजूरी दे दी। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर यह जानकारी दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, बुनियादी ढांचा, मानव शक्ति और अन्य संसाधनों को युक्तिसंगत बनाने के उद्देश्य से इन फिल्म मीडिया इकाइयों के विलय को मंजूरी दी गई। इसमें कहा गया है कि फिल्म मीडिया इकाइयों के एक निगम के अंतर्गत विलय से कार्यों और साधनों में एकरूपता आएगी तथा बेहतर समन्वय स्थापित होगा जिससे प्रत्एक मीडिया इकाई द्वारा आदेश पत्र हासिल करने में एकरूपता और कुशलता सुनिश्चित हो सकेगी। मंत्रालय ने कहा कि एकरूपता का कार्य करते समय सभी संबद्ध मीडिया इकाइयों के कर्मचारियों के हितों की रक्षा की जाएगी और किसी भी कर्मचारी को हटाया नहीं जाएगा। प्रमुख संगठन फिल्म मीडिया इकाइयों के विलय के परिणामस्वरूप एनएफडीसी को एक प्रबंधन के अंतर्गत फिल्म की विषयवस्तु के प्रचार निर्माण और उसे सुरक्षित रखने के संबंध में अलग ढंग से रखा जाएगा।

# भारत में कोविड-19 के 23,950 नए मामले आए सामने, 333 और मौतें

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत में** एक दिन में कोविड-19 के 23,950 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 1,00,99,066 हो गए हैं, जबकि इनमें से 96.63 लाख से अधिक लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार 333 और मरीजों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 1,46,444 हो गई है।

मंत्रालय के अनुसार 96,63,382 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जिसके साथ ही संक्रमण से उबरने की राष्ट्रीय दर 95.69 प्रतिशत हो गई है जबकि कोविड-19 से मृत्युदर 1.45 प्रतिशत है। कोविड-19 के उपचाराधीन रोगियों की संख्या लगातार दूसरे दिन तीन लाख से कम रही। आंकड़ों के अनुसार देश में उपचाराधीन रोगियों की संख्या



2,89,240 है, जो कुल मामलों का 2.86 प्रतिशत है। भारत में कोविड-19 मामले सात अगस्त को 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख, पांच सितम्बर को 40 लाख, 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख, 20 नवम्बर को 90 लाख और 19 दिसम्बर को एक करोड़ के पार पहुंच गए थे। भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार 22 दिसम्बर तक कुल 16,42,68,721 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई। इनमें से 10,98,164 नमूनों की जांच मंगलवार को की गई। आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में जिन 333 लोगों की मौत हुई, उनमें से महाराष्ट्र के 75 , पश्चिम बंगाल के 38 , केरल के 27 और दिल्ली के 25 लोग थे। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में वायरस से अभी तक 1,46,444 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से महाराष्ट्र के 48,876, कर्नाटक के 12,029 , तमिलनाडु के 12,012, दिल्ली के 10,329, पश्चिम बंगाल के 9,439, उत्तर प्रदेश के 8,224, आंध्र प्रदेश के 7,082 और पंजाब के 5,230 लोग थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अभी तक जिन लोगों की मौत हुई, उनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मामलों में मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का आईसीएमआर के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

## एबीवीपी के राष्ट्रीय सम्मेलन में नई शिक्षा नीति और कृषि कानूनों पर होगी चर्चा

**नागपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की 25 और 26 दिसंबर को यहां होने जा रहे राष्ट्रीय सम्मेलन में नई शिक्षा नीति (एनईपी), कृषि कानूनों, आत्मनिर्भर भारत और कोविड-19 महामारी पर चर्चा होगी। इस सम्मेलन में देशभर के 1.5 लाख एबीवीपी कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे और सम्मेलन का उद्घाटन नागपुर के रेशमीबाग स्थित डॉ. हेडगेवार स्मारक स्मृति मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के महासचिव भैयाजी जोशी करेंगे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी 26 दिसंबर को उपस्थित रहेंगे। एबीवीपी की राष्ट्रीय महासचिव निधि त्रिपाठी ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि छात्र संगठन राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान चार प्रस्ताव को पारित कर केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा, हम नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को यथाशीघ्र लागू करने की मांग करेंगे। हम किसानों के मौजूदा मुद्दे पर भी प्रस्ताव पारित करेंगे।



हैदराबाद में किसान दिवस के अवसर पर किसानों के साथ बातचीत के दौरान उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू

# एनएससीएन-के ने संघर्षवराम की घोषणा की

## शांतिवार्ता के लिए केंद्र से किया संपर्क

**भाषा।** कोहिमा

**नगा उग्रवादी** संगठन एनएससीएन-के ने बुधवार को संघर्ष विराम की घोषणा की और कहा कि उसने शांति वार्ता शुरू करने के लिए केंद्र सरकार से संपर्क किया है। इस उग्रवादी संगठन का नेतृत्व दुर्दांत उग्रवादी निकी सुमी कर रहा है। एनएससीएन-के ने 2001 में केंद्र के साथ एक संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर किया था लेकिन 2015 में एकपक्षीय तरीके से इसे तोड़ दिया, जब संगठन के तत्कालीन प्रमुख एस एस खापलांग जीवित थे।

मणिपुर में 2015 में भारतीय थल सेना के 18 सैनिकों की हत्या के मामले में सुमी मुख्य आरोपी है और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) उसके सिर पर 10 लाख रुपए के इनाम की घोषणा की थी। सुमी ने एक बयान में कहा कि एनएससीएन-के इन वर्षों में नगा मुद्दे का सम्मानजनक और स्वीकार्य राजनीतिक समाधान ढूंढने के लिए प्रयासरत रहा तथा संगठन काफी समय से लंबित इस विषय के शीघ्र समाधान के लिए नगा लोगों की गहरी भावनाओं से भी अवगत है। बयान में कहा गया है कि एनएससीएन-के इस बात से अवगत है कि केंद्र सरकार ने सभी हितधारकों की भागीदारी के साथ नगा मुद्दे का एक अंतिम एवं टिकाऊ समाधान तलाशने के लिए हाल के समय में गंभीर और वास्तविक कोशिशें की हैं। बयान में कहा गया है, इसलिए, संगठन ने इस अहम मोड़ पर शांति प्रक्रिया को मजबूत करने और उसका समर्थन करने का संकल्प लिया है। हमारे नेताओं ने इस सिलसिले में भारत सरकार के अधिकारियों से संपर्क स्थापित किया है।

बयान में कहा गया है, प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए और नगा लोगों, खासतौर पर नगा सिविल सोसाइटी संगठनों और गैर सरकारी संस्थाओं (एनजीओ) की आकांक्षा को ध्यान में रखते हुए एनएससीएन ने 2015 में संघर्ष विराम समझौते को एकपक्षीय तरीके से तोड़ने के पूर्व के फैसले को रद्द करते हुए इस समझौते को तत्काल प्रभाव से फिर से लागू करने का फैसला किया है। संगठन ने कहा कि उसे उम्मीद है कि केंद्र सरकार नगालैंड में शांति और नगा लोगों के व्यापक हितों का लेकर विश्वास बहाली उपाय के तौर पर उसके फैसले का सम्मान करते हुए सकारात्मक जवाब देगी। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि भारतीय मूल के लोगों एवं कैडर द्वारा म्यामां से संचालित किया जाने वाला यह अंतिम (उग्रवादी) संगठन है। अधिकारी ने कहा कि उनके शांति प्रक्रिया में शामिल होने से नगा शांति प्रक्रिया में तेजी आएगी क्योंकि एनएससीएन-के का शेष हिस्सा म्यामां केंद्रित है और सरकार के लिए वह प्रासंगिक नहीं है। अन्य प्रमुख संगठन--एनएससीएन-आईएम ने 1997 में केंद्र सरकार के साथ एक संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर किया था और इसके बाद शांति वार्ताओं में शामिल हुआ था।

## महाराष्ट्र सरकार ने मराठा समुदाय के लिए ईडब्ल्यूएस आरक्षण को मंजूरी दी

**मुंबई।** मराठा समुदाय को बड़ी राहत देते हुए महाराष्ट्र कैबिनेट ने उन्हें आर्थिक रूप से कमजोर तबका (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी में शिक्षा और नौकरी में आरक्षण देने का बुधवार को फैसला किया। किसी अन्य सामाजिक आरक्षण के दायरे में नहीं आने वाले जरूरतमंद लोगों के लिए ईडब्ल्यूएस के तहत 10 प्रतिशत आरक्षण तय किया गया है। गौरतलब है कि सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग के तहत मराठा समुदाय को दिए गए आरक्षण पर शीर्ष अदालत ने रोक लगा दी है। राज्य सरकार ने इस फैसले को चुनौती दी है। उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ के समक्ष मामले की अगली सुनवाई 25 जनवरी, 2021 को होनी है। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, राज्य कैबिनेट ने एक अन्य फैसले में प्राचीन मंदिरों के संरक्षण और मरम्मत की परियोजना को भी मंजूरी दी। राज्य का लोक निर्माण विभाग इस परियोजना को लागू करेगा।

शेष पेज 1...

## सरकार बातचीत ...

प्रदर्शनकारी किसानों की बात खुले मन से सुनने को तैयार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वार्ता के जरिए किसी समाधान पर पहुंचा जा सकता है। उन्होंने कहा, ''इतिहास इसकी गवाही देता है। प्रदर्शन चाहे कितना भी लंबा चला हो और मजबूत रहा हो, उसका समापन या समाधान सिर्फ वार्ता के जरिए ही निकला है।''उन्होंने कहा कि किसान संगठनों को सरकार के प्रस्ताव पर चर्चा करनी चाहिए और बताना चाहिए कि उसमें क्या जोड़ा या हटाया जाना चाहिए। इससे इतर, ग्रामीण स्वंयसेवी संस्थाओं के परिसंघ (सीएनआरआई) के एक प्रतिनिधमंडल को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि भारत के लिए कृषि का क्षेत्र बहुत महत्वपूर्ण है और सरकार इसे सशक्त बनाने को लेकर प्रतिबद्ध है और रहेगी। सीएनआरआई प्रतिनिधमंडल ने कृषि कानूनों का समर्थन किया। तोमर ने कहा, ''पिछले छह सालों में सरकार ने बहुत हद तक सुधार के प्रयास किए हैं। अभी भी कई क्षेत्र बचे हैं जहां सुधार बाकी है।'' उन्होंने कहा कि पूर्व में भी कृषि क्षेत्र में सुधारों की सिफारिश विशेषज्ञों, संगठनों और मुख्यमंत्रियों की ओर से की गई थी लेकिन पूर्ववर्ती सरकारें उन सुझावों को कानून में तब्दील नहीं कर सकीं, जबकि मोदी सरकार ने इस सुधारों को कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि अधिकांश किसान इन सुधारों के पक्ष में हैं जबकि कुछ प्रदर्शन कर रहे हैं।

## किसान हितों से...

स्पष्ट की है। केंद्र और प्रदेश सरकार के प्रयासों से किसानों के जीवन में खुशहाली लाने का कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने रमाला चीनी मिल चालू कर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को सच्ची श्रृद्धांजलि दी है। रमाला में 50 हजार कुंतल प्रतिदिन गन्ना की पेराई हो रही है। सरकार ने चौधरी साहब को सम्मान देने के साथ ही किसानों का भी मान बढ़ाया है। चौधरी चरण सिंह की कर्मभूमि बागपत की रमाला चीनी मिल 30 वर्षों से बंद थी। उस चीनी मिल का नवीनीकरण और विस्तारीकरण नहीं किया गया था। किसानों के नाम पर राजनीति करने वाले लोग सत्ता पर काबिज होते ही मौन हो जाते थे, कभी उनकी चिंता नहीं करते थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने 1.2 लाख करोड़ का बकाया गन्ना मूल्य भुगतान कराया और बंद हो चुकीं चीनी मिलों को फिर से शुरू कराया। आज प्रदेश में चीनी मिलों का विस्तारीकरण किया जा रहा है। केंद्र सरकार की तर्ज पर प्रदेश सरकार ने भी किसान हित में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। चाहे वह 36000 करोड़ से 86 लाख किसानों का ऋणमोचन हो या लंबित सिंचाई परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का कार्यए प्रदेश सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता स्पष्ट की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 दिसम्बर को किसान सम्मान निधि की अगली किश्त के रूप में किसानों के खातों में 18 हजार करोड़ भेजने वाले हैं, जिससे अन्नदाताओं के लिए समृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया जा सके। 54 हजार करोड़ वार्षिक और 18 हजार करोड़ की धनराशि प्रत्येक चार माह में प्रधानमंत्री द्वारा सम्मान निधि के तहत किसानों के खातों में भेजी जाती है। इससे किसान समय पर खाद, बीज, कृषि रसायन खरीद कर खेती के लिए अपनी जरूरत को पूरा करता है। उन्होंने कहा कि किसानों को बिचौलियों और साहूकारों से मुक्ति मिल सकेए इसके लिए भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

## परदेस में काम ...

और आंध्र प्रदेश समेत तमाम राज्यों के आर्थिक विकास और उद्योगों की रीढ़ बन चुके यूपी के लाखों प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा और सम्मान पर योगी सरकार की पैनी नजर होगी । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परदेश में रहने वाले मजदूरों की सुरक्षा, सुविधा और सम्मान की रक्षा के निर्देश अफसरों को दिए हैं। योगी सरकार अपने मजदूरों की हाल खबर रखने के लिए दिल्ली, मुंबई और कोलकाता जैसे शहरों में अपने अफसर तैनात करने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके निर्देश दे दिए हैं। योजना की शुरुआत मुंबई में अफसरों की तैनाती से होने जा रही है। तय योजना के मुताबिक मुंबई में उत्तर प्रदेश सरकार के दो अफसरों की तैनाती की जाएगी। मुंबई में मौजूद रह कर ये अफसर यूपी के मजदूरों को मिल रही सुविधा, सुरक्षा और सम्मान पर नजर रखेंगे।

## 25 की मध्य ...

की गतिविधियों में सुधार आएगा और योजनाओं की व्यापकता बढ़ेगी। इसके जरिए पंचायत की पूरी जानकारी एक ही जगह मिल जाएगी। यहं सरपंच, पंचों, पंचायत सचिव, खर्चे, संपत्ति का विवरण, ग्राम पंचायत विकास योजना, जीपीडीपी में की गईं गतिविधियां, जनगणना 2011, मिशन अंत्योदय सर्वेक्षण रिपोर्ट आदि सब यहां मिल सकता है।

## इफको संयंत्र में ...

बहादुरी से स्थिति का सामना किया। इफको ने बयान में कहा कि हादसा उस समय हुआ जब अमोनिया प्लंजर पंप अचानक टूट कर अलग हो गया और अमोनिया गैस का भारी रिसाव होने लगा। इफको फूलपुर के जनसंपर्क अधिकारी विश्वजीत श्रीवास्तव ने कहा कि घटनास्थल पर ड्यूटी पर तैनात सहायक प्रबंधक वीपी सिंह और उप प्रबंधक अभय नंदन कुमार भी अमोनिया गैस रिसाव की चपेट में आ गए। श्रीवास्तव ने कहा कि दोनों अधिकारियों को उपचार के लिए शहर के एक अस्पताल में ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## विलम्ब शुल्क के ...

पर अपलोड करने की अंतिम तिथि को संशोधित करते हुए 5 जनवरी 2021 तक बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा पंजीकृत अभ्यर्थियों की फोटो युक्त नामावली एवं तत्सम्बंधी कोषपत्र की एक प्रति परिषद के क्षेत्रीय कार्यालयों को भेजे जाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 10 जनवरी 2021 कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सत्र 2020.21 के कक्षा 9 एवं कक्षा 11 के छात्र छात्राओं का प्रवेश लेने एवं उनका पंजीकरण शुल्क लेकर अग्रिम पंजीकरण की तिथि को बढ़ाते हुए अंतिम तिथि 10 जनवरी, 2021 कर दी गई है। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा कक्षा 9 एवं कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं के अग्रिम पंजीकरण शुल्क 50 रुपये प्रति छात्र की दर से चालान के माध्यम से कोषागार में एकमुश्त जमा करने एवं जमा किए गए पंजीकरण शुल्क की सूचना तथा छात्र-छात्राओं के शैक्षिक विवरणों को परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 10 जनवरी 2021 कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा पंजीकृत अभ्यर्थियों की फोटो युक्त नामावली एवं तत्सम्बंधी कोषपत्र की एक प्रति परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय को भेजे जाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 15 जनवरी 2021 कर दिया गया है।

## जनादेश अलगाववादियों ...

संवाददाता सम्मेलन में जम्मू एवं कश्मीर के जिला विकास परिषद चुनावों के परिणामों को इस केंद्र शासित प्रदेश के भविष्य को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच की जीत करार दिया और दावा किया कि जनादेश जनता द्वारा अलगाववादियों, आतंकवादियों, चरमपंथियों और उनके संरक्षकों पर लगाया गया ''जोरदार तमाचा'' है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री फारुक अब्दुल्ला के नेतृत्व में बने सात दलों के गुपकर गठबंधन द्वारा नतीजों को अपनी जीत बताने के दावे को भी खारिज किया और कहा कि वहां भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है तथा उसे नेशनल कांफ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और कांग्रेस को मिले मतों से ज्यादा मत मिले हैं। प्रसाद ने कहा कि इस चुनाव में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर सामने आयी है जिसे 74 सीटें मिली हैं जबकि नेशनल कांफ्रेंस को 67, पीडीपी को 27 और कांग्रेस को 26 सीटें मिली हैं। उन्होंने दावा किया कि बतौर निर्दलीय चुनाव जीतने वाले 39 उम्मीदवारों को भाजपा का समर्थन हासिल था। गुपकर गठबंधन के खाते में 110 सीटें गई हैं। जम्मू क्षेत्र में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रसाद ने कहा कि अब घाटी में भी ''कमल'' खिला है। मालूम हो कि ''कमल'' भाजपा का चुनाव चिह्न है। उन्होंने दावा किया कि गुपकर गठबंधन भाजपा से अकेले नहीं लड़ने की कमजोरी के कारण बना था। प्रसाद ने कहा, ''यह लोकतंत्र की जीत है। जम्मू कश्मीर के अवाम की जीत है। आशा की जीत है और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो कश्मीर के भविष्य के लिए सोचा, उसकी जीत है।'' उन्होंने कहा कि कश्मीर की जनता ने राज करने वालों और काम करने वालों के अंतर को पहचाना है। उन्होंने कहा, ''लोगों ने देखा है कि जम्हूरियत उनके दरवाजे पर विकास की दस्तक दे सकती है।

# 10 आईपीएल टीमों की मिलेगी मंजूरी

**गुरुवार को होने वाली बोर्ड की सालाना बैठक में कर में छूट और क्रिकेट समितियों का गठन एजेंडे में रहेगा**

भाषा। अहमदाबाद

**अगले** साल भारत में होने वाले टी-20 विश्व कप को कर में पूरी छूट दिए जाने का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को आश्वासन देने के लिए मिली समय सीमा खत्म होने में एक सप्ताह ही रह गया है और ऐसे में भारतीय क्रिकेट बोर्ड की गुरुवार को यहां होने वाली आम सभा की 89वीं सालाना बैठक में यह मसला प्रमुख रहेगा।

इसके अलावा दो नई आईपीएल टीमों को शामिल करना और विभिन्न क्रिकेट समितियों का गठन भी एजेंडे में शामिल होगा। अगले साल अक्टूबर नवंबर में भारत में होने वाले टी-20 विश्व कप के आयोजन के लिए कर में पूरी छूट की गारंटी देने के लिए आईसीसी ने बोर्ड को 31 दिसंबर तक की समय सीमा दी है। कर छूट नहीं मिलने पर टूर्नामेंट यूएई में खेला जाएगा। इससे पहले भी वैश्विक टूर्नामेंटों को कर में छूट देने की परंपरा रही है लेकिन मौजूदा कर कानूनों के तहत खेल आयोजनों को ऐसी रियायत नहीं मिलती। अब देखना होगा कि इस मसले पर बीसीसीआई का क्या रूख रहता है। बीसीसीआई और आईसीसी के बीच कर छूट का यह मसला नया नहीं है। इससे पहले भी 2016 में भारत में हुए टी-20 विश्व कप पर लगाए गए कर की वसूली के लिए आईसीसी ने बीसीसीआई के सालाना राजस्व का हिस्सा काटने की धमकी दी थी।

इस बीच बीसीसीआई के नए उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला के चयन की भी इस बैठक में औपचारिक घोषणा होगी जो सर्वसम्मति से चुने गए हैं। बृजेश पटेल आईपीएल संचालन परिषद के प्रमुख बने रहेंगे। ऐसी भी अटकलें हैं कि बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली से उनके विज्ञापनों और उससे जुड़े हितों के टकराव के मामले पर भी सवाल किए जाएंगे लेकिन अभी इस पर कोई स्पष्टता नहीं है।

आईपीएल 2022 के लिए दो नई टीमों को भी मंजूरी दी जाएगी। बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस समय आईपीएल में 10 टीमें रखना 2021 के लिए संभव नहीं है। इसके लिए निविदा की प्रक्रिया और नीलामी लंबा समय लेगी और इतने कम समय में यह मुमकिन नहीं। उन्होंने कहा कि यह सही होगा कि मंजूरी ले ली जाए और 2022 में 94 मैचों का टूर्नामेंट हो।

आईसीसी के मंचों पर बीसीसीआई सचिव और गांगुली बोर्ड के प्रतिनिधि बने रहेंगे। बीसीसीआई अगर 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने का समर्थन करता है तो उसकी स्वायत्ता खत्म हो जाएगी और वह राष्ट्रीय खेल महासंघ होने के नाते खेल मंत्रालय के अंतर्गत आ जाएगा। बीसीसीआई को विभिन्न समितियों का गठन भी लंबे समय से रूका हुआ है। समझा जाता है कि नई क्रिकेट सलाहकार समिति का गठन होगा जो तीन नए चयनकर्ता चुनेगी।

# भारत ने दूसरे टेस्ट के लिए तैयारी शुरू की



भाषा। मेलबर्न

**पहले** टेस्ट में मिली शर्मनाक हार को भुलाकर भारतीय क्रिकेट टीम ने कार्यवाहक कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ शनिवार से शुरू हो रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट की तैयारी शुरू कर दी और शुभमन गिल भी नेट्स पर अभ्यास करते नजर आए। गुलाबी गेंद से खेले गए अभ्यास मैच में 43 और 65 रन बनाने के बावजूद गिल को पहले मैच में मौका नहीं मिला था। उन्होंने मयंक अग्रवाल के साथ अभ्यास किया जिससे संकेत मिला है कि दोनों दूसरे टेस्ट में पारी का आगाज कर सकते हैं।

पंजाब के लिए रणजी ट्रॉफी में पारी की शुरुआत करने वाले गिल को खराब फॉर्म से जूझ रहे पृथ्वी साव पर तरजीह दी जा सकती है। के एल राहुल ने भी नेट्स पर लंबा समय बिताया। सिर में चोट के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहे हरफनमौला रविंद्र जडेजा भी नेट्स पर उतरे। उन्होंने एक घंटे अभ्यास किया और सौराष्ट्र के अपने साथी चेतेश्वर पुजारा को गेंदबाजी की। इसके बाद वह फिर दूसरे सत्र में लौटे। भारतीय टीम एडीलेड में पहले टेस्ट की दूसरी पारी में टेस्ट क्रिकेट के अपने न्यूनतम स्कोर 36 रन पर आउट हो गई थी। कप्तान विराट कोहली पितृत्व अवकाश पर स्वदेश रवाना हो चुके हैं और अब रहाणे टीम की कमान संभालेंगे। अभ्यास सत्र की शुरूआत में मुख्य कोच रवि शास्त्री ने खिलाड़ियों से बात की। बीसीसीआई ने ट्विटर पर लिखा कि हम मेलबर्न में हैं और लाल गेंद से टेस्ट शुरू होने वाला है। मिलकर तैयारी का समय है हैशटैग टीम इंडिया। शास्त्री ने ऋषभ पंत से भी बात की जो रिधिमान साहा से पहले बल्लेबाजी अभ्यास के लिए आए। अभ्यास मैच में 73 गेंद में 103 रन बनाने वाले पंत को दूसरे टेस्ट में साहा की जगह उतारा जा सकता है। मोहम्मद शमी कलाई के फ्रेक्चर के कारण बाकी मैच नहीं खेल सकेंगे। मोहम्मद सिराज और नवदीप सैनी ने शारदुल ठाकुर के साथ रहाणे को गेंदबाजी की।बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने साव के साथ बातचीत की जिन पर एडीलेड में खराब प्रदर्शन के बाद टीम में अपनी जगह बनाए रखने का जबर्दस्त दबाव है।

## भारत अब भी पासा पलट सकता है: डेरेन लीमैन

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कोच डेरेन लीमैन का मानना है कि एडीलेड में पहले टेस्ट में करारी हार के बावजूद भारत के पास ऐसे स्तरीय खिलाड़ी हैं जो आस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में पासा पलट सकते हैं। एडीलेड ओवल में दूसरी पारी में भारतीय टीम सिर्फ 36 रन पर सिमट गई थी जो टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में उसका न्यूनतम स्कोर है। आस्ट्रेलिया ने यह दिन-रात्रि टेस्ट आठ विकेट से जीतकर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 1-0 की बढ़त बनाई। लीमैन ने कहा कि अब उनके लिए चीजें मुश्किल होंगी लेकिन उनके पास कुछ स्तरीय खिलाड़ी हैं जो लय में आ जाएं तो पासा पलट सकते हैं। आस्ट्रेलिया के 50 साल के पूर्व बल्लेबाज लीमैन का मानना है कि भारत के पास प्रभावी गेंदबाजी आक्रमण है और अगर उनके बल्लेबाज उछाल लेती गेंदों से निपट सके तो मेहमान टीम श्रृंखला में वापसी कर सकती है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर वे गेंद से परेशान कर सकते हैं, यह इस पर निर्भर करेगा कि बल्लेबाज उछाल से निपट पाते हैं या नहीं। एमसीजी की पिच उनके अधिक अनुकूल होगी क्योंकि यह थोड़ी सपाट है।

लीमैन ने कहा, इसलिए, हमें देखना होगा कि उनके बल्लेबाज वापसी करते हुए कुछ रन बना सकते हैं, विशेषकर पहली पारी में। यह उनके लिए अहम होगा। दोनों टीमों के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट 26 दिसंबर से मेलबर्न में खेला जाएगा। भारतीय टीम इस मैच में नियमित कप्तान विराट कोहली और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के बिना उतरेगी। कोहली अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए स्वदेश लौट गए हैं जबकि शमी को पहले दिन-रात्रि टेस्ट के दौरान हाथ में फ्रेक्चर हो गया।

## दूसरा टेस्ट भी नहीं खेल सकेंगे वॉर्नर और एबोट

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर और तेज गेंदबाज सीन एबोट चोट और कोरोना प्रोटोकॉल के कारण भारत के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू हो रहा दूसरा क्रिकेट टेस्ट भी नहीं खेल सकेंगे। वॉर्नर और एबोट अपनी अपनी चोटों के उपचार के लिए टीम के बायो बबल से बाहर थे। दोनों शनिवार को मेलबर्न पहुंचे हैं चूंकि सिडनी में कोरोना संक्रमण के नए मामले सामने आए हैं। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा कि कोई भी खिलाड़ी सिडनी में कोरोना हॉटस्पॉट पर नहीं था लेकिन क्रिकेट आस्ट्रेलिया के जैव सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत वे बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए टीम से नहीं जुड़ सकते हैं। इसमें कहा गया कि दोनों खिलाड़ी सिडनी से मेलबर्न आ गए हैं जहां रिहैबिलिटेशन जारी रखेंगे।

वॉर्नर को वनडे श्रृंखला के दौरान ग्रोइन की चोट लगी थी और वह पहला टेस्ट भी नहीं खेल सके थे। वहीं एबोट चोट से उबर चुके हैं लेकिन पहले टेस्ट की टीम में जगह नहीं बना सके। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा, बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए टीम में अतिरिक्त खिलाड़ी नहीं लिया जाएगा। तीसरे टेस्ट से पहले वॉर्नर और एबोट टीम से जुड़ेंगे। तीसरा टेस्ट सात जनवरी से होगा लेकिन इसका सिडनी में होना अभी तय नहीं है।

## चेतेश्वर पुजारा विश्व स्तरीय बल्लेबाज, उसे रोकना बड़ी चुनौती: नाथन लियोन

भाषा। मेलबर्न




**आस्ट्रेलियाई** गेंदबाज पहले टेस्ट में चेतेश्वर पुजारा के बल्ले पर अंकुश लगाने में कामयाब रहे लेकिन स्पिनर नाथन लियोन का कहना है कि इस विश्व स्तरीय बल्लेबाज को बाकी मैचों में रोक पाना कड़ी चुनौती होगा। लियोन ने कहा कि पुजारा के लिए उनकी टीम ने विशेष रणनीति बनाई है। दूसरा टेस्ट शनिवार से मेलबर्न में शुरू होगा। लियोन ने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मैं राज का खुलासा नहीं कर सकता लेकिन पुजारा विश्व स्तरीय बल्लेबाज है और बाकी मैचों में उसके बल्ले पर अंकुश लगाना काफी चुनौतीपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि हमने श्रृंखला शुरू होने से पहले ही उसके बारे में काफी बात की। एडीलेड में रणनीति कारगर साबित होते देखना अच्छा लगा लेकिन आगे कुछ नया करना होगा। उन्होंने कहा कि उसके मैदान पर उतरने के बाद हम उन योजनाओं पर अमल करेंगे। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को सामने खुद को आजमाना हमेशा रोचक होता है और पुजारा उन्हीं खिलाड़ियों में से एक है। लियोन ने एडीलेड टेस्ट में पुजारा को 43 के स्कोर पर आउट किया। आस्ट्रेलिया ने वह मैच आठ विकेट से जीता। इस अनुभवी स्पिनर ने यह भी कहा कि कप्तान विराट कोहली के स्वदेश लौटने के बावजूद भारतीय टीम में उनकी जगह लेने के लिए काफी प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। लियोन ने कहा कि अजिंक्य रहाणे और पुजारा हैं। इनके अलावा केएल राहुल, मयंक अग्रवाल भी शानदार खिलाड़ी हैं।विराट की जगह लेने के लिए उनके पास काफी खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह फिर काफी चुनौतीपूर्ण होगा और हमें तैयारी पुख्ता रखनी होगी। भारतीय टीम के पास विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं जो दूसरे टेस्ट में मजबूती से वापसी करेंगे।हम यह सोचकर नहीं उतर सकते कि उन्हें फिर 50 रन पर आउट कर देंगे।

## सिडनी ने दो टेस्ट की मेजबानी की पेशकश की

**सिडनी।** भारत और आस्ट्रेलिया के बीच नए साल में होने वाले टेस्ट को बचाने की कवायद के तहत सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) ट्रस्ट ने ब्रिसबेन टेस्ट की मेजबानी की भी पेशकश की है। न्यू साउथ वेल्स से टेस्ट खेलकर लौटने वाली टीमों को क्वींसलैंड सरकार से छूट नहीं मिलने की स्थिति में एससीजी ट्रस्ट ने चौथे और अंतिम टेस्ट की मेजबानी की भी पेशकश की है। सिडनी के उत्तरी तटों पर कोविड-19 के मामलों में इजाफे के बाद इस महीने की शुरूआत से क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) हाई अलर्ट पर है। सिडनी को सात जनवरी से तीसरे टेस्ट की मेजबानी करनी है। उत्तरी तटों पर स्थिति में सुधार हुआ है लेकिन इस तरह की आशंका है कि क्वीन्सलैंड सरकार न्यू साउथ वेल्स के साथ अपनी सीमा को बंद कर सकती है जिसका मतलब होगा के खिलाड़ी और प्रसारणकर्ता चैनल के कर्मचारी तीसरे और चौथे टेस्ट के बीच सिडनी से ब्रिसबेन की यात्रा नहीं कर पाएंगे। सिडनी क्रिकेट एवं स्पोर्ट्स ग्राउंड ट्रस्ट के चेयरमैन टॉनी शेपर्ड ने द एज से कहा, अगर जरूरी हुआ तो हम दो टेस्ट का आयोजन कर सकते हैं, कोई समस्या नहीं है।

मौजूदा हालात में हालांकि मेलबर्न तीसरे टेस्ट की मेजबानी के प्रबल दावेदार के रूप में उभरा है। मेलबर्न में 26 दिसंबर से बॉक्सिंग डे टेस्ट भी खेला जाना है।

## गेंदबाजों के कप्तान हैं रहाणे: ईशांत शर्मा



**नई दिल्ली।** भारत के तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा का कहना है कि कार्यवाहक कप्तान अजिंक्य रहाणे गेंदबाजों के कप्तान हैं और अपने शांत स्वभाव और खिलाड़ियों से स्पष्ट संवाद के कारण आस्ट्रेलिया के खिलाफ बाकी तीन मैचों में अच्छी कप्तानी करेंगे। नियमित कप्तान विराट कोहली के पितृत्व अवकाश पर स्वदेश लौटने के कारण रहाणे बाकी तीन टेस्ट में भारत की कप्तानी करेंगे। बाजू में चोट के कारण आस्ट्रेलिया दौरे से बाहर ईशांत ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा कि वह काफी चुप रहता है और आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। मैं जरूर कहूंगा कि वह गेंदबाजों का कप्तान है। उन्होंने कहा कि जब भी हमने साथ खेला है और विराट मैदान पर नहीं है तो वह मुझसे पूछता है कि कैसी फील्ड चाहिए। कब गेंदबाजी करना चाहते हो वगैरह। उन्होंने कहा कि वह कभी आदेश नहीं देता। उसे अच्छी तरह से पता है कि उसे टीम से क्या चाहिए। कोहली की गैर मौजूदगी में आस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के खिलाफ रहाणे की कप्तानी में भारत ने दोनों टेस्ट जीते हैं। ईशांत ने कहा कि आपको उसकी कप्तानी से पता चल जाएगा कि वह कैसा इंसान है।वह काफी शांत और स्थिर है। ऐसा नहीं है कि वह मजाकिया नहीं है। वह हमारे साथ काफी मजाक मस्ती करता है। वह दबाव के क्षणों में शांत रहता है। उसके साथ तनाव नहीं रहता और वह गेंदबाजों से बखूबी संवाद करता है। विराट कोहली के बारे में उन्होंने कहा कि अगर कोई साझेदारी बन रही है और फील्डरों के करने के लिए कुछ नहीं है तो ऐसे में एक खिलाड़ी की ऊर्जा सारा परिदृश्य बदल देती है।विराट ऐसी ऊर्जा का स्रोत है। उसकी ऊर्जा का कोई मुकाबला नहीं है।

## भारत को साव को चौथे या पांचवें नंबर पर आजमाना चाहिए: हॉग

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर ब्रैड हॉग ने सुझाव दिया कि भारत को अपने प्रतिभाशाली युवा बल्लेबाज पृथ्वी साव को मध्यक्रम में आजमाना चाहिए जो पारी का आगाज करने में असफल हो रहे हैं। हॉग की राय है कि इस युवा खिलाड़ी की तकनीक चौथे या पांचवें नंबर के स्थान के लिए काफी अनुकूल है। हॉग ने ट्वीट किया कि साव ने घरेलू क्रिकेट में काफी ज्यादा रन जुटाए हैं इसलिए उसमें प्रतिभा है। मुझे लगता है कि भारत को लंबे समय के लिए, चौथे या पांचवें स्थान पर आजमाना चाहिए, जहां उसकी तकनीक काफी बेहतर होगी। 21 साल का यह भारतीय खिलाड़ी आस्ट्रेलिया में रन के लिए जूझ रहा है और एडीलेड में शुरूआती टेस्ट में वह शून्य और चार रन ही बना सके। सिडनी में अभ्यास मैचों में भी साव का स्कोर 40, 3, शून्य और 19 रन रहा।

स्विंग गेंदबाजी के खिलाफ उनकी तकनीक पर भी सवाल उठने लगे और खेल के कुछ महान खिलाड़ियों जैसे सुनील गावस्कर और रिकी पोंटिंग ने टीम से उनके बाहर किए जाने की भी बात कही।

## जयपुरिया की इतिशा का वर्ल्ड ताइक्वांडो पार्टनरशिप प्रोग्राम के लिए चयन



**लखनऊ।** सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल लखनऊ की 10वीं की छात्रा इतिशा सिंह का वर्ल्ड ताइक्वांडो पार्टनरशिप प्रोग्राम (लेवेल-2 इंटरमीडिएट) के लिए चयन हुआ है। यह कार्यक्रम मुजु दक्षिण कोरिया में ऑनलाइन मीटिंग (लेक्चर) के माध्यम से होगा। कार्यक्रम के तहत इतिशा कोरियाई प्रोफेसरों से कोरियाई भाषा और कोरियाई संस्कृति पूमसे, फाइटिंग तकनीक, ताइक्वांडो और ताइक्वांडो जिमनास्टिक्स का शारीरिक प्रशिक्षण प्राप्त करेगी। पूरी दुनिया के 300 विद्यार्थियों ने वर्ल्ड ताइक्वांडो पार्टनरशिप के लिए आवेदन किए और भारत से चुने गए कुछ उम्मीदवारों में एक इतिशा सिंह है। यह वैश्विक खेल ताइक्वांडो प्रोग्राम पूरी दुनिया के विकासशील देशों के सक्षम और होनहार ताइक्वांडो खिलाड़ियों और ताइक्वांडो प्रशासकों के लिए तैयार किया गया है जो अपने देश में ताइक्वांडो को बढ़ावा देने और बेहतर बनाने के इच्छुक हैं। इतिशा को विशेषज्ञ पूमसे, फाइटिंग, तकनीक, ताइक्वांडो और ताइक्वांडो जिमनास्टिक्स में शारीरिक प्रशिक्षण और कोरियाई भाषा और कोरियाई संस्कृति के बारे में भी जानकारी देंगे।

## प्रोफेसर राम मिलन का अभिनंदन किया गया



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय पवेलियन ग्राउंड में जिला कबड्डी संघ लखनऊ द्वारा प्रोफेसर राम मिलन के (चेयरमैन लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक्स एसो. के चेयरमैन बनाए जाने पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर सचिव जिला कबड्डी संघ सीजी शुक्ला, प्रेम सिंह कोषाध्यक्ष, शराफत अली संयुक्त सचिव, आईए सिद्दीकी संयुक्त सचिव, अशुतोष शुक्ला टेक्निकल कमेटी, अनिल बाजपेयी उपाध्यक्ष व समस्त कबड्डी खिलाड़ी मौजूद रहे।

## एटलेटिको मैड्रिड के टिपिर पर प्रतिबंध लगा

**लंदन।** इंग्लैंड और एटलेटिको मैड्रिड के डिफेंडर कीरन ट्रिपर पर फुटबॉल से 10 हफ्ते का प्रतिबंध और 70 हजार पाउंड (94 हजार डॉलर) का जुर्माना लगाया गया है। इंग्लिश फुटबॉल संघ ने सट्टेबाजी से जुड़े नियमों का उल्लंघन करने के लिए बुधवार को ट्रिपर को यह सजा दी। ट्रिपिर ने जुलाई 2019 में यह उल्लंघन किया था लेकिन उन्होंने इससे इनकार किया है। यह फुटबॉलर इसी समय टोटेनहैम को छोड़कर एटलेटिको मैड्रिड से जुड़ा था।इंग्लिश फुटबॉल संघ ने कहा कि स्वतंत्र नियामक आयोग ने निजी सुनवाई के दौरान चार आरोप साबित किए जबकि तीन आरोप खारिज हो गए।

## राहुल तीसरे व कोहली सातवें स्थान पर पहुंचे

भाषा। दुबई

**लोकेश** राहुल बुधवार को जारी आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की टी-20 खिलाड़ियों की बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर बरकरार हैं जबकि भारतीय कप्तान विराट कोहली एक पायदान के सुधार के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। राहुल और कोहली ही केवल दो भारतीय बल्लेबाज हैं जो तीनों वर्गों (बल्लेबाज, गेंदबाज और हरफनमौला) की खिलाड़ियों की रैंकिंग में शीर्ष-10 में शामिल हैं। राहुल 816 अंक से डेविड मलान (915) और बाबर आजम (820) के पीछे हैं जबकि कोहली के 697 अंक हैं। कोहली सभी तीनों प्रारूपों में शीर्ष 10 रैंकिंग में शामिल हैं, वह वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर हैं जबकि टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज हैं। अन्य खिलाड़ियों में न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज टिम सिफर्ट और तेज गेंदबाज टिम साउदी ने पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला में मिली 2-1 की जीत में अहम भूमिका अदा करने के बाद करियर के सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल किए। सिफर्ट श्रृंखला में कुल 176 रन बनाने से 24 पायदान की उछाल से नौवें स्थान पर पहुंच गए जबकि साउदी ने कुल छह विकेट हासिल किए जिससे वह 13वें स्थान से सातवें स्थान पर पहुंच गए। साउदी अपने करियर में सभी तीनों प्रारूपों में शीर्ष 10 में भी पहुंचने में सफल रहे।

## कोटला पर जेटली की प्रतिमा के सुझाव से खफा बेदी ने डीडीसीए से स्टैंड्स से नाम हटाने को कहा

भाषा। नई दिल्ली

**फिरोजशाह** कोटला मैदान पर डीडीसीए के दिवंगत अध्यक्ष अरूण जेटली की प्रतिमा लगाने के फैसले से खफा महान स्पिनर बिशन सिंह बेदी ने क्रिकेट संघ से उनका नाम दर्शक दीर्घा से हटाने के लिए कहा है। उनके नाम पर दीर्घा 2017 में बनाई गई थी। दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) पर बरसते हुए बेदी ने भाई भतीजावाद और क्रिकेटरों से ऊपर प्रशासकों को रखने का आरोप लगाते हुए संघ की सदस्यता भी छोड़ दी। उन्होंने डीडीसीए के मौजूदा अध्यक्ष और अरूण जेटली के बेटे रोहन जेटली को लिखे पत्र में कहा कि मैं काफी सहनशील इंसान हूं लेकिन अब मेरे सब्र का बांध टूट रहा है। डीडीसीए ने मेरे सब्र की परीक्षा ली है और मुझे यह कठोर कदम उठाने के लिए मजबूर किया। बेदी ने कहा कि तो अध्यक्ष महोदय मैं आपसे मेरा नाम उस स्टैंड से हटाने का अनुरोध कर रहा हूं जो मेरे नाम पर है और यह तुरंत प्रभाव से किया जाए। मैं डीडीसीए की सदस्यता भी छोड़ रहा हूं। जब बेदी के पत्र पर जवाब के लिए डीडीसीए को संपर्क किया गया तो उसने कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। जेटली 1999 से 2013 के बीच 14 साल तक डीडीसीए अध्यक्ष रहे। क्रिकेट संघ उनकी याद में कोटला पर छह फुट की प्रतिमा लगाने की सोच रहा है।

## मुश्ताक अली ट्रॉफी में तमिलनाडु की अगुआई करेंगे दिनेश कार्तिक

**चेन्नई।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे दिनेश कार्तिक कोलकाता में 10 जनवरी शुरू होने वाली सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी-20 टूर्नामेंट में तमिलनाडु की अगुआई करेंगे। आलराउंडर विजय शंकर को उप कप्तान नियुक्त किया गया है। टीम को हालांकि अनुभवी भारतीय आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन, वाशिंगटन सुंदर और टी नटराजन की सेवाएं नहीं मिलेंगी जो राष्ट्रीय टीम के साथ आस्ट्रेलिया में हैं।

पूर्व कप्तान एस वासुदेवन की अगुआई वाली राज्य की सीनियर चयन समिति ने कोविड-19 नियमों को ध्यान में रखते हुए 20 सदस्यीय टीम का चयन किया है। तेज गेंदबाज अश्विन क्राइस्ट ने चोटों के कारण तीन साल बाद टीम में जगह बनाई है। तमिलनाडु को एलीट ग्रुप बी में रखा गया है। **टीम:** दिनेश कार्तिक (कप्तान), विजय शंकर, बी अपराजित, बी इंद्रजीत, एम शाहरुख खान, सी हरि निशांत, केबी अरुण कार्तिक, प्रदोष रंजन पॉल, एन जगदीशन, अश्विन क्राइस्ट, एम मोहम्मद, जी पेरियासामी, संदीप वारियर, जे कौशिक, आर सोनू यादव, एम अश्विन, आर साई किशोर, एम सिद्धार्थ, एल सूर्यप्रकाश और आरएस जगनाथ श्रीनिवास।

## शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 437 अंक और चढ़ा

भाषा। मुंबई

**वैश्विक** बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच आईटी और एफएमसीजी शेयरों में तेजी से शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन बढ़त का सिलसिला कायम रहा। कारोबारियों ने कहा कि रुपए में सुधार तथा दवा कंपनियों के इस दावे कि कोविड-19 का टीका ब्रिटेन में कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन के खिलाफ प्रभावी रहेगा, से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 437.49 अंक या 0.95 प्रतिशत की बढ़त के साथ 46,444.18 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 134.80 अंक या 1.00 प्रतिशत की बढ़त के साथ 13,601.10 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में हिंदुस्तान यूनीलीवर का शेयर सबसे अधिक 2.67 प्रतिशत चढ़ गया। इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एसबीआई, आईटीसी, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, मारुति एयरटेल और टीसीएस के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर टाइटन, पावरग्रिड, एनटीपीसी और एचडीएफसी के शेयर 0.81 प्रतिशत तक टूट गए। वैश्विक बाजारों का ज्यादातर रुख सकारात्मक था। दवा कंपनियों बायोनटेक, मॉडर्ना और एस्ट्राजेनेका ने भरोसा जताया है कि कोविड-19 का टीका ब्रिटेन में मिले वायरस के नए प्रकार या स्ट्रेन के खिलाफ प्रभावी होगा।

हालांकि वैश्विक बाजारों का यह लाभ सिमट गया क्योंकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह कांग्रेस द्वारा पारित 900 अरब डॉलर के आर्थिक सहायता पैकेज को वीटो करेंगे क्योंकि इसमें लोगों के लिए 600 अरब डॉलर की मदद काफी कम है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, नए वायरस स्ट्रेन को लेकर चिंता, लॉकडाउन और कमजोर वैश्विक रुख के बीच आईटी, मिड कैप और स्मॉल कैप शेयरों में तेजी से बाजार में बढ़त का सिलसिला जारी है।

अमेरिका में तो अतिरिक्त प्रोत्साहन की घोषणा की गई है, उससे बाजारों को कोई खास लाभ नहीं हुआ है। बाजार इसके लाभ को पहले से ही जोड़कर चल रहे थे। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिन के दौरान बाजार की निगाह ब्रेक्जिट व्यापार करार पर रहेगी। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप 2.65 प्रतिशत तक चढ़ गए।

अन्य एशियाई बाजारों में शंघाई, सियोल, हांगकांग और तोक्यो लाभ के साथ बंद हुए। शुरुआती कारोबार में यूरोपीय बाजार भी बढ़त में थे।

## एफडीआई वृद्धि की रफ्तार 2021 में भी शानदार रहेगी

**नई दिल्ली।** सरकार को मानना है कि भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की तेज रफ्तार नए साल में भी शानदार बनी रहेगी, क्योंकि उनका आकलन है कि सरकार द्वारा कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने के लिए लगातार किए जा रहे सुधारों के साथ विदेशी निवेशकों की भारत में दिलचस्पी बढ़ रही है। एफडीआई नियमों में राहत के साथ ही रक्षा उत्पादन उन क्षेत्रों में शामिल होगा, जहां आने वाले महीनों में ताजा विदेशी निवेश आने की उम्मीद है, जबकि व्यवसायों के कागजी कार्रवाई के बोझ को कम करने की प्राथमिकता भी रहेगी। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव गुरुप्रसाद महापात्रा के अनुसार वैश्विक मंदी और कोविड-19 महामारी के बावजूद भारत ने एफडीआई में एक महत्वपूर्ण छलांग दर्ज की। मुकेश अंबानी के जियो प्लेटफॉर्म्स में फेसबुक के भारी निवेश ने भारत को जनवरी-सितंबर 2020 के दौरान लगभग 43.5 अरब अमरीकी डालर की एफडीआई हासिल करने में मदद की और ए सिलसिला आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। महापात्रा ने कहा कि इस समय वैश्विक मंदी थी। हमने यह भी सोचा कि भारत में एफडीआई के वृद्धि के रुझान जो बेहद उत्साहजनक थे, उनमें कोविड महामारी के बाद गिरावट आ सकती है। लेकिन, ऐसा हुआ नहीं और एफडीआई तेजी से बढ़ रहा है। अब 2021 में भी ए (एफडीआई वृद्धि) अच्छी रहनी चाहिए। सरकार ने कोविड-19 महामारी के मद्देनजर मार्च के अंत में देशव्यापी लॉकडाउन लागू किया, हालांकि इस फैसले से आर्थिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुईं। इस बीच सरकार ने रक्षा उत्पादन जैसे क्षेत्रों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के नियमों में ढील दी और इसका असर आगे देखने को मिलेगा। महापात्रा ने आगे कहा कि कारोबार में सुविधा के लिए कई कदम उठाने के बाद अब सरकार व्यवसायों के अनुपालन बोझ को कम करने के लिए काम कर रही है।

## अमेरिकी वित्तीय संस्था भारत में 5.4 करोड़ डॉलर निवेश करेगी

**वाशिंगटन।** एक अमेरिकी वित्तीय संस्था ने कोविड-19 महामारी के मद्देनजर भारत में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में 5.4 करोड़ अमेरिकी डालर निवेश करने की घोषणा की है। अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास वित्त निगम (डीएफसी) ने मंगलवार को कहा कि पिछले तीन दशकों के दौरान भारत सबसे तेजी से वृद्धि करने वाले देशों में शामिल है, लेकिन वह महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की कमी से जूझ रहा है। खासतौर से कोविड-19 के मद्देनजर ऐसा है।

डीएफसी ने कहा कि वह भारत में राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना कोष (एनआईआईएफ) के लिए 5.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा।

एनआईआईएफ भारत में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए पूंजी जुटाने का काम करता है।

# कोविड-19 के खिलाफ रोग प्रतिरोधक क्षमता कम से कम आठ महीने तक रहती है

भाषा। मेलबर्न

अध्ययन

**कोरोना वायरस** संक्रमण के बाद स्वस्थ होने वाले लोगों में इस संक्रमण के खिलाफ रोग प्रतिरोधक क्षमता संक्रमणमुक्त होने के कम से कम आठ महीने बाद तक रहती है।

यह दावा एक नए अध्ययन में किया गया है। यह अध्ययन इस उम्मीद को प्रबल करता है कि कोविड-19 रोधी टीके लंबे समय तक प्रभावी रहेंगे।

पहले कई अध्ययनों में यह दावा किया गया था कि कोरोना वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी संक्रमण के शुरुआती कुछ महीने बाद ही समाप्त हो जाते हैं, जिसके बाद यह चिंता उठने लगी थी कि लोगों में इसके खिलाफ रोग प्रतिरोधक क्षमता जल्द ही खत्म हो सकती है, लेकिन साइंस इम्युनोलॉजी पत्रिका में प्रकाशित नए अनुसंधान ने इन चिंताओं को दूर कर दिया है।ऑस्ट्रेलिया की मोनाश यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों समेत विशेषज्ञों का कहना है कि रोग प्रतिरोधी प्रणाली में विशेष मेमोरी बी कोशिकाएं वायरस के संक्रमण को याद रखती हैं और यदि कोई व्यक्ति दूसरी बार वायरस के संपर्क में आता है, तो सुरक्षात्मक एंटीबॉडी के तेजी से पैदा होने से सुरक्षात्मक रोग प्रतिरोधी क्षमता काम करने लगती है।इस अध्ययन के लिए अनुसंधानकर्ताओं ने कोविड-19 के 25 मरीजों का दल चुना और संक्रमण के बाद चौथे दिने से लेकर 242वें दिन तक रक्त के 36 नमूने लिए।

वैज्ञानिकों ने पाया कि वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी में संक्रमण के 20 दिन बाद कमी आनी शुरू हो गई। हालांकि, उन्होंने कहा कि सभी मरीजों में मेमोरी बी कोशिकाएं थीं, जो वायरस के दो घटकों स्पाइक प्रोटीन और न्यूक्लियोकैप्सिड प्रोटीन में से एक घटक को पहचान लेती हैं। स्पाइक प्रोटीन वायरस को कोशिकाओं में प्रवेश करने में मदद करता है।वैज्ञानिकों ने विश्लेषण के बाद पाया कि मेमोरी बी कोशिकाएं संक्रमण के आठ महीने बाद तक व्यक्ति के शरीर में मौजूद रहती हैं। उनका मानना है कि यह परिणाम इस उम्मीद को बल देता है कि वायरस रोधी टीके का असर लंबे समय तक बना रहेगा। मोनाश यूनिवर्सिटी में इम्युनोलॉजी एंड पैथोलॉजी डिपार्टमेंट के मेनो वाल जेल्म ने कहा, ए परिणाम महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ए दर्शाते हैं कि कोविड-19 से संक्रमित हुए मरीजों में बीमारी के खिलाफ रोग प्रतिरोधी क्षमता बनी रहती है।

## अंटार्कटिका में सामने आए कोविड-19 के मामले, अब दुनिया के हर महाद्वीप में पहुंच चुका है वायरस

**सैंटियागो ( चिली )** । चिली के प्राधिकारियों ने घोषणा की है कि अंटार्कटिका में दो सैन्य शिविरों में तैनात और महाद्वीप में नौसेना की एक नौका पर मौजूद कुल 58 लोग कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं और इसके साथ ही यह घातक संक्रमण अब पृथ्वी के हर महाद्वीप में पहुंच चुका है। अंटार्कटिका में मौजूद किसी अन्य देश ने वहां संक्रमण के मामले सामने की अभी तक पुष्टि नहीं है। चिली की सेना ने सोमवार को घोषणा की कि जनरल बर्नार्डो ओ हिगिंस रिकेल्मे अंटार्कटिका शिविर में 36 लोग संक्रमित पाए गए हैं। चिली के बिओ-बिओ क्षेत्र के स्वास्थ्य मंत्री ने मंगलवार को बताया कि चिली की नौसेना के सार्जेंट एल्डिया आपूर्ति पोत पर सवार लोगों में से 21 लोग संक्रमित पाए गए हैं। मैगलेन्स के क्षेत्रीय स्वास्थ्य सचिव एडुवर्डो कास्टिल्लो ने बताया कि लास एस्ट्रेलास गांव में भी एक मामला सामने आया है। सेना ने बताया कि सबसे पहले संक्रमित पाए गए 36 लोगों में से 26 सेना के सदस्य हैं और 10 असैन्य नागरिक हैं, जो रखरखाव का काम करने वाली कम्पनी के कर्मचारी हैं।उसने बताया कि किसी भी संक्रमित व्यक्ति को कोई परेशानी नहीं है। अंटार्कटिका में अमेरिकी कार्यक्रमों की देखरेख करने वाली एजेंसी यूएस नेशनल साइंस फाउंडेशन ने कहा कि उसे सार्जेंट एल्डिया पर सवार लोगों के संक्रमित पाए जाने की जानकारी है।

## अमेरिका की जनसंख्या में पिछले 120 साल में सबसे कम बढ़ोतरी हुई

**वाशिंगटन।** अमेरिका की जनसंख्या में 2019 से 2020 में पिछले कम से कम 120 साल में सबसे कम बढ़ोतरी हुई है। अमेरिकी जनगणना ब्यूरो ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। जनसांख्यिकी विशेषज्ञों का कहना है कि ए आंकड़े कोरोना वायरस महामारी की मार की झलक दिखाते हैं। द ब्रूकिंग इंस्टीट्यूट के कर्मी विलियम फ्रे ने कहा कि अमेरिका में आव्रजन संबंधी प्रतिबंधों और प्रजनन क्षमता में गिरावट के कारण पिछले कई वर्षों से जनजंख्या की बढ़ोतरी पहले ही सुस्त बनी हुई थी, लेकिन कोरोना वायरस के कारण हुई लोगों की मौत के कारण यह वृद्धि दर और धीमी हो गई।फ्रे ने कहा, मुझे लगता है कि जनसंख्या की कम बढ़ोतरी को लेकर यह पहली झलक है। उन्होंने कहा, यह आपको बता रहा है कि इसका (महामारी का) जनसंख्या पर असर पड़ रहा है। जनगणना ब्यूरो के अनुमान के अनुसार, अमेरिका की जनसंख्या में जुलाई 2019 से जुलाई 2020 में 0.35 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, यानी जनसंख्या में 11 लाख की बढ़ोतरी हुई है। जुलाई में अनुमानित जनसंख्या 32 करोड़ 90 लाख थी। फ्रे के विश्लेषण के अनुसार, यह इस सदी में हुई सबसे कम बढ़ोतरी है।स्पैनिश फ्लू के दौरान भी 1918 से 1919 में जनसंख्या बढ़ोतरी की दर 0.49 प्रतिशत थी। अमेरिका के पूर्वोत्तर और मध्य पश्चिम क्षेत्रों में 2019 से 2020 तक जनसंख्या में मामूली गिरावट आई है, जबकि दक्षिण एवं पश्चिमी क्षेत्रों में मामूली बढ़ोतरी हुई है। इदाहो की जनसंख्या में पिछले एक साल में सर्वाधिक बढ़ोतरी हुई है, जबकि देश के सर्वाधिक जनसंख्या वाले राज्य कैलिफोर्निया समेत 16 राज्यों की जनसंख्या में कमी आई है। बसंत में महामारी का केंद्र रहे न्यूयॉर्क की जनसंख्या में सर्वाधिक गिरावट (0.65 प्रतिशत की) आई है।



कोविड 19 की पाबंदियों के बीच यूक्रेन में हो रही भारी बर्फबारी के दौरान राष्ट्रपति कार्यालय के निकट जमी बर्फ पर स्केटिंग का लुत्फ लेते लोग

# मोरक्को की ऐतिहासिक यात्रा में इज़राइल के प्रतिनिधिमंडल के साथ कुशनर शामिल

● मोरक्को की सम्प्रभुता को मान्यता देने के अमेरिका के फैसले को भी सही ठहराते हुए कुशनर कहा, वह उस असफल यथास्थिति को अस्वीकार करना था जिससे किसी को फायदा नही पहुंच रहा था

एपी। रबात (मोरक्को)

**इज़राइल और** मोरक्को के इस महीने की शुरुआत में पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित करने पर सहमति के बाद दोनों देशों के बीच उड़ान भरने वाले पहले विमान में व्हाइट हाउस के वरिष्ठ सलाहकार जारेड कुशनर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मोरक्को पहुंचा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद कुशनर ने संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, सूडान और मोरक्को के साथ इज़राइल के संबंध सामान्य करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और कई ऐतिहासिक समझौते भी किए, जिसके तहत इन्हें वाशिंगटन से कई फायदे भी मिले। समझौते के तहत अमेरिका ने पश्चिमी सहारा के विवादित क्षेत्र पर मोरक्को के दावे को भी मान्यता प्रदान की है, जिसे संयुक्त राष्ट्र मान्यता नहीं देता है। कुशनर के साथ इज़राइल के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख एवं राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मीर बेन-शब्बत भी मौजूद थे। दोनों ने मोरक्को के किंग मोहम्मद और अन्य शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की। कुशनर ने पत्रकारों से बात करते हुए इस बैठक को बेहद फलदायक बताया। उन्होंने कहा, मोरक्को और इज़राइल पूर्ण राजनयिक संबंधों को फिर से शुरू करने, आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने और अपने सम्पर्क कार्यालयों को फिर से खोलने के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं पर काफी उन्नति कर रहे हैं। कुशनर ने पश्चिमी सहारा में मोरक्को की सम्प्रभुता को मान्यता देने के अमेरिका के फैसले को भी सही ठहराते हुए कहा, वह उस असफल यथास्थिति को अस्वीकार करना था, जिससे किसी को फायदा नहीं पहुंच रहा था। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को व्यापक स्वायत्तता देने के प्रस्ताव को लागू करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के साथ काम करने का दोनों पक्षों से आह्वान किया। कुशनर ने कहा, वास्तविक स्वायत्तता एकमात्र संभव विकल्प है, लेकिन इस पर काम करना होगा।

## अमेरिकी कांग्रेस ने अगले दलाई लामा का चुनाव तिब्बती बौद्ध समुदाय द्वारा किए जाने की वकालत की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी कांग्रेस ने चीन पर निशाना साधते हुए एक विधेयक पारित किया है जिसमें तिब्बतियों को उनके आध्यात्मिक नेता का उत्तराधिकारी चुनने के अधिकार को रेखांकित किया गया है और तिब्बत के मुद्दों पर एक विशेष राजनयिक की भूमिका का विस्तार किया गया है।विधेयक के तहत तिब्बत मामलों पर अमेरिका के विशेष राजनयिक को यह अधिकार दिया गया है कि अगले दलाई लामा का चयन सिर्फ तिब्बत बौद्ध समुदाय द्वारा किया जाए यह सुनिश्चित करने के लिए वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन कर सकता है।तिब्बत नीति और समर्थन कानून, 2020 को सोमवार को पारित किया गया। इसमें तिब्बत में तिब्बती समुदायों के समर्थन में गैर-सरकारी संगठनों को सहायता का प्रस्ताव है।

# मेक्सिको में इस साल सबसे ज्यादा पत्रकारों की हत्या

एपी। मेक्सिको सिटी

**साल 2020** में पत्रकारों की उनके काम की वजह से हत्या के सबसे अधिक मामले मेक्सिको में और उसके बाद अफगानिस्तान तथा फिलिपीन में सामने आए हैं। न्यूयॉर्क स्थित पत्रकार रक्षा समिति (सीपीजे) ने अपनी नई रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

दरअसल, इस साल 15 दिसंबर तक दुनियाभर में कम से कम 30 पत्रकारों की हत्या की गई जबकि पिछले वर्ष इस दौरान 26 पत्रकारों की हत्या हुई थी। इस साल कम से कम 21 पत्रकारों की हत्या उनके काम की वजह से की गई। साल 2019 में अपने काम की वजह से जान गंवाने वाले पत्रकारों की संख्या 10 थी। सीपीजे 15 अन्य पत्रकारों की हत्या की जांच कर पता लगाने में जुटी है कि क्या उनकी हत्या भी उनके काम की वजह से हुई।मेक्सिको में साल 2020 में कम से कम चार पत्रकारों की निशाना बनाकर हत्या की गई जबकि पांचवे पत्रकार की अपराध स्थल की तस्वीरें खींचने के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई। सीपीजे ने कहा कि वह कम से कम चार अन्य हत्याओं के पीछे की वजह पता लाने की कोशिश कर रही है। अन्य पत्रकार समूहों ने मेक्सिको में इस साल मारे गए पत्रकारों की संख्या 11 बताई है। रिपोर्ट में कहा गया है, मेक्सिको पश्चिमी गोलार्ध में पत्रकारों के लिए सबसे खतरनाक देश है। यहां पत्रकार अपराधियों, मादक पदार्थ तस्करों और भ्रष्टाचार में डूबे सरकारी तंत्र के बीच काम करते हैं। अफगानिस्तान में आतंकवादी समूहों ने कम से कम चार पत्रकारों की उनके काम की वजह से हत्या कर दी जबकि फिलीपीन में ऐसे पत्रकारों की संख्या कम से कम तीन रही।



काबुल में अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा मारे गए गैर सरकारी फ्री एंड फेयर इलेक्शन फोरम ऑफ अफगानिस्तान (एफईएफए) के कार्यकारी निदेशक युसूफ रशीद के जनाजे को कंधा देते लोग

## क्विक न्यूज

### कराची में बर्फ फैक्ट्री में धमाके में आठ की मौत, 30 घायल

**कराची।** दक्षिणी पाकिस्तान के कराची शहर में बर्फ के एक कारखाने के बॉयलर में विस्फोट में कम से कम आठ लोगो की मौत हो गई जबकि 30 अन्य जख्मी हो गए। न्यू कराची औद्योगिक क्षेत्र मे स्थित कारखाने में मंगलवार रात हुआ धमाका इतना जबर्दस्त था कि इससे आसपास के तीन और कारखाने बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए जबकि पास के रिहाइशी क्षेत्र के घरो में खिड़कियों के शीशे टूट गए। पुलिस ने बुधवार को कहा कि बॉयलर का एक बड़ा हिस्सा धमाके के बाद करीब 250 गज दूर जाकर गिरा जिससे दूसरे कारखानों और आवासीय सुविधाओं को नुकसान हुआ। बचाव दल के अधिकारियों के मुताबिक मलबे से आठ शवों को निकाला गया है जबकि 30 घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। राहत कार्य से जुड़े एक अधिकारी ने कहा, बर्फ के कारखाने में ड्रम मे भरकर रखे रसायनों की वजह से नुकसान ज्यादा हुआ। पुलिस ने कहा कि कारखाने का मालिक अपने परिवार के साथ कनाडा मे रहता है।

### काबुल में बम धमाके और गोलीबारी में दो लोगों की मौत

**काबुल ।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल मे बुधवार को हुए धमाके और गोलीबारी की दो अलग-अलग घटनाओ में कम से कम दो लोगो की मौत हो गई जिनमे से एक स्वतंत्र अफगान चुनाव निगरानीकर्ता समूह के प्रमुख थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान मे हिंसा की यह नवीनतम घटना है और ए ऐसे समय हो रही है जब तालिबान और अफगान सरकार के वार्ताकार कतर मे दो दशक पुराने युद्ध की समाप्ति के उद्देश्य से शांति समझौता करने का प्रयास कर रहे है। काबुल पुलिस प्रमुख के प्रवक्ता फिरदौस फरामर्ज ने बताया अज्ञात बंदूकधारियो ने गैर सरकारी फ्री ऐंड फेयर इलेक्शन फोरम ऑफ अफगानिस्तान (एफईएफए) के कार्यकारी निदेशक युसूफ रशीद की गोली मारकर हत्या कर दी।उन्होंने बताया कि रशीद की हत्या उस समय की गई जब वह एफईएफए के कार्यालय जाने के लिए निकले थे, इस हमले में उनका वाहन चालक भी घायल हुआ है जिसे अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। फरामर्ज ने बताया कि एक अलग घटना मे बुधवार को काबुल के पूर्वी इलाके मे पुलिस के वाहन को निशाना बनाकर बम धमाका किया गया जिसमे एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हुए है।

### यूएई के इस्लामी निकाय ने पोर्क के इस्तेमाल पर भी कोविड टीकों को जायज करार दिया

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शीर्ष इस्लामी निकाय यूएई फतवा काउंसिल ने कोरोना वायरस टीको में पोर्क (सुअर के मांस) के जिलेटिन का इस्तेमाल होने पर भी इसे मुसलमानों के लिए जायज करार दिया है।टीको में सामान्य तौर पर पोर्क जिलेटिन का इस्तेमाल होता है और इसी वजह से टीकाकरण को लेकर उन मुस्लिमो की चिंता बढ़ गई है जो इस्लामी कानून के तहत पोर्क से बने उत्पादों के प्रयोग को हराम मानते है। काउंसिल के अध्यक्ष शेख अब्दुल्ला बिन बय्या ने कहा कि अगर कोई और विकल्प नही है तो कोरोना वायरस टीको को इस्लामी पाबंदियो से अलग रखा जा सकता है क्योंकि पहली प्राथमिकता मनुष्य का जीवन बचाना है। काउंसिल ने कहा कि इस मामले पोर्क-जिलेटिन को दवा के रूप में इस्तेमाल किया जाना है न कि भोजन के तौर पर।

### बाइडन ने कोरोना वायरस राहत प्रयासों को बढ़ाने का किया वादा

**विलमिंगटन (अमेरिका)** । अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि कांग्रेस द्वारा पारित कोरोना वायरस राहत पैकेज देश की परेशानियो को दूर करने की दिशा मे महज पहला कदम और एक शुरुआती राशि है।बाइडन ने मंगलवार को कहा कि 2021 की शुरुआत में वह एक योजना का प्रस्ताव देंगे, जिसमें कांग्रेस को दमकलकर्मियों, पुलिस, अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कर्मियो और लाखो कामकाजी परिवारो की और मदद करने को कहा जाएगा।उन्होने कहा कि हालिया राहत पैकेज मे बेरोजगारी लाभ का विस्तार दस हफ्तो के लिए किया गया है लेकिन यह इससे भी ज्यादा अवधि तक चलेगा।बाइडन ने यह भी कहा कि वह कोविड-19 टीको के वितरण के लिए और संसाधनो की मांग करेंगे तथा जांच क्षमता बढ़ाने को भी कहेंगे क्योंकि स्कूलो को पुनः खोलने के लिए यह आवश्यक है।

### पाकिस्तान ने संघर्ष विराम समझौते के उल्लंघन को लेकर भारतीय राजनयिक को किया तलब

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास संघर्ष विराम समझौते के भारतीय बलों द्वारा कथित रूप से उल्लंघन किए जाने को लेकर अपना विरोध दर्ज कराने के लिए एक वरिष्ठ राजनयिक को तलब किया है।पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने आरोप लगाया है कि मंगलवार को हॉटस्प्रिंग और जंदरोट सेक्टरों में गोलीबारी के कारण 50 वर्षीय एक आम नागरिक की मौत हो गई और दो किशोर एवं चार साल का एक बच्चा घायल हो गए।भारतीय पक्ष को 2003 संघर्षविराम समझौते का सम्मान करने, समझौते के उल्लंघन के इस मामले समेत अन्य घटनाओं की जांच करने और एलओसी एवं कामकाजी सीमा पर शांति बनाए रखने संबंधी बात करने को बुलाया गया।

# चीन ने रेल परियोजना के लिए कर्ज से पहले पाकिस्तान से गारंटी देने को कहा

भाषा। इस्लामाबाद

**चीन ने** पाकिस्तान की कमजोर आर्थिक स्थिति के मद्देनजर मेन लाइन-एक रेलवे लाइन परियोजना के लिए छह अरब डॉलर कर्ज को मंजूरी देने के पहले उससे अतिरिक्त गारंटी मांगी है।

मीडिया की एक खबर में कहा गया है कि चीन ने रेल परियोजना को वित्तीय राशि मुहैया कराने के लिए वाणिज्यिक और रियायती, दोनों तरह का कर्ज देने का प्रस्ताव रखा है। एक्सप्रेस ट्रब्यून के मुताबिक 10 दिन पहले (13 दिसंबर) मेन लाइन-एक रेलवे परियोजना के लिए संयुक्त वित्तीय कमेटी की बैठक में अतिरिक्त गारंटी का मुद्दा उठा।बैठक में शामिल रहे पाकिस्तान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चीन ने वार्ता के दौरान अतिरिक्त गारंटी के मुद्दे उठाए लेकिन पाकिस्तान के साथ साझा किए गए ब्योरे के मसौदा दस्तावेज में इसे शामिल नहीं किया गया। दोनों देशों ने कागजातों पर अब तक दस्तखत नहीं किए हैं।मेन लाइन-एक परियोजना के तहत पेशावर से कराची तक ।,872 किलोमीटर रेल मार्ग का दोहरीकरण, पटरियों की मरम्मत करने का काम शामिल है और चीन-पाकिस्तान आर्थिक कॉरिडोर (सीपीईसी) के दूसरे चरण के लिए यह काफी महत्वपूर्ण है।अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान ने जी-20 देशों से कर्ज राहत के लिए आवेदन किया है। इस कारण से देश की आर्थिक स्थिति को लेकर स्पष्टता के लिए चीन ने अतिरिक्त गारंटी के मुद्दे उठाए। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि वित्तीय मुद्दों पर बातचीत के तीसरे चरण में परियोजना के लिए छह अरब डॉलर के कर्ज को लेकर और स्थिति स्पष्ट की गई। जी-20 देशों से कर्ज राहत के तहत, पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक के प्रारूप के मुताबिक पूर्व की मंजूरी के अलावा, उंची दरों पर वाणिज्यिक कर्ज नहीं ले सकता। इस साल, अगस्त में राष्ट्रीय आर्थिक परिषद की कार्यकारी समिति (ईसीएनईसी) ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण 6.8 अरब डॉलर की लागत से बनने वाली मेन लाइन-एक परियोजना को मंजूरी दी थी। ईसीएनईसी की बैठक महज 20 मिनट तक चल पाई और वित्तीय और तकनीकी मुद्दे नहीं सुलझ पाए। सूत्रों ने कहा है कि पाकिस्तान छह अरब डॉलर की रकम एक प्रतिशत ब्याज दर पर हासिल करना चाहता है जबकि चीन ने वाणिज्यिक और रियायती, दोनों श्रेणियों के तहत कर्ज देने की पेशकश की है।

## संसद भंग करने के खिलाफ याचिकाओं को संविधान पीठ के पास भेजा

**काठमांडू।** नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने संसद भंग करने के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के फैसले के खिलाफ दायर सभी याचिकाओ को बुधवार को संविधान पीठ के पास भेज दिया।प्रधान न्यायाधीश चोलेंद्र एसजे बी राणा की एकल पीठ ने प्रतिनिधि सभा को भंग करने के खिलाफ दायर 12 अलग-अलग याचिकाओं पर आरंभिक सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। संविधान पीठ याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई शुरू करेगी। पीठ की अध्यक्षता प्रधान न्यायाधीश राणा करेंगे तथा चार अन्य न्यायाधीशों का वह चुनाव करेंगे।याचिकाकर्ताओं ने फैसले के खिलाफ अंतरिम आदेश का भी अनुरोध किया लेकिन शीर्ष अदालत ने ऐसा कोई आदेश जारी करने से इनकार कर दिया।माय रिपब्लिका अखबार के मुताबिक नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के पुष्प कमल दहल प्रचंड के नेतृत्व वाले खेमे के नेताओं ने निर्वाचन आयोग का रूख कर कहा है कि पार्टी में उनके पास दो तिहाई बहुमत है इसलिए चुनाव आयोग द्वारा उन्हें आधिकारिक तौर पर मान्यता देना चाहिए।पार्टी की स्थाई कमेटी के सदस्य लीलामणि पोखरेल के हवाले से अखबार ने कहा, हम यहां यह साबित करने आए है कि नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी पर हमारा हक है। पोखरेल ने कहा कि उनके खेमे को बहुमत हासिल है और पार्टी की केंद्रीय समिति के 315 सदस्यों के दस्तखत हैं। चुनाव आयोग से आधिकारिक तौर पर मान्यता के लिए खेमे को पार्टी के भीतर बहुमत, सदस्यों के हस्ताक्षर, उनके विवरण जमा करने होंगे।

# ट्रंप की आव्रजन नीतियों को पलटने में कुछ महीनों का समय लगेगा: बाइडन

● बाइडन ने अपनी चुनाव प्रचार मुहिम में इन कदमों को शीघ्र वापस लेने की बात की थी




एपी। विलमिंगटन (अमेरिका),

**अमेरिका के** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि देश के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आव्रजन संबंधी कदमों को वापस लेने में कुछ महीनों का समय लगेगा। बाइडन ने अपनी चुनाव प्रचार मुहिम में इन कदमों को शीघ्र वापस लेने की बात की थी, लेकिन अब उन्होंने कहा है कि इसमें कुछ महीनों का समय लगेगा।बाइडन के शीर्ष विदेश नीति सलाहकारों ने भी सोमवार को एक साक्षात्कार के दौरान इसी प्रकार के विचार रखे थे। बाइडन के आगामी प्रशासन में घरेलू नीति सलाहकार का पद संभालने वाली सुसन राइस, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार का पद संभालने वाले जेक सुलिवन और अब स्वयं बाइडन ने सचेत किया है कि इस मामले में बहुत जल्दबाजी करने से सीमा पर नया संकट पैदा हो सकता है।बाइडन ने यहां बुधवार को कहा कि उन्होंने मेक्सिको के राष्ट्रपति और लातिन अमेरिका में हमारे दोस्तों से पहले ही इस मामले और ऐसा करने संबंधी समयसीमा पर चर्चा करनी शुरू कर दी है, ताकि चीजें वास्तव में खराब होने के बजाए बेहतर हों।उन्होंने ट्रंप द्वारा लागू किए गए शरण संबंधी प्रतिबंधों में ढील देने का वादा करते हुए कहा, इसमें संभवत: छह महीने का समय लग सकता है।

## अमृता शेरगिल के पति की दुर्लभ तस्वीर करीब 11 करोड़ रुपए में नीलाम हुई



**नई दिल्ली।** आधुनिक भारतीय चित्रकला की प्रतिष्ठित चित्रकार अमृता शेरगिल के पति विक्टर इगन की दुलर्भ तस्वीर 10.86 करोड़ रुपए में नीलाम हुई है। नीलामी गृह अस्तागुरु ने बताया कि यह तस्वीर हाल में मार्डन इंडियन आर्ट की ऑनलाइन बिक्री में बिकी। अस्तागुरु ने बताया कि इस कलाकृति की प्रभावशाली नीलामी हुई और अंतत: प्रतिष्ठित कला संग्राहक मनोज इसरानी ने इसे खरीदा। इस तस्वीर की बिक्री के दौरान सबसे अधिक कीमत मिली है। अस्तागुरु के मुताबिक इस तस्वीर में शेरगिल के पति और हंगरी की सेना में डॉक्टर इगन वर्दी में दिख रहे हैं जो उनके निजी जीवन और भावनात्मक जुड़ाव को प्रदर्शित करता है।उल्लेखनीय है कि यह तस्वीर 1939 में हंगरी से भारत स्थानांतरित होने के फैसले के मद्देनजर शेरगिल ने अपने पति के परिवार को उपहार स्वरूप देने के लिए बनाई थी। इस नीलामी में कुल करीब 59.89 करोड़ रुपए की कलाकृतियों की बिक्री हुई जिनमें रामकुमार की तस्वीर की बिक्री 4.34 करोड़ रुपए में हुई।



# ‘मेरा एलबम ‘आई’ वास्तव में मेरे संघर्षों की ही कहानी है’

रैप गायक अंकित सिंह पात्याल, जिन्हें उनके उपनाम इक्का से भी जाना जाता है, ने ‘डा क्लब से बॉलिवुड में पदार्पण किया था। पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना के साथ एक विशेष बातचीत में अपने नए गाने, डिवाइन में उनके द्वारा किये गए सहयोग तथा उनके रैपर बनने की कहानी आदि के बारे में उनसे जाने उनके विचार। प्रस्तुत हैं बातचीत के अंश .......

**■ आपका नया एलबम ‘आई’ किस बारे में है?**

ये एलबम ‘आई’ नाम से इसलिये है क्योंकि इसमें मेरी कहानी है- मेरी अब तक की यात्रा का पूरा विवरण। इसमें नौ गाने हैं और वे सभी मेरे जीवन, अनुभव तथा मेरी अब तक की यात्रा के बारे में हैं। इनमें से कुछ गाने डार्क भी हैं और कुछ मेरी अब तक की उपलब्धियों के बारे में भी हैं। जो लोग भी मेरे बारे में जानना चाहते हैं उन्हें इन्हें अवश्य सुनना चाहिये।

**■ आपको अपना नाम ‘इक्का’ कैसे मिला?**

वास्तव में मेरा नाम अंकित है। मैंने बचपन में ही अपने पिता से कहा कि उन्हें मेरा इतना सामान्य नाम रखने की क्या पड़ी थी। जब मैं स्कूल में था तो अंकित नाम के मेरी कक्षा में ही 6 बच्चे थे। मैंने पिता से कहा था कि उन्होंने मेरा नाम शाहरुख या ऋतिक क्यों नहीं रख दिया। लेकिन उन्होंने मुझसे कहा कि अब तुम्हें इसी नाम से कम से कम ये पूरा जीवन तो जीना ही होगा। लेकिन उन्होंने इसे बाद में छोटा करके अक्की कर दिया और इसके बाद यदि आप इसे देखेंगे तो ये अक्की का ठीक उल्टा है यदि अक्की को पीछे से पढ़ा जाए तो ये इक्का ही होगा।

**■ आपने एक नया गाना ‘अंगार’ भी रिलीज़ किया है। इसके बारे में कुछ बताइये?**

ये गाना हमारे संघर्षों के बारे में है तथा इसमें दिखाया गया है कि हम सभी में काफी प्रतिभाएं विराजमान हैं जिनके चलते हम आज प्रगति करते करते यहां तक पहुंचे हैं। इसकी विशेष बात ये है कि इसमें रफ्तार भी हैं और इसका संगीत दिया है सेज़ ने द बीट का संगीत दिया है। रफ्तार और मैं एक दूसरे को काफी समय से जानते हैं लेकिन किसी भ्रम के कारण हममें मतभेद हो गया था लेकिन दस साल बाद वो दूर हो चुका है और उन्होंने इस गाने में साथ आना स्वीकार किया है।

**■ क्या आपने डिवाइन का भी सहयोग किया है?**

जी हां, लॉक डाउन के दौरान ऐसा हुआ था। इंस्टा पर डिवाइन और मैं नियमित रूप से एक दूसरे के संपर्क में रहते हैं। ऐसी ही एक बातचीत के दौरान उन्होंने साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की। मैं उस समय एक एलबम पर काम कर रहा था। मैं सहमत हो गया। तो मैंने उससे मेरे दो तीन गाने भेजे और उनमें से चुनने के लिए कहा। उसे ‘लेवेल अप’ अच्छा लगा और उसने अपना लेखन मुझे पांच दिनों के बाद भेज दिया। तो इस प्रकार से वो गाना तैयार हो गया।

**■ संगीत में आपकी रुचि कैसे जागृत हुई?**

संगीत में मेरी रुचि नहीं थी मैं तो वीडियो गेम्स और कॉमिक्स पढ़ने में अधिक रुचि रखता था। मुझे चित्रकारी करना प्रिय था और मैं रचनात्मक कार्यों में रुचि रखता था। लेकिन एक दिन मेरा एक मित्र एमिनेम-लूज़ योरसेल्फ नामक कैसेट लेकर मेरे घर आया। उसमें मुझे कुछ अधिक समझ में नहीं आया लेकिन गाने में कुछ ऐसा था जो मुझे अच्छा लग गया। फिर मैंने हिप-हॉप के बारे में खोजबीन की और कई कलाकारों को सुना तो मुझे ये शैली, ड्रेसिंग सेंस तथा संगीत अच्छा लगा। मुझे ये बहुत अच्छा लगा और मैं इस प्रकार संगीत से जुड़ गया।

**■ आप रैपर कैसे बने?**

मैं तो इसमें ऐसे ही आ गया। पहले मैं हिपहॉप सुना करता था लेकिन इसके बाद मैं बहाव में बहता चला गया। मेरे मित्र रैप संगीत किया करते थे। इसके बाद ये मेरा भी जीवन बनता चला गया। मैंने रैप का इतिहास पढ़ा और दुनिया भर के रैप गायकों के जीवन के बारे में भी पढ़ा। मुझे ये अत्यंत जीवंत लगा और इससे मैं प्रभावित होता चला गया। वैसे भी मैं वास्तविक चीजों को पसंद करता हूं। मेरे लिए हिप-हॉप एक अलग चीज थी।

**■ आप गायक, गीत लेखक, लिरिसिस्ट तथा संगीतकार और निर्माता आदि सबकुछ हैं। आप इतना कुछ कैसे कर पाते हैं?**

मुझे गुरु रंधावा, दिलजीत दोसांझ तथा यो यो हनी सिंह जैसे कुछ अद्भुत कलाकारों के साथ काम करने का अवसर कॅरियर के प्रारंभ से ही मिला है। ये मेरा सौभाग्य है। ये लोग जो भी करते हैं उसमें सर्वश्रेष्ठ होते हैं। कुछ ने मुझे संगीत, कुछ ने निर्माण और किसी ने मुझे लेखन के बारे में भी षिक्षित किया। मैं सबकुछ निकटता से देखता हूं और सीखता भी हूं बस ऐसे ही सबकुछ होता गया।

**■ क्या भारत में रैप परिदृश्य के प्रति आकर्षण समाप्त हो गया है?**

नहीं ऐसा तो नहीं है। लोगों ने तो अभी रैप सुनना ही प्रारंभ किया है। लेबल्स ने भी इनका प्रचार प्रसार बस प्रारंभ ही किया है। ऐसे में अधिक से अधिक लोग हिप-हॉप सुनना चाहते हैं। मुझे इस जॉनर की सफलता का पूरा भरोसा है क्योंकि अब और भी अच्छा काम इस दिशा में हो रहा है।

**■ भविष्य के बारे में आपने क्या सोच रखा है?**

मैं अपने अगले एलबम पर काम कर रहा हूं। मेरे पास कुछ काम है और फिर बॉलिवुड भी तो है कुछ परियोजनाएं वहां से भी मिली हैं।

## शकुंतला देवी का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर सोनी मैक्स पर




**वाराणसी।** मैथेमेटिक्स ऐसा विषय है जिससे अच्छे अच्छे स्टूडेंट्स भी घबराते हैं लेकिन शकुंतला देवी के लिए यही मैथ्स चुटकियों का खेल था। इसीलिए उन्हें ह्यूमन क प्यूटर कहा जाता था। इस दिसंबर सोनी मैक्स अपने दर्शकों के लिए पेश कर रहा है वह फिल्म जिसका उन्हें लंबे अर्से से इंतजार था, देखिए, फिल्म शकुंतला देवी का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 27 दिसंबर की दोपहर, 12.00 बजे सिर्फ सोनी मैक्स पर शकुंतला देवी। यह फिल्म जिसमें शकुंतला जी की भूमिका विद्या बालन ने की है, उनकी आत्मकथा का ड्रामा हैण् इसमें अन्य भूमिकाएं की हैं जिश्शू सेनगुप्ता, सान्या मल्होत्रा और अमित साध नेण् यह फिल्म उस महान हस्ती की रोचक कहानी है जिनके लिए गणित के लंबे और मुश्किल गुणा भाग सेकेंड्स में हल कर दिखाना बस खेल जैसा था शकुंतला देवी अपनी विलक्षण प्रतिभा के लिए विश्ववि यात तो थीं ही, अपने समय से कहीं आगे की महिला थीं। उनकी ज़िंदगी से जुड़ी इस फिल्म का निर्देशन किया है अनु मेनन ने शकुंतला जी ने जीवन अपनी शर्तों पर और सदा बेफिक्र रह कर जियाण् यह फिल्म एक तरह से उनका जीवनवृत्त तथा उनकी प्रतिभा का सम्मान है जिसमें उनका मां का स्वरूप, उनकी कमियां और खामियां भी शामिल है एक ऐसी महिला के चरित्र को विद्या बालन ने बखूबी निभाया है देखिए, फिल्म शकुंतला देवी का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 27 दिसंबर की दोपहर, 12ण्00 बजे सिर्फसोनी मैक्स पर

## अभिनेत्री पूजा भट्ट ने शराब छोड़ने की चौथी सालगिरह मनाई



**भाषा। मुंबई**

**अभिनेत्री और** फिल्म निर्माता पूजा भट्ट ने बुधवार को शराब की लत छोड़ने की चौथी सालगिरह मनाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वह जीवन के प्रति आभारी है जिसने उन्हें इस लत को छोड़ने की ताकत दी।

पूजा भट्ट ने अपनी बात कहने के लिए ट्विटर का सहारा लिया और गुलाबी आसमान वाली तस्वीर साझा करते हुए कहा कि यह पुरानी जीवनशैली त्यागने की सालगिरह है जब वह शहर के बार में समय व्यतीत करती थीं। उन्होंने ट्वीट किया, संयम के आज चार साल हो गए। इससे पहले गुलाबी शैम्पेन, माल्ट और शहर की भीड़ होती थी। अब यह गुलाबी आसमान और शहरों से दूर एकांत सड़के हैं। यह कितनी समृद्ध करने और तीव्र यात्रा है। भट्ट (48 वर्षीय) ने कहा, जीवन और अलौकिक शक्तियों के प्रति आभार जिन्होंने मुझ पर नजर रखी, सच्चा बनाए रखा और कमजोरियों के प्रति मजबूत बनाए रखा। उल्लेखनीय है कि पूजा भट्ट अपनी शराब की लत पर खुलकर बात करती हैं और उन्होंने कहा था कि वह इस नशे को छोड़ना चाहती है क्योंकि उन्हें इसकी लत लग गई है और वह स्वयं इसे स्वीकार करती हैं।

## वेबबेड



### द मिडनाइट स्काइ

जॉर्ज क्लूनी लिली ब्रूक्स-डाल्टन के उपन्यास ‘गुड मॉर्निंग, मिडनाइट’ के रूपांतरण के लिए इसका निर्देषन कर रहे हैं। वो इस फिल्म में एक बड़ी सी दाढ़ी वाले वैज्ञानिक का चरित्र निभाते दिखाई भी देंगे जो आर्कटिक में प्रलय के बाद के दिनों में फेलिसिटी जोन्स के एक अंतरिक्ष दल को विनाषग्रस्त पृथ्वी पर आने से रोकना चाहते हैं। फिल्म 23 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ होगी।



### ब्रिजरटन

शोंडा राइम्स अब नेटफ्लिक्स पर भी दिखाई देगा। शो के आयोजक इसकी पहली रिलीज़ में जूलिया क्विन के रोमांटिक उपन्यास की श्रंखला का रूपांतरण प्रस्तुत करने जा रहे हैं। इसमें एक समृद्ध, अंग्रेज परिवार और उसके अफेयर्स की कहानी होगी। जूलिया एंड्रूज़ इसके स्टार्स में से एक है। ये 25 दिसंबर को रिलीज़ होगी।



### बेस्ट लेफ्टओवर्स एवर!

क्या आप अपने बचे हुए खाने को माइक्रोवेव में रखते हैं या फिर उसे कचरे में डाल देते हैं? यदि ऐसा है तो आपको पाककलाविदों की इस प्रतियोगिता श्रंखला से काफी कुछ सीखने को मिल सकता है। ये पाक-कला विषेषज्ञ बचे हुए खाने के विषेषज्ञ हैं और वे बचे खाने को नया रूप देने की चुनौती को स्वीकार कर रहे हैं। ये 30 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हो रही है।



## 2021 में भी व्यस्त रहेंगी यामी

**फिल्म** विकी डोनर, जिसने उन्हें लोगों की सराहना दिलाई, से अपने कॅरियर का प्रारंभ करने वाली अभिनेत्री यामी गौतम अब निरंतर आगे बढ़ती जा रही हैं। फिल्मों के बारे में उनके चयन ने उनकी बहुमुखी प्रतिभा को साबित किया है। प्रतिभा और समर्पण के बल पर ही यामी अभिनय की दुनिया में अपना स्थान बनाने में सफल रही हैं। वो अपनी फिल्मों में जो अभिनय करती हैं वो उनकी अभिनय क्षमता को प्रमाणित करने के लिए पर्याप्त है। अपने चरित्र को उन्होंने हर फिल्म में सार्थक बनाया है। 2019 में उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक, बाला उनकी सफल फिल्में थीं लेकिन अब 2020 में भी वो अपनी सफलता को दोहराने के लिए दृढ़संकल्पित दिखाई देती हैं। उनके पास इस समय कई फिल्में हैं और यही कारण है कि वो इस साल भी व्यस्ततम अभिनेत्रियों में से एक होंगी। एक सूत्र के अनुसार, ‘यामी को वर्तमान में आठ अलग अलग लेकिन रोचक स्क्रिप्ट के साथ निर्माताओं ने संपर्क किया है जिनमें से उन्होंने 6 फिल्मों को अपनी सहमति भी दे दी है। अब इनकी शूटिंग भी 2021 में प्रारंभ हो जाएगी। उन्हें मिलने वाले ये ऑफर अच्छे हैं और इनमें यामी दमदार अभिनय वाली स्क्रिप्ट में ही रुचि प्रदर्षित कर रही हैं जिनसे वो अपनी अभिनय क्षमता को चुनौती प्रदान कर सकें।’ उनकी हाल ही में प्रदर्षित फिल्मों-गिन्नी वेड्स सनी, जिसमें वो विक्रांत मैसी के साथ दिखाई दी हैं, एक अत्यंत सफल फिल्म साबित हुई है जिसे लोगों ने रुचि के साथ देखा और सराहा भी। हाल ही में उन्होंने भूत पुलिस की धर्मषाला में हो रही शूटिंग पूरी की। फिल्म में उनके साथ सैफअली खान, अर्जुन कपूर तथा जैकलीन फर्नांडीज़ भी हैं। इस प्रकार कहा जा सकता है कि 2021 भी उनके लिए एक सफल साल होने वाला है। हमें भी आषा है कि वो अपने प्रषंसकों को अपनी नई फिल्मों के माध्यम से चकित करने में अवष्य सफल होंगी। अत: कहा जा सकता है कि वर्ष 2021 यामी के लिए महत्वपूर्ण होने वाला है।

सीतापुर भ्रमण के पहले दिन

# पंचायत घर का नोडल अधिकारी ने किया उद्घाटन, परखीं व्यवस्थाएं

● ग्रामीणों की सुनी समस्याएं, नारी सुरक्षा और स्वावलम्बन का दिया संदेश थाना संदना का निरीक्षण कर देखी महिला हेल्पडेस्क नगर पालिका को स्वच्छता बनाए रखने का दिया निर्देश

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-निरीक्षण करती नोडल अफसर मिनिस्ती एस

**दो दिवसीय** जनपद भ्रमण पर सीतापुर पहुंची नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस. ने तहसील सिधौली के गांव नहोइया के नवनिर्मित पंचायत घर का उद्घाटन किया। उन्होंने सामुदायिक शौचालय का संचालन महिला स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कराये जाने हेतु हस्तगत किया। उन्होंने सभी स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधियों को सहजन के पौधे भी दिये। चौपाल के दौरान नोडल अधिकारी ने बेटियों को पढ़ाने के लिये प्रेरित करते हुये कहा कि सभी माताओं को अपनी बेटियों को आगे बढ़ाने के लिये प्रयास करना चाहिए। चौपाल के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी गोंदलामऊ, पशु चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, जिला पंचायत राज अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी सिधौली ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के विषय में लोगों को जानकारी दी। उधर नोडल अधिकारी ने योजनाओं के प्रगति की सिधौली तहसील में समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि शासन की मंशानुरूप सभी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ जनता को मिले यह सुनिश्चित किया जाये, एक्सरे मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक हरिशंकर लाल शुक्ला, जिला विकास अधिकारी राकेश कुमार पाण्डेय, उपजिलाधिकारी सिधौली संतोष कुमार राय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डा. आर.एस. पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। नोडल अफसर ने सिधौली-मिश्रिख-पिसावां-नेरी मार्ग कल्ली होते हुये नैमिषारण्य बी.पी. मार्ग के किमी 134 तक का 2 लेन से पेव्ड शोल्डर तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। मार्ग की लम्बाई 42.60 किमी है तथा यह मार्ग निर्माण खण्ड, लो.नि.वि. द्वारा बनाया जा रहा है। नोडल अधिकारी ने विद्युत पोल शिटिंग का कार्य शीघ्रता के साथ पूर्ण करने के निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिये। इसके बाद सिधौली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का हाल जाना। जहां निर्देश दिये कि मरीजों एवं जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को चिकित्सालय द्वारा प्रदत्त सुविधाओं के बारे में प्रचार हेतु डिस्प्ले बोर्ड, पम्पलेट इत्यादि लगवाये जायें। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि ठण्ड को दृष्टिगत मरीजों हेतु ब्लोवर/हीटर आदि की व्यवस्था की जाये। उन्होंने थाना संदना के निरीक्षण के दौरान महिला हेल्पडेस्क पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति को देखा। उन्होंने निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये तथा प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही की जाये। साथ ही रजिस्टर में पूरा एवं स्पष्ट विवरण दर्ज करने के निर्देश भी नोडल अधिकारी ने दिये।

## मेधावियों को मिले पुरस्कार, खिले चेहरे

**महमूदाबाद सीतापुर।** बाबूराम सावित्री देवी इण्टर कॉलेज शेखपुर बिलौली बाजार में कक्षा -9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को त्रैमासिक परीक्षा परिणाम में पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक ओम प्रकाश वर्मा, विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण वर्मा व समस्त शिक्षक -शिक्षिकाओं की उपस्थित में छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। तथा छात्र-छात्राओं को अपने परीक्षा परिणाम को और अधिक बेहतर बनाने के लिए भी प्रेरित करते हुए अपना आशीर्वाद प्रदान किया। पुरस्कार वितरण में कक्षा 9 से रितिका वर्मा और क्रान्ती वर्मा ने प्रथम, अमित कश्यप ने द्वितीय आकाश वर्मा ने तृतीय स्थान, कक्षा 10 से अंजली देवी ने प्रथम, जयदीप सिंह ने द्वितीय, रजनी वर्मा ने तृतीय स्थान, कक्षा 11 से प्रांशी वर्मा ने प्रथम , ईशा वर्मा ने द्वितीय, राशी सिंह और अनामिका वर्मा ने तृतीय स्थान, कक्षा 12 से नेहा यादव ने प्रथम , युवराज ने द्वितीय , दीपक कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कार मिला। इस अवसर पर विद्यालय के देव सरन वर्मा,विशम्भर दयाल वर्मा,शैल कुमारी ,अवनीश वर्मा,प्रेम गुप्ता,अजय , राखी वर्मा, राजेश वर्मा, संतोष आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

## मिलीभगत से कट गए चार नीम के पेड़

● प्रभारी डीएफओ रुस्तम परवेज ने दिए बिसवां रेंजर को जांच व कार्रवाई के आदेश, लकडकट्टे के विरुद्ध हुई जुर्माने की कार्रवाई

**मानपुर सीतापुर।** मानपुर थाना के निकट काटे गए नीम के पेड़ बरामद कर लिए गए हैं। बता दें मंगलवार रात करौंदीपुर के अली हुसेन ने पेड़ कटवा लिए थे। इस पर डीएफ्ओ रूस्तम परवेज ने जांच बिठा दी थी। वन रेंजर बिसवां सीके. पांडेय की टीम ने चार पेड़ बरामद कर लिए। प्रभारी डीएफ्ओ. ने बताया कि करौंदीपुर निवासी लकडकट्टे अली हुसेन से वन अधिकारियों ने काटे गए चार पेड़ो का जुर्माना वसूल लिया है। उधन नाक के नीचे हुए अवैध नीम कटान से थाना प्रभारी मानपुर राय साहब द्विवेदी अनजान बने रहे।

# किसानों के मसीहा को सपाइयों ने किया नमन

● किसान दिवस के रूप में मनी पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-स्व. चौधरी चरण की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते सपा जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव व अन्य

**पूर्व प्रधानमंत्री** चौधरी चरण सिंह की जयंती पर बुधवार को सपाईयों ने उन्हें नमन किया। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर फूल मालाएं चढ़ाई और उन्हें याद किया। बाद में वक्ताओं ने किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह के बताए रास्ते पर चलने की कार्यकर्ताओं को नसीहत दी। शहर के टाउन हाल स्थित समाजवादी पार्टी जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव, सपा के पूर्व विधायक राधेश्याम जायसवाल की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री, किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राधेश्याम जायसवाल, पूर्व विधायक अनिल वर्मा, निर्मल वर्मा, मनीष रावत, अफ्जाल कौसर अंसारी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष फिद्दा हुसैन अंसारी, कार्यालय प्रभारी जयसिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष विजय वर्मा, कौशलेन्द्र सिंह, देवनाथ यादव, जिला सचिव मनोज भारती, चन्द्रशेखर यादव, सुहैल अहमद, संदीप गुप्ता, प्रवीण सैनी, लालसिंह यादव, राबिन सिंह यादव, अंकित त्रिवेदी, महेंद्र यादव, रमेशचन्द्र शुक्ल, जावेद, शैलेंद्र यादव, रामगोपाल यादव आदि लोग मौजूद थे। कार्यक्रम के बाद सदर से पूर्व विधायक राधेश्याम जायसवाल ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। कहा कि प्रदेश की यह गूंगी बहरी सरकार किसानों का दमन कर रही है। किसानों का उत्पीड़न व शोषण बर्दाश्त नहीं घ्किया जाएगा।

आधी रात से लॉक हो जाएंगे प्रधानों के खाते, बैठेंगे प्रशासक

# ग्राम पंचायतों में मची होड़, पेमेंट कराने में जुटे प्रधान

● 25 दिसंबर को खत्म हो रहा गांव की सरकारों का कार्यकाल

संवाददाता। सीतापुर




**25 दिसंबर** को गांव की सरकारों का कार्यकाल खत्म हो रहा है। कार्यकाल समाप्ति की तारीख नजदीक देख इन दिनों ग्राम पंचायतों में कराए गए विकास कार्यों के पेमेंट निकासी की होड़ मची है, क्योंकि इनके कार्यकाल को समाप्त होने में महज दो रोज ही बचे हैं। कार्यकाल पूरा होते ही आधी रात को इनके खाते लॉक कर दिए जाएंगे। साथ ही बतौर एडीओ पंचायत प्रशासक भी बिठाए दिए जाएंगे। पंचायती राज विभाग की निदेशक ने बकायदा जिलाधिकारी को पत्र जारी कर दिया है। आदेश पर पंचायती राज विभाग तैयारियों में जुटा है। उत्तर प्रदेश की ग्राम पंचायतों में वर्ष 2015 में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराए गए थे, इनमें ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य शामिल हैं। सीतापुर जिले की 1601 ग्राम पंचायतों में भी यह निर्वाचन प्रक्रिया अपनाई गई थी, 25 दिसंबर को प्रधानों का पंच वर्षीय कार्यकाल खत्म हो रहा है। कार्यकाल की समाप्ति से पहले ग्राम पंचायतों में नए कार्यकाल का गठन होना था, इनके गठन को सरकार ने चुनावी प्रक्रिया की कवायद शुरू की थी, लेकिन मार्च में देश में फैले कोरोना संक्रमण के चलते इसे बीच में ही सरकार को स्थगित करना पड़ा। अब कोरोना का प्रकोप थमने के बाद सरकार ने एक बार फिर से चुनावी तैयारियों में जुट गई है, हालांकि ये चुनाव नए साल यानी फरवरी या फिर अप्रैल माह में ही संभव हो पाएंगे, इससे पहले ये चुनावी प्रक्रिया पूरी हो पाना कतई संभव नहीं है। इनका कार्यकाल पहले ही खत्म हो जाएगा, इसे समाप्ति होने में 2दिन रह गए हैं। इसलिए सरकार को चुनाव कराने से पहले प्रशाासक बिठाने होंगे। पंचायती राज विभाग के मुताबिक कम समय को देखकर प्रशासन ने ग्राम पंचायतों में सहायक विकास अधिकारियों को बतौर प्रशासक बिठाने की तैयारी में जुटा है। विभाग में फाइल तैयारी की जा रही है, ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाघ्प्त होते ही इन पदों पर एडीओ पंचायत को बतौर प्रशासक बिठा दिया जाएगा। कार्यकाल समाप्त की तारीख नजदीक देख कर ग्राम पंचायतों में कराए गए विकास कार्यों के पेमेंट निकासी की होड़ मच गई।उधर, पंचायती राज निदेशक डॉ. किंजल सिंह ने भी जिलाधिकारी को पत्र जारी किया है। इसके जरिए उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर को ग्राम पंचायतों का कार्यकाल पूरा हो जाएगा। यह कार्यकाल खत्म होते ही आधी रात को ही ग्राम पंचायतों में प्रधानों की डीएससी ई- ग्राम स्वराज पर अनरजिस्टर्ड कर दिया जाए। इस कार्य की जिम्मेदारी संबंधित एडीओ पंचायत की होगी।

## विधायक ने लगाई चौपाल

**रामपुरमथुरा सीतापुर।** सीतापुर के रामपुर मथुरा ब्लॉक के तुलसीपुर बंजर गांव में आयोजित चौपाल में विधायक ज्ञान तिवारी ने हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार तकनीक का इस्तेमाल करते हुए भ्रश्टाचार को रोकने के लिए प्रयासरत है, वरासत अभियान इसी का हिस्सा है। इसके बाद विधायक ने रामपुर मथुरा ब्लॉक परिसर में आयोजित किसान सम्मान दिवस में भी प्रतिभाग किया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार, लल्ला मिश्रा, लक्ष्मी मौर्या आदि मौजूद रहे।

अब नए साल में इलेक्ट्रिक ट्रैक पर दौड़ेंगी ट्रेनें

# लखीमपुर-सीतापुर नए इलेक्ट्रिक ट्रैक पर 90 किमी की स्पीड से दौड़ी स्पेशल ट्रेन

● महज 40 मिनट में स्पेशल ट्रेन ने तय किया सफर सीआरएस के मुआयने में रेल संरक्षा आयुक्त ने परखी ट्रैक की गुणवत्ता

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-ट्रैक का निरीक्षण करते रेल अधिकारी

**पूर्वोत्तर रेलवे** के सीतापुर जंक्शन-लखीमपुर के नए ट्रैक पर अब नए साल में इलेक्ट्रिक ट्रेनें दौड़ेंगी। ये संकेत पूर्वोत्तर रेलवे परिमंडल के रेल संरक्षा आयुक्त के दौरे में मिल गए हैं। बुधवार को सीतापुर जंक्शन-लखीमपुर के नए ट्रैक के सीआरएस मुआयने में रेल संरक्षा आयुक्त ने गुणवत्ता परखी। बाद में समूचे ट्रैक पर स्पेशल ट्रेन दौड़ाकर स्पीड ट्रॉयल किया। 90 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से फर्राटा भरते हुए ट्रेन ने करीब 40 मिनट में सीतापुर तक सफर तय किया। बुधवार को पूर्वोत्तर रेलवे परिमंडल के रेल संरक्षा आयुक्त मोहम्मद लतीफखान, गोरखपुर से आए प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर एके शुक्ला, मण्डल रेल प्रबंधघ्क डॉ. मोनिका अग्निहोत्री, आरवीएनएल के प्रमुख परियोजना निदेशक दिनेश चंद्र पाण्डेय, सिग्नल महाप्रबन्धक एके सिंह, आरवीएनएल, मुख्य परियोजना अधिकारी निश्चल श्रीवास्तव, लखनऊ मण्डल के वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियरध्टीआरडी धर्मेन्द्र कुमार यादव स्पेशल ट्रेन से बुधवार की सुबह सीतापुर जंक्शन पहुंचे। यहां पर रेल संरक्षा आयुक्त समेत अन्य अफसरों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन अर्चन किया। बाद में सभी अफसर नए इलेक्ट्रिक ट्रैक की गुणवत्ता परखने को स्पेशल ट्रेन से सीतापुर जंक्शन से लखीमपुर को रवाना हुए। रेल संरक्षा आयुक्त ने सीतापुर जंक्शन - लखीमपुर के मध्य 45.389 किमी खण्ड के निरीक्षण में ट्रैक की गुणवत्ता परखी। उन्होंने सीतापुर-झरेखापुर रेल खण्ड के मध्य कर्व संख्या 23 व एसएसपी तथा एलसी गेट सं. 86 सी, एलसी गेट स. 91सी का निरीक्षण किया। बाद में वहां से टीम हरगांव स्टेशन पहुंची। यहां पर टीम ने स्टेशन अधीक्षक कक्ष व यार्ड, लाइन टर्न आउट प्वाइंट, फुट ओवर ब्रिज व ब्रिज संख्या 56 का भी निरीक्षण किया। ओयल स्टेशन के अलावा एसएसपी तथा 132 केवीए की क्षमता से युक्त हाईटेंशन लाइन का निरीक्षण किया। तदुपंरात लखीमपुर स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक कक्ष, रिले रूम, आईपीएस रूम, तथा यार्ड, फुटओवर ब्रिज तथा स्टेशन के 'न्यूट्रल सेक्शन' व दोनों छोर पर 'अर्थ फाल्ट' की जांच की। इसके अलावा लखीमपुर स्टेशन में ओवर ब्रिज तथा स्टेशन पर इन्सोलेटर ओवर लेप, स्वीच फार मेन लाइन आइसोलेटर, आटो टेंशन डिवाइस को देखा। समूचे ट्रैक का मुआयने करने के बाद रेल संरक्षा आयुक्त ने लखीमपुर-सीतापुर जंक्शन स्टेशन तक विद्युत लोकोमोटिव से चालित निरीक्षण स्पेशल ट्रेन भी दौड़ाई गई। नए ट्रैक पर करीब 90 किमी प्रति घंटे की गति से ट्रेन दौड़ी। शाम को पांच बजकर बीस मिनट पर स्पेशल ट्रेन लखीमपुर से चलकर शाम छह बजे सीतापुर स्टेशन पहुंची। निरीक्षण के बाद रेल संरक्षा आयुक्त रेल बोर्ड को अपनी सीआरएस निरीक्षण आख्या प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर लखनऊ मण्डल के वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर एसडी पाठक, वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी अजय प्रताप सिंह, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियरध्द्वितीय मानसी मित्तल, वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियरध्सा0 धनन्जय मिश्रा, मंडल परिचालन प्रबन्धक डॉ. शिल्पी कन्नौजिया, आरवीएनएल के रेल प्रबंधक जेएन मिश्रा, स्टेशन अधीक्षक एके शुक्ला, शिशिर श्रीवास्तव, अभय झा आदि अफसर मौजूद थे।

मतपेटियों में कैद हो गई 39 प्रत्याशियों की किस्मत

# गहमा-गहमी के माहौल में 788 मतदाताओं ने डाले वोट

● बार एसोसिएशन के अध्यक्ष समेत विभिन्न पदों का चुनाव

संवाददाता। सीतापुर



**सर्द मौसम** में सीतापुर बार एसोसिएशन के चुनाव में बुधवार को दीवानी कचेहरी का माहौल पूरे दिन गर्म रहा। एसोसिएशन के अध्यक्ष समेत विभिन्न दस पदों के चुनाव के मतदान को सुबह से ही अधिवक्ता जुट गए थे। गहमागहमी के माहौल में मतदाताओं ने वोट डाले। इस दौरान विभिन्न पदों के उम्मीदवारों ने अपने समर्थकों के संग मतदाताओं से सहयोग मांगा। शाम चार बजे तक चली मतदान प्रक्रिया में 850 के सापेक्ष 788 अधिवक्ताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। बाद में भारी सुरक्षा इंतजामों के बीच सील मतपेटियों को सुरक्षित तरीके से रखवा दिया गया है। गुरुवार को वोटों की गिनती कर नतीजे घोषित किए जाएंगे। सीतापुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष समेत दस पदों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया अपनाई गई। सभी पदों पर 39 उम्मीदवार मैदान में थे। ज्येष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए सबसे ज्यादा सात उम्मीदवार मैदान में थे। जबकि पुस्तकालय के घ्लिए एक उम्मीदवार का नामांकन आया था। अध्यक्ष समेत विभिन्न पदों के चुनाव के लिए मतदान की तारीख 23 दिसंबर मुकर्रर की गई थी। मतदान को 850 मतदाताओं की सूची जारी की गई थी। सकुशल चुनाव को संपन्न कराने के लिए बार एसोसिएशन सभागार में नौ बूथ बनाए गए थे। साथ ही बकायदा मतदान कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। मतदान को लेकर सुबह से ही दीवानी कचेहरी परिसर में गहमागहमी का दौर शुरू हो गया था। शुरुआत में मतदान की रफ्तार कुछ धीमी रही। लेकिन दोपहर बाद मतदान प्रतिशत में वृद्धि आंकी गई। शाम चार बजे तक चली मतदान प्रक्रिया में 788 मतदाताओं ने वोट डाले, इनमें इनमें पूर्व मंत्री रामहेत भारती, पूर्व सांसद जनार्दन प्रसाद मिश्रा, पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा आदि शामिल रहे। चुनाव अधिकारी हारिश कमाल अय्यूबी के मुताबिक चुनाव में मतदान प्रक्रिया शांति पूर्वक रही। मतदान के बाद मतपेटियों को सील कर उन्हें सुरक्षित रखवा दिया गया है। गुरुवार को बार एसोसिएशन सभागार में मतगणना प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इस दिन वोटों की गिनती कर नतीजे घोषित किए जाएंगे।

शिक्षक संघ का अधिवेशन

## मनोज मिश्रा अध्यक्ष, मंत्री बने रमेश चन्द्र


रेउसा-विजयी पदाधिकारियों का मुंह मीठा कराते शिक्षकगण

**रेउसा सीतापुर।** बेहटा में अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ का अधिवेशन हुआ। 53 मत हासिल करके मनोज मिश्रा अध्यक्ष बने। 23 मतों के साथ राजकुमार वर्मा रनर रहे। मंत्री पद पर रमेश चंद्र ने 52 वोट हासिल कर बृजेश शुक्ला को हराया। बृजेश शुक्ला को 24 वोट मिले। इस मौके पर सुरेन्द्र राजवंशी, विनोद गौतम, सतीश कुमार, अभिषेक, सुशील कुमार, अरविन्द आदि ने बधाई दी।

तेरहवीं संस्कार के मौके पर

# नम आंखों से दी गई पूर्व केंद्रीय मंत्री को श्रद्धांजलि

● बेटों ने की शांतिहवन कर पिता के मोक्ष की प्रार्थना, कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष समेत कई पार्टियों के नेता हुए शामिल

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-स्व. राही को श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, पूर्व एमएलसी राकेश सिंह, रामदयाल राजवंशी व अन्य



सीतापुर-स्व. रामलाल राही को श्रद्धांजलि देते बडे बेटे रमेश राही, बहू मंजरी राही, सुरेश राही, शिवनरायण लाल शर्मा, शैलेन्द्र राज, भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा व अन्य

**बीते दिनों** पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्व. रामलाल राही के देहान्त के बाद बुधवार को उनका तेरहवीं संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पुत्रों पूर्व विधायक रमेश राही व हरगांव विधायक सुरेश राही द्वारा शान्ति हवन किया गया। इसके बाद कार्यक्रम में पहुंचें कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, शमीना शफीक, जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी, विनीत दीक्षित, संतोष भार्गव, ज्ञानेंद्र, सुभाष अन्य कार्यकर्ताओं के साथ उनके आवास पहुंचकर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। स्व. राही की तेरहवीं संस्कार में सभी पर्टियों के नेताओं ने पहुंचकर उनके परिजनों को ढांढस बंधाया और स्व. राही को श्रद्धांजलि दी। इनमें भाजपा नेता व पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, राकेश सिंह, पूर्व सपा विधायक मनीष रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, उदित बाजपेई, अनूप विश्वकर्मा, रामदयाल राजवंशी, राजकुमार, परशुराम लल्ला, अनुपम वर्मा, नागेंद्र राही, एमसी भार्गव, पूर्व कैबिनेट मंत्री आरके चौधरी, शिवेंद्र प्रताप सिंह, बिसवां विधायक महेंद्र यादव, सुनील वर्मा आदि ने भी पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाए और उनकी आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की।

# सम्मान दिवस पर 32 किसान सम्मानित

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**भूतपूर्व प्रधानमंत्री** चौधरी चरण सिंह का जन्म दिवस किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया। छाउछ स्थित कृषि भवन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी, विधायक सदर योगेश वर्मा व विधायक श्रीनगर मंजू त्यागी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान लगाई गई कृषि प्रदर्शनी में किसान कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी हासिल की। उप कृषि निदेशक डा. योगेश प्रताप सिंह ने किसान सम्मान दिवस की प्रासंगिकता एवं आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

सांसद अजय मिश्र टेनी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का पूरा जीवन किसानों को समर्पित रहा। पूरे हिंदुस्तान में एक सर्वमान्य नेता के रूप में वह आज भी कायम हैं। पूरे भारतवर्ष में 50 से 60 फीसदी लोग कृषि क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए विभिन्न स्तरों पर अनेकों प्रयास कर रही है। उन्होंने केंद्र सरकार के कृषि बिल की आवश्यकता के संबंध में जानकारी दी। डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने सम्मानित होने वाले सभी प्रगतिशील किसानों को शुभकामनाएं दीं। कहा कि सम्मानित होने वाले किसानों से प्रेरणा लेकर अन्य किसान भी अपनी उपज को बढ़ाकर उनके कदम से कदम मिलाए। जिला कृषि अधिकारी सत्येंद्र प्रताप सिंह ने किसानों को कृषि उपज बढ़ाने के टिप्स दिए। कृषि के क्षेत्र में गेहूं की फसल उत्पादन में प्रथम एवं द्वितीय रविंद्र कुमार वर्मा एवं प्रदीप कुमार, मसूर उत्पादन में प्रथम एवं द्वितीय घनश्याम सिंह राठौर व राजकुमार सिंह, धान उत्पादन में प्रथम एवं द्वितीय शेर सिंह राठौर व कौशल किशोर, उरद उत्पादन में प्रथम व द्वितीय मगत राम व बांकेलाल को सम्मानित किया गया। उद्यान के क्षेत्र में केले की खेती में प्रथम व द्वितीय मोहम्मद हयात खान एवं धर्मपाल मौर्य, पत्ता गोभी की खेती में प्रथम व द्वितीय विपिन कुमार व अरुण कुमार, मशरूम की खेती में प्रथम व द्वितीय जितेंद्र शर्मा, अनुराग अग्रवाल व टमाटर की खेती में प्रथम व द्वितीय प्रमोद कुमार व रामचंद्र को सम्मानित किया गया। गन्ने की विभिन्न प्रजातियों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले नरेंद्र सिंह, गुरतेज सिंह, गुरचरण सिंह, तरसेम सिंह, कुलविंदर सिंह, अमरजीत सिंह, राजाराम व मिश्रीलाल को सम्मानित किया गया। पशुपालन के क्षेत्र में भैंस व गाय डेरी प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन में गुरविंदर सिंह एवं परमजीत सिंह ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुर्रा भैंस के दुग्ध उत्पादन में अभिनव कुमार व राकेश कुमार को प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संकर गाय के दुग्ध उत्पादन में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले अजीत कुमार व सर्वेश कुमार सहित बकरी बरबरी में मांस उत्पादन के क्षेत्र में अनिल कुमार व सब्बन ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले किसानों को सात हजार एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले किसानों को 5 हजार का स्वीकृति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक डा. योगेश प्रताप सिंह, जिला कृषि अधिकारी सत्येंद्र प्रताप सिंह, जिला कृषि रक्षा अधिकारी डा. आईके गौतम, जिला पशु चिकित्सा अधिकारी डा. टीके तिवारी, जिला गन्ना अधिकारी बीके पटेल, जिला उद्यान अधिकारी दिग्विजय कुमार भार्गव सहित कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि जानकारों ने किसानों को विस्तार से उपज बढ़ाए जाने की टिप्स दी। कार्यक्रम के अंत में डीडी कृषि योगेश प्रताप सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# प्रबंधक ने ग्राहकों को बताए पेपरलेस लेन-देन के तरीके

● **सुविधाओं के संबंध में भी दी जानकारी**

संवाददाता। बम्हनपुर-खीरी

**प्राइमरी स्कूल** बम्हनपुर में आयोजित में ग्राहकों को पेपरलेस डिजिटल लेनदेन के तरीके और उससे होने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। बैंक प्रबंधक ने जानकारी दी।

जिला सहकारी बैंक द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में बैंक शाखा प्रबंधक आशीष कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि ग्राहकों डिजिटल लेन देन के लिए बैंक शाखा पर अब माइक्रो एटीएम मशीन रहेगी जिसमें धन निकासी और जमा की भी व्यवस्था होगी। यह बायोमेट्रिक मशीन ग्राहक की पहचान भी करेगी। इसमें पैसा निकालने के लिए विड्रॉल भरने की जरूरत नहीं होगी। जमा करने के लिए भी जमा करने का फार्म भरने की आवश्यकता नहीं रह जायेगी। इसके लागू होने से बैंक में ग्राहकों को ज्यादा समय नहीं बर्बाद करना पड़ेगा। वहीं बैंक में होने वाली भीड़ से भी निजात मिलेगी। आरडी और एफडी जमा करने पर जोर देते हुए उससे होने वाले फायदे भी बताए। गोष्ठी को रामाधीन इंटर कालेज के प्रधानाचार्य राजबहादुर राम ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान सतीश कुमार सक्सेना, ग्राम प्रधान मोहैयद्दीन पूर्व प्रधान, आशीष सिंह, रजनीश यादव, रोहित जायसवाल, अशोक कुमार जायसवाल, अतीक अहमद तथा श्याम किशोर शुक्ला आदि लोग मौजूद थे।

## ओवरलोड वाहनों के संचालन का सिलसिला जारी

**मैलानी-खीरी।** प्रशासन आंख मूंद कर सो रहा है और ओवरलोड वाहन रोड पर फर्राटा भर रहे हैं। यह प्रशासन की नाकामी आए दिन कहीं न कहीं हादसे होते रहते हैं। बेकसूर लोगों को जान गंवानी पड़ती है। प्रशासन इन ओवरलोड वाहनों पर क्यों कार्रवाई नहीं करता यह यक्ष प्रश्न लगातार बना हुआ है। सड़क पर धड़ल्ले से ओवरलोडेड वाहन चलने से सड़कों पर दबाव बढ़ रहा है। इसके कारण सड़क जर्जर हो रही हैं। वाहन चालक भी परिवहन कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। बुद्धिजीवियों की मानें तो आए दिन सड़क हादसा व सड़कों की खस्ताहाली को देखते हुए संबंधित विभाग को ओवरलोडिंग पर लगाम लगाना चाहिए। लेकिन उन्हें पता होना चाहिए कि अधिक लोड सड़क से घातक सिद्ध होता है। इस ओर प्रशासन को विशेष हिदायत बरतनी होगी। जिससे कि ओवरलोडिंग पर अंकुश लगायी जा सके। सड़कों पर धड़ल्ले से ओवरलोडिंग जारी है। ओवर लोडिंग होने से कभी-कभी बड़ी दुर्घटना भी सड़कों पर होती है। जिसमें कई लोगों को जान भी गंवाने पड़ते हैं। आये दिन इस तरह की घटना सड़कों पर देखने को मिल रही है।

# किसान दिवस पर कांग्रेस ने बजायी ताली-थाली, मुकदमा दर्ज जिलाध्यक्ष सहित कई गिरफ्तार

**खागा ( फतेहपुर )।** प्रियंका गाँधी व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के निर्देश एवं नेतृत्व में किसान दिवस के मौके पर किसान विरोधी भाजपा की गूंगी बहरी सरकार को जगाने के लिए स्थानीय सांसद व केंद्र में मंत्री के आवास जाकर ताली थाली बजाकर केंद्र सरकार को किसान विरोधी कानून वापस लेने का दबाव बनाने का कार्यक्रम किया गया। चौधरी चरण सिंह के जन्म दिन पर कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर यहां किसानों के समर्थन में जिले के विधायकों व सांसद के सामने ताली-थाली बजा कर सरकार को कुम्भकर्णी नींद से जगाने के लिये प्रदर्शन करने जा रहे जिलाध्यक्ष को उनके समर्थकों के साथ सदर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कांग्रेसियों को पुलिस कोतवाली ले गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह सरकार पुलिस के दम पर किसानों की आवाज का दमन नहीं कर पायेगी। उन्होंने कहा कि हम पूरी तरह से तैयार है, जब तक सरकार कृषि कानूनों को वापस नहीं लेती तब तक किसानों के साथ मिल कर कांग्रेस लड़ाई लड़ती रहेगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि चाहे इसके लिये तानाशाही सरकार द्वारा जितना भी दुर्व्यवहार किया जाये हर कांग्रेसी जेल जाने से भी नहीं डरता है। जिला पार्टी मुख्यालय में शिवकान्त तिवारी, मोहसिन खान, पंकज सिंह गौतम, उदित अवस्थी, मो0 शहीद चच्चा, अशोक दुबे, बीरेंद्र गुप्ता, अभिषेक सहित कई लोगों को पुलिस ने घर से ही गिरफ्तार कर लिया। प्रदर्शन के लिये जा रहे जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय के साथ राजीव लोचन निषाद, विकास मिश्र, विनय द्विवेदी सहित सभी लोगों पर मुकदमा लिख कर पुलिस ने कार्यवाही की।

# मुक्तिधाम की जमीन पर दबंग ने बो दिया गन्ना

**पैमाइश की खबर पर शुरू किया काटना**

संवाददाता। सिंगाही-खीरी

**सिंगाही-निघासन** रोड पर सिंगाही कस्बे का मुक्तिधाम है। इस मुक्तिधाम करीब का करीब दस साल पूर्व ग्राम पंचायत की ओर से सौन्दर्यीकरण हुआ। इसके करीब पांच साल बाद नगर पंचायत की ओर से इसके सौंदर्यीकरण का काम शुरू कराया गया। काम शुरू होने के दौरान नगर पंचायत कुछ तत्कालीन सभासदों ने उस जमीन की पैमाइश कराकर पूरी जमीन को शामिल करने की मांग रखी गई। इसके बाद मामले को उस समय के एसडीएम लव कुमार सिंह ने मौके का निरीक्षण किया और लेखपालों से पैमाइश करवाई। उस समय हुई पैमाइश के दौरान मुक्तिधाम के उत्तर करीब ढाई बीघा जमीन एक भूमाफिया के कब्जे में मिली जिसको तत्काल खाली करवा दिया गया। उसके बाद यह भूमि खाली पड़ी रही। इसके बाद फरवरी 2020 में एक दबंग ने उस पर फिर से गन्ना बो दिया। इसको लेकर कई बार राजस्व कर्मियों से कस्बे के लोगों खाली कराने की मांग रखी। लेकिन उनकी ओर ध्यान नही दिया। वहीं जिसने गन्ना बोया था उसको भनक लगी कि उस जमीन पैमाइश कराकर उसे फिर खाली कराई जा सकती है। इसके बाद उसने बुधवार मुक्तिधाम की जमीन पर बोया गन्ना काटना शुरू कर दिया है। वहीं इस मामले को लेकर जब एसडीएम ओ से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है शिकायत मिलने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## पंचायत बोर्ड की बैठक में सभासदों का बहिष्कार

● **कुछ वार्डों के साथ सौतेलेपन का आरोप**

● **मीटिंग में नहीं पहुंचे आठ सभासद**

संवाददाता । सिंगाही-खीरी

**नगर पंचायत** में आयोजित बोर्ड की बैठक का बहिष्कार कर दिया जिसके बाद बैठक स्थगित कर दी गई। सदस्यों ने आरोप लगाया कि कुछ वार्डों के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है। नगर पंचायत सदस्य जय सिंह, इतवारी, मसूद, महेश सिंह, वाजिद व ह्रदेश गुप्ता आदि ने बताया कि नगर पंचायत सभागार में मंगलवार को बार्ड की बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में नगर पंचायत चेयरमैन उत्तम मिश्रा, ईओ अवधेश मिश्रा समेत नगर पंचायत के सभी सदस्य पहुंचे थे। वहीं 8 सभासदों के मीटिंग में न पहुंचने चर्चा का विषय बना रहाद्ध सभासदों का आरोप है कि नगर पंचायत में अपनी मनमानी से ही सारे कार्य किए जाते हैं। इस पर कुछ लोग भड़क गए और मामले ने तूल पकड़ लिया। आठ नगर पंचायत सदस्य ने अपने वार्डों में कार्य न करने का आरोप लगाते हुए मीटिंग का बहिष्कार करते हुए बाहर चले गए। चेयरमैन उत्तम मिश्रा ने उन लोगों को रोकने का प्रयास किया लेकिन वह लोग नहीं मानें। बैठक में सदस्य कम होने के कारण उसे स्थगित कर दिया गया। उधर ईओ अवधेश मिश्रा ने बताया कि जहां पर कार्य होने वाला है वहीं पर कराया जा रहा है। शीघ्र ही सबको बुलाक अगली बैठक की जाएगी।

# सीआरएस और डीआरएम ने किया सिग्नल पॉइंट का निरीक्षण



**ओयल-खीरी।** कस्बा आयल क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे स्टेशन के निकट बने सिग्नल पॉइंट का सीआर व एस और डीआर व एम ने निरीक्षण किया। आज लगभग 3 बजे लखनऊ से आए रेलवे के मुख्य अधिकारी सीआरएस लतीफ खान तथा डीआरएम डा. मोनिका ने ओयल में स्थित सिग्नल भवन का निरीक्षण किया। उनकी बारीकियों को समझा। इस अवसर पर रेलवे लखनऊ, सीतापुर तथा लखीमपुर रेलवे विभाग के बड़ी संख्या में अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसके अलावा जीआरपी पुलिस ओएल पुलिस महिला पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहे। इसके साथ लखनऊ से लेकर लखीमपुर तक पूरे तकनीकी विभाग के कर्मचारी अधिक सक्रिय रहे। इस अवसर पर रेलवे विभाग ने अपने अधिकारियों के स्वागत की व्यापक तैयारी कर रखी थी।

## क्विक न्यूज

### दुर्घटना में घायल बुजुर्ग ने दम तोड़ा

**बरेली।** सड़क दुर्घटना में घायल एक बुजुर्ग की कई दिनों तक चले इलाज के बाद बीती रात एक निजी अस्पताल में मौत हो गई।। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के गांव रजऊ परसपुर में हुई सड़क दुर्घटना में घायल हरदोई के कैनाल रोड निवासी 65 वर्षीय रहमतुल्लाह कि बीती रात इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। मृतक के घर वालों ने बताया कि रहमतुल्ला 11 दिसंबर को अपनी पिकअप गाड़ी से किसी काम से बरेली आ रहे थे। लेकिन जब उनकी गाड़ी रजऊ परसपुर इलाके में पहुंची। तभी धुंध के कारण चालक को सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली ठीक से दिखाई नहीं दी और उसकी गाड़ी ट्रैक्टर की ट्राली में पीछे से जा घुसी। जिससे रहमतुल्लाह गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना में ड्राइवर को भी चोटें आई। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पहुंची पुलिस दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजकर उनके पास मिले मोबाइल से दुर्घटना की सूचना उनके घर वालों को दे दी। कई दिनों तक चले इलाज के बाद बीती रात रहमतुल्लाह की अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पत्नी की कई साल पहले ही मौत हो चुकी है। वह 7 बच्चों का पिता था।

### सड़क दुघर्टना में किशोर की जान गई

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के अन्तर्गत नेशनल हाइवे पर मंगलवार की देर रात करीब 10.30 बजे हुई सड़क दुर्घटना में एक किशोर की मौत हो गई। जिला अस्पताल में रात्रिकालीन इमरजेंसी सेवा में तैनात सर्जन डा संतोष कुमार ने बताया कि मंगलवार की रात्रि करीब 11 बजे मलवां थाना क्षेत्र के ढोढियाही गांव निवासी छोटू 17 वर्ष पुत्र फूलचंद्र के साथ आये लोगों ने बताया था कि हाइवे पर कोराईं गांव के समीप मृतक बाइक से अपने गांव आ रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चिकित्सक ने बताया कि अस्पताल में घायल मृत अवस्था में आया था। शव को मार्च्युरी में रखवा कर पुलिस को सूचना भेज दी गई है। मलवां थाना प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह राजपूत ने बताया कि जानकारी मिली है। आज शव का विच्छेदन कराया जायेगा।

### छत से गिरकर वृद्ध की मौत

**फतेहपुर।** खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम भैरमपुर मजरे रतनपुर में मंगलवार की रात लघुशंका करने उठे लगभग 59 वर्षीय एक वृद्ध छत से नीचे गिरकर घटनास्थल पर मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार भैरमपुर मजरे रतनपुर गांव निवासी परमसुख का पुत्र केदारनाथ छत पर सो रहा था। बताते हैं कि देर रात लगभग दो बजे लघुशंका करने के लिए उठा तभी नींद के झोंके में वह छत से नीचे गिर गया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### सड़क हादसे में बाइक सवार अधेड़ की मौत

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत मंगलवार की देर शाम चार पहिया वाहन एवं बाइक की भिड़ंत में लगभग 50 वर्षीय एक अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार खागा कस्बा निवासी मनसुख का पुत्र दिनेश मंगलवार की शाम मोटरसाइकिल से गाजीपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत रिश्तेदारी में जा रहा था जैसे ही वह सामियाना गांव से कुछ आगे बढ़ा तभी सामने से आ रही चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी। घटना के बाद चालक वाहन सहित भाग जाने में सफल रहा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### संदिग्ध हालात में युवक का शव बरामद

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम मुत्तौर में बुधवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में लगभग 30 वर्षीय एक युवक का शव पुलिस ने उसके घर से बरामद किया है। जानकारी के अनुसार मुत्तौर गांव निवासी राजेन्द्र प्रसाद का पुत्र सचिन द्विवेदी बीती रात खाना खाकर अपने कमरे में सो रहा था। आज सुबह उसका मृत शव उसकी के पलंग पर संदिग्ध अवस्था में मिला। तभी इसकी सूचना पुलिस को दे दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### सर्विलास टीम ने लाखों के मोबाइल किए बरामद

**फतेहपुर।** सर्विलान्स टीम द्वारा पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में चलाये गये अभियान में जनपद मे खोये मोबाइलों को सर्विलान्स के माध्यम से ट्रेस कर बरामद किया गया। एक माह के अभियान के फलस्वरूप सर्विलान्स टीम द्वारा कुल, 34 एंड्रायड स्मार्ट मोबाइल बरामद किये गये हैं। जिनकी कुल कीमत लगभग साढ़े चार लाख रूपये है, बरामद मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों को सौपा गया। इस कार्य की आमजन मानस द्वारा भूरि-भूरि प्रसंशा की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्विलांस टीम को दस हजार रू0 का नकद पुरस्कार किया गया।

# डीआईजी व कमिश्नर ने जिले का दौरा कर फरमान जारी किया

संवाददाता। शाहजहांपुर



**बुधवार को** जिले में बरेली के डीआईजी राजेश पांडे व कमिश्नर बरेली रणवीर प्रसाद,ने थाना बंडा का दौरा किया है। इसके बाद दोनों अधिकजरियों ने जनपद के कई थानों का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर कमिश्नर बरेलीरणवीर प्रसाद,ने मिशन शक्ति के तहत थानों में आगंतुक महिलाओं के केविन की व्यवस्था देखी तथा जर्जर थानों को रिपेयर करने के भी निर्देश दिए गये।

थाना बंडा ने निरिक्षण के दौरान डीआईजी कमिश्नर ने जिलाधिकारी इंद्रविक्रम सिंह व पुलिस अधीक्षक एस आंनद को मिशन शक्ति के तहत थानों में आने वाली महिलाओं के साथ पुलिस के बेहतर सुलूक के निर्देश के साथ ही महिलाओं के साथ घटित होने वाली वारदातों में फौरन एक्शन लेने का सुझाव भी दिया । इस दौरान उन्होंने थाने का निरीक्षण करने के साथ साथ जर्जर हो चुके थानो को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मिशन शक्ति के तहत महिला आगंतुकों के केबिन के इंतजाम के निर्देश दिए गए हैं। गौरतला है कि मुख्यमंत्री के निर्देश के तहत हर थाने में महिला आगंतुकों के लिए केबिन की व्यवस्था बनाई गई है। ऐसे में जिन थानों में महिला आगंतुक का केबिन नहीं बना है उसके लिए बरेली मंडल के अधिकारी दौरा कर निरीक्षण कर अधिकारीयों के आदेशित कर रहे है निरिक्षण कार्यक्रम में जिला अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह व पुलिस अधीक्षक एस आनंद सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# इफको के कार्यकारी निदेशक ने किसान, ग्रामीण महिलाओं और बुजुर्गों को किये कंबल वितरित



**बरेली ।** इफ्को आंवला इकाई के कार्यकारी निदेशक श्री आईसी झा व इफ्को अधिकारी संघ के अध्यक्ष शिशिर यादव ने ओम प्रताप सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज, केसरपुर, बरेली के परिसर में किसान ग्रामीण महिलाएं और बुजुर्गों को करीब 100 से अधिक कंबल वितरित किए । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरेली के महापौर डॉ उमेश गौतम थे । उन्होने इफ्को द्वारा बड़े स्तर पर जनमानस में किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इफ्को संयंत्र केवल उर्वरक ही नहीं बनाती बल्कि सामाजिक सरोकार से जुड़कर हर अवसर पर कदम से कदम मिलाकर खड़ी रहती है । कोविड 19 की वैश्विक महामारी मैं भी इफ्को ने देशव्यापी स्तर पर जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री, दवाएं उपलब्ध कराई हैं । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर बरेली तहसीलदार आशुतोष गुप्त ने इफ्को द्वारा कंबल वितरण के आयोजन की सराहना की व वहॉ उपस्थित तमाम बुजुर्ग लोगों से उनकी बुनियादी जरूरतों मसलन वृद्धावस्था पेंशन से जुड़ी समस्याओं के निपटारे के लिए एक विशेष कैंप लगाने का भरोसा दिलाया । इस अवसर पर अधिकारी संघ के अध्यक्ष शिशिर यादव ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया । सामाजिक कार्यकर्ता प्रवेश कुमारी ,विद्यालय के प्राचार्य वैभव शर्मा ,प्रबंधक श्याम बाबू सिंह, ग्राम प्रधान हरपाल सिंह ,अधिकारी संघ के पदाधिकारी सहित कई वरिष्ठजन उपस्थित हुए । कार्यक्रम का सफल संचालन आर.पी. सिंह ने किया ।

# सपा नेताओं का 25 को गांवों में चौपाल लगाने का ऐलान

संवाददाता। शाहजहांपुर

**सपा के** प्रदेशीय आवाह्न पर बिजलीपुरा स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह का 118 वां जन्मदिन किसान दिवस के रूप में मनाया गया और उनके जन्मदिन पर मिष्ठान का वितरण भी किया गया। इस दौरान सभी समाजवादियों ने संकल्प लिया कि किसानों के हित में व केंद्र सरकार के द्वारा लाये गए किसान बिल के विरोध में 25 दिसंबर से समाजवादी किसान घेरा कार्यक्रम के अंतर्गत सभी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता एक-एक गांव में शाम से अलाव जलाकर चौपाल करेंगे। इस मौके पर गोष्ठी में सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का जन्म एक जाट परिवार में 23 दिसंबर 1902 में हुआ था। और वह स्वतंत्र भारत के पांचवें प्रधानमंत्री बने थे। उन्होंने देश के किसान भाइयों की स्थिति और अधिकार दिलाने के लिए बहुत संघर्ष किया था। इसी तरह से उन्हीं के पद चिन्ह पर चलकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी किसानों को उनके अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस मौके पर गोष्ठी में पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि 25 दिसंबर 2020 को जनपद के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के एक-एक गांव में समाजवादी किसान घेरा कार्यक्रम चलाकर चौपाल लगाने का समाजवादी कार्यकर्ता किसानों की समस्याओं पर चर्चा करेंगे। पूर्व शिक्षक विधायक संजय मिश्रा ने कहा कि समाजवादी किसान घेरा कार्यक्रम में भाजपा सरकार द्वारा किसान विरोधी कृषि विधेयक को सच्चाई से पार्टी के नेता व कार्यकर्ता गांवों में किसानों को अवगत कराएंगे। इस मौके पर राजेश वर्मा, कपिल वर्मा, सैयद रिजवान अहमद, गायत्री वर्मा, इम्तियाज मंसूरी, ओम गुप्ता, दिव्यांश सिंह, डॉ. विनोद राठौर, सुखबीर सिंह चौहान, प्रदीप तिवारी, अजय पाल सिंह, संजीव वर्मा, मिश्री लाल पटेल, अजहर अली खान, अतिउल्ला सिद्दीकी, सचिन सक्सेना, सर्वेश यादव, प्रसून कुमार, स्तुति गुप्ता, बलविंदर सिंह हाफीज अंसारी, देवेंद्र बाजपाई, मुकुल प्रताप सिंह, लाला राम, रामनिवास यादव, सर्वेश वर्मा, राम सिंह, आनंद शुक्ला, दिनेश कश्यप, आरिफअंसारी, दूरदर्शन पासी, विपिन कुमारनआदि लोग मौजूद रहे।



## अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**शाहजहांपुर ।** बुधवार को स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय के कला संकाय विभाग व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस के अवसर पर मिशन शक्ति सफलता के विभिन्न आयाम विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आयुष कुमार सिंह (ठ.।. प्रथम वर्ष), द्वितीय स्थान रितु वर्मा (बी.ए .तृतीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान पर शिवेंद्र मिश्र रहे। निबंध प्रतियोगिता के पश्चात एनएसएस वालंटियर के द्वारा काव्य पाठ का आयोजन किया गया ।जिसमें प्रतिभागियों ने अटल पर आधारित स्वरचित काव्य पाठ किया । काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पुनीत शुक्ला ,द्वितीय स्थान हरिहर प्रकाश पांडे ,व तृतीय स्थान दामिनी शुक्ला को प्राप्त हुआ । चित्रकला विभाग द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कुणाल रस्तोगी द्वितीय स्थान पर अभय गुप्ता व तृतीय स्थान पर अंशुल कुमार रहे।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अवनीश कुमार मिश्र ने संबोधित करते हुए अटल जी के आदर्शों व उनके बताए हुए रास्तों पर छात्रों को चलने के लिए प्रेरित किया।

# दुष्कर्मी आसाराम की फोटो लगाकर कार्यक्रम विवाद में

संवाददाता। शाहजहांपुर

**जिला जेल** में दुष्कर्मी आसाराम का फोटो लगाकर कंबल व पत्रिका वितरण के मामले में डीजी जेल ने जाँच के आदेश दिए वही जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने जेल अधीक्षक से इस प्रकरण में जवाब तलब किया है बुधवार को विश्व हिंदू परिषद ने जेल अधीक्षक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया । मामले का संज्ञान लेकर डीजी जेल आनंद कुमार ने जांच के आदेश दिए हैं। जांच डीआईजी राजेश कुमार पाण्डेय को सौंपी गई है। उधर जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने भी जेल अधीक्षक से जवाब तलब किया है। वही इस मामले में विश्व हिन्दू परिषद ने भी जेल अधीक्षक के मोर्चा खोलते हुए अतिरिक्त सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा है। विहिप जिला मंत्री ने ज्ञापन के माध्यम बताया कि कि अगर जल्द से जल्द जेल अधीक्षक व जेलर पर कार्रवाई न हुई तो विहिप जेल का घेराव करेगा।गौरतलब है कि सोमवार को जेल में सत्संग के बाद 75कम्बल व पत्रिकाए बाटी थी जिसके बाद जिले में मौजूद पीड़िता के पिता ने अपराधी आसाराम के महिमामंडन के जेल प्रशासन पर सहयोग का आरोप लगाया था हलाकि इस सम्बन्ध में जेल अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि आसाराम के अनुयायी अर्जुन व नारायण पांडेय के जमानत पर छूटने के बाद कैदियों को कम्बल बाटने का अनुरोध किया जिसको स्वीकार करते हुए कार्यक्रम संपन्न हुआ हलाकि जेल अधीक्षक ने आसाराम के महिमामंडन किए जाने के आरोपों का खंडन किया

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह की जयंती पर बनाया प्लान

**शाहजहाँपुर।** किसानों के आंदोलन के समर्थन में सांसद आवास का घेराव करने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने रोक दिया जिसपर पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जमकर नोकझोक हुई। इस बीच जमकर नारेबाजी भी की गई।कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता मुन्ना के नेतृत्व में कांग्रेसजन जिला मुख्यालय पर एकत्रित हुए जहां सभी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पथराव व फायरिंग मामले के सभी छह आरोपी गिरफ्तार

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** तालाब की भूमि पर कब्जा को लेकर दो पक्षों के विवाद में हुए पथराव व फायरिग के मामले में दर्ज मुकदमे में पुलिस ने दोनों पक्षों के छह आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। दो आरोपितों के पास के घटना में प्रयुक्त तमंचे भी बरामद हुए हैं। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव लुधइया में एक तालाब की भूमि पर कब्जे को लेकर गिरीश चंद्र यादव व रनवीर सिंह यादव पक्षों में विवाद के चलते सोमवार देर शाम दोनों पक्षों में जमकर पथराव व फायरिग हुई थी। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक विनय प्रकाश राय ने अपनी ओर से तहरीर देकर गिरीश चंद्र व उनके पुत्र गोविद व ललित तथा दूसरे पक्ष के रनवीर सिंह, उनके पुत्र अमित कुमार व अनुज सहित कुल छह लोगों के खिलाफबलवा, पथराव व फायरिग कर जानलेवा हमला का मुकदमा दर्ज कराया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने सभी छह आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

# कांग्रेसियों ने घेरा भाजपा का कार्यालय, अध्यक्ष से तकरार

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**किसान** बिल के विरोध में बीजेपी दफ्तर घेरने आयी कांग्रेस के नेताओं से बीजेपी जिलाध्यक्ष के साथ जमकर नोकझोंक हो गयी। दोनों पार्टियों के जिलाध्यक्षों नें अपनी पार्टी का वजन बढ़ानें का प्रयास किया। जमकर जबाब-सबाल हुए।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय कटियार के आवास पर भारी पुलिस बल लगा दिया गया था। जिसके बाद वह अपने कांग्रेस नेताओं के साथ आवास-विकास पार्टी के जिला कार्यालय थाली बजाने पंहुचे। मुख्य द्वार पर जमकर थाली बजायी गयी। कांग्रेस नें किसान बिल को पूरी तरह गलत बताया। इसके बाद भी भाजपा की सरकार पर आरोप लगाये। उन्होंने




कहा कि बीजेपी सरकार किसानों की मांगों पर ध्यान नही दे रही है। पिछले 13 दिन से पंजाब व हरियाणा के किसान दिल्ली घेरे हुए हैं। उनकी मांग है, जब तक तीनों कृषि संशोधन बिल पास नहीं हो जाता, वह पीछे नहीं हटेंगे। लेकिन सरकार को उनकी कोई फिक्र नही। किसान ही देश का कर्ता-धर्ता है है आज चौधरी चरण सिंह जी के आदर्शों को भारतीय जनता पार्टी की सरकार कुचलने का कार्य कर रही है कांग्रेस पार्टी यह हरगिज बर्दाश्त नहीं करेगी।

बीजेपी जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता नें जबाब में कहा कि मोदी सरकार कभी भी किसानों के हक को कुचलनें का कार्य नही करेगी। सरकार पूरी तरह से किसानों की हितैशी है। लेकिन कांग्रेस बिल के विरोध में गलत धारणा किसानों के जहन में पैदा कर रही है।

प्रदेश सचिव कौशलेंद्र यादव, नगर अध्यक्ष पूर्ण प्रकाश शुक्ला, राजीव सैनी, इरफान प्रधान, शकुंतला देवी, अभय यादव, बसी उर रहमान, पूजा बाल्मिक, अजय कटियार, फाजिल खान, दीपक मिश्रा, डॉक्टर अरुण अग्निहोत्री व पूर्व शहर अध्यक्ष जीशान कुरैशी आदि रहे।

## 28 से चलेगी छपरा मथुरा स्पेशल ट्रेन

**फर्रुखाबाद।** रेलवे बोर्ड के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में पूर्वोत्तर रेलवे के फर्रुखाबाद जंक्शन स्टेशन होकर चलने वाली त्रैसाप्ताहिक छपरा-मथुरा एक्सप्रेस ट्रेन अब आगामी 28 दिसम्बर 2020 से स्पेशल सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के रूप में छपरा-मथुरा के बीच चलायी जायेगी। रेल सूत्रों ने बताया कि कोरोना संक्रमण नियंत्रण के लिये लॉकडाउन में सामान्य रूप से बन्द की गई। ट्रेनों में से रेलयात्रियों की परेशानियों को देखते हुये रेलवे बोर्ड के निर्देशन पर शुरू हुई स्पेशल ट्रेनों में पूर्वोत्तर रेलवे की छपरा-मथुरा के मध्य फर्रुखाबाद जंक्शन होकर चलने वाली (22531/22532) त्रैसाप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के रूप में 05117/05118 छपरा-मथुरा के बीच आगामी 28 दिसम्बर 2020 से चलायी जायेगी।रेल सूत्रों के अनुसार त्रैसाप्ताहिक स्पेशल सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन 05117 छपरा से सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को 28 दिसम्बर 2020 से चलना शुरू होगी। जो फर्रुखाबाद जंक्शन पर 17:32 बजे पहुॅचेगी और 17:37 बजे मथुरा के लिये रवाना हो जायेगी।

# शिवपाल ने किया काव्य गोष्ठी का भव्य शुभारंभ



संवाददाता। सैफई, इटावा

**चौधरी** चरण सिंह पीजी कॉलेज हैवरा में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।इस कवि सम्मेलन में कवियों की वाणी से जमकर किसानों का दर्द छलका।

प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने दीप प्रज्वलित करके कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया।

कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे स्वामी ओमखअंख चिंतक महाराज जी को शिवपाल सिंह यादव ने प्रतीक चिन्ह एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

कवित्री योगिता चौहान ने सरस्वती वंदना से कवि सम्मेलन की शुरुआत की।कवियत्री डॉ अनामिका अंबर ने अपनी कविता में कहा नहीं दौलत नहीं शोहरत नहीं है खान दानों से नहीं है सूरमाओं से नहीं ऊंचे मकानों से संभाला है तिरंगा एक ने एक अन्नदाता है कलम या तो जवानों से या फिर है किसानोंण्ण्ण्ण कवि रोहित चौधरी ने. किंतु तरक्की वाला हमको घायल हर अरमान दिखाए सर्द रात में बिन कंबल के ठिठुरता हुआ किसान दिखाण्ण्ण्ष

कवित्री अपराजिता सिंह ने. ष्खड़े सीमा पर जो रहते वह बेटे हैं किसानों के हर एक कठिनाई को सहते हैंए वह बेटे हैं किसानों केण्ण्ण्ष् रचना पढ़ी।

कवि गौरव चौहान ने पढ़ी. ष्कत्ल सियासत कर बैठी है भारत के अरमानों का कहर बनेगा सरकारों को अब यह दर्द किसानों काण्ण्ण्ष

कवि रौनक इटावी ने. ष्तेरे मंसूबों को मिटा कर दम लेंगे एमांगे हम अपनी मनवा के हम लेंगे सोच के घर से अपने हम निकले हैं जालिम तेरे सर को झुका कर दम लेंगेण्ण्ष् मार्मिक रचना पढ़ी।

कवित्री गौरी मिश्रा. ष्जहां दुश्वार है रहेए वही अरमान लिखा है एयूं लगता है मोहब्बत का कोई पैगाम लिखा है।ष् गीत पढा।

कवि मयंक बिधौलिया ने. ष्बेटी सुरक्षा पर यह इंकलाब की शैली हैए भाषा बड़ी विषैली हैष् रचना पढ़कर श्रोताओं के दिल जीता।

कवि सम्मेलन का संचालन कवि सौरव सुमन द्वारा किया गया।

कवि सम्मेलन में आए हुए अतिथियों और सभी कवियों का स्वयम प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव व चौधरी चरण सिंह पी जी कालेज प्राचार्य डॉ फतेह बहादुर सिंह यादव द्वारा प्रतीक चिन्ह एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्यएदीपक मिश्राए सुनील यादवएकुमुदेश यादवएप्रो ब्रजेश चंद्र यादवए अनुज मोंटी यादवएरामसेवक गंगापुराए महावीर सिंह यादवए अजेंद्र सिंह गौरए राहुल गुप्ताएखन्ना यादव आदि के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकए किसानए कालेज की छात्र छात्राएं कवि सम्मेलन सुनने को मौजूद थे।

इससे पूर्व शिवपाल सिंह यादव ने कॉलेज पहुंचकर चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें देश की खेती किसानी को तरजीह देने वाला सर्वोच्च नेता बताया और कहा कि आज चौधरी साहब जिंदा होते तो किसानों की देश मे हालत बदतर नही होतीए न ही सरकार गलत कानून बनाती और न ही किसानॉन को धरने पर बैठने को मजबूर होना पड़ता।

# युवा शिक्षक ही हैं संगठन का भविष्य: ठाकुर प्रसाद



संवाददाता। कानपुर देहात

**बुधवार** को माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट की कस्बे के अकबरपुर इंटर कॉलेज अकबरपुर में बैठक संपन्न हुई। जिसमें संगठन को मजबूत करने लिए अधिक से अधिक शिक्षकों को जोड़ने पर जोर दिया गया।

प्रदेशीय उपाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद यादव ने कहा कि युवा शिक्षक ही संगठन का भविष्य हैं। विद्यालय स्तर पर ईकाईयां गठित की जाएं। युवा शिक्षकों को पदाधिकारी बनाएं। मंडलीय मंत्री वीके मिश्र ने जिला विद्यालय निरीक्षक की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा वह भृष्टाचार में डूबे हैं। जायज प्रकरणों में निर्णय नहीं ले पाते हैं। जिला अध्यक्ष धीरेंद्र त्रिपाठी ने जिला विद्यालय स्तर पर लंबित प्रकरणों को निस्तारित कराने पर जोर दिया। उपाध्यक्ष मुनिनाथ सचान रामनाथ वर्मा कोषाध्यक्ष नागेंद्र सिंह आरएस चंसोरिया शिक्षक नेता वीर सिंह राज नारायण दीक्षित अरविंद पांडेय जगरूप सिंह यादव नीरज कुमार ब्रजपाल सिंह यादव नंदलाल पाल ने विचार व्यक्त किए। शिक्षक महेंद्र प्रजापतिए बेनी प्रसाद वर्मा मौजूद रहे। जिला मंत्री अमर नाथ यादव ने संचालन किया।

# कांग्रेस के स्थापना दिवस पर मंथन



संवाददाता। औरैया

**जिला** कांग्रेस कमेटी की बैठक बुधवार को कृष्णा धाम गैस्ट हाउस में जिलाध्यक्ष शिववीर दुबे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 28 दिसम्बर को कांग्रेस के 136 वें स्थापना दिवस को धूमधाम से मनायी जाने की तैयारियों पर चर्चा हुई व जिम्मेदारी दी गयीं। बैठक में पूर्व प्रधान मंत्री चौ चरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में जिला प्रभारी प्रदेश सचिव विकास अवस्थी ने पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री दुबे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जिले में अपना स्थापना दिवस धूमधाम से मनायेगी। इस अवसर पर तीनों विधान सभा क्षेत्रों में पद यात्रा रैली निकाली जायेगी। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसजनों को सम्मानित किया जायेगा। पदयात्रा के माध्यम से कांग्रेस के देश निर्माण में योगदान से आम जन को अवगत कराया जायेगा। जिला प्रभारी प्रदेश सचिव विकास अवस्थी ने कहा कि हमें बूथ स्तर तक अपने संगठन को और मजबूत करने की आवश्यकता है व इस कार्य में सभी कांग्रेसजन अपनी पूरी ताकत झोंक दें। बैठक को सुरेन्द्र दुबे शिवकिशोर त्रिपाठी अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष पैंथर सिपाही लाल निषाद मनमोहन सिंह सेंगर योगेन्द्र दोहरे इनामुल हक एहसान मोहम्मद एकता चौधरी अजीत अगरकर आदि ने भी सम्बोधित किया।

मीटिंग का संचालन प्रवीण गुप्ता ने किया।कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी के अन्य पदाधिकारी महेन्द्र प्रताप यादव बिक्रम दिवाकर अनिल शंखवार रंजीत यादव शोभित त्रिपाठी राजू दुबे हिद्रेश पाण्डेय रोहित दिवाकर अन्य सैकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बेटे के साथ मिलकर की थी पिता की हत्या

संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद

**बीते** लगभग एक सप्ताह पूर्व सड़क किनारे पड़े मिले वृद्ध का पोस्टमार्टम पुलिस नें कराया था। जिसमे उसकी गला दबाकर हत्या किये जाने की पुष्टि की गयी थी। हत्या की पुष्टि होनें के बाद पुलिस की तफ्तीश में उसका बेटा और उसका साथी ही हत्यारा निकला। पुलिस नें आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसके साथी की तलाश की जा रही है।कोतवाली क्षेत्र के अचरा मार्ग पर बीते 17 सितंबर को अज्ञात वृद्ध का शव कायमगंज-अचरा मार्ग पर गांव जहानपुर में बंबा के पास सुबह सड़क किनारे फुटपाथ पर पड़ा मिला था। जिसके बाद पुलिस नें उसका पोस्टमार्टम कराया था। पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई। शरीर पर मवेशी द्वारा नोचने के निशान पाए गए। 36 घंटे पहले मौत होना बताया गया।वृद्ध की हत्या किये जाने की पुष्टि होनें के बाद पुलिस की तफ्तीश और तहकीकात तेज हो गयी। शव की शिनाख्त कंपिल थाना क्षेत्र के कटिया निवास फैजान नें अपने पिता इबादुर्रहमान के रूप में की। फैजान नें पुलिस को बताया था कि 14 दिसंबर से उनके पिता घर से गायब थे। जिसकी गुमशुदगी दर्ज करायी गयी थी।पुलिस को पता चला कि प्रापर्टी के विवाद में उसके पुत्र फैजान नें पैसे देकर गाँव के ही एक युवक को पैसे देकर हत्या करायी गयी थी। जिसके बाद पुलिस नें आरोपी फैजान को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक अजय प्रताप नें बताया कि आरोपी फैजान नें प्रापर्टी के के विवाद में पिता की हत्या करायी थी। उसे पुलिस नें गिरफ्तार कर लिया है। दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहें है।

## गैंगस्टर एक्ट के दो ईनामी गिरफ्तार



**इटावा।** बकेवर थाना पुलिस ने कई मामलों में वांछित चल रहे 15.15 हजार रुपये के दो ईमानी गैंगस्टर एक्ट के अपराधियों को बकेवर थाना पुलिस ने अवैध तमंचा कारतूस व एक छुरा सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशानुसार शान्ति व्यवस्था हेतु प्रभारी निरीक्षक अंजन कुमार सिंह द्वारा बनाये रखने हेतु महेवा चौराहे पर चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था तभी मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि गैंगस्टर एक्ट में वांछित 15.15 हजार के दो ईनामी युवक जिनके पास असलाह सीत होता है बहेड़ा ओवरब्रिज के समीप कहीं जाने की फिराक में खड़े हुऐ है। मुखबिर की सूचना के आधार पर महेवा चौकी प्रभारी नितेश कुमार वशिष्ठए उपनिरीक्षक प्रशान्त द्विवेदीए दर्शन सिंह सोलंकी ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मुखबिर द्वारा अपराधियों की ओर इशारा कर बताया जिस पर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुऐ अपराधियों की घेराबन्दी कर गिरफ्तार किया गया। वहीं पकड़े गये ईनामी अभियुक्तों ने अपना नाम गोलू उर्फआशू बाथम पुत्र पंछीलाल बाथम निवासी ग्राम इकरी थाना लवेदी तथा कल्लू कुरैशी पुत्र बल्लू उर्फ बली मौहम्मद कुरैशी निवासी इस्लाम नगर कस्बा बाबरपुर थाना अजीतमल जनपद औरैया बताया गया। वहीं तलाशी लेने पर अभियुक्तों के पास से एक तमंचा दो जिन्दा कारतूस एक अवैध छुरा बरामद कर दोनों को जेल भेजा गया।

## वांछित अपराधी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**फर्रुखाबाद।** संगीन धाराओं में वाछिंत अपराधी को पाचांलघाट चौकी इचार्ज ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसे 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशुनसार जनपद में चलाये जा रहे अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध अभियान में आज पाचांलघाट चौकी इंचार्ज बलाराज भाटी ने एक वांछित अभियुक्त बुध पाल उर्फ जयपाल पुत्र देशराज निवासी ग्राम हमीरपुर थाना अमृतपुर को गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 1206-19 धारा 419,420,467,468,471, व 120 बी में अभियोग दर्ज है। अभियुक्त बुध पाल उर्फ जयपाल को न्यायालय में पेश किया गया जहां उसे 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

# इकापुरा में दो घरों से हुई लाखों की चोरी, लोगों में फैली दहशत



संवाददाता। इटावा

**भरथना** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इकारपुरा में बुधवार की भोर होते ही दो घरों के परिजनों में चीख पुकार के बीच पूरे गांव में उस समय दहशत फैल गई तब एक ही रात में अज्ञात बदमाशों ने गांव के उदयवीर सिंह यादव और देवेन्द्र कुमार यादव के घरों में छत के रास्ते घुस कर लाखों रुपये कीमती सौने चांदी के आभूषण पार कर दिये। घटना की जानकारी पीड़ित गृहस्वामियों को तब हो सकी जब घर की महिलाएं रोज की तरह पशुओं को चारा पानी देने को जागीं। लेकिन कमरों की वाहर से कुण्डिया बन्द हो जाने के कारण वे कुछ देर कमरों में ही बन्द रही किसी तरह दुसरो को फोन करके बुलाने पर कमरों में बन्द महिलाएं वाहर निकल सकीं। और घर के कमरों का जो दृश्य देखा महिलाएं चुख कर वेहोश हो गई। घटना की सूचना पर भरथना पुलिस ने मौका मुआयना कर बदमाशों की तलाश शुरू करदी है। पीड़ित ग्रहस्वामी उदयवीर सिंह यादव के अनुसार बदमाश उनके घर से बुजुर्ग माँ भूरा देवीएपत्नी अनिता देवीएबहन संगीत देवी समेत पूरे परिजनों के करीब बीस लाख रुपये कीमती सौने चांदी के आभूषण और बीस हजार की नगदी चुरा कर चम्पत हो गए है। वहीं देवेन्द्र कुमार यादव ने बताया बदमाश उसके घर से करीब ढाई लाख रुपये के आभूषण चुराकर भोर होने से पहले भाग जाने में सफल हो गये।गांव में पहली बार हुई लक्खी चोरी की घटना से ग्रामीणों में दहशत फैली हुई है।

# पहली जनवरी से शुरू होगा को वैक्सीन का परीक्षण

संवाददाता घाटमपुर



**कोरोना** वायरस से बचाव के लिये वैक्सीन लगाने की तैयारी को लेकर उप जिलाधिकारी अरुण कुमार ने तहसील स्थित अपने कार्यालय में स्वास्थ्य बिभाग संग बैठक कर कोवैक्सीन के ट्रायल को लेकर रुपरेखा तैयार की। घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधीक्षक डा0 कैलाश चंद्रा ने बताया कि बैठक में कोरोना वायरस से बचाव को लेकर होने वाले ट्रायल में तीन चरणों में होगा। पहले चरण जो 1जनवरी 021 से जनवरी शुरु होगा और 06 जनवरी तक चलेगा इसमें स्वास्थ्य बिभाग के साथ आशा बहू और आंगनवाडी कार्यकत्री के वैक्सीन के टीके लगाये जायेगे। जबकि दूसरे चरण में पुलिस आदि सुरक्षा कर्मियों पर ट्रायल किया जोगा। जबकि तीसरे चरण में संक्रमितों व जन सामान्य कर ट्रायल किया जायेगा।

### वैक्सीन के एक वॉयल में होंगे 10 डोज

**घाटमपुर**- कोरोना वायरस से बचाव के लिये आया वैक्सान की एक वॉयल में 10 डोज होगे यानी एक वॉयल से 10 लोगों के टीके लगाये जायेंगे। चिकित्साधीक्षक ने बताया कि वैक्सीन अभी यहॉ नही आयी है लेकिन जल्द आने की संम्भावना को देखते हुए सभी तैयारियॉ पूरी की जा रही है।

## बच्ची व किशोरी को दबोचने वालों को ग्रामीणों ने पकड़ा

**घाटमपुर।** कोतवाली की पुलिस चौकी रेवना क्षेत्र के एक ही गांव में बच्ची व किशोरी को गलत नियत से दबोचने वालों को ग्रामीणों ने पकड़ कर पीटा और पुलिस के हवाले कर दिया। पहली घटना में बीती शांम हुई जब एक शोहदे ने दुकान आयी किशोरी को गलत नियत से पकड़ा किशोरी के शोर मचाने पर परिजन दौडे और उसे पकड लिया तथा पुलिस डायल 112 को सूचना दी, और उनके हवाले कर दिया जबकि दूसरी घटना आज दोपहर की है जब अन्य बच्चियों के साथ खेतों गयी एक बच्ची बुरी नियत से पकड़ लिया और ज्वार के खेत में ले जाने लगा तो अन्य बच्चियॉ राने-चिल्लाने लगी तो खेतों में काम कर रहे लोग दौडे तो वह बच्ची को छोड़कर भागा बाद में ग्रामीणों ने उसे खदेड़ कर पकड़ लिया और पुलिस बुला कर सौंप दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

# सपा ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती

संवाददाता। फर्रुखाबाद




**केन्द्र** में काबिज भाजपा सरकार द्वारा लागू किये गये कृषि विधेयकों कें विरोध में चल रहे देशब्यापी किसान आन्दोलन के समर्थन में उतरी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अखिलेश यादव के आवाहन पर पार्टी के जिला कार्यालय आवास विकास में नि0जिला महासचिव मंदीप यादव के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 118वीं जयंती किसान संघर्ष दिवस के रुप में मनायी गयी।

नि0जिला महासचिव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री एंव किसान हितैशी चौधरी चरण सिंह हमेशा किसानों के हित में फैसले लिया करते थे। देश में किसानों को कृषि विधेयकों को वापस लेने के लिए भाजपा सरकार की अघोषित इंमरजेंसी से गुजरना पड़ा रहा है। उनकी आवाज को दबाया जा रहा है। इसी के चलते हम समाजवादी पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती को किसान संघर्ष दिवस के रुप में मना रहे हैंए क्योंकि किसान दिल्ली बार्डर सहित देश के कोने.कोने से कृषि बिधेयकों को वापस लेने के लिये संघर्ष कर रहा है।चौधरी चरण सिंह को किसानों के लिए एक मसीहा के रुप में जाना जाता है। हम समाजवादी पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के पदि्चन्हों पर चलकर किसानों को न्याय दिलायेंगे। जिला अध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी ने चौधरी चरण सिंह जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। किसान गोष्ठी को राजेपुर ब्लाक प्रमुख डॉक्टर सुबोध यादव, महेंद्र सिंह कटियार, यूनुस अंसारी ने संबोधित किया।

इस अवसर पर राघव दत्त मिश्रा, अनुराग यादव, जितेंद्र यादव जीतू, शंशाक सक्सेना,आनंद यादव, बेंचेलाल यादव, सिराजुल आफाक मुन्ना, मुजिबुल हसन, बीना शर्मा,राकेश दिवाकर राका , मोहम्मद रोशन, मसरूर अहमद खान, रफीक खान, राजीव यादव, पंकज गुप्ता, रोमित सक्सेना, राहुल भाटिया, सत्यम अवस्थी,आदेश यादव,सिद्ध कुमार यादव, अमित कठेरिया, आशीष शर्मा, शिव शंकर शर्मा,शीशराम कठेरिया, सुकर्म पाल, आनंद गिहार सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजवादी नेता मुन्ना यादव एडवोकेट ने की तथा संचालन निवर्तमान जिला महासचिव मंदीप यादव एडवोकेट ने किया।

## चरण सिंह की जयंती मनाई गई

**कानपुर देहात।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौ चरण सिंह का जन्म दिवस माती ईको पार्क सामुदायिक भवन में किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया। किसान सम्मान समारोह के मौके पर जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र, अकबरपुर रनियां विधायक प्रतिभा शुक्ला, जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चौहान, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय, जालौन गरौठा सांसद प्रतिनिधि श्याम सिंह सिसौदिया आदि जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने देश के पूर्व प्रधानमन्त्री स्व0 चौ0 चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर अधिकारीगणों व जनप्रतिनिधियों ने किसान मेले में लगे कृषि, उर्वरक, रसायनों, उद्यान, मत्स्य, पशु चिकित्सा, कृषि रक्षा आदि संबंधित विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन भी किया। सदर विधायक प्रतिभा शुक्ला ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि उनका सम्पूर्ण जीवन किसानों को समर्पित रहा।

# किसान सम्मान दिवस के रूप में मना चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन

**चित्रकूट।** सूबे के लोनिवि राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय व डीएम शेषमणि पाण्डेय की मौजूदगी में पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरीचरण सिंह का जन्मदिन किसान सम्मान दिवस के रुप में मनाया गया। चौधरीचरण सिंह के जन्म दिवस पर किसान सम्मान दिवस में सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन किसान मेला एवं कृषक वैज्ञानिक संवाद का शुभारम्भ मां सरस्वती व चौधरीचरण सिंह के चित्र पर दीप जलाकर व माल्यार्पण कर कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवां में मनाया गया। लोनिवि राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि किसानों के हित में सरकार चलाई जा रही है। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने को प्रतिवर्ष ये कार्यक्रम किया जा रहा है। पीएम मोदी ने 2014 में सरकार का गठन होते ही सोंचा कि 2022 तक किसानों की आय दुगनी कैसे हो। इसके लिए उन्होंने पानी, विद्युत, बीज आदि के


पूर्व प्रधानमंत्री चौधरीचरण सिंह का जन्मदिन मनाते राज्यमंत्री व डीएम आदि।

दाम घटाकर किसानों के अनाज को अधिक दाम पर लेने की योजना लागू की। स्वामीनाथन के विषय को निकालकर सरकार बनते ही न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया। कोई समस्या होने पर जिला प्रशासन व कृषि विभाग निस्तारण करता है।

डीएम ने चौधरीचरण सिंह के जन्मदिन पर किसानों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि आज पुण्य आत्मा जो किसानों के हितों को समर्पित थे। प्रतिज्ञा ली कि तकनीकी सत्र में किसानों के हित की बहुत सी योजनाओं से किसानों को लाभान्वित किया जायेगा। किसान सम्मान निधि से पहले 75 हजार किसानों को लाभ मिलता था। कृषि विभाग के सहयोग से एक लाख 90 हजार किसान पंजीकृत कर एक लाख 63 हजार किसानों के खातों में 25 दिसम्बर को धनराशि भेजी जायेगी। सीडीओ अमित आसेरी, एसडीएम राजापुर राहुल कश्यप, कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवां के प्राचार्य डॉ चन्द्रमणि त्रिपाठी, जिला उद्यान अधिकारी डॉ रमेश पाठक आदि किसान मौजूद रहे।

# प्रधानपति ने लाखों लेकर कीमती भूमि का किया पट्टा

संवाददाता। चित्रकूट

**भ्रष्टाचार** व कानून व्यवस्था के मुद्दों को लेकर देश व प्रदेश में सत्ता हासिल करने वाली भाजपा सरकार में भ्रष्टाचारियों के हौसले सातवें आसमान पर हैं। कभी विकास कार्यों तो कभी पट्टा आवंटन के नाम पर जमकर धांधली देखी जा रही है। प्रधान व प्रधानपति मनमानी करते हुए आवासीय पट्टों का आवंटन मनमानी ढंग से वसूली कर बांटे गये।

बुधवार को मऊ थाने के पूरबपताई के ग्रामीण उमेश सिंह पुत्र शिपाल ने मंडलायुक्त व जिलाधिकारी को सौंपे पत्र में आरोप लगाया कि प्रधान ने चहेतों के साथ मिलकर पंचायत चुनाव से पहले 141 लागों से मोटी रकम लेकर कीमती भूमि का पट्टा कर दिया है। जिस जमीन की कीमत तीन लाख बिस्वा है उसे एक लाख रुपये बिस्वा में पट्टा किया गया है। इसमें किसी अधिकारी व कर्मचारी की सहमति नहीं ली गई। मामला संज्ञान में आते ही हल्का लेखपाल रविशंकर द्विवेदी ने मौके पर जांचकर जांच रिपोर्ट जिम्मेदार अधिकारियों को भेजी।

जांच रिपोर्ट के अनुसार लेखपाल ने आख्या दी कि प्रधान ने नियमों की अनदेखी कर बिना किसी अधिकारी की मंजूरी के पट्टे आवंटित किये हैं। मुनादी व एजेंडा की कार्यवाही भी नहीं हुई। पत्रावली को 16 सितम्बर को ही एसडीएम मऊ ने निरस्त करने की आख्या दी है। पट्टा आवंटन मामले में प्रधान आशा सिंह व पति हरकेश बहादुर ने घोर धांधली की है। लेखपाल की जांच अनुसार मामले के सही मिलने पर हल्का लेखपाल ने आरोपियों के खिलाफ बीस दिसम्बर को रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट दर्ज होते ही प्रधान पुत्र ने लेखपाल को धमकी दी है।

# एसपी के निर्देश पर ट्रांसपोर्टर के ट्रक सीज

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के कड़े रवैये से शहर के अतिक्रमणकारियों के होश उड़ गये हैं। शहरवासियों को जाम के झाम से मुक्ति दिलाने को एसपी अंकित मित्तल ने कड़े तेवर दिखाये। बुधवार को एसपी के निर्देश पर टीएसआई योगेश कुमार यादव ने ट्राफिक चौराहा से मिशन रोड के बीच एक ट्रक व लोडर बस तथा हाइबा को सीज कर दिया। इसके बाद क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। गौरतलब है कि ट्राफिक चौराहा से मिशन चौराहा के बीच प्रभावशाली ट्रांसपोर्टर के ट्रक आये दिन सड़क में खड़े होने से जाम की स्थिति बनती रही है। इसे लेकर दो दिन पहले मुख्य विकास अधिकारी अमित आसेरी ने भी मिशन रोड में अवैध ढंग से खड़े ट्रकों के खिलाफ एआरटीओ को कार्रवाई को निर्देश दिये थे। आज खुद एसपी अंकित मित्तल मौके पर पहुंच गये। टीएसआई योगेश कुमार यादव को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये। पुलिस की इस कार्यवाही से सत्ता पक्ष के खास बन रहे ट्रांसपोर्टर का नशा हिरन हो गया है। कार्यवाही के बाद ट्रांसपोर्टर भूमिगत हो गया है।

## क्विक न्यूज

### किशोरी से दुष्कर्म के आरोपित को अदालत ने सुनाई सजा

**हमीरपुर।** मुस्करा थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन वर्ष पूर्व किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अदालत ने आरोपित को 12 वर्ष का कारावास व 21 हजार रुपये का जुर्माना सुनाया है। विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पांच नवम्बर 2017 की रात पौने आठ बजे मुस्करा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी दुकान से सामान लेने गई थी। गांव के ही बीनू सिंह पुत्र लल्लन सिंह उसे रास्ते से खींचकर अपने पशुबाड़े में ले गया। वहां किशोरी का मुंह दबाकर उसके साथ दुष्कर्म को अंजाम दिया। वहीं काफी देर होने के बाद पीड़िता के घर न लौटने पर उसके पिता, बड़ी मां, दादा, चाची व बड़ा भाई उसे तलाश करने को निकले। जैसे ही वह बीनू के पशुबाड़े के निकट पहुंचे तभी उन्हें किशोरी के चीखने की आवाज सुनाई दी। तब उन लोगों ने वहां का दरवाजा खोलवाया। जिस पर वहां से बीनू निकला और सभी को जानमाल की धमकी देते हुए मौके से भाग निकला। पीड़िता के पिता ने मुस्करा थाने में बीनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। विशेष न्यायाधीश पाक्सो द्वितीय नीरज कुमार महाजन ने बीनू को मामले का दोषी मानते हुये 12 वर्ष का कारावास व 21 हजार रुपये का जुर्माना सुनाया है।

### अदालत के आदेश पर पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बा सुमेरपुर में स्थित धार्मिक संस्था अखंड परमधाम पर अवैधानिक ढंग से अंदर और बाहर कब्जा करने वालों के खिलाफ अदालत के आदेश पर पुलिस ने एक अग्यात सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले की विवेचना शुरू कर दी है इस कार्यवाही से हड़कंप मच गया है अखंड परम धाम धार्मिक संस्था के प्रबंधक स्वामी ज्योतिर्मयानंद द्वारा अदालत में अखंड परमधाम की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने का वाद दायर करते हुए कस्बे के निवासी सुनील शिवहरे , उसकी पत्नी ममता शिवहरे, उमेश कुमार, सपा नेता नंद किशोर शिवहरे व एक अज्ञात सहित पांच लोगों पर आश्रम की दुकानों तथा कमरों पर अवैध रूप से कब्जा करने तथा खाली न करने का आरोप लगाया था अदालत के आदेश पर पुलिस उक्त पांचों के खिलाफ धारा 419, 420,467,468 व 471 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है पुलिस का कहना है कि अदालत के आदेश पर मुकदमा कायम किया गया है।

### दबंगों ने आग लगायी, लाखों का सामान जलकर खाक

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के भैंस्ता गांव में दबंगों द्वारा घर मे आग लगा देने से लाखो रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। पीडित ने कमिश्नर को बताया कि अखिलेश कुमार दो दिन पहले को रात मे अपने घर वालों के साथ घर में था तो उसी समय कोई अज्ञात व्यक्ति लकड़ी के डण्डे में कपड़ा लपेटे और उसमें मिट्टी का तेल डाले हुए बगल के कमरे में आया और मुझ प्रार्थी को सपरिवार जान से मारने की नियत से आग लगा दी।जिससे मेरा घर जलने लगा तो उसी समय मैं जल्दी से उठा और अपने बच्चों को लेकर भागकर जान बचाई,तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। और कमरे में रखे सिंचाई वाले 40 पाइप जिनकी कीमत 50 हजार रूपये हैं और दस कुंटल गेहूं व यूरिया खाद की 4 बोरियां ,10 क्विंटल भूसा सहित अन्य कई चीजें जलकर राख हो गई। किसी तरह गांव वालों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका था।पीड़ित ने बताया कि उपरोक्त घटना को सुनने के बाद तमाम गांव वाले जागकर आ गए लेकिन मोहल्ले के ही बैरागी, बरदानी, राजीव कुमार व मातादीन आदि का परिवार नहीं आया। जिसमें आशंका है कि उक्त लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते मेरे घर में आग लगाई है।

### रंगदारी न देने पर दबंगों ने की मारपीट

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के रीवन गांव निवासी कमलेश कुमार ने पुलिस को बताया कि बताया कि मेरी बेटी का जन्मदिन का कार्यक्रम चल रहा था। जिसमें मेरे घर में काफी तादाद में अतिथि आए हुए थे जिनके स्वागत सत्कार में मैं व्यस्त था। उसी समय गांव के ही लखन और शिवदयाल व सन्तोष कुमार आए और मुझ प्रार्थी से शराब पीने के लिए एक हजार की मांग की जिसे मैने रूपये देने से इन्कार कर दिया तो उक्त दबंग प्रवृत्ति के लोग गुस्से से आग बबूला होकर मुझे मां-बहनों की गन्दी गन्दी गालियों से अपमानित करने लगे और कार्यक्रम में भोजन कर रहे मेहमानों के सामने रखे पत्तलों को फेंक दिया। जिसमे काफी शोर-शराबा होने लगा, जिसे सुनकर गांव के तमाम लोग एकत्र हो गए और गांव वालों के बुरा भला कहने पर मुझ प्रार्थी को कहीं शिकायत न करने की धमकियां देते हुए भाग गए।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**कोंच(जालौन)।** बुधवार की शाम करीब 5.30 बजे कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डाढ़ी के समीप एक ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर लगने से विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक बुरी तरह कुचल गया जिसे ट्रैक्टर चालक एक निजी नर्सिंग होम में उपचार हेतु ले गया लेकिन नर्सिंग होम पहुँचते ही बाइक चालक की मौत हो गयी। वहीं बाइक चालक की मौत हो जाने पर ट्रैक्टर चालक नर्सिंग होम से भाग निकला। आपको बता दे कि दिनेश पुत्र भगीरथ निवासी नरी थाना कैलिया ग्वालियर से अपने गांव नरी जा रहा था वहीं घटना की सूचना मिलने पर सुरई चौकी प्रभारी मदन पाल मौके पर पहुंच गये ओर मामले की जांच में जुटे हुए है ओर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही में जुटे हुए है। फिलहाल ट्रैक्टर चालक का नाम पता नहीं मिल सका है।

### अधिकारी द्वय ने डीएम, एसपी को सौंपी बुकलेट

**उरई (जालौन)।** परिवहन विभाग उप्र सरकार द्वारा जारी बुकलेट को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) श्रीमती सोमलता यादव व वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) मनोज कुमार सिंह द्वारा भेंट की गयी। राज्य में होने वाली दुर्घटनाओं का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये किये जाने वाले प्रयासों का भी उल्लेख है। बुकलेट में अपने संदेश में परिवहन मंत्री अशोक कटारिया द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या में विगत वर्ष की 10.5 प्रतिशत बृद्धि की तुलना में वर्ष 2019 में यह दर घटकर मात्र 1.79 प्रतिशत रह जाने में संतोष व्यक्त किया गया है।

### मामूली विवाद में कई घायल

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के कुर्रा गांव में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। पीडित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कुर्रा गांव निवासी जयबुननिशा पत्नी नवी बक्स ने बताया कि बुधवार की सुबह उसकी बकरी गांव के इदरीश, जावेद पुत्रगण मकबूल के खेत में घुस गई। खेत में बकरी घुस जाने पर इदरीश और जावेद गाली गलौज करने लगे। जब उसने कहा कि बकरी द्वारा किया गया नुकसान व दे देगी। बताया कि इतना कहना पर दो लोग मारपीट करने लगे। आवाज सुन जब उसकी बहू गुडडो बचाने आईं तो उसे भी मारापीटा। पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल

**राठ(हमीरपुर)।** बाजार से खरीददारी करके जा रहे एक वृद्ध को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। घायल वृद्ध को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के टीकुर गांव निवासी डालचंद्र बुधवार की सुबह राठ कस्बे में सब्जी की खरीददारी करने के लिये आया था। दोपहर बाद सब्जी की खरीददारी करके वापस गांव लौट रहा था। तभी एक अज्ञात बाइक सवार ने पीछे से वृद्ध को टक्कर मार दी। जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया।

# वेलनेस सेंटरों के निर्माण में लापरवाही पर डीएम खफा

**बांदा।** डीएम ने जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की मासिक बैठक में प्रगति की समीक्षा की। वेलनेस सेंटरों के निर्माण में लापरवाही पर उन्होंने कड़ी नारजगी जताई। साथ ही जननी सुरक्षा योजना के तहत आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय भुगतान में हीलाहवाली पर अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी। डीएम आनंद कुमार सिंह ने खराब प्रगति पर कड़े तेवर दिखाए। कोविड.19 की समीक्षा के दौरान सीएमओ डॉ. एनडी शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन 800 आईटीपीसीआर टेस्ट तथा 1200 एंटीजेन व 20 टेस्ट टूनेट मशीन से की जा रही हैं। परिवार नियोजन की प्रगति भी अच्छी रही। आयुष्मान के तहत अभी तक जनपद में 104245 गोल्डेन कार्ड बनाये जा चुके हैं और प्रतिदिन 3000 गोल्डेन कार्ड बनाये जाने का लक्ष्य दिया गया है। हेल्थ वेलनेस सेंटर की प्रगति खराब पाए जाने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। वर्ष 2018.19 में 30 वेलनेस सेंटर बनने थे। बताया गया कि 29 बन चुके हैं और एक वेलनेस सेंटर जगह उपलब्ध न होने के कारण ग्राम अर्जुनाह में नही बन पाया। 2019.20 में 44 तथा 2020.21 में 71 वेलनेस सेंटर का निर्माण किया जाना है अभी तक 60 उपकेंद्रों का निर्माण हो चुका है। आरईएस एक्सईएन को 14 जनवरी तक कार्य पूर्ण कर हैंडओवर करने के निर्देश दिए। बिसंडा बबेरू कमासिन महुआ व नरैनी ब्लाक में जननी सुरक्षा योजना में आशा कार्यकर्ताओं को भुगतान न किये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। एमओआईसी ने बताया कि सर्वे निरीक्षण न पूरा होने से विलंब हुआ है। नियमित टीकारण अभियान की समीक्षा में नरैनी व महुआ की प्रगति खराब मिली। पीएम मातृत्व वंदना योजना के तहत विकास खंड तिदवारी नरैनी व बांदा में दूसरी किश्त देरी से दिए जाने पर नाराजगी व्यक्त की।

# बीएसए ने आपत्ति के बाद भी दे दी नियुक्ति

**चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने शिक्षक भर्ती में नियुक्ति पाने वाली अभ्यर्थी के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने व पिता-पुत्री समेत दो अन्य के खिलाफ धोखाधडी का मामला दर्ज होने के बाद भी नियुक्ति दे दी है। बीएसए ने खुद फर्जी अभिलेख होने का हवाला देकर पहले नियुक्ति देना रद्द कर दिया था, फिर कैसे नियुक्ति दे दी गई। शिकायतकर्ता पहाड़ी थाने के प्रसिद्धपुर गांव के रामसहाय ने बीएसए व डायट प्राचार्य से शिकायत की थी कि फर्जी अभिलेखों से सिद्धपुर बनाडी गांव की एक युवती नौकरी पाना चाहती है। शिकायत के बाद बीएसए व डायट प्राचार्य ने आपत्ति के बाद नियुक्ति रद्द कर दी थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि मोटी रकम लेकर फर्जी अभिलेखों के बाद भी युवती को नौकरी दी गई है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने भी पहले नियुक्ति में रोक लगाई थी। आखिर फिर किस वजह से युवती को नौकरी दी गई है। ये बड़ा सवाल है।

# कृषि मेले में जैविक उत्पाद रहे आकर्षण का केंद्र

**हमीरपुर।** आज किसान सम्मान दिवस पर जिला स्तरीय कृषि मेले में जैविक उत्पाद आकर्षण का केंद्र रहे, न केवल लोगो ने इनके बारे में जानकारी करने की उत्सुकता रही बल्कि जमकर खरीदारी की। सीडीओ ने इनके बारे में जानकारी हासिल कर एफपीओ की भूरि भूरि प्रशंसा की जानकारी के मुताबिक किसान दिवस पर जनपद स्तरीय कृषि मेले मे एफपीओ ने अपने अपने स्टाल लगाए जिनमें प्रमुख रूप से मौदहा ऑर्गेनिक फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी, सरीला ऑर्गेनिक फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी एवं गोहांड ऑर्गेनिक फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा जैविक उत्पादों के स्टाल लगाए गए स्टालों का मुख्य विकास अधिकारी, ब्रज किशोर गुप्ता, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी एवं अन्य अधिकारी गणों के साथ स्टालों को विजिट किया गया किया जिस पर जैविक एफपीओ की पूरे मेला परिसर में चर्चा रही एवं जैविक


जैविक उत्पाद काउन्टर पर खडे किसान

उत्पादों की बिक्री भी हुई, मेले में जितने भी जनप्रतिनिधि मौजूद रहे सभी ने जैविक खेती करने पर बल दिया और लगाये गये स्टालों की प्रशंसा की। उपकृषि निदेशक ने सरकार द्वारा किसानों के हित मे संचालित योजनाओ के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक डा एसपी सोनकर ने कृषि कार्य को तकनीकि ढंग से करने पर जोर दिया। डा एसपी सोमबंशी ने तकनीकि जानकारी देने के साथ साथ किसानों के प्रश्नो के उत्तर दिये।जैविक खेती के डीसी एपी शुक्ला ने मेले मे आये हुये किसानों व अधिकारियों को जैविक खेती के उत्पादों को विस्तार से बताया व उनके लाभ बताये। जिले में काम कर रहे। पाफ एनजीओ द्वारा किसानो से शेष उत्पाद जिसकी विक्री नही हो पायी उसे खरीद लिया गया।

# जेवर पहनने को लेकर कसा तंज, पड़ोसियों में जमकर मारपीट

**बांदा।** जेवर पहनने को कसे गए तंज को लेकर विवाद हो गया और पड़ोसियों में मारपीट हो गई। दोनों पक्ष से महिलाओं समेत छह लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जारी निवासी जगत शर्मा की 17 वर्षीय पुत्री प्रीति घर से दोपहर में हैंडपंप पानी भरने गई थी। लौटते समय रास्ते में पड़ोसी महिला सुनीता ने पहने गए जेवर को लेकर तंज कस दिया जिससे दोनों में कहासुनी हो गई। मामूली बात के विवाद में मारपीट की नौबत बन गई। दोनों पक्ष से लोग जुट गए और देखते ही देखते लाठी.डंडे चलने लगे। एक पक्ष से प्रीति उसकी 14 वर्षीय बहन अर्चना 40 वर्षीय मां अर्चना को चोंटे आईं। दूसरे पक्ष से सुनीता अवधेश व रज्जू घायल हुए। मारपीट के बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे। एक.दूसरे पर विवाद व गाली.गलौज करने का आरोप लगाकर तहरीर दी।

# स्कूटी सवार तस्कर से 53 किलो गांजा बरामद

## ● चोरी की स्कूटी सहित दो मोबाइल और नकदी भी मिले

**उरई ( जालौन )।** पुलिस की संयुक्त टीम ने बीती रात अजनारी अंडरब्रिज के समीप से एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 53 किलो गांजा के साथ ही चोरी की स्कूटी, दो मोबाइल व 170 रुपए नकद बरामद किये। खुलासा करते हुए सीओ सदर संतोष कुमार ने बताया कि बीती रात्रि कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुधाकर मिश्रा, एसओजी प्रभारी प्रवीण कुमार, उप निरीक्षक अजय कुमार सिंह प्रभारी सर्विलांस सेल को मुखबिर से गांजा तस्कर के बारे में सूचना मिली। उप निरीक्षक कूलभूषण सिंह, चंदन सिंह विजय सिंह व मोहित के साथ महिला सिपाही अंजलि, चालक सतेंद्र कुमार, शैलेंद्र चौहान, कर्मवीर सिंह, गौरव वाजपेयी, जगदीश चंद्र, निरंजन सिंह, विनय चौहान, नीतू, मनोज सोनकर,


गांजा तस्कर का खुलासा करते सीओ सदर संतोष कुमार।

श्रीराम प्रजापति व भूपेंद्र सिंह के साथ अनजारी अंडरब्रिज पर जा धमके जहां पर उन्होंने एक व्यक्ति स्कूटी नंबर यूपी 93 ए 0137 जाते दिखा जब उसका पीछा किया उसके कब्जे से 53 किलो अवैध गांजा बरामद किया। जिस स्कूटी से वह जा रहा था वह भी चोरी की निकली।

युवक ने अपना नाम जितेंद्र कुमार कुचवदियां उर्फ जितेंद्र साहू पुत्र गलई निवासी ग्राम बसरौली थाना मोंठ जनपद झांसी बताया। युवक ने बताया कि वह अपने मामा कन्हैयालाल पुत्र रामगोपाल निवासी नया पटेल नगर चौरसी मोड़ के माध्यम से बरहमपुर उड़ीसा निवासी शीलू से मंगवाता है बाद में उसे जनपद में विभिन्न स्थानों पर सप्लाई करता है। कोतवाली पुलिस ने पकड़े गये गांजा तस्कर के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 955/20 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट व मुकदमा अपराध संख्या 956/20 धारा 41, 411, 467, 471, 420 भादवि दर्ज कर जेल भेज दिया।

# छह करोड़ की लागत से बनेगा बीडीए का आलीशान भवन

**बांदा।** जिला विकास प्राधिकरण कार्यालय का आलीशान भवन बनेगा। दोमंजिला बनने वाले इस भवन के लिए पंडित दीनदयाल पुरम में चार हजार वर्ग मीटर जमीन चिह्नित की गई है। भवन के निर्माण में करीब छह करोड़ रुपये खर्च होंगे। भवन का नक्शा बनकर तैयार हो गया है। टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई। यह भवन दो माह में बनकर तैयार हो जाएगा। इसमें सचिव एक्सईएन से लेकर एई और जेई के अलग.अलग सुविधाओं से लैस दफ्तर बनकर तैयार होंगे।

जिला विकास प्राधिकरण का कार्यालय अभी रायफल क्लब मैदान स्थित जीर्ण.शीर्ण भवन में संचालित हो रहा है। सीमित भवन में एक्सईएन व सहायक अभियंता के बैठने के लिए जगह तक नहीं है। करीब छह दशक से इसका रंग.रोगन कर काम चलाया जा रहा है। बारिश के समय में दफ्तर के अंदर तक पानी घुस जाता है जिससे अक्सर जरूरी अभिलेख तक चौपट हो जाते हैं। विकास प्राधिकरण सचिव ने शासन में भवन बनवाने के लिए प्रस्ताव भेजा था। इसकी स्वीकृत चार माह पहले मिल गई थी। बस बजट आने का इंतजार था। अब शासन ने इसके लिए करीब छह करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत कर भेज दिया है।


विकास प्राधिकरण खुद इसका निर्माण कराएगी। इसके लिए टेंडर आदि की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। अधिकारियों के मुताबिक भवन का नक्शा तैयार हुआ है आलीशान भवन का है। इस दो मंजिला भवन में करीब 40 कमरे व हाल बनेंगे। सचिव व एक्सईएन के अलावा सभी जेई लेखाकार और अन्य कर्मचारियों के पटलों के लिए अलग.अलग कमरे शामिल हैं। इसके अलावा बाहर भव्य पार्किंग स्थल बनेगा।

# मघापुर में नटवरलालों ने मृतक की जमीन का बैनामा किया

**जालौन ( उरई )।** फर्जी कागजात तैयार करके जालसाजों द्वारा मृतक की जमीन का बैनामा कर दिया। जानकारी होने पर जालसाजों ने क्रेता के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। एसपी के आदेश पर पुलिस ने दो लोगों के धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। थाना सिरसा कलार के ग्राम मघापुर गुलाब सिंह ने बताया कि उनकी भेट जखा निवासी समरथ सिंह से भेंट हुई। उन्होंने बताया कि जखा में आराजी 707 रकवा 0.300 बिकाऊ है। उनके साथ मौके पर जाकर जमीन देख ली तथा 3 लाख 80 हजार रुपए में सौदा तय हो गयी। 15 अक्टूबर 20 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय में 3.80 लाख रूपए देकर बैनामा करा लिया। जब बैनामा कराने के बाद वह खेत पर गया तो पता लगा कि खेत मालिक जगन्नाथ की मौत 15-16 वर्ष पूर्व हो चुकी। जानकारी करने पर पता चला कि जखा निवासी वेदप्रकाश जगन्नाथ बन कर बैनामा किया। जब 28 अक्टूबर को वह इस बैनामा को निरस्त कराने गया तो तो उन्होंने बैनामा वापस करने से मना कर दिया तथा मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। फर्जी आधार कार्ड समेत कागजात तैयार करने की शिकायत 30 अक्टूबर को थाने में तथा 3 नवंबर को सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें की किन्तु कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। पुलिस अधीक्षक की शिकायत पर पुलिस ने समरथ सिंह उर्फ रिंकू गौर तथा वेदप्रकाश के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाल रमेशचंद्र मिश्रा ने बताया कि एसपी के आदेश पर मामला दर्ज कर लिया तथा जांच की जा रही है।

# गौशाला से निकले मवेशियों ने चट की 37 बीघा फसल

**कदौरा ( जालौन )।** थाना क्षेत्र के ग्राम इकौना में आधा सैकड़ा मवेशियों ने आधा दर्जन किसानों की 37 बीघा की चना, मटर, लाही, गेंहू व बेझर की फसल रौंद दी। आक्रोशित किसानों ने गौशाला कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगा कर हंगामा काटा। जिम्मेदारों पर कार्यवाही व मुआवजे की मांग की। बुधवार की सुबह एक बार फिर इकौना में गौशाला के तार झाखड़ तोड़कर निकले मवेशियों ने आतंक मचा कर क्षेत्र के किसानों की 37 बीघा चना मटर लाही गेंहू व बिझड़ा की फसल को नष्ट कर दिया। इसमे किसान चिंटीलाल की 5 बीघा मटर गेंहू, लालाराम की 3 बीघा मटर, गंगादास की 16 बीघा गेंहू चना मटर लाही, मनफूल की 10 बीघा बिझड़ा चना व गेंहू व बलराम की 3 बीघा गेंहू की फसल को मवेशियों ने रौंद डाला। गुस्साए किसानों ने गौशाला में पहुच कर हंगामा करते हुए चरवाहों के साथ हाथापाई की। अन्य किसानों ने शांत कराया। किसानों ने बताया कि गांव में स्थित गौशाला में चारे पानी की व्यवस्था नही है। नाम मात्र के लिए यहां पर मवेशियो के खाने के लिए पयार डाला जाता है। गेट के नाम पर तार और झाखड़ लगाए गए हैं जिसको मवेशी आए दिन तोड़ कर निकल जाते हैं आए दिन किसी न किसी खेत को निशाना बना रहे हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि एक सैकड़ा मवेशी विचरण कर रहे हैं।


परौसा गांव में तालाब में स्थित गौशाला।

ब्लॉक व तहसील में शिकायत की लेकिन जिम्मेदार सिर्फ आश्वसन देकर टरका देते हैं सर्दी से बचाव के लिए कोई इंतजाम नही है।

क्षेत्र के ही ग्राम गौहना स्थित गौशाला में भी चारे पानी की व्यवस्था न होने पर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग की है किसानों का आरोप है कि सर्दी से बचाव के लिए कोई प्रबंध नही है। जबकि परौसा स्थित गौशाला के हाल और भी दयनीय है जिम्मेदारों ने तालाब को ही गौशाला बना रखा है। चारे, पानी की व्यवस्था तो दूर रख रखाव के अभाव में मवेसी तालाब में गिर कर काल के गाल में समा रहे हैं शिकायतों के बाद भी सुनवाई के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही दिया जाता है। इस संबंध में बीडीओ अतिरंजन सिंह का कहना है कि मामले की जानकारी है। जांच के लिए दो सदस्यीय टीम इकौना भेजी जा रही है। लापरवाही मिलने पर संबंधित सचिव पर कार्यवाही होगी। गौशालाओं में चारे पानी की समुचित व्यवस्थाए करवाई गई है अगर कही पर दिक्कत है तो उनको जल्द सही करवाया जाएगा।

## जिम्मेदारों की अनदेखी किसानों पर पड़ रही भारी

**कदौरा।** क्षेत्र में आधा सैकड़ा से अधिक गौशालाएं संचालित है शासन द्वारा गौवंशो के खान पान के लिए धनराशि दी जाती है ताकि उनको भूख प्यास से भटकना न पड़े। धनराशि का जिम्मेदार कितना उपयोग गौवंशों के लिए करते है यह क्षेत्र की गौशालाओं में देखने को मिल जाएगा। कई गौशाला में चारे पानी की समुचित व्यवस्था नही है। ठंड को देखते हुए अलाव भी नहीं जलवाए जा रहे हैं जिस कारण मवेसी खुले में बैठने को मजबूर हैं।

# महिलाओं और बालिकाओं का संबल बनीं योजनाएं

**कन्नौज।** सूबे की महिलाओं और बालिकाओं के सपनों को पंख देने का काम सरकार द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न योजनायें कर रहीं हैं। बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान रखते हुए जहाँ मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाएं चलायी जा रहीं हैं, वहीं महिलाओं के लिए पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिला पेंशन और वन स्टाप सेंटर योजना चल रही हैं। इसके साथ ही किसी भी मुसीबत में घर बैठे हेल्पलाइन के जरिये तत्काल राहत पहुंचाने का भी काम चल रहा है। निदेशक महिला कल्याण व मिशन शक्ति के नोडल अधिकारी मनोज कुमार राय का कहना है कि मिशन शक्ति अभियान के जरिये मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सूबे में समान लिंगानुपात व कन्या भ्रूण हत्या को रोकने, बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को सुदृढ़ करने, बालिका के परिवार को आर्थिक मदद और बालिका के प्रति आमजन की सोच में बदलाव लाने के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना मार्च 2019 में शुरू हुई। योजना का लाभ पाने के लिए उत्तर प्रदेश का निवासी होना चाहिए, परिवार में अधिकतम दो बच्चे हों और वार्षिक आय तीन लाख से कम हो। योजना के तहत बालिका के जन्म पर 2000 रूपये, एक साल का टीकाकरण पूर्ण होने पर 1000 रूपये, कक्षा-1 में प्रवेश के समय 2000 रूपये, कक्षा-6 में प्रवेश के समय 2000 रूपये, कक्षा-9 में प्रवेश के समय 3000 रूपये और 10वीं, 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण कर डिग्री या दो वर्षीय या अधिक डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लेने पर 5000 रूपये एकमुश्त सीधे बैंक खाते में दिए जाते हैं। अब तक लगभग पांच लाख बालिकाओं को इस योजना से लाभान्वित किया गया है।

महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए टोल फ्री नम्बर - 181 जारी किया गया है। इस पर किसी भी वक्त मुसीबत में मदद ली जा सकती है। इसका केन्द्रीयकृत कॉल सेंटर लखनऊ में संचालित होता है।

# अर्धनग्न होकर व बीन बजा कर केंद्र सरकार को चेताते हुये किया प्रदर्शन

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के पदाधिकारियों ने तीन किसान बिल के विरोध में भैंस के आगे बीन बजा कर व अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करते हुये किसान विरोधी कानून को वापस लेने के लिए केंद्र सरकार को चेताया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार किसान विरोधी नए कानून को वापस ले। नगर के तिराहा पर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिलाध्यक्ष हासिम अली की अगुवाई में मुख्य जिला सचिव मकबूल अहमद व छात्र सभा जिलाध्यक्ष सनी यादव नें अर्धनग्न होकर केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए किसान विरोधी कानून का विरोध करते हुए भैंस के आगे बीन बजा कर केंद्र सरकार को किसान विरोधी बिल वापस लेने के लिए चेतानें का प्रयास किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने एसडीएम देवेश कुमार गुप्ता को ज्ञापन सौंपने के उपरांत कहा कि अन्नदाता के हितों के लिए सरकारें गंभीर नहीं है। कहा कि किसान विरोधी कानूनों को वापस करने व एमएसपी पर कानून बनाया जाये।

# संदिग्ध हालात में नेपाल के जंगल में मिली भारतीय महिला की लाश

## पुलिस अधिकारियों ने नेपाल पुलिस से सम्पर्क कर शव परिजनों को सौंपा

संवाददाता। श्रावस्ती

**भारतीय** महिला की लाश नेपाल के जंगल में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। महिला को किसी ज्वलनशील पदार्थ से जलाकर मौत के घाट उतारा गया है। युवती के परिजनों ने शव की शिनाख्त कर अपने गांव लाकर अन्तिम संस्कार कर दिया है। जानकारी के अनुसार सिरसिया थाना क्षेत्र के कटकुईयां निवासी जुम्मन ने अपनी पुत्री राबिया खान की शादी एक साल पहले मल्हीपुर थाना क्षेत्र के भरथा रोशनगढ़ निवासी समीम के साथ की थी। जिसे एक माह पूर्व उसके पति समीम ने उसके मायके से अपने घर ले गया



था। घर ले जाने के कुछ दिनों बाद राबिया का उसके मायके वालों से बातचीत बन्द हो गई। मायके वाले जब राबिया से बात कराने को कहते तो समीम टाल जाता था। किसी अनहोनी का शक होने पर राबिया के मायके वालों ने मल्हीपुर थाना के असनहरिया पुलिस चौकी पर आठ दिसम्बर को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। मगर पुलिस ने इस मामले में कुछ भी नहीं किया। इसी बीच 21 दिसम्बर को नेपाल स्थित कटकुईया जंगल में एक अज्ञात महिला की लाश पड़ी होने की खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई। महिला को किसी ज्वलनशील पदार्थ से जलाया गया था। जिससे उसकी पहचान नहीं हो पा रही थी। लाश पड़ी होने की सूचना पाकर राबिया के मायके वाले भी नेपाल स्थित घटना स्थल पर पहुंचे। जहां पर उन्होने कपड़े से शव की पहचान राबिया के रुप में की। राबिया के मायके वालों ने नेपाल पुलिस से सम्पर्क कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर एवं विधिक कार्यवाही के बाद शव को अपने गांव लाकर अन्तिम संस्कार कर दिया है। घटना की सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक सिरसिया तथा क्षेत्राधिकारी भिनगा ने पीड़ित के घर पहुंच कर परिजनों का बयान दर्ज कर लिया है। इस सन्दर्भ में क्षेत्राधिकारी का कहना है कि नेपाल से पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उसी के आधार पर कार्यवाही की जायेगी।

# सिपाहियों ने बैंक कर्मियों के साथ की अभद्रता

संवाददाता। लालगंज,रायबरेली

**बैंक** अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ अभद्रता करने वाले सिपाही की शिकायत उच्चाधिकारियों से की गई है। कस्बे के बेहटा चौराहा स्थित यूको बैंक की शाखा प्रबंधक गायत्री शर्मा ने बताया कि बैंक उपभोक्ता रितेश वर्मा के बचत खाते से एक माह में कई लाख रूपया का लेन देन हुआ है।उसके बैंक खाते में मोबाइल नंबर चचेरे भाई सुभाष का लगा हुआ है जो गुरूग्राम , हरियाणा में हेल्थ इंश्योरेंस का काम करता है। वही इस खाते का नेटबैंकिंग के माध्यम से संचालन भी कर रहा था।

उसने कई लोगों से रूपया खाते में मंगाया था और नेट बैंकिंग के माध्यम से रूपया निकाल रहा था। कुछ लोगो ने रूपयों के लेन देन में धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए मामले का शिकायती पत्र गुरूग्राम स्थित बैंक में दिया था। दूसरे के नाम बैंक खाता देख वहां से मिली सूचना पर लालगंज की बैंक शाखा ने खाता संचालन पर रोंक लगाते हुए मामले की जानकारी खाता धारक को दे दी थी।शाखा प्रबंधक ने बताया कि इसी मामले में कोतवाली में तैनात सिपाही गौरव सिंह बैंक आया था जहां उसने गाली गलौज शुरू कर दिया।

महिला स्टाफ के सामने गाली गलौज पर सहायक शाखा प्रबंधक शोभित तिवारी ने आपत्ति जताई तो गौरव ने उसके समेत बैंक कर्मचारियों के साथ अभद्रता व गाली गलौज की। बैंक कर्मचारियों ने उसे बाहर निकाल दिया तभी वहां दूसरा सिपाही पहुंच गया। उसने भी बैंक अधिकारियों से अभद्रता की। लोगों के वहां पर एकत्र होने के साथ सिपाहियों के रवैये पर नाराजगी जताई तो सिपाही वहां से चले गए। शाखा प्रबंधक ने मामले का लिखित शिकायती पत्र पुलिस अधीक्षक समेत लालगंज कोतवाली में दिया है।

# वन विभाग की कार्रवाई से माफियाओं में मचा हड़कंप

संवाददाता। बल्दीराय,सुलतानपुर

**● वन माफियाओं से वसूला गया 41500 रुपये का जुर्माना**

**हलियापुर** व बल्दीराय थाना क्षेत्र में वन विभाग की कार्यवाही से हरियाली उजाडने वालों के हौसले पड़ गए हैं। वन विभाग की ताबड़तोड़ कार्यवाही से वन माफ्यिाओं में हड़कंप मच गया है। क्षेत्रीय वनाधिकारी अमरजीत मिश्र की वन माफ्यिाओं के विरूद्ध रणनीति भारी पड़ रही है। मुखबिरो के द्वारा दी गई सूचना पर क्षेत्रीय वनाधिकारी अमरजीत मिश्र के द्वारा मौके पर वन विभाग की टीम पहुंचकर हलियापुर थाना अंतर्गत बड़हरिन का पुरवा ग्रामसभा में छापा मारा तो मौके पर पांच पेड़ महुआ अवैध रूप से काटा गया था। वन विभाग की टीम ने सुरेंद्र मिश्र पुत्र राम दर्शन निवासी ग्राम पूरे खासा तिवारी जनपद अयोध्या को हिरासत में पैंतीस हजार का जुर्माना वसूल किया। तो वही दूसरी घटना बल्दीराय थाना क्षेत्र के ज्योतियापुर की है। क्षेत्रीय वनाधिकारी अमरजीत मिश्र ने बताया कि बल्दीराय थाना क्षेत्र के ज्योतियापुर में राजेश दुबे पुत्र रामचंद्र एक हरे नीम का वृक्ष अवैध रूप से काट रहा था। मौके पर हमारी टीम ने छापा मारा और आरोपी राजेश को पकड़ने के पश्चात छ: हजार पांच सौ रुपये का जुर्माना वसूल किया। श्री मिश्र ने बताया की दोनों मामलों में आरोपियों के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई करते हुए 41500 रूपये का जुर्माना वसूल किया गया है। क्षेत्रीय वनाधिकारी अमरजीत मिश्र ने बताया की वन माफ्यिाओं के विरूद्ध हमारा अभियान लगातार जारी है। वन विभाग की टीम क्षेत्रों में मुखबिर व ग्रामीणों से संपर्क बनाए हुए हैं। सूचना पर त्वरित टीम मौके पर पहुंचकर आरोपियों की धरपकड़ के साथ कार्यवाही कर रही है।

# ट्रैक्टर-ट्राली पलटी मजदूर की मौत

**सुलतानपुर।** कोतवाली नगर के अयोध्या-प्रयागराज राजमार्ग पर पांचोपीरन पशु बाजार के पास ईंट से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। हादसे में एक मजदूर की मौत हो गयी,जबकि दो जख्मी हो गए। घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां दोनो की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

मंगलवार की शाम करीब 8 बजे कुड़वार थाना इलाके के बेला पश्चिम स्थित अमित सिंह के भट्ठे पर काम करने वाले करीब 50 वर्षीय धर्मेंद्र, अरविंद व बाबू लल्ले ईंट लादकर कहीं उतारने जा रहे थे। पूर्व सांसद ताहिर खान के आवास के नजदीक पशु बाजार के पास सामने से आ रहे एक वाहन को बचाने के चक्कर मे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। मौके पर जमा लोगों द्वारा सभी दबे लोगों को बाहर निकाला गया लेकिन तक धर्मेंद्र की मौत हो चुकी थी। मृतक समेत तीनों मजदूर भी बेला पच्छिम के ही रहने वाले थे।

# शिक्षा में गुणात्मक सुधार में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण: बृजभूषण सिंह



संवाददाता। गोंडा

**वर्तमान** समय में शिक्षा की गुणवत्ता एवं सामाजिक सुधार में शिक्षकों की भूमिका पर आधारित एक गोष्ठी का आयोजन करनैलगंज के सरयू डिग्री कॉलेज परिसर में हुआ। जिसके मुख्य अतिथि कैसरगंज के सांसद बृजभूषण शरण सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के प्राचार्य डॉ0 आर0बी0 सिंह ने किया। जिसमें करीब आधा दर्जन से अधिक महाविद्यालयों एवं डिग्री कॉलेजों के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि आज शिक्षा में गुणात्मक सुधार के साथ सामाजिक सुधारों में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षक एवं छात्रों के बीच पारस्परिक तालमेल स्थापित किया जाना चाहिए। अगर शिक्षक ईमानदारी से छात्र छात्राओं के प्रति अपने कर्तव्यों का पूर्ण मनोयोग से पालन करें तो समाज में शिक्षा की अलख जगाने के साथ-साथ सामाजिक कुरीतियों को भी समाज से दूर करने में सफ्लता मिल सकती है। छात्र-छात्राओं को सामाजिक कुरीतियों से बचने के लिए प्रेरित किया जाना आवश्यक हो गया है। आयोजित इस गोष्ठी बैठक में सरयू डिग्री कॉलेज करनैलगंज, रघुराज सिंह महाविद्यालय बालपुर, गोनर्द एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, आदर्श बालिका इंटर कॉलेज एवं अवध राम सिंह इंटर कॉलेज भगहरिया के समस्त शिक्षक, प्राचार्य एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम को नंदिनी नगर ग्रुप ऑफ कॉलेज के प्रशासक डॉ0 बीएन सिंह, प्राचार्य डॉ0 आरबी सिंह, डॉ0 परमेश्वर सिंह, अखंड शाही आदि ने संबोधित किया।

# एनटीपीसी में किसान दिवस पर दी गई मशरूम की खेती की ट्रेनिंग

संवाददाता। ऊंचाहार

**अपने** नैगम सामाजिक बोध के तहत एनटीपीसी ने उधमिता विकास संस्थान लखनऊ के माध्यम से आस पास के ग्रामीणों के लिए मशरूम की खेती करने का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया इस कार्यक्रम का उदघाटन परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक भोला नाथ ने किया प्रक्षीक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख ने कहा विद्युत उत्पादन के साथ साथ आस पास के क्षेत्र में कैसे खुशहाली आये लोगों की कैसे आय बढ़े तथा कैसे लोग आत्मनिर्भर बने , एनटीपीसी सदेव इस दिशा में नए नए प्रयोग करती रहती है मशरूम की खेती का प्रशिक्षण उसी दिशा में एक नया प्रयास है सभी प्रशिक्षु को किट प्रदान कर के भोला नाथ ने अपनी



शुभकामनायें दी इसके पहले मानव संसाधन विभाग की प्रमुख वंदना चतुर्वेदी ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला तथा अतिथियों का स्वागत किया चतुर्वदे जी ने कहा एनटीपीसी का प्रयास होगा ऐसे शिविर आगे भी आयोजित किए जाते रहे स इस अवसर पर आस पास के गाँव में कोरोना काल के समय बचाव के लिए तथा नैगम सामाजिक दायित्व के तहत अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों से संबन्धित झलकियों का प्रस्तुतीकरण किया गया जिसमे महिला प्रशिक्ष्यों के साथ साथ एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी काफी रुचि दिखाई इस अवसर पर यूनियन और एसोशियसन के वरिष्ठ पदाधिकारियों तथा एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिती रही।

# 35 किसान किए गए सम्मानित

संवाददाता। श्रावस्ती

**किसान** सम्मान दिवस पर कलेक्ट्रेट स्थित तथागत सभागार में स्व चैधरी चरण सिंह पूर्व प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह का दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ करने के दौरान जिले एवं ब्लाक स्तर पर बेहतर उत्पादन करने वाले 35 किसानों को अंग वस्त्र एवं प्रसंशा पत्र देकर सम्मानित करने के दौरान जिलाधिकारी टी0के0शिबु ने कहा कि जिन किसान भाईयों ने रवी खरीफ की फ्सलोंए मत्स्य पालन सब्जी फूल एवं पशुपालन कर दुग्ध उत्पादन रेशम एवं उद्यान में बेहतर प्रदर्शन किया है निश्चित ही वे बधाई के पात्र हैं ऐसे ही अन्य जिले के किसान भाईयों को इन से सीख लेकर बेहतर प्रदर्शन करें ताकि जनपद का नाम रोशन हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि देश एवं प्रदेश की सरकार किसानों की आमदनी दोगुना करने के लिए प्रतिबद्ध है इसलिए किसान भाई



परम्परागत खेती त्याग कर आधुनिक एवं वैज्ञानिक विधि से खेती करें ताकि वे अधिक पैदावार करके अपनी आमदनी भी बढ़ा सके। अपर जिला अधिकारी योगानन्द पाण्डेय ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है यहां का किसान खुशहाल होगा तो निश्चित ही देश एवं प्रदेश के साथ.साथ हमारा समाज भी खुशहाल बनेगा। किसान भाई के उन्नति एवं उत्थान के लिए सरकार द्वारा कयी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। की खेती किसानी करें ताकि उनकी आर्थिक स्थित और भी मजबूत बने।उप निदेशक कृषि कमल कटियार ने कहा कि सारी अर्थ व्यवस्था किसानों के वजह से ही चल रही है क्योंकि किसानों के ऊपर ही देश के लोगों को भोजन देने का जिम्मेदारी है इस लिए वे सम्मान के पात्र है सरकार किसानों के उत्थान के लिए निरन्तर तमाम योजनाओं का संचालन कर उन्हें लाभान्विंत किया जा रहा है। किसानों को अपनी परम्परागत खेती त्याग कर दलहन तिलहन खेती की ओर आगे बढ़ना होगा।

# थाली बजाकर बिल का विरोध

संवाददाता। सुल्तानपुर

**केंद्र** सरकार द्वारा लाए गए किसान विरोधी तीन काले कानून के विरोध में देश का किसान लगातार आंदोलनरत है ऐसे में निरंकुश तानाशाह सरकार की आंखें खोलने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी सुल्तानपुर ने प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर एक बार पुन: थाली बजाते हुए जुलूस निकालकर सांसद कैंप कार्यालय के सामने जिला पंचायत गेट पर बैठ कर थाली बजाते हुए नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।



जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि जिले की सांसद को किसानों के आंदोलन की आवाज को देश के सबसे बड़े सदन में उठाना चाहिए, परन्तु सांसद कुंभकरणी नींद में सो रही हैं उनको किसानों का आंदोलन, सीत लहरी और ठंडी में बैठे हुए किसानों का त्याग तपस्या नहीं दिखाई दे रही है आज देश के 50 लाख से ज्यादा किसान दिल्ली में डेरा डाले हुये हैं, इसीलिए आज हम कांग्रेस जन थाली बजाते हुए उनको कुंभकरणी नींद से जगाने का काम कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में कांग्रेस कमेटी कार्यालय से निकलकर थाली बजाते हुए जुलूस के रूप में लाल डिग्गी चौराहा, डाकखाना चौराहा, कलेक्ट्रेट गेट, तिकोनिया पार्क, होते हुए जिला पंचायत के गेट पर पहुंचे, वहां पहले से मौजूद पुलिस प्रशासन ने जिला पंचायत गेट को बंद कर दिया और कांग्रेसियों को अंदर जाने से रोक दिया जिस पर कांग्रेसी नेताओं और प्रशासन में काफी नोकझोंक भी हुई। उसके बाद कांग्रेसी जिला पंचायत गेट के सामने ही धरने पर बैठ गये और थाली बजाते हुए जम कर नारेबाजी की। कुछ देर बाद में उप जिलाधिकारी सदर रामजीलाल, सीओ सिटी सतीश चन्द्र शुक्ला और सांसद प्रतिनिधि के रूप मे बृजेश वर्मा (जय भारत) आये और कांग्रेसियों की मांग सांसद तक पहुचाने का आश्वासन दिया। कांग्रेसियों ने कहा कि काले कानून वापस नहीं लिए गए तो जल्दी हम कांग्रेस के लोग किसानों के साथ सांसद व विधायक का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनीस अहमद, मोहम्मद मोबीन, राहुल त्रिपाठी, पवन मिश्र आदि मौजूद रहे।

# केएनआईपीएसएस में हुआ पीडी क्लास का आयोजन

**सुल्तानपुर।** केएनआईपीएसएस प्रबंधन संकाय फरीदीपुर में प्रबंधन संकाय के निदेशक प्रोफेसर (डॉ?) एसडी शर्मा जी ने एमबीए एवं बीबीए के छात्र छात्राओं को पर्सनालिटी डेवलपमेंट के बारे में महत्वपूर्ण पहलुओ पर चर्चा की। श्री शर्मा ने पर्सनालिटी शब्द पर चर्चा करते हुए बताया कि प्रत्येक छात्र छात्राओं को रोजगारोन्मुख शिक्षा के साथ-साथ अपने पर्सनालिटी को डेवलप करना बेहद जरूरी है,यदि हमारी पर्सनालिटी अच्छी होगी तो यह भी सही की आपकी पहचान सबसे अलग रूप में पहचान बनेगी पर्सनालिटी डेवलपमेंट के निम्न सूत्र है जिन पर ध्यान देना बेहद जरूरी है। कहा कि इस आधुनिकता के दौर में के एन आई पी एस संस्थान एक ऐसा प्लेटफार्म है जो आपके सभी के अंदर छुपी हर एक प्रतिभा को सामने लाने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय परिवार हर एक शिक्षक छात्रों के चहुँमुखी विकास के लिए नए नए तरीके पेश करेगा।

# पीडब्लूडी की लापरवाही से गेहूँ की फसल जलमग्न

संवाददाता। शिवगढ़ (रायबरेली)

**शिवगढ़** क्षेत्र के भवानीगढ़-बड़ौदा कला सम्पर्क मार्ग पर स्थित पिण्डौली ड्रेन की पुलिया एक माह पूर्व बनकर तैयार हो चुकी है किंतु पीडब्लूडी विभाग के संबंधित अधिकारियों ने एक माह पूर्व बनकर तैयार हो चुकी पुलिया से आवागमन बहाल कराना मुनासिब नही समझा। जिसको लेकर पीडब्लूडी विभाग के प्रति ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। विदित हो कि भवानीगढ़-बहुदाकला सम्पर्क मार्ग पर स्थित पिण्डौली ड्रेन की पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसकी खबर मीडिया द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद नींद से जागे पीडब्लूडी विभाग ने क्षतिग्रस्त पुलिया का निर्माण तो करा दिया किंतु एक माह पूर्व बनकर तैयार हो चुकी पुलिया से अब तक आवागमन बहाल कराना मुनासिब नही समझा। वहीं बनाए गए बाईपास से पर्याप्त मात्रा में जल निकास न होने के चलते किसानों की गेहूं की फसल जलमग्न होकर चौपट हो रही है। बाईपास सकरा होने के चलते मंगलवार की सुबह जब एक अंजान ट्रक चालक ने एक माह पूर्व बनकर तैयार हो चुकी पुलिया से ट्रक निकालना चाहा तो मिट्टी पोली होने के चलते बीच मझधार में अटक गया। ट्रक चालक और ग्रामीण पुलिया पर फंसे ट्रक को निकालने के लिए सुबह 6 बजे से देर शाम तक हलकान रहे। पुलिया से आवागमन बहाल कराने एवं बाईपास हटवाने के लिए जब पीडब्लूडी विभाग के अवर अभियंता राजीव वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ठेकेदार से आवागमन बहाल कराने एवं बाईपास हटवाने के लिए कहा गया था। यदि ठेकेदार ने आवागमन बहाल नही कराया है, तो ठेकेदार से कहकर आवागमन बहाल कराया जाएगा। इस बाबत जब महराजगंज एसडीएम विनय कुमार मिश्रा से बात की गई तो एसडीएम ने अवर अभियंता राजीव कुमार वर्मा को जमकर फ्टकार लगाई और कहा कि हर हाल में पुलिया से 24 घंटे के अन्दर आवागमन बहाल हो जाने के साथ ही बाईपास हट जाना चाहिए।

## क्विक न्यूज

### कांग्रेसी नेताओं को पुलिस ने रोका

**लालगंज,रायबरेली।** विधायक आवास को घेरने जा रहे कांग्रेसी नेताओं को पुलिस ने कोतवाली में बैठा लिया। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि सरकार ने मनमानी तरीके से किसान बिल पारित किए हैं। जिन्हें समाप्त करने के लिए किसान लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों का धरना समाप्त कराने के लिए लगातार उनका उत्पीड़न करने में जुटी है। किसानों को एक जगह पर एकत्र नही होने दिया जा रहा है। कांग्रेस किसानों के समर्थन में उनके साथ हर कदम पर साथ है। संसद से लेकर सड़क तक कांग्रेस विरोध प्रदर्शन कर किसान विरोधी बल वापस करने की मांग कर रही है। उन्होंने बताया कि वह सब सरेनी विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के आवास का घेराव करने जा रहे थे लेकिन पुलिस ने उनसबको वहां पहुंचने से पहले ही रोक लिया और कोतवाली में बैठा लिया। कोतवाली पहुंचे विधायक प्रतिनिधि रवी सिंह व भाजपा मंडल अध्यक्ष आशुतोष शुक्ला को कांग्रेसी नेताओं ने किसान बिल वापसी मांग को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर एसडीएम जीतलाल सैनी, कोतवाल अरूण सिंह समेत कांग्रेसी नेता एवं महामंत्री महेश प्रसाद शर्मा, उपाध्यक्ष विजय शंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ल, दीपेंद्र गुप्ता, सुमित यादव, बाबुल हसन, धनीराम, अंशुल पांडेय, कमलेश, अनूप वाजपेई आदि मौजूद रहे।

### चौधरी चरण सिंह की जयंती पर सम्मानित हुए किसान

**सुलतानपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्म दिन के अवसर पर 23 दिसम्बर बुधवार को किसान सम्मान दिवस, जनपद स्तरीय रवी गोष्ठी व एक दिवसीय किसान मेला एवं कृषि वैज्ञानिक संवाद का आयोजन पं0 राम नरेश त्रिपाठी सभागार में किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के स्टाल लगाकर सम्बन्धित विभागों की योजनाओं की जानकारी कृषकों को दी गयी एवं जनपद के 30 प्रगतिशील किसानों को प्रमाण पत्र एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया गया, जिसमें से 15 किसानों को प्रथम पुरस्कार रूपये 7000 द्वितीय पुरस्कार रूपये 5000 की धनराशि किसानों के खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से हस्तानान्तरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक लम्भुआ देवमणि द्विवेदी व जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने पं0 राम नरेश त्रिपाठी सभागार में अयोजित गोष्ठी का शुभारम्भ, उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि विधायक लम्भुआ ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है किसानों के सम्मान में आज स्व0 चौधरी चरण सिंह जी के जन्म दिवस के अवसर पर जनपद के 30 उत्कृष्ठ किसानों को सम्मानित किया जा रहा है।

### अमीरों पर मेहरबान लोक निर्माण विभाग

**करनैलगंज ( गोंडा )।** लोक निर्माण विभाग अमीरों पर मेहरबान है, जिससे सड़क की पटरी पर पक्का निर्माण हो रहा है। वहीं छप्पर रखकर जीवन बिताने वाले गरीबों का विभाग छप्पर भी महफूज नही है। मामला करनैलगंज परसपुर मार्ग से जुड़ा है। ग्राम बबुरास निवासी संदीप कुमार ने लोकनिर्माण विभाग के मुख्य अभियंता को प्रार्थना पत्र भेजा है। जिसमे कहा गया है कि ग्राम करनैलगंज ग्रामीण स्थित करनैलगंज परसपुर मार्ग की पटरी की सरकारी भूमि पर कुछ पहुँचवाले लोग पक्का मकान का निर्माण करवा रहे हैं। मगर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी अपनी आँखें बंद किये है। जब कुछ समय पूर्व इसी मार्ग पर बाबागंज चौराहे से पहले सड़क की पटरी पर छप्पर आदि रखकर गुजर बसर करने वाले गरीब का छप्पर उजड़कर विभाग ने उसे बेघर कर दिया था। संदीप गोस्वामी ने एक ही मार्ग पर दो तरह का मापदंड अपनाने वाले समन्धित विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि मेरे यहाँ अतिक्रमण का मामला अमीन देखते हैं। अतिक्रमण हटाने के समय ही हम लोग मौके पर पहुंचते हैं।

### ग्रामीणों ने अधिकारियों को दिया प्रार्थना पत्र

**करनैलगंज ( गोंडा )।** विकास खंड करनैलगंज अंतर्गत ग्राम पांडेयचौरा निवासी राजेश सिंह, हिमांशु सिंह, अनिल कुमार, पुत्तन यादव व सूरज सिंह सहित तीन दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने बीडीओ, एसडीएम व डीएम सहित अन्य अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमे कहा गया है कि उनके ग्राम पंचायत में वर्ष 1998 में पंचायत भवन का निर्माण कराया गया था। जिसमे एक कमरा, एक मीटिंग हाल व बरामदा के साथ शौंचालय भी बना है। जिसका उपयोग ग्राम पंचायत द्वारा बराबर किया जा रहा है। फिर भी ग्राम पंचायत के जिम्मेदार लोगों द्वारा उक्त भवन को नजर अंदाज करके निजी स्वार्थ में दूसरे पंचायत भवन का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जिन ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन नही है उसमें पंचायत भवन के निर्माण कराया जाना है। मगर उनके ग्राम पंचायत में सरकार की मंशा के विरुद्ध कार्य करवाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। एसडीएम ज्ञानचंद गुप्ता ने बताया कि खंड विकास अधिकारी करनैलगंज को जांचकर आवश्यक करवाई करने के निर्देश दिया गया है।

### मुख्यमंत्री से की भ्रष्टाचार की शिकायत

**गोंडा।** मंडी परिषद करनैलगंज स्थित दोनों धान क्रय केंद्र प्रभारियों पर ग्राम कमालपुर के निवासी गिरजा शंकर सिंह व कचनापुर निवासी संतप्रताप सिंह ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री व मंडलायुक्त को पत्र भेजकर शिकायत की है। पत्र की एक कॉपी प्रधानमंत्री कार्यालय को भी भेजी है। मंडी परिषद में दो धान क्रय केंद्र करनैलगंज व हलधरमऊ संचालित किया जा रहा है।ुख्यमंत्री को भेंजे गए शिकायती पत्र में कहा गया है करनैलगंज केंद्र प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए धान क्रय केंद्र पर केवल अधिकारियों के निरीक्षण के समय उपस्थित रहने व उसके बाद वहां से गायब हो जाने व वहां मौजूद कर्मी राम लखन के हाथों में पूरे केंद्र के संचालक व्यवस्था की बागडोर दे रखी है। यहां वह बिना भय के 300 से 400 प्रति क्विंटल सुविधा शुल्क लेकर ही किसानों का धान तोला जाता है और जब वहां मौजूद कर्मियों से उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की बात कहीं जाती है तो वह कहते हैं जहां शिकायत करनी हो कर दो इस समय दिल्ली में भी किसान आंदोलन कर रहे हैं। केंद्र में व्याप्त भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग उन्होंने अपनी शिकायत में की है। धान क्रय केंद्र प्रभारी शैलेश सिंह कहते हैं कि कोई भी शुल्क लेने की बात निराधार है। धान की खरीद हो रही है। तथा भुगतान किसान के खाते में भेजा जा रहा है।

### पति पर लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

**लालगंज,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निराला नगर मजरे आलमपुर निवासिनी महिला शिवानी सिंह ने अपने पति विजय सिंह पर दहेज की मांग को लेकर आए दिन प्रताडित करने का आरोप लगाया है। उसका आरोप है कि विजय सिंह आए दिन दहेज की मांग को लेकर उसे मारता पीटता है। शिवानी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामले का मुकदमा दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओ में दर्ज कर लिया है।

### सम्मान समारोह 25 को

**लालगंज,रायबरेली** ।सर्वादयी नेता एवं गांधीवादी विचारक रहे डा. उपेंद्र बहादुर सिंह की स्मृति में 25 दिसंबर की पूर्वान्ह 11 बजे से बैसवारा इंटर कालेज के गोविंद हाल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। स्व.सिंह की दसवी पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सर्वादयी नेता रवींद्र भाई समेत शिक्षाविद हजारी सिंह, कमलाकर वर्मा, शिक्षक नेता नवल किशोर अवस्थी, खिलाड़ी रामबहादुर सिंह को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक इंद्रेश विक्रम सिंह, विधि विशेषज्ञ डा.विनोद कुमार अवस्थी तथा पूर्व शिक्षक बीडी मिश्र भी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी पूर्व प्राचार्य अरूण कुमार सिंह मुन्ना ने दी है।

### आवारा जानवरों के आतंक से नहीं मिल रही निजात

**बछरावां रायबरेली** उत्तर प्रदेश सरकार गौवंश को बचाने और प्रत्येक ग्राम सभा में स्थाई और अस्थाई गौशाला में बनवाकर किसानों को राहत दिलाने के लिए सतत प्रयासरत है। वहीं दूसरी तरफ बछरावां विकासखंड के एक से दो ग्राम सभाओं को छोड़कर कहीं पर भी गौशालाओं का निर्माण नहीं कराया गया।

# किसानों के प्रति संवेदनशील हैं योगी

## ●अन्नदाताओं का सम्मान सर्वोपरिः प्रभारी मंत्री, चौधरी चरण सिंह की जयंती पर जिले के किसानों को किया गया सम्मानित

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**स्व0 चौधरी** चरण सिंह (भूतपूर्व प्रधानमंत्री) के जन्म दिवस को जनपद में किसान सम्मान दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विकास भवन परिसर में किसान मेला/प्रदर्शनी एवं कृषि विभाग द्वारा रबी उत्पादकता गोष्ठी/किसान गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विभाग सहित जनपद के अन्य विभागों एवं स्वंय सहायता समूहों द्वारा उनके कृषकहित योजनाओं एवं उत्पादों से सम्बंधित स्टॉल लगा कर किसानों को जानकारी देते हुए प्रचार-प्रसार किया गया। जनपद के प्रभारी मंत्री एवं राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवीन्द्र जायसवाल ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ ने जनपद के प्रभारी मंत्री को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। प्रभारी मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि चौधरी चरण सिंह एक संर्घषशील किसान नेता थे वे हमेशा किसानों की हक के लिए संर्घषरत रहे, आज उन्ही की सोच को आगे बढाते हुए हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में किसानों के चौमुखी विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कार्य किया जा रहा है, जिससे आज हमारे देश एवं प्रदेश का किसान खुशहाल एवं सर्वसाधन सम्पन्न है। प्रभारी मंत्री ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली में किसानहित से जुड़े कार्यो की संवेदनशीलता की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में पदभार संभालने के


प्रमाण पत्र प्रदान करते प्रभारी मंत्री।

बाद मुख्यमंत्री द्वारा पहला कार्य प्रदेश के किसानों का ऋण माफी के रूप में किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से किसान सम्मान निधि के माध्यम से प्रत्येक वर्ष रू0 6000, तीन किस्तों में किसानों के खाते में सीधा भेजा जा रहा है। प्रभारी मंत्री ने अन्नदाता किसानों के हित एवं विकास के लिए सदैव चिन्तन करने वाले देश के प्रधानमंत्री की कृषक नीति की प्रसंशा करते हुए कहा कि किसान भाई आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल एवं कृषि वैज्ञानिकों का सुझाव लेकर खेती, पशुपालन, मत्स्य पालन, औद्यानिक खेती करे, जिससे उनको अधिकतम उत्पादन मिल सकें और उन्हें कृषि विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं अनुदान का लाभ भी मिल सकें। प्रभारी मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि कोरोना संक्रमण काल के दौरान भी किसानों ने अपने मनोबल एवं मेहनत के बल पर आनाज उत्पादन में कोई कमी नही आने दिया, इसके लिए उन्होंने किसानों को नमन करते हुए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आज किसानों को मण्डी एवं सरकारी खरीदारों के पास अपना उत्पाद/अनाज बेचने की कोई मजबूरी नही है। सरकार के इस निर्णय की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इससे किसानों को उनके उत्पादों का अधिकतम मूल्य मिल सकेगा। इस अवसर पर जनपद के खाद्यान्न, पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यान, के क्षेत्र में उन्नत कार्य के लिए जनपद के 32 प्रगतिशील किसानों को प्रभारी मंत्री द्वारा अंगवस्त्र एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री एवं विधायक धनघटा श्रीराम चौहान, सांसद प्रवीण कुमार निषाद, विधायक खलीलाबाद दिग्विजय नारायण जय चौबे, मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र, जिला विकास अधिकारी राजितराम मिश्र, उप निदेशक कृषि लोकेन्द्र सिंह, जिला कृषि अधिकारी पीसी विश्वकर्मा, पीडी प्रमोद कुमार यादव, सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण एवं भारी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहें।

## कृषि कानूनों के विरोध में राज्यसभा सांसद के आवास पर कांग्रेसियों का जोरदार प्रदर्शन



**मिर्ज़ापुर।** प्रदेशव्यापी कार्यक्रम के तहत कांग्रेसियों ने मिर्जापुर में राज्यसभा सांसद रामसकल के आवास पर ताली थाली बजाकर कृषि कानूनों के विरोध में प्रदर्शन किया। अडानी अंबानी की सरकार नहीं चलेगीए केंद्र सरकार काला कानून वापस लो जैसे नारे लगाते हुए दर्जनों कांग्रेसी नेता राज्यसभा सांसद रामसकल के विसुन्दरपुर स्थित आवास पर पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आयोजित संक्षिप्त सभा को संबोधित करते हुए सेवादल के प्रदेश महासचिव कमलेश दुबे ने कहा कि पूरे देश का किसान केंद्र सरकार द्वारा पारित कृषि कानूनों के खिलाफ लामबंद है उसके बावजूद केंद्र सरकार कारपोरेट के दबाव में पीछे हटने का नाम नहीं ले रही जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा कि जब तक यह काला कानून वापस नहीं होगा तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव मनीष दुबे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का कृषि कानूनों के खिलाफ क्रम बद्ध आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। आने वाले समय में आंदोलन की गति और तेज होगी ।कहा की सरकार शीतकालीन सत्र कराए बिना महज कोरे आश्वासन के आधार पर इस आंदोलन में फूट डालकर इसको खत्म करना चाहती है जोकि सरकार की तानाशाही मानसिकता का परिचायक है। किसान कांग्रेश के प्रदेश महासचिव जितेंद्र चौबे ने कहा कि आने वाले समय में इस देश का अन्नदाता कारपोरेट की गोदी में खेल रही मोदी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकेगी। हर हाल में मोदी सरकार को कृषि कानूनों को वापस लेना होगा।

## प्रोफेशनल सर्किल प्रतियोगिता में रिहंद की प्रयास टीम रही अव्वल



**बीजपुर/सोनभद्र।** 18वी उत्तरी क्षेत्र प्रोफेशनल सर्किल प्रतियोगिता का आयोजन कोविड-19 के कारण मंगलवार को ऑनलाइन आयोजित की गयी। प्रतियोगिता का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित कार्यकारी निदेशक बालाजी आयंगर नें परंपरागत ढंग से किया। प्रतियोगिता में एनटीपीसी रिहंद स्टेशन की कुल तीन टीमों ने भाग लिया था। जिसमे रिहंद स्टेशन के टीएसी, ईएमजी एवं एडीएम विभाग की संयुक्त टीम 'प्रयास' नें उत्कृष्ठ प्रदर्शन करके अव्वल स्थान पर कब्जा जमाने में कामयाब रही। साथ ही साथ रिहंद के उदय एवं उद्भव टीम को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। रिहंद स्टेशन के इस उपलब्धि पर कार्यकारी निदेशक श्री आयंगर नें टीम के सदस्यों को बधाई देते हुये प्रसन्नता ज़ाहिर की है। 18वीं उत्तरी क्षेत्र प्रोफेशनल सर्किल प्रतियोगिता में एनटीपीसी रिहंद, विंध्याचल, ऊंचाहार, टांडा, औरैया एवं सिंगरौली की कुल 18 टीमों ने भाग लिया। जिसमे निर्णायक मण्डल नें रिहंद के प्रयास टीम को प्रथम सिंगरौली के चिकित्सा विभाग की टीम संजीवनी को द्वितीय तथा सिंगरौली के सी एंड आई विभाग की प्रोडिगी टीम को तृतीय स्थान का विजेता घोषित किया।

## एनटीपीसी रिहंद से मैहर को भेजी गयी राख़ की दूसरी खेप



**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी रिहंद द्वारा इसी माह बीटीएपी वैगन के माध्यम से 09 दिसम्बर को पहली बार राख़ एनटीपीसी दादरी को भेजकर देश में राख़ उपयोगिता के एक नए आयाम को स्थापित किया था। इसी कड़ी में एनटीपीसी रिहंद ने बिरला कॉर्पोरेशन के साथ हुए अनुबंध के अंतर्गत 51 बीटीएपी वैगनों के माध्यम से राख़ की दूसरी खेप बिरला कॉर्पोरेशन के मैहर में 22 दिसम्बर को भेजकर राख़ उपयोगिता को बढ़ाने हेतु एक नया क्षेत्र स्थापित किया है।बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित महाप्रबंधक के एन रेड्डी ने हरी झंडी दिखा कर बीटीएपी वैगन को बिरला ग्रुप मैहर के लिए रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कॉर्पोरेट राख़ मैनेजमेंट के महाप्रबंधक बी बी चुग, रिहंद स्टेशन के महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षगण एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण कोविड़-19 के कारण सामाजिक दूरियों का अनुपालन करते हुये उपस्थित थे।

## उत्पादकता बढ़ाने के लिए तकनीकी सहयोग के साथ करें खेती

### ● किसान सम्मान दिवस पर लगायी गयी किसान मेला प्रदर्शनी



**सोनभद्र।** किसान सम्मान दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर लोढ़ी में आयोजित किसान मेला प्रदर्शनी का शुभारम्भ जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम व सांसद पकौड़ी लाल कोल ने भूतपूर्व प्रधान मंत्री चौधरी चरण के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर उन्होंने बारी बारी से प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जिसमें कृषि विभाग के सहयोग से विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियां काफी काबिले तारीफ रहीं। प्रदर्शनी में उद्यान विभाग कृषि विभाग उद्यान कृषि उत्पाद मछली पालन पशु पालन रेशम एनआरएलएम समाज कल्याण आदि विभागों की प्रदर्शनी काफी बेहतरीन पायी गयी। जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम व सांसद पकौड़ी लाल कोल व मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अमित पाल शर्मा ने सभी प्रदर्शनियों का बारी बारी से निरीक्षण करते हुए उनके विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए किसानों को जागरूक करके अधिकाधिक फायदा दिलाने के निर्देश सम्बन्धितों को दिये। इस मौके पर स्व0 चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस पर आयोजित किसान सम्मान दिवस में रवि खरीफ उद्यान रेशम मत्स्य पालन पशु पालन आदि के क्षेत्र में बेहतरीन उत्पादकता करने वाले जिले के 32 किसानों को 7-7 हजार रूपये प्रथम दर्जा पाने वाले को और अधिक उत्पादकता के दूसरा दर्जा पाने वाले किसानों को 5-5 हजार रूपये अंगवस्त्रम् प्रशस्ति पत्र व माल्यार्पण करके जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम व सांसद पकौड़ी लाल कोल व मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अमित पाल शर्मा द्वारा किसानों को सम्मानित किया गया। किसान सम्मान दिवस को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के किसान भाई अपने फसलों के उत्पादकता बढ़ाने के लिए तकनीकी सहयोग के साथ साथ वैज्ञानिकों द्वारा बताये गये जानकारी को अमल में लायें। किसान भाई अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए अतिरिक्त रूप में मुर्गी पालन पशु पालन मधुमक्खी पालन फूलों की खेती आदि करें ताकि किसान भाईयों की आमदनी बढ़ सके जिससे कि अपने घर परिवार का विकास में सहायक हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि किसान सम्मान दिवस के मौके पर किसान भाईयों से प्राप्त समस्याओं का समाधान तत्परता के साथ किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिले में धान खरीद की बेहतर व्यवस्था की गयी है। जहॉ कहीं भी धान खरीद या किसान भाईयों से सम्बन्धित समस्या की जानकारी मिलेगी तो तात्कालिक रूप से समस्याओं का समाधान किया जायेगा। सांसद पकौड़ी लाल कोल ने केंन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही किसानों के भलाई के लिए योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि किसान भाई किसी के बहकावें में न आयें। केन्द्र सरकार, प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन किसान भाईयों से कन्धा से कन्धा मिलाकर उनके भलाई के लिए काम कर रही है। किसान की आमदनी दुगुना करने के लिए सरकार विभिन्न योजनाएं चला रही है। उन्होंने किसानों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए वैज्ञानिक आधार पर कम लागत पर अधिक उत्पादन वाली खेती करने पर जोर दिया। किसान सम्मान दिवस के मौके पर उप निदेशक कृषि डी0के0 गुप्ता सहायक निदेशक मत्स्य विजय पाल जिला कृषि अधिकारी पीयूष राय जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 ए0के0 श्रीवास्तव, प्रगतिशील किसानगण, गणमान्य जन सांसद प्रतिनिधि कुलदीप पटेल सहित अन्य सम्बन्धितगण मौजूद रहें।

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना सप्ताह शुरू

**मिर्जापुर।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुधवार को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सप्ताह शुरू हो गया। जो 31 दिसंबर तक चलेगा। इस सप्ताह की शुरूआत महिला चिकित्सालय से मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर पीडी गुप्ता ने की। जो जिले के 9 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रए 44 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों समेत 216 उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रधानमंत्री मातृ वंदना सप्ताह का आयोजन 31 दिसम्बर तक किया जायेगा। इस दौरान लाभार्थियों को योजना का लाभ पहुंचाने व लंबित मामलों का निस्तारण भी स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा किया जायेगा। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ध्नोडल अधिकारी डाक्टर अजय ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में लाभार्थी घर बैठे ही आवेदन कर सकते है। योजना सम्बन्धी किसी भी समस्या का निस्तारण करने के लिए राज्य स्तर पर हेल्पलाइन नं0 भी जारी किया जा चुका है। इससे इस योजना के लाभार्थी अपने आवेदन की स्थिति व भुगतान सम्बन्धी तमाम जानकारी घर बैठे फोन पर ही प्राप्त कर सकते हैं। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक अजय सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत पहली बार गर्भवती महिलाओं को तीन किश्तों में 5000 रूपये की धनराशि विभाग उनके खाते में स्थानान्तरित किया जाता है।

## सूर्या एकेडमी में क्रीडा समारोह का शुभारम्भ

**संतकबीरनगर।** सूर्या एकेडमी में दो दिवसीय दशवें ''वार्षिक क्रीडा समारोह'' का अनावरण सदर विधायक दिग्विजय नारायण जय चौबे, प्रबन्ध निदेशक डा0 उदय प्रताप चतुर्वेदी, प्रबन्ध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी एवं राकेश चतुर्वेदी (जिलाध्यक्ष वालीबॉल संघ) के तत्वाधान में शुभारम्भ हुआ। दो दिवसीय खेलपर्व में दौड़, बैडमिन्टन, खो-खो, वालीबॉल, भालाफेंक, ऊँचीकूद के साथ-साथ कैरम और शतरंज जैसे इनडोर खेलों का आयोजन होगा। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सदर विधायक दिग्विजय नारायण जय चौबे ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज जब सम्पूर्ण विश्व कोरोना महामारी से जूझ रहा है तब लोगों की गतिविधियां सीमित हो गई है। विशेषत: बच्चे घरों में ही अपना सम्पूर्ण समय व्यतीत करने के लिए बाध्य है ऐसे समय में विद्यालय का यह स्वर्णिम आयोजन बच्चों में एक नई ऊर्जा का संचार करेगां एवं बच्चे आने वाली परीक्षाओं में लक्ष्य भेदन के लिए स्वयं को तैयार करने में सक्षम होंगें।

## दोमुहिया तिराहे पर महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी झूरी बिंद की प्रतिमा स्थापित होगीः अनुप्रिया पटेल

**मीरजापुर।** अखिल भारतीय बिंद महासभा की मांग पर अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने नगर के दो मुहिया तिराहे पर महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय झूरी बिंद की प्रतिमा स्थापना हेतु तिराहे का चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास किया। यह विकास कार्य स्थानीय सांसद निधि के जरिए कराया जाएगा। इस मौके पर नगर से भाजपा विधायक रत्नाकर मिश्रा व छानबे से अपना दल (एस) के विधायक राहुल प्रकाश कोल उपस्थित थे। इस मौके पर श्रीमती पटेल ने कहा कि महासभा की मांग पर स्वतंत्रता सेनानी झूरी बिंद जी के नाम पर तिराहे का नामकरण हेतु नगर पालिका अध्यक्ष मनोज जायसवाल जी को पत्र लिखा गया है। श्रीमती पटेल ने कहा कि देश की आजादी में स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय झूरी बिंद जी का अतुलनीय योगदान है। अत:दोमुहिया तिराहे का चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण के पश्चात यहां पर झूरी बिंद जी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। महान स्वतंत्रता सेनानी के प्रति यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी और आने वाली पीढ़ी को इस महान स्वतंत्रता सेनानी के महान संघर्ष से प्रेरणा मिलेगी। इस मौके पर अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष राम लौटन बिंद, युवा मंच के जिलाध्यक्ष उदय पटेल, अखिल भारतीय बिंद महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बेनी माधव बिंद, बिंद समाज फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पन्नालाल बिंद, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रामवृक्ष बिंद, जिलाध्यक्ष शिवमूरत बिंद, जिला महासचिव हेमंत बिंद, रामनरेश बिंद, राममूर्ति बिंद, डॉ. सीएल बिंद, सांसद प्रतिनिधि राम नारायण बिंदए जिला उपाध्यक्ष राजकुमार पटेल, आनंद सिंह, दुर्गेश पटेल, अनिल सिंह पगड़ी, जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान, अरुणेश पटेल, इंद्रजीत सिंह पटेल, भगवान दास प्रजापति, कुलदीप पटेल, मनोज बिंद, शेषमणि बिंद इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मनाया गया अन्तराल दिवस

**मिर्जापुर।** स्वास्थ्य विभाग परिवार नियोजन के लिए तरह.तरह से जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। इस बार परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधनों को बढ़ावा देने के लिए जिले के 9 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 44 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो समेत 216 उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर भी अंतराल दिवस मनाया गया। इस दौरान जिले 1830 महिलाओं ने नसबन्दी कराकर अपनी हिस्सेदारी को दर्ज कराया । जबकि इस अवसर पर परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों का 2363 लाभार्थियों ने लाभ लिया। परिवार नियोजन के नोडल व परामर्शदाता विनय सिंह ने बताया कि विभाग के आदेशानुसार परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ही जिले में इस बार अंतराल दिवस का आयोजन सभी केन्द्रों पर किया गया। केन्द्रों पर आने वाले इच्छुक दम्पत्ति को अंतराल दिवस के आयोजन के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। केन्द्रों पर मौजूद विशेषज्ञों ने अंतराए छायाए कंडोमए माला डीए आईसीडी के माध्यम से 2 बच्चों में अंतर रखने के लिए तथा विवाह के बाद बच्चे में 2 वर्षो का अंतर रखने के लिए विस्तारपूर्वक बताया गया।

## किसान दिवस में महिलाएं हुईं सम्मानित



**बस्ती।** भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वं0 चौधरी चरण सिंह की जयन्ती के अवसर पर महिला किसान दिवस का आयोजन बनकटी ब्लॉक के बीआरसी पर आयोजित हुआ। इसमें महिला किसान श्रीमती प्रभावती देवी को प्रथम तथा सुमित्रा सिंह को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। प्रगतिशील किसान बजंरग प्रसाद, राममूरत, इन्द्रमणि पाण्डेय, परमात्मा, राकेश पाण्डेय, हजारी प्रसाद, मायाराम को भी पुरस्कृत किया गया। राधा स्वयं सहायता समूह आमकोईल, तमन्ना प्रेरणा महिला ग्राम संगठन अरइलदीगर पट्टी, जीवन ज्योति संकुल समिति भइसापाड़ें समूह पुरस्कृत की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ भाजपा जिलाध्यक्ष महेष षुक्ल, विधायक दयाराम चौधरी, रवि सोनकर, संजय प्रताप जायसवाल, अजय सिंह, डीएम आशुतोश निरंजन, सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त एनआरएलएम रामदुलार, उप निदेशक कृषि डॉ0 संजय त्रिपाठी, जिला कृषि अधिकारी संजेश श्रीवास्तव, कृषि वैज्ञानिक डॉ0 आरबी सिंह, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, उपायुक्त मनरेगा इन्द्रपाल सिंह, प्रेम चन्द्र प्रजापति, राकेश कुमार, रामनगीना यादव, एसके चक्रवर्ती, संदीप वर्मा, राजेन्द्र यादव, अखण्ड प्रताप सिंह, वैभव पाण्डेय, अनूप खरे, अश्वनी उपाध्याय, अनिल कुमार मौर्या, राजकुमार शुक्ल, मोहन्ती दूबे सहित अन्य मौजूद रही।

# सांसद के ग्राम 'कटया' से विकास की कुट्टी!

### गांव का हाल, दलित और दिव्यांग सब बेहाल,आवास, नाली, सड़क, डेनेज, पशुचरनी, शौचालय, राशन कार्ड, रोजगार से कोसों दूर है गांव
### तीन पीढ़ी से एक दर्जन दलित परिवार झोपड़पटटी और प्लास्टिक की पन्नी में कर रहे हैं गुजारा-'मोहनाखोर' के बाद 'कटया' गांव के विकास का सच





**पायनियर टीम।** बस्ती

**सदर** विधायक दयाराम चौधरी के ग्राम 'मोहनाखोर' की तरह स्थानीय सांसद हरीष द्विवेदी का गांव 'कटया' भी विकास के रास्ते से कट गया है। इस ग्राम के विकास का बुरा हाल है। आवास, नाली, सड़क, डेनेज, पषुचरनी, षौचालय, राषन कार्ड, रोजगार से कोसों दूर है यह गांव। इस गांव में तीन पीढ़ी से एक दर्जन दलित परिवार झोपड़ पटटी और प्लास्टिक की पन्नी में अपनी बहु और बेटियों की इज्जत को ढ़के हुए है। वोट और जाति की राजनीति ने गरीबों को उनके अधिकारों से वंचित कर दिया है। 100 सोलर लाइटें विकास की रोषनी का इंतजार कर रही है। सभी लाइटें काफी दिनों से खराब होकर पोल की षोभा बढ़ा रही है। इन दोनों 'माननीयों' के गांव के लोग अपने 'माननीयो' से गांव में विकास की गंगा बहाने की उम्मीद लेकर चुनाव में जीताया। इन गांव के लोग अपने 'माननीयो' से गांव में विकास की गंगा बहाने की उम्मीउ लिए उन्हें चुनाव में जीताया। मगर उनकी उम्मीदों पर पानी तब फिर गया, जब उन्हें 'माननीयों' के गांव होने का लाभ नहीं मिला। इन लोगों को सरकारी योजनाओं से वंचित होना पड़ रहा है। दलितों के नाम पर राजनीति करने वाले 'माननीय' चुनाव जीतने के बाद सबसे अधिक उपेक्षा दलितों की ही करते आ रहे हैं। पहले सदर विधायक के गांव 'मोहनाखोर' में दलितों की उपेक्षा हुई, और अब पूरे जिले का विकास करने वाले सांसद के गांव 'कटया' में उपेक्षा हुई। 'पायनियर' की टीम के पड़ताल में विकास का सच हुआ उजागर। 'मोहनाखोर' वाला सच 'कटया' में भी दिखाई दिया। बस फर्क इतना है कि 'मोहनाखोर' में नकली प्रधान ने लूट-पाट की, और कटया में वही काम असली प्रधान ने किया। दोनों ने गांव का नहीं बल्कि खुद का अधिक विकास किया। इन दोनों गांव की समानता यह है कि दोनों गांवों में आजादी के बाद से दर्जनों ऐसे दलित परिवार हैं, जो आज भी एक अदद आवास और षौचालय के लिए व्यवस्था से जूझ रहे है। दलित दिव्यांग तक को आवास, षौचालय, राषन कार्ड और रोजगार के लिए तरसना पड़ रहा। यह लोग दलित होने का दंष झेल रहे है। सरकारी तंत्र ने भी इन लोगों की कोई खोज खबर नहीं ली। हालत यह है कि बहु-बेटियों की इज्जत बनाने के लिए लोग समूह से लोन लेकर गारा-मिटटी का आषियाना बना रहे है। इस गांव में वोट और जाति की राजनीति के चलते सबसे अधिक नुकसान दलितों और गरीबों का ही हुआ है। 'कटया' के दलितों का कहना है कि उनकी उपेक्षा इस लिए की जा रही है, क्यों कि उन लोगों ने सांसद और प्रधान को वोट नहीं दिया।

### गांव में लगा 100 सोलर लाइट दे रहा अंधेरा

**सांसद** के गांव में सांसद निधि और सदर विधायक निधि से कुल 480 मी. इंटरलाकिगं और खंड़जा का कार्य हुआ। वर्ष 16-17 में सांसद निधि से रामचंद्रर सिंह के घर से रंगीलाल के घर से होते हुए काली माता के स्थान तक एवं तेलिया जोत में 280 मी. खड़जा का निर्माण हुआ। इसके अतिरिक्त पूरे गांव में सांसद हरीष द्विवेदी के प्रयास से गांव में सोलर लाइट का जाल बिछाया गया, कुल 100 सोलर लाइट लगाए गए, वर्तमान में एक भी सोलर लाइट रोषनी नहीं दे रहा है, गांव वालों ने बताया कि काफी दिनों से खराब है। वहीं विधायक निधि से सदर विधायक दयाराम चौधरी ने कटया से रामचंद्र सिंह के मकान के इंटरलाकिगं के आगे काली माता के स्थान तक 100 मी. इंटरलाकिगं का काम कराया।

### तीन पीढ़ी से दलित कर रहे आवास और शौचालय का इंतजार

सांसद के गांव में देखा जाए तो सबसे अधिक उपेक्षा दलितों की हुई है। प्रधान रामकुमार सिंह ने भी इन दलितों के लिए कुछ नहीं किया। दलित बस्ती में लोग नाली, सड़क, षौचालय और आवास के लिए तरस रहे है। झोपड़ी में रहने वाली सुमन पति तिलक का कहना है कि बारिष और ठंडक में बच्चों के साथ रहना अभिषाप जैसा लगता हैं, जब आवास नहीं मिला तो महिला समूह से 30 हजार लोन लेकर गारा-मिटटी से किसी तरह घर बनवा लिया, ताकि बहु-बेटियों की इज्जत ढ़की रही। विदेंष्वरी की पत्नी ने बताया कि उसका परिवार तीन पीढ़ी से आवास और षौचालय का इंतजार कर रहे है। राषन कार्ड तक बनने नहीं दिया गया। देउ लाल ने बताया कि सालभर में मात्र उसे 10 दिन मनरेगा में काम मिला, काम मांगने के बावजूद नहीं मिला, परिवार का भरण-पोषण करने के लिए मजबूरी में दूसरे षहर की ओर भागना पड़ता है। रामू, मुरली, मेवालाल, चांदनी, गुड़िया, गोविंदराम को आवास नहीं मिला। आरती पत्नी संदीप, गोविंद राम, राम उग्रह और प्रभुनाथ को षौचालय नहीं मिला।

### एक भी सोख्ता पिट और पषुचरनी नहीं बना, जांच के डर से नहीं कराया

कटया में एक भी पषुचरनी और सोख्ता पिट का निर्माण नहीं हुआ। जबकि दोनों की आवष्यकता है। प्रधान राम कुमार सिंह ने बताया कि जांच के डर से से निर्माण नहीं करवाया। कहते हैं कि उसके गांव की इतनी बार जांच करवाई जा चुकी है, कि अब उसे जांच से डर लगने लगा। कहते हैं कि आवास और षौचालय के लाभार्थियों की सूची दी जाती है,उन नामों को ब्लॉक पर जाकर नामों को कटवा दिया जाता। कौन कटवाता है के सवाल पर कहते हैं यह न पूछते हैं, सभी को पता है।

### चुनाव लड़ने को बीएलओ ने 514 नाम बढ़ा दिया

कटया में मतदाता सूची में 514 नामों को बढ़ाने और 184 को घटाने के सवाल पर प्रधान ने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी है। बताया कि असल में रोजगार सेवक वेद प्रकाष जो बीएलओ भी है, वह प्रधानी का चुनाव लड़ना चाहता है। इसी लिए उसने फर्जी नाम बढ़ाया और घटाया। प्रधान ने त्वरित बीएलओ से पूछा भी कैसे इतनी बड़ी संख्या में नाम बढ़ाया और घटाया। इस गांव का मतदाता जनसंख्या अनुपात 86 फीसद से अधिक है। कुल मतदातों की संख्या 1792 है, जो कि 20 फीसद फर्जी मतदाता बढ़ाए गएं है। प्रधान ने आपत्ति दाखिल करने की बात कही।

# किसानों के नेता थे चौ. चरण सिंह : कुशवाहा

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस पर किसान मेला और रबी उत्पादकता गोष्ठी आयोजित

संवाददाता। देवरिया

**पूर्व** प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस को किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर भारत भारतीय इंटर कॉलेज भरथुवा में एक दिवसीय किसान मेला, रबी उत्पादकता गोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सलेमपुर सांसद रविन्द्र कुशवाहा ने कहा कि चौधरी चरण सिंह वास्तव में किसानों के नेता थे। वह किसानों के मजबूती कैसे हो इसके लिये प्रयासरत रहे। उन्होने कहा कि वर्तमान में केन्द्र व प्रदेश सरकार किसानों के हित में अनेक कार्यक्रम संचालित किए हैं एवं किसानों के आर्थिक आय बढ़ाने एवं उनके हित के लिए कृषि बिल पारित की हैए जो कृषकों के हित में है। उन्होने चरण सिंह के कृषकों के उन्नति की सोच से प्रेरणा लेते हुए सभी को कार्य करने की अपेक्षा की।

वहीं सदर विधायक डा. सत्य प्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का जो सपना था। उसे साकार करने का कार्य प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा किया जा रहा है। किसानों का सम्मान व आय बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री प्रयासरत है। मुख्यमंत्री किसानों का सम्मान, उनकी आर्थिक व्यवस्था मजबुत करने के लिये कार्य कर रहे है। बड़ी मात्रा में समर्थन मूल्य पर धान का क्रय किया जा रहा है।

सलेमपुर विधायक काली प्रसाद ने कहा कि कृषकों का हित सर्वोपरि है। कृषक के मजबूती से ही देश को मजबूती मिलेगी। इसके लिये हम सभी को मिलकर कार्य करने की जरुरत है। जिलाधिकारी अमित किशोर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चरण सिंह महान किसान नेता थे। उनकी सोच हमेशा किसानों के उन्नति के लिये रहा है और इसके लिये वे कार्य करते रहे है। उन्होने कहा कि भरथुवा में धान क्रय में कुछ दिक्कतें बतायी गयी है। उसके समाधान करने का निर्देश दिया गया है। कहा कि किसानो की आमदनी कैसे दोगुनी हो, इसके लिये बहुत सारे कदम उठाये गये हैं। मण्डी में गेट पास कृषकों को लेना पड़ता था, अब यह बन्द कर दिया गया है। कृषक अब अपनी सुविधानुसार न्यूनतम शुल्क पर मण्डी में अथवा कही भी जहां उन्हे उपज की अच्छी कीमत मिले, वे बेच सकते है। उन्होने यह भी कहा कि जलजमाव, अतिवृष्टि से फसलों की हुई नुकसान हेतु राहत धनराशि लगभग 17 करोड़ की धनराशि कृषकों को इस जनपद में उपलब्ध करायी जा चुकी है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अब स्वेच्छिक कर दिया गया है। उन्होने यह भी कहा है कि आगामी 25 दिसम्बर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस पर जनपद के सभी ब्लाकों में बृहद कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगें, जिसमें कृषि की तकनीकी जानकारी प्रदान की जायेगी एवं विभिन्न विभागों के स्टालें आदि लगायी जायेगी। उन्होने इससे कृषको को जुड़ने की भी अपेक्षा की।

इस अवसर पर जिन कृषकों को मुख्य रुप से सम्मानित किया गया, उनमें सरसों उत्पादन में छेदी कुशवाहा, विजेन्द्र कुमार, गेहूँ उत्पादन में रामयादी पाल, मालती देवीए धान में हरिवंश सिंह, आनंद कुमार सिंह, गन्ना उत्पादन के लिये मुन्ना कुशवाहा, विरेन्द्र प्रताप सिंह, जितेन्द्र सिंह, तेज बहादुर सिंह, रणविजय मल्ल, मत्स्य पालन में पानमती देवी, अनिल साहनी, जफरुल्लाह खान, जितेन्द्र सिंह, आकाश शर्मा, पशुपालन में सरयू, रामश्रृगांर सिंह, जय नारायण, शैलेश यादव, अजय प्रताप सिंह एवं उद्यान विभाग के तहत उत्कृष्ट बागवानी के लिये जगरनाथ गिरी, पारस राय, अरुण प्रताप सिंह, जगदीश गुप्ता, सुनील कुमार पाण्डेय आदि अतिथियों द्वारा सम्मानित किये जाने में सम्मिलित है।



### भारत रत्न स्व. अटल की जयंती पर 25 को आयोजित होंगे कई कार्यक्रम

**देवरिया**। आगामी 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर जनपद के विकास खण्डों में कृषि मेलाए गोष्ठी एवं प्रदर्शनी आयोजित किये जायेगें। इस कार्यक्रम में प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर 500 किसानों को प्रतिभाग कराया जायेगाए जिसमें उद्यान एवं पशुपालन से 50-50 कृषक भी प्रतिभाग करेगें। इसी प्रकार मण्डी परिसरों में भी कार्यक्रम का आयोजन संबंधित मण्डी परिषदध्सचिव द्वारा कराया जायेगा। जिसमें जनपद में क्रियान्वित की जा रही योजना तथा सरकार की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु जनपद के सभी खण्ड विकास अधिकारियों को अपने ब्लाक का नोडल अधिकारी नामित किया गया है। इसके साथ ही संयोजक एवं पर्वेक्षीय अधिकारी भी लगाये गये है। यह कार्यक्रम कोविड-19 में दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए आयोजित होगा। जिलाधिकारी अमित किशोर ने देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा मध्यान्ह् 12 बजे से कृषकों को आनलाइन सम्बोधित भी किया जायेगा, जिसका सजीव प्रसारण एलईडी के माध्यम से किया जायेगा। यह कार्यक्रम साधन सहकारी समितियोंए उपभोक्ता सहकारी समितियोंए जिला सहकारी बैंक आदि संसथाओं में भी आयोजित किया जायेगा। विकास खण्ड स्तर पर पशुपालन विभाग के तैनात कार्मिक भी इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करेगें तथा पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन से जुडे कृषकों से भी विकास खण्ड स्तरीय गोष्ठी में प्रतिभाग कराएंगें। गन्ना विभाग भी अपनी सभी समितियों पर आयोजित करायेगें व विकास खण्ड स्तर पर गन्ना कृषकों को भी गोष्ठी में प्रतिभाग कराएंगें। दुग्ध विकास विभाग द्वारा जनपद में स्थापित दुग्ध कलेक्शन सेन्टर पर भी कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### चौधरी साहब के विचारों पर चलकर किसानों के लिए संघर्ष करती रहेगी सपाः बहादुर



**जौनपुर**। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी आज पूरे देश व प्रदेश के जनपद मुख्यालयों पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 118वीं जयंती मना रही है। इसी क्रम में किसान दिवस के रुप में जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव की अध्यक्षता में किसान गोष्ठी हुई जहां पूर्व विधायक एवं वर्तमान जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने चौधरी साहब के विचारों को सभी के समक्ष रखा। साथ ही कहा कि उन्हीं की प्रेरणा से समाजवादी पार्टी हमेशा गरीबों व किसानों के लिए आवाज उठाते हुये संघर्ष करती आई है। आज जब किसान आंदोलनरत हैं तब भी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से लेकर सभी समाजवादी सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं। किसानों के न्याय दिलाने तक यह संघर्ष सड़क से लेकर सदन तक जारी रहेगा। इसी क्रम में पूर्व मंत्री एवं शाहगंज विधायक शैलेंद्र यादव ललई ने बतौर मुख्य कहा कि आज हम सभी और खासकर नौजवानों को चौधरी साहब के विचारों का अध्ययन करना चाहिए जिससे हम सभी गांव गरीब किसानों के लिए लड़ाई लड़ सकें। चौधरी चरण सिंह की विरासत को नेताजी मुलायम सिंह यादव व राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आगे बढ़ा रहे हैं। सपा हमेशा सिंचाई, दवाई और पढ़ाई मुक्त करने को लेकर संघर्षरत रही है। इसके अलावा पूर्व मंत्री जगदीश नारायण राय, पूर्व मंत्री श्रीराम यादव, पूर्व एमएलसी लल्लन प्रसाद यादव, पूर्व विधायक श्रद्धा यादव, पूनम मौर्या सहित अन्य वक्ताओं ने अपना विचार व्यक्त करते हुये चौधरी साहब को याद किया।

# किसान वैज्ञानिक तरीके से करें खेती: जगदम्बिका पाल



संवाददाता। सिद्धार्थनगर

**स्व.** चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में किसान सम्मान दिवस कार्यक्रम मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने कहा कि चौधरी चरण सिंह की जयंती किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है सभी किसान भाई वैज्ञानिक तरीके से कृषि कार्य करें। सभी किसान भाई खेती करने के तरीके को अन्य किसानों को भी बताएं जिससे अन्य किसान भी अच्छी पैदावार प्राप्त कर सकें। किसानों की आय दोगुनी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निरंतर प्रयासरत हैं। तथा किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिया जा रहा है। किसानों व युवाओं को रोजगार के लिए भी कई अन्य योजनाएं चल रही हैं जिसका लाभ सभी को उठाना चाहिए। सांसद ने किसानों को बताया की चौधरी चरण सिंह के द्वारा किसानों की समस्याओं के लिए उनके द्वारा ही ऋण माफी के लिए लड़ाई लड़ी गई थी। चौधरी चरण सिंह द्वारा किसानों के हित के लिए सदैव प्रयास करते थे। विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल द्वारा किसानों को फसल उपज में अच्छा कार्य करने हेतु प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उपरोक्त के अतिरिक्त उप कृषि निदेशक कृषि लाल बहादुर यादव, जिला कृषि अधिकारी सीपी सिंह व जनपद के किसान भाई उपस्थित रहे।

# किसानों के मसीहा व वसूलों के पाबंद थे चरण सिंह: डा. सत्येन्द्र

## रालोद ने चौधरी चरण सिंह के 118वें जन्मदिवस पर गोष्ठी आयोजित



**जौनपुर**। राष्ट्रीय लोकदल द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह का 118वां जन्मदिवस बुधवार को सिंचाई विभाग के डाक बगंले में स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष जिलाध्यक्ष डा. सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में किसान दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जिसके बाद उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसके बाद किसान गोष्ठी का आयोजन हुआ जहां जिलाध्यक्ष डा. सिंह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ग्रामीण पृष्ठभूमि के बौद्धिक राजनीतिज्ञ थे। चौधरी साहब ने अपना राजनीतिक जीवन एक भूमि जोतने वाले, कृषि, कृषक मूल्यों तथा ग्रामीण भारत के मुखर वक्ता एवं रक्षक के रूप में शुरू किया था। कृषक, कृषि एवं ग्रामीण भारत के प्रति उनकी निष्ठा उनके चिंतन का केन्द्रीय बिन्दु रही तथा वे इसको क्रियान्वित करने के लिए पूरे राजनीतिक जीवन प्रयत्नशील रहे। चौधरी साहब के अनुसार गरीबी, बेरोजगारी, वैयक्तिक आय में भारी असमानता तथा काम न करने की कठिन प्रवृत्ति का अभाव विरासत में मिली है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि चौधरी साहब ने हमेशा किसानों की आवाज उठाई। किसान उन्हें अपना मसीहा मानते थे। चौधरी साहब कहते थे कि जब तक किसानों की क्रयशक्ति नहीं बढ़ेगी तब तक औद्योगिक उत्पादों की खपत भी सम्भव नहीं है। चौधरी साहब वसूलों के पाबन्द थे।

# देश का विकास तभी संभव है जब किसान व गांव का पूरा विकास हो: रामकिशुन

मुगलसराय (**चन्दौली**)। किसान दिवस के अवसर पर चौधरी चरण सिंह की जयंती समाजवादी पार्टी कार्यालय मुगलसराय मे मनाते पूर्व सांसद चंदौली रामकिशन ने कहा कि चौधरी साहब कहा करते थे कि देश का विकास तभी संभव है जब किसान गांव का विकास होगा । गांव गरीब किसानों के विकास के लिए लगातार चौधरी चरण सिंह जी प्रयास करते रहे। चौधरी साहब ने मुख्यमंत्री रहते हुए किसानों की भलाई के लिए कई ठोस कार्यक्रम चलाएं। उनकी कृषि नीति पूरे देश के लिए प्रेरणादायक एवं कृषि सुधार के लिए महत्वपूर्ण है चौधरी साहब एक कुशल प्रशासक ईमानदार नेता एवं सादा जिंदगी के प्रतीक थे। भ्रष्टाचार के खिलाफ वे लगातार भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्यवाही करते थे। कोई कितना बड़ा पद पर हो उसके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद किसी भी प्रकार का रियायत नहीं करते थे वह एक प्रकार से किसानों के मसीहा कहे जाते हैं समाजवादी पार्टी आज उन्हीं के पद चिन्हों पर चलते हुए किसानों के आंदोलन का समर्थन ही नहीं बल्कि कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम कर रही है मौजूदा सरकार चाहे जितना जुर्म और ज्यादती किसानों के साथ करें समाजवादी पार्टी उसका डटकर मुकाबला करेगी और किसानों के लिए अंतिम लड़ाई तक लड़ने का काम करेगी चौधरी साहब के पद चिन्हों पर चलकर ही देश को खुशहाल तरक्की के रास्ते पर और देश की एकता अखंडता को मजबूत किया जा सकता है।

## चरण सिंह के सपनों को बर्बाद कर रही है सरकारः पीएन यादव

सकलडीहा (**चन्दौली**)। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह 118 जयंती पर बुधवार को ताजपुर गांव में सपाईयों ने किसान सभा का आयोजन किया। इस दौरान सपा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव सहित पदाधिकारियों ने उनके तैल चित्र पर माल्यापर्ण कर किसान बिल पर जोरदार चर्चा किया।

केन्द्र और प्रदेश सरकार की तानाशाही के खिलाफ जमकर भड़ास निकाला। गांव ताजपुर में सपाईयों चौधरी चरण के जन्मदिवस पर किसान सभा का आयोजन किया। किसानों को सम्बोधित करते हुए सपा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव व सपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर ने कहा कि किसानों की आवाजा बुलंद करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह सपनों की भारत को बर्बाद करने पर तुली है।

# किसानों के मसीहा की आत्मा को भाजपा ने रुला दिया: ऋषि यादव

संवाददाता। धर्मापुर (**जौनपुर**)

**किसानों** के कल्याण हेतु जीवन समर्पित करने वाले कुशल नेतृत्वकर्ता, किसानों के मसीहा एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का कहना था कि देश की खुशहाली का रास्ता खेत-खलिहानों से होकर गुजरता है, लेकिन वर्तमान की प्रदेश व केन्द्र सरकार किसानों पर अत्याचार करके उनकी आत्मा को ठेस पहुंचा रही है। उक्त बातें स्थानीय क्षेत्र में स्थित समाजवादी कुटिया के संचालक ऋषि यादव ने चौधरी चरण सिंह की जयंती पर कुटिया पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों सहित अन्य लोगों के बीच कही। उन्होंने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों को भाजपा की कुनीतियों से अवगत कराने के लिए किसान घेरा कार्यक्रम का आयोजन कर रही ह, क्योंकि भाजपा नेतृत्व किसानों में भ्रम और भय फैलाकर अपनी राजनीतिक स्वार्थ पूरा करना चाहता है। किसानों को भाजपा नेता बदनाम कर रहे हैं जो पूरी तरह से गलत है। भाजपा सरकारों के खिलाफसमाजवादी पार्टी संघर्षरत है। श्री यादव ने बताया कि 25 दिसम्बर को समाजवादी किसान घेरा का आयोजन होगा। साथ ही गांव स्तर पर किसानों के बीच अलाव जलाकर भाजपा की किसान विरोधी नीतियों का पर्दाफाश करने का कार्य सपाजन करेंगे। इसके पहले श्री यादव सहित कुटिया में नि:शुल्क पढ़ाई करने वाले बच्चों ने किसानों के मसीहा के चित्र पर माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना से मिली नई पहचान

## पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिला पेंशन योजना से लाखों महिलाओं तक पहुंचाई जा रही राहत

संवाददाता। गाजीपुर

**सूबे** की महिलाओं और बालिकाओं के सपनों को पंख देने का काम सरकार द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न योजनायें कर रहीं हैं। बेटियों की शिक्षाए स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान रखते हुए जहां मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाएं चलायी जा रहीं हैं, वहीं महिलाओं के लिए पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिला पेंशन और वन स्टाप सेंटर योजना चल रही हैं। इसके साथ ही किसी भी मुसीबत में घर बैठे हेल्पलाइन के जरिये तत्काल राहत पहुंचाने का भी काम चल रहा है। निदेशक महिला कल्याण व मिशन शक्ति के नोडल अधिकारी मनोज कुमार राय का कहना है कि मिशन शक्ति अभियान के जरिये अब इन योजनाओं का प्रचार.प्रसार भी तेजी से हो रहा हैए जिससे ज्यादा से ज्यादा महिलाएं और बालिकाएं इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

**मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना** सूबे में समान लिंगानुपात व कन्या भ्रूण हत्या को रोकनेए बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को सुदृढ़ करने, बालिका के परिवार को आर्थिक मदद और बालिका के प्रति आमजन की सोच में बदलाव लाने के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना मार्च 2019 में शुरू हुई। योजना का लाभ पाने के लिए उत्तर प्रदेश का निवासी होना चाहिए, परिवार में अधिकतम दो बच्चे हों और वार्षिक आय तीन लाख से कम हो। योजना के तहत बालिका के जन्म पर 2000 रुपये, एक साल का टीकाकरण पूर्ण होने पर 1000 रुपये, कक्षा-1 में प्रवेश के समय 2000 रुपये, कक्षा-6 में प्रवेश के समय 2000 रुपये, कक्षा-9 में प्रवेश के समय 3000 रुपये और 10वीं व 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण कर डिग्री या दो वर्षीय या अधिक डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लेने पर 5000 रुपये एकमुश्त सीधे बैंक खाते में दिए जाते हैं। अब तक लगभग पांच लाख बालिकाओं को इस योजना से लाभान्वित किया गया है।

# जनपद की पहली महिला लेफ्टिनेंट हुसेना बेगम नहीं रहीं



संवाददाता। जौनपुर

**जनपद** की पहली महिला लेफ्टिनेंट, राजकीय महिला इंटर कालेज की पूर्व प्रधानाचार्य व पत्रकार हसनैन कमर दीपू की मां हुसेना बेगम का बुधवार की सुबह आठ बजे उपचार के दौरान जिला अस्पताल में निधन हो गया। उनके मौत की खबर मिलते ही जिले के शिक्षा व मीडिया जगत समेत हर तबके में शोक की लहर दौड़ पड़ी। नगर के बलुआ घाट निवासी सैय्यद इकबाल कमर की पत्नी हुसेना बेगम मुस्लिम समुदाय से होने के बावजूद पढ़ाईए लिखाई और सामाजिक कार्यों में बढ़.चढ़कर भागीदारी करती रही हैं। बीएचयू वाराणसी से पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने राजकीय इंटर कालेज सोनभद्र में बतौर प्रवक्ता पद पर कार्यभार ग्रहण किया।

1990 में तबादला कराकर जौनपुर आ गई थी। वर्ष 2004 में उन्होंने में ग्वालियर से लेफ्टिनेंट का कोर्स किया। उसके बाद उन्हें 30 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी का भी कार्यभार मिल गया। वर्ष 2012 में स्वत्र बेगम जीजीआईसी की प्रधानाचार्य बन गईं। दुर्भाग्य से इसी बीच तबियत खराब होने के कारण यह पद उन्हें छोड़ना पड़ा। 2014 में रिटायर्ड हो गईं। उनके सामाजिक कार्यों को देखते हुए लायन्स क्लब गोमती समेत कई संस्थाओं ने सम्मानित भी किया था।

## मनबढ़ों ने साइकिल सवार युवक को गोली मारी, हालत गंभीर

**गाजीपुर**। जनपद के जमानिया तहसील अंतर्गत बाइक सवार बदमाशो ने साइकिल सवार युवक को गोली मारकर फरार हो गये। गोली की आवाज सुनते ही आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचकर इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल हो उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने वाराणसी रेफर कर दिया। सुहवल थाना क्षेत्र के गरूआमकसूद निवासी सनोज चौधरी (18 वर्ष) पुत्र रामबचन चौधरी मंगलवार की दे रात साइकिल से मेदनीपुर से अपने घर जा रहा था, तभी दुहिया गांव के चकिया मोड़ के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने सनोज को गोली मारी और फरार हो गये। इस मामले में सुहवल थानाध्यक्ष विंद कुमार ने बताया कि तहरीर मिल चुका है और मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# सदर विधायक सत्यप्रकाश मणि ने किया रैनबसेरों का निरीक्षण

संवाददाता। देवरिया

*सदर* विधायक डॉ सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने रात करीब 11 बजे नगर क्षेत्र के अंदर अलाव व्यवस्था और रैन बसेरों का निरीक्षण करने निकले। विधायक नपाध्यक्ष अलका सिंह, सदर एसडीएम सौरभ सिंह, भाजपा मीडिया प्रमुख अम्बिकेश पाण्डेय, ईओ पालिका रोहित सिंह, नगर अध्यक्ष भाजपा संजय पाण्डेय के साथ सबसे पहले जिला अस्पताल के इमरजेंसी पहुंचे, जहां अलाव जलता हुआ मिला।

यहां मौजूद लोगों से बात किया तथा इमरजेंसी की व्यवस्था को जाना, इमरजेंसी ड्यूटी पर काम करने डा. शुभलाल से भी स्थिति की जानकारी ली। जिसके बाद मरीजों के साथ आये अटेंडेंट के इस ठंड में रुकने की व्यवस्था न होने की जानकारी पर नगर पालिका ईओ को अस्पताल परिसर में भी रैन बसेरा स्थापित करने का निर्देश दिया। इसके बाद विधायक डॉ सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी बस स्टैंड पहुचे जहाँ अलाव जलता मिलाएवहा बने रैन बसेरे का निरीक्षण किया और बसेरे में मौजूद लोगों से मिल रही सुविधाओं की जानकारी से संतुष्ट दिखे। बस स्टैंड परिसर में बैकुंठपुर के रहने वाले एक वृद्ध आदमी को ठण्ड से कापते देख उसे कम्बल दिया और रैन बसेरे में सुलवाया।वहा से विधायक सुभाष चौक पहुचे जहा अलाव तो जल रहा था लेकिन पिकेट पर तैनात पुलिस कर्मी ड्यूटी पर नही मिलेए जिस पर विधायक ने नाराजगी जाहिर की और एसडीएम को कोतवाल से बात कर तत्काल पुलिसकर्मी लगवाने को कहा और कहा कि अगर आगे से रात में पुलिसकर्मी अपने ड्यूटी पर नही मिले तो निश्चित ही उनके खिलाफ कार्यवाही होगी।यहा से रेलवे स्टेशन पहुचे सदर विधायक ने अलाव और रैन बसेरे की व्यवस्था से संतुष्ट दिखे।



# मिशन प्रेरणा से बदल रही बेसिक शिक्षा की तस्वीर: राजदेव सिंह

## प्राथमिक विद्यालय शेरवां में लगा न्याय पंचायत मिशन प्रेरणा कार्यशाला व मेला

संवाददाता। सिकरारा (**जौनपुर**)

**पूर्व** विधायक राजदेव सिंह ने कहा कि मिशन प्रेरणा से शिक्षा के स्तर में बड़ा बदलाव आ रहा है। अगर प्रारंभिक स्तर पर बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध हो तो उन्हें माध्यमिक व उच्चस्तर की शिक्षा में कोई कठिनाई नहीं होगी। पूर्व विधायक बुधवार को प्राथमिक विद्यालय शेरवां में न्याय पंचायत के सभी परिषदीय विद्यालयों द्वारा आयोजित मिशन प्रेरणा कार्यशाला एवं स्वनिर्मित टीएलएम मेला में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। विशिष्ट अतिथि जिला समन्वयक प्रशिक्षण सुरेश पाण्डेय ने कहा कि जिस तरह से सिकरारा ब्लाक के सभी न्याय पंचायतों में लगातार कार्यशाला व टीएलएम मेले के जरिए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं, वह दिन दूर नही जब यह ब्लाक जिले का ही नहीए बल्कि प्रदेश का पहला प्रेरक ब्लाक होगा। खंड विकास अधिकारी डा. छोटे लाल तिवारी व बीईओ राजीव यादव ने न्याय पंचायत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को आदर्श शिक्षक सम्मान से सम्मानित करते हुए प्रमाणपत्र वितरित किया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अवकाश प्राप्त शिक्षक लल्लन उपाध्याय, ब्लाक अध्यक्ष मृतुन्जय सिंह, अभ्युदय सिंह, पंकज सिंह, राजेन्द्र प्रताप यादव, प्रमोद सिंह, सतीश सिंह, अनुपम श्रीवास्तव, शैलेष चतुर्वेदी, धीरेन्द्र यादव, सीमा उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री ने समस्याओं पर अफसरों से की मंत्रणा

**अमेठी।** राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग उत्तर प्रदेश, सुरेश पासी ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अरुण कुमार, पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह, एडीएम वंदिता श्रीवास्तव, यूपीएसआईडीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक, अधिशासी अभियंता के साथ औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर में यूपीएसआईडीसी की भूमि विवाद, उद्योग स्थापना एवं उद्यमियों की समस्याओं को लेकर बैठक किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। राज्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारण कराया जाएए जिससे कि किसी भी उद्यमी को उद्योग स्थापना व उद्योग संचालन में कोई भी कठिनाई ना हो। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों व नालियों की नियमित सफाई व मरम्मतीकरण का कार्य प्राथमिकता पर कराया जाए।



अधिकारियों की मीटिंग में प्रभारी मंत्री

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार उद्योग स्थापना व रोजगार देने का कार्य कर रही है। बैठक में यूपीएसआईडीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक ने औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर में शराब की दुकान को हटाने का अनुरोध डीएम से किया, जिस पर डीएम ने जिला आबकारी अधिकारी को नियमानुसार औद्योगिक क्षेत्र से शराब की दुकान हटाने के निर्देश दिए। डीएम ने औद्योगिक क्षेत्र से संबंधित शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उक्त के अतिरिक्त अधिशासी अभियंता लोनिवि राकेश चौधरीए जिला आबकारी अधिकारी आरके वर्माए उप जिलाधिकारी मुसाफिरखाना रामशंकरए तहसीलदार मुसाफिरखाना श्रद्धा सिंह मौजूद रहे।

# टीका आने के बाद भी कोविड से रहें सतर्क

● ग्रामीण मीडिया कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता। अमेठी

**जिले** के परतोष में वार्तालाप ग्रामीण मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में ग्रामीण इलाकों से आए पत्रकारों ने हिस्सा लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष दुबे ने कहा कि जल्द ही कोरोना की वैक्सिन आ जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीका लगाने की व्यापक तैयारी कर ली गई है। डॉ दुबे ने कहा कि टीका आने के बाद भी कोविड से बचाव की ज़रूरत होगी।

उन्होंने लोगों से कोवीड प्रोटोकॉल का पालन करने को कहा।अपर महानिदेशक आर पी सरोज ने कहा कि कोवोड 19 की वैक्सिन को लेकर पत्रकारों को लोगों तक सही सूचना पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जल्द ही टीका आने के बाद लोगों की जिज्ञासाएं बढ़ेंगी। उप निदेशक डॉ श्रीकांत श्रीवास्तव ने पी पी टी के माध्यम से कोरोना टीके को लेकर मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने कहा कि विकास योजनाओं का फायदा लोगों तक पहुंचाने में मीडिया की अहम भूमिका है।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यशाला से इसको बल मिलेगा। सुश्री लाठर ने कहा कि सरकार किसानों के हित में नए कानून लाई है। अमेठी विधायक प्रतिनिधि अनंत विक्रम सिंह ने कहा कि अमेठी के पत्रकारों हेतु जनपद स्तर पर प्रेस क्लब भवन की बहुत ही आवश्यकता है हम इस दिशा में बहुत शीघ्र ही जिलाधिकारी से मिलकर आवश्यक पहल करेंगेए लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एमके अग्रवाल ने कहा कि कृषि सुधार कानूनों से किसान की आर्थिक स्थिति बदलेगी और आत्मनिर्भर कृषि का संकल्प पूरा होगा।उन्होंने कहा कि संविदा खेती से देश में कृषि की व्यवस्था को एक नई दिशा मिलेगी। लखनऊ विश्वविद्यालय के ही डॉण् शिवाकर तिवारी ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में मदद मिली।

उन्होंने कहा कि सरकार ने समय समय पर 20 लाख करोड़ रुपए का पैकेज दिया। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन के दौरान इससे जरूरतमंद लोगों को मदद की गई। कार्यक्रम को प्रदेश निरीक्षक ग्राम भारती राज बहादुर दीक्षित, गोविंद सिंह चौहान, रवीन्द्र सिंह, रमाकांत त्रिपाठी, राजेश सिंह, सालिकराम यादव ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन श्रीकांत श्रीवास्तव और धन्यवाद ज्ञापन अनुग्रह नारायण मिश्र ने किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्यए शिक्षाए विकास, पंचायती राज, श्रम और समाज कल्याण सहित कई विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### सम्मान दिवस पर 32 किसान हुए पुरस्कृत

**अमेठी।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर आज किसान सम्मान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी अरुण कुमार ने स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया साथ ही अन्य अधिकारियों व किसान भाईयों ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। किसान सम्मान दिवस के दौरान कृषि उत्पादकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनपद के 32 किसानों को जिलाधिकारी ने अंगवस्त्र व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होने कहा कि वर्तमान में केन्द्र व प्रदेश सरकार किसानो के हित में अनेक कार्यक्रम संचालित किये है एवं किसानो के आर्थिक आय बढाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित हैं। उन्होंने कहा कि किसानो की आमदनी कैसे दोगुनी होए इसके लिये बहुत सारे कदम उठाये गये है। किसान सम्मान दिवस में जनपद से आए हुए किसानों को फसल उत्पादकता बढ़ाने व अपनी आय दोगुनी करने के बारे में जानकारी दी गई। जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पांडेए कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर ओपी सिंहए डॉक्टर रेनू सिंह ने किसानों को फसल की पैदावार बढ़ाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। किसान सम्मान दिवस के दौरान जिला उद्यान अधिकारी बलदेव प्रसादए एसडीओ कृषि गौरीगंज हरिओम मिश्र सहित प्रगतिशील कृषक अनंत बहादुर सिंहए धनंजय सिंहए निर्मला देवीए इंद्रपाल मौर्यए रामेश्वर ओझाए अनिरुद्ध प्रतापए त्रिवेणी प्रसाद पांडेए दुर्गाशंकर मिश्रए राजेंद्र प्रसाद पांडेय सहित अन्य कृषक मौजूद रहे।

एक्सीलेंट परफार्मेंस पर चिकित्सक को मिला गोल्ड मेडल

### जिला अस्पताल के डाक्टर की कोविड में हुई तैनाती

**गौरीगंज, अमेठी।** जिला अस्पताल में तैनात डाण् नीरज वर्मा को केजीएमयू के दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल प्रदान किया गया है। उनको यह उपलब्धि एमडी की पढ़ाई में एक्सीलेंट परफारमेंस के लिए प्राप्त हुई है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनोंए माता.पिता व शुभचिंतकों को दिया है। जौनपुर के मछली शहर क्षेत्र स्थित गांव परसुपुर के निवासी लाल मदन चंद वर्मा के बेटे डॉ नीरज ने प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही विद्यालय से प्राप्त की परिवारी जनों के सहयोग से हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा लखनऊ से उत्तीर्ण करने के बाद केजीएमयू लखनऊ से मेडिकल की पढ़ाई पास की। ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों की सेवा का संकल्प लेकर उन्होंने प्रांतीय चिकित्सा सेवा शुरू की। 2 साल तक सरकारी सेवा में रहने के बाद उसी कॉलेज में एमडी के लिए दाखिला मिला। लगन व परिश्रम के बल पर उन्होंने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। जिला अस्पताल के कोविड हॉस्पिटल गौरीगंज में तैनात डाण् नीरज ने परिस्थितियों के साथ समझौता नहीं किया बल्कि सभी प्रतिकूल परिस्थितियों को अपने अनुकूल बना लिया। उन्होंने अपने जीवन का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों की सेवा करना निर्धारित किया है।

### शिक्षक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**अमेठी।** कोतवाली क्षेत्र के भीमी गांव में प्राथमिक विद्यालय के एक शिक्षक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि शिक्षक रंजीत कुमार यादव (30) भीमी विकास खंड स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात थे। उन्होंने मंगलवार रात अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि कमरे का दरवाजा तोड़कर यादव के शव को बाहर निकाला गया। अमेठी के शुकुल बाजार स्थित बाहरपुर गांव के रहने वाले यादव टिकरी चौराहे पर हुबराज यादव के यहां किराये पर रहते थे। पुलिस ने बताया कि शव को पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### कल आएंगी स्मृति ईरानी

**तिलोई, अमेठी।** अमेठी सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी रविवार को सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र के किसानों से जन संवाद स्थापित कर किसानों की समस्याओं से रूबरू होंगी। सिंहपुर ब्लाक के मंडल अध्यक्ष अमरीश जायसवाल ने बताया कि 25 दिसम्बर को अमेठी सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी सिंहपुर ब्लाक मुख्यालय स्थित राम लीला मैदान पर किसान जन संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी व किसानों की समस्याओं को सुनेंगी।

### बालाजी में सुंदर कांड पाठ का आयोजन करेगी श्रीराम युवा सेना

**तिलोई, अमेठी।** सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र के युवाओं द्वारा श्री बाला जी महराज मेहंदीपुर (राजस्थान) में सुंदर कांड के अखंड पाठ का आयोजन किया गया है। सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र के पूरे बाबा गंगा दास का पुरवा व श्रीराम युवा सेना के अध्यक्ष उत्तम तिवारी ने बताया कि 25 दिसम्बर को श्रीराम युवा सेना द्वारा श्री बाला जी महराज मंदिर (मेहंदीपुर,राजस्थान) में संगीतमयी सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया है जिसमे क्षेत्र के सैकड़ों युवा भाग लेंगे। श्री बाला जी महाराज के लिए सेमरौता के हनुमानगंज चौराहे से बस चौबीस दिसम्बर को प्रस्थान करेगी।

### दुर्घटना कर फरार कार चालक का नहीं लगा सुराग

**बाराबंकी।** स्कूल प्रबंधक की गाड़ी को ठोकर मारकर फरार चालक का अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है। पीड़ित स्कूल प्रबंधक ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। टिकैतनगर अंतर्गत ग्राम बसंतपुर निवासी स्कूल संचालक धर्मेंद्र कुमार पांडे शहर के आवास विकास कॉलोनी में किराए पर मकान लेकर रहते हैं 21 दिसंबर की शाम कार से जा रहे थे कि तभी दशहरा बाग चौराहे के निकट तेज रफ्तार अल्टो कार यूपी 41 पी 4080 के चालक ने प्रबंधक की गाड़ी को टक्कर मार दी। प्रबंधक तो बाल-बाल बच गए उनकी गाड़ी का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, मौका पाकर चालक फरार हो गया। उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका बुधवार को स्कूल प्रबंधक ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है ।

### साइकिल सवार छात्रा की जोरदार टक्कर से हुई मौत

**बाराबंकी।** शहर के जवाहर लाल डिग्री कालेज की में बीए की पढ़ाई कर रही छात्रा की अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।मिली जानकारी के अनुसार जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के मसूदपुर गांव के निवासी बुधराम गौतम की 20 साल की बेटी प्रीति शहर के जवाहर लाल नेहरु डिग्री कॉलेज में बीए कर रही थी। वो अपनी साइकिल से गांव मसूदपुर जा रही थी उसी समय कोतवाली नगर के जहांगीराबाद मार्ग पर टिकरा पट्टी के पास पीछे से अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। प्रीति गम्भीर रूप से घायल हो गई स्थानीय लोगों ने घायल प्रीति को गम्भीर हालत मे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है नौजवान बेटी की मौत हो जाने के बाद परिवार में मातम का माहौल है।

### युवक की रेस्त्रां में ही संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

**बाराबंकी।** शहर के एक प्रतिष्ठित रेस्त्रां में काम करने आये के 20 वर्षीय युवक की संदिग्ध हालत मे इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। लखनऊ मार्ग के किनारे एक बीजेपी नेता एवं पूर्व एमएलसी का रेस्त्रां है यहां पर काम करने के लिये घुँघटेर थाना क्षेत्र के चमनपुर गांव के निवासी भूपेश का 20 वर्षीय बेटा अंकित कुमार मंगलवार को आया था और कुछ ही देर में उसकी संदिग्ध हालत में गिरकर बेहोश हो जाने के बाद जिला अस्पताल मे मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम करवाया है।

# पूर्व पीएम की मनाई जयंती, सांसद ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**बाराबंकी।** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती बुधवार को जिले भर में मनाई गई। जयंती के अवसर को किसान दिवस के रूप में मनाया गया। इसी क्रम सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने पल्हरी स्थित कृषि कार्यालय पर एक दिवसीय किसान मेले का फीता काटकर शुभारंभ किया और और पूर्व प्रधानमंत्री को याद करते हुए उन्होंने ने कहा कि हमेशा ही श्री सिंह किसानो के मसीहा रहे हैं अपने जीवन काल उन्होंने देश के किसानो के लिये बहुत से प्रशंसनीय कार्य किये हैं जो सराहनीय रहे उनके जाने के बाद भी देश को कृषि प्रधान माना गया और इस देश की तरक्की मे किसानों का विशेष योगदान रहा है। उक्त कार्यक्रम में एडीएम (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार गुप्ता, जिला कृषि अधिकारी संजीव कुमार, कृषि रक्षा अधिकारी प्रीति किरण बाजपेई, उपकृषि निदेशक डॉ वीरेन्द्र कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी (गोमती) केपी सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी (कुर्सी) अरुणेश कुमार सहायक निदेशक मत्स्य वीएस चौरसियाएब्लॉक प्रमुख निन्दूरा विजय शुक्ला इत्यादि लोग मौजूद रहे।इसी क्रम मे चौधरी चरण सिंहका जन्मदिवस देवा रोड स्थित गांधी भवन में भी मनाया गया। यहां एक गोष्ठी का आयोजन कर समारोह ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित राजनाथ शर्मा ने कहा कि चौधरी चरण सिंहऐसे राजनेता थे जिनकी पूरी राजनीति किसानों पर केंद्रित रही। जीवन की आखिरी सांस तक वह किसानों को जगाते रहे। उनकी कोशिश थी कि भारत के समस्त किसान आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें। उनके दिल में किसानों के प्रति काफी हमदर्दी थी। समाजसेवी जमील.उर.रहमान ने कहा कि चैधरी चरण सिंह का कहना था कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों एवं खलिहानों से होकर गुजरता है। वह भ्रष्टाचार को देश की तरक्की और खुशहाली का बाधक मानते थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन गांव के गरीबों के लिए समर्पित कर दिया।

# जिलाधिकारी ने गरीबों को बांटे कंबल

**अमेठी।** जिले के गौरीगंज विकास खण्ड के भवनशाहपुर में निर्माणाधीन सेठ आनंद राम जयपुरिया विद्यालय के परिसर में शाम्भवी ट्रस्ट की ओर से गरीबों व असहायों को कम्बल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी अमेठी अरुण कुमार ने कम्बल वितरण के उपरांत कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस ठंड के मौसम में जरूरत मंदो को कम्बल उपलब्ध कराया जाना बड़ा ही पुनीत कार्य है। शाम्भवी ट्रस्ट द्वारा अपने सीमित संसाधनों से की जा रही सामाजिक सेवा की सराहना करते हुए उन्होंने ट्रस्ट को यथासंभव सहयोग का भरोसा दिया। उन्होंने ट्रस्ट द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में बनाये जा रहे सेठ आनंद राम जयपुरिया विद्यालय के भवन को देखने और ट्रस्ट के लोगों से जानकारी लेने के बाद कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय की स्थापना कर ट्रस्ट ने महान कार्य किया है। जहां लोग विद्यालय की स्थापना को लेकर शहरी क्षेत्रों की ओर रुख कर रहे हैं



कम्बल बांटते हुए जिलाधिकारी

वहीं गांव में स्थापित यह विद्यालय इस क्षेत्र व समाज के बच्चों के लिए मील का पत्थर साबित होगा और ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सकेगी और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ राम शंकर ने भी कम्बल वितरण करते हुए ट्रस्ट को अपनी शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पांच सौ से अधिक लोगों को कंबल वितरण किया गया। ट्रस्ट की ओर से मौजूद पत्रकार बंधुओं का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर माता प्रसाद मिश्रए शिवनायक पांडेय, मंजू मिश्रा, डॉ विजय कुमार मिश्र, राज कुमार मिश्र, शशिकांत मिश्र, विजय पांडेय, चिंतामणि मिश्र, बद्री विशाल सिंह, सहदेव सिंह, गब्बर सिंह, लवकेश त्रिपाठी, जीवन लाल शुक्ल, श्यामलाल शुक्ल आदि मौजूद रहे। डॉ विजय मिश्र ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# दिव्यांग युवक का शव गड्ढे में मिलने सनसनी

**बाराबंकी।** संदिग्ध परिस्थितियों में गड्ढे में युवक का मिला शव हत्या की आशंका परिजनों ने जताई तो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के भिखारी मियां का पुरवा निवासी स्वर्गीय रामनरेश यादव का 33 वर्षीय बेटा बबलू जो कि दिव्यांग था उसके एक रिश्तेदार ने उसके जन्म के कुछ वर्ष बाद अपने घर पर रखा था। वो अपनी बहन के घर आलानगरी मौथरी थाना सतरिख एक निजी ऑटो बुक करवाकर गया था। ओबरी के पास एक गड्ढे में उसका शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है वहीं मृतक के परिजनों ने हत्या की पूरी आशंका जताई है। बब्लू जो ऑटो बुक करवा कर गया था उसके चालक से कुछ लेनदेन को लेकर विवाद हो गया था। सुबह शव पड़े होने की सूचना पीआरवी 112 के कर्मियों ने दी तो मौके पर पंहुकर उसकी शिनाख्त उसके रिश्तेदारों बब्लू यादव के रूप मे शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

# हंगामेदार रही क्षेत्र पंचायत की बैठक छाया रहा योजनाओं में धांधली का मुद्दा

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में करीब दो करोड़ रूपए की कार्ययोजना का प्रस्ताव पास किया गया । क्षेत्र पंचायत सदस्य के ब्लॉक अध्यक्ष ने दर्जनों जनहित के मुद्दे उठाए। विकासखंड सिरौलीगौसपुर में वुधवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक बुलाई गई । जिसकी अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख रामावती ने किया । इस बैठक में शौचालयों के धन का दुरुपयोग विद्यालयों में खाद्यान्न वितरण प्रधानमंत्री आवास में गड़बड़ी के मुद्दे छाए रहे। क्षेत्र पंचायत सदस्य के ब्लॉक अध्यक्ष बाल गोविंद वर्मा ने दर्जनों जनहित के मुद्दे उठाए उन्होंने कहा कि 18 मार्च को क्षेत्र पंचायत सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है क्षेत्र पंचायत सदस्य काफी उपेक्षा की गई। प्रा. विद्यालयों के बच्चों को मिलने वाले खाद्यान्न का मुद्दा उठाते हुए खंड शिक्षा अधिकारी से



जवाब मांगा। उन्होंने जानना चाहा कि मनरेगा से ग्राम पंचायतों में कार्य कराया जाता है जबकि क्षेत्र पंचायत सदस्यों को भी मनरेगा के तहत कार्य का आवंटन किया जाना चाहिए जो पूरे कार्यकाल में नहीं किया गया। सदेवा के प्रधान अमित वर्मा ने अपने गांव में प्रधानमंत्री आवास का जिक्र करते हुए कहा कि कहीं कहीं अधिक आवास दे दिए गए हैं जबकि मेरी पंचायत में निर्धारित आवासों के बावजूद भी काफी कम आवास दिए गए। किठूरी के क्षेत्र पंचायत सदस्य अमरेश कुमार सिंह ने मुद्दा उठाया कि उनकी ग्राम पंचायत में डेढ़ सौ शौचालय के पैसा निकाल कर उनका निर्माण नहीं कराया गया। मुख्य अतिथि विधायक शरद अवस्थी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनकी जांच कराने के लिए खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया। विकासखंड से जुड़े सभी सवालों का जवाब देते हुए खंड विकास अधिकारी ने कहा कीपीएम आवास के तहत 1015 का लक्ष्य निर्धारित किया गया था इनके सापेक्ष अब तक 749 आवास प्राप्त हो चुके हैं।

# सपा ने कृषि बिल को लेकर किया मंथन

**ललितपुर।** वर्तमान में देश भर का किसान अपने अधिकारों व कृषि बिल को वापस लेने की मांग को लेकर सड़कों पर है। ऐसे में किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री स्वण्चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन सादगी पूर्वक मनाया गया। किसान दिवस को लेकर वृहद संगोष्ठी का आयोजन जिला कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष तिलक यादव एड की अध्यक्षता में आयोजित की गई। आयोजन में वर्तमान में किसानों की समस्याओं व कृषि बिल वापस लिए जाने की प्रमुख मांग को लेकर गहन मंथन किया गया। अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि सपा के शासनकाल में किसानों की हर छोटी बड़ी समस्या का निस्तारण किया गया। किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए बुन्देलखण्ड सिंचाई परियोजना का शुभारंभ किया गया था। कई और योजनाओं से किसानों को लाभान्वित किया गयाए जिससे किसानों की आय में बढ़ोत्तरी हुई और किसान खुशहाल हुआ।

# सम्मान दिवस पर किसानों को दी गईं विस्तृत जानकारियां

**ललितपुर।** राजकीय इन्टर कालेज में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयन्ती के अवसर पर किसान सम्मान दिवस का आयोजन डीएम अन्नावि दिनेश कुमार की अध्यक्षता एवं राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उप्र मनोहर लाल पंथ तथा सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के मुख्य आतिथ्य में किया गया।कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा अपने विभागीय योजनाओं से सम्बंधित स्टाल लगाये गये। राज्य मंत्री श्रम एवं सेवायोजन मनोहर लाल पंथ सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एवं जिलाधिकारी अन्नावि दिनेशुमार द्वारा सर्वप्रथम परिसर में लगे विभागीय स्टालों का अवलोकन किया गयाए तत्पश्चात चौधरी चरण सिंह एवं माँ सरस्वती के चित्रों पर दीप प्रज्वलन किया गया। इसके उपरान्त उप निदेशक कृषि प्रसार द्वारा अवगत कराया गया कि आज पूरे देश में किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। कृषि विभाग में सभी योजनायें ऑनलाइन है। सभी योजनाओं में सब्सिडी की धनराशि सीधे कृषक के खाते में हस्तांतरित की जाती है। किसान सम्मान निधि में तीन किस्तों में सहायता राशि दी जा रही है ताकि किसान उसका उपयोग कृषि कार्य में कर सकें। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना.खरीफ 2019 में जनपद के अधिकांश किसान लाभान्वित हो चुके हैं। जिन किसानों के अभिलेख नहीं मिल पा रहे हैं शीघ्र ही उनका भुगतान भी किया जायेगा। यह योजना स्वैच्छिक है, इसमें यदि किसान लिखकर दें तो उसका प्रीमियम नहीं काटा जायेगा। जनपद में खाद एवं उर्वरक की कोई कमी नहीं है साथ ही उनका दाम भी निर्धारित है। 25 दिसम्बर को 11 बजे भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी का जन्म दिवस है इस अवसर पर प्रत्येक विकास खण्ड में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसमें सभी कृषक अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें।

# कोविड अस्पताल में भर्ती व होम आइसोलेट मरीजों की देखरेख में लापरवाही न बरतें: डीएम

● जिलाधिकारी ने एल-2 चिकित्सालय में कोविड-19 की रोकथाम व बचाव हेतु अधिकारियों के साथ की बैठक

**प्रतापगढ़।** डीएम डा. रूपेश कुमार ने एल–2 जिला महिला चिकित्सालय में सीडीओ अश्विनी कुमार पाण्डेय, एडीएम (वि./रा.) शत्रोहन वैश्य, सीएमओ डा. अरविन्द कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों के साथ कोविड–19 के बचाव एवं रोकथाम के सम्बन्ध में बैठक की। डीएम ने सीएमओ से कोविड अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं होम आइसोलेशन मरीजों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि मरीजों की देखरेख में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता डाक्टरों एवं आरआरटी टीम द्वारा कदापि न बरती जाये, समय–समय पर उनकी निरन्तर निगरानी, दवाओं का वितरण एवं अन्य अनुमन्य सेवायें प्रदान की जाये, यदि इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता बरती जायेगी तो संबंधित डाक्टर, आरआरटी टीम के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। सीएमओ को यह भी निर्देशित किया कि कोविड प्रोटोकॉल को अनुसार अपने देखरेख में समस्त कार्य कराये एवं निरन्तर इसकी निगरानी भी करते रहे। होम आइसोलेशन मरीजों से समय–समय पर फोन के माध्यम से उनके स्वास्थ्य के सम्बन्ध में जानकारी लेते रहे और यदि किसी गम्भीर बीमारी के लक्षण दिखे तो तत्काल एम्बुलेन्स भेजकर उन्हें कोविड चिकित्सालय में भर्ती किया जाये। कान्टैक्ट ट्रेसिंग सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से सम्पादित की जाये, कान्टैक्ट ट्रेसिंग के समय मरीज की बैकग्राउण्ड हिस्ट्री, भ्रमण विवरण की जानकारी अवश्य की जाये। पाजिटिव व्यक्ति के संपर्क में आये सभी का आरटीपीसीआर टेस्ट अवश्य किया जाये और कोविड टेस्टिंग कार्य में वृद्धि की जाये।

# गांजे के साथ धराया आरोपी, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एसपी के अपराध नियंत्रण अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गांजे समेत धर दबोचा। आरोपी के पास से पुलिस ने गांजे की पुड़िया की बिक्री से मिले पैतीस सौ रूपये बरामद करने मे भी सफलता ली। कोतवाली मे तैनात महिला दरोगा आशा सचान मंगलवार की रात फोर्स के साथ गश्त पर निकली थी। कोतवाली के सेवकराय पुलिया के पास एक आरोपी पुलिस को देख भागने लगा। पुलिस ने उसे दबोचा तो उसके पास से पांच सौ सत्तर ग्राम गांजा व बिक्री के पैतींस सौ रूपये बरामद कर आवाक रह गयी। दरोगा आशा सचान की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी संग्रामगढ़ थाना के कोड़र खास निवासी सुनील पाण्डेय के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का केस दर्ज किया है। पुलिस ने बुधवार को आरोपी को जेल भेज दिया। पुलिस कार्रवाई मे मिली सफलता को लेकर एएसपी पश्चिमी दिनेश द्विवेदी ने दरोगा समेत पुलिस टीम को पुरस्कृत किये जाने की बात कही है।

# महिला बाल चिकित्सालय के निर्माण मे पीली ईंट देख भड़के विधायक, लगाई फटकार

● सात करोड़ से अधिक लागत से अस्पताल के निर्माण का जायजा लेने पहुंची विधायक, कार्यदायी संस्था के खिलाफ एफआईआर कराए जाने के दिये निर्देश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय सीएचसी परिसर मे निर्माणाधीन चार मंजिला महिला एवं बाल चिकित्सालय मे जारी निर्माण कार्य मे घटिया सामग्री के प्रयोग किये जाने को लेकर क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना का पारा चढ़ गया। तहसील मे आयोजित एक समारोह मे विधायक शामिल होने आई थी। कैम्प कार्यालय पर नगर के कुछ लोगों ने विधायक से महिला एवं बाल चिकित्सालय के निर्माण कार्य मे पीली ईंट लगाए जाने तथा अन्य सामग्रियों के भी घटिया होने की जानकारी दी। अचानक विधायक आराधना मिश्रा मोना सीधे सीएचसी परिसर मे निर्माणाधीन अस्पताल की



लालगंज सीएचसी परिसर मे महिला एवं बाल चिकित्सालय के निर्माण कार्य का निरीक्षण करती रामपुरखास की विधायक आराधना मिश्रा मोना।

प्रगति की जानकारी लेने आ धमकी। अचानक विधायक के अस्पताल परिसर मे पहुंचने से हडकंप मच गया। विधायक महिला एवं बाल चिकित्सालय के निर्माणाधीन स्थल पर पहुंची तो वहां कार्यदायी संस्था द्वारा लगवाई जा रही इमारत मे पीली ईट देख भड़क उठी। विधायक ने राजकीय निर्माण निगम के ठेकेदार को जमकर फटकारना शुरू किया। विधायक की नाराजगी देख अस्पताल प्रशासन के लोग भी आननफानन मे पहुंच गये। विधायक के सवालों का उत्तर कार्यदायी संस्था के ठेकेदार को सूझता दिखा। अस्पताल प्रशासन के लोग भी चुप्पी साधे दिखे। नाराज विधायक ने सीएमओ डा. एके श्रीवास्तव को भी फोन मिलाया और निर्माण कार्य के समुचित पर्यवेक्षण न किये जाने पर असंतोष जताया। विधायक ने सीएमओ से निर्माण कार्य मे अनियमितताओं की जांच कर कार्यदायी संस्था को ब्लैक लिस्टेड कराए जाने की कार्रवाई के भी निर्देश दिये। नाराज विधायक ने कार्यदायी संस्था के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराए जाने के भी निर्देश दिये। विधायक ने महिलाओं एवं बच्चों से जुडे संवेदनशील अस्पताल के निर्माण मे अनियमितता की शिकायत शासन से भी खुद किये जाने की भी कार्यदायी संस्था को चेतावनी दी। बच्चों तथा महिलाओं की जीवन की सुरक्षा को लेकर उनके क्षेत्र मे बेइमानी की गई तो इसके गंभीर परिणाम होगें। विधायक के आकस्मिक निरीक्षण का असर दूसरे दिन बुधवार को दिखा और कार्यदायी संस्था ने निर्माण स्थल पर मौजूद पीली ईटों पर चूने का क्रास लगाकर इसे रिजेक्ट किया। गौरतलब है कि सन 2016 मे गांधी जयंती पर क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने स्वीकृत कराए गये इस सात करोड़ छत्तीस लाख की लागत से बनने वाले महिला बाल चिकित्सालय का तत्कालीन राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी की मौजूदगी मे आधारशिला रखी थी। टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण होने के तहत 2018 से राजकीय निर्माण निगम द्वारा इसका निर्माण कार्य शुरू किया गया। अब तक निर्माण के मद मे शासन द्वारा पांच करोड़ छत्तीस लाख रूपये कार्यदायी संस्था को अवमुक्त भी किया जा चुका है। विधायक के निरीक्षण को लेकर अस्पताल परिसर मे मरीजों तथा तीमारदारों के साथ स्थानीय लोगों की भी भीड़ जुट गई। विधायक का तेवर देख अस्पताल परिसर मे मौजूद लोग भी आराधना मिश्रा मोना की इस पहल के कायल दिखे।

# सिल्ट सफाई व टेल फीडिंग मे अव्वल रामपुरखास विधायक हुई खुश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र मे सिल्ट सफाई एवं टेल फीडिंग मे शत प्रतिशत सफलता को लेकर विधायक आराधना मिश्रा मोना ने प्रसन्नता जताई। एक दिवसीय दौरे पर आयी विधायक को कैम्प कार्यालय पर सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता सुधीर कुमार पाल तथा अवर अभियंता अरूण कुमार सिंह यादव ने इस आशय का घोषणा पत्र सौंपा। पत्र मे विधायक आराधना मिश्रा मोना के विशेष प्रयास से शासन द्वारा बड़ी धनराशि अवमुक्त होने पर क्षेत्र के सगरा व रामपुर रजबहा मे टेल फीडिंग के शत प्रतिशत होने से अन्य उपखण्डो से पहले पानी से संतृप्त होने की जानकारी विधायक को दी गई। विधायक ने अनुभाग मे रजबहों की सफाई के चलते पहले पानी पहुंचाने मे अनुभाग मे लालगंज क्षेत्र को प्रथम स्थान मिलने पर विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना भी की।